दैनिक सच्चाई की जंग
# लोकमित्र
वर्ष : 31 | अंक :62
प्रतापगढ़ | शुक्रवार , 3 जनवरी-2025
पृष्ठ : 8 | मूल्य : 3 रुपये
प्रतापगढ़, लखनऊ, कौशाम्बी एवं प्रयागराज से एक साथ प्रकाशित
R.N.I. No. : 71870/94
संस्थापक : श्रद्धेय स्व. रामनिरंजन भगवन
प्रतिदिन की खबरों के लिए देखें www.dailylokmitra.com

# कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है और रहेगा-अमित शाह

**▶▶ हम अपनी संस्कृति के कारण जुड़े हुए हैं**



**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** जम्मू-कश्मीर और लद्दाख थ्रू द एजेस% पुस्तक के विमोचन कार्यक्रम में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शामिल हुए। शाह ने इस दौरान कहा कि हमारे देश के हर कोने का इतिहास हजारों साल पुराना है, जहां दुनिया की सभ्यताओं को कुछ न कुछ देने के लिए काम किये गये। उन्होंने कहा कि परतंत्रता के समय हमें यह भूलाने का प्रयास किया गया।

एक मिथक प्रचारित किया गया कि यह राष्ट्र कभी एकजुट नहीं था और स्वतंत्रता का विचार बेमानी था। बहुत से लोगों ने इस झूठ को स्वीकार भी किया। शाह ने आगे कहा कि ब्रिटिश शासन के दौरान इतिहास में लिखी गई हमारे देश की परिभाषा उनकी जानकारी की कमी के कारण गलत थी। विश्व के सभी राष्ट्रों का अस्तित्व भू-राजनीतिक है। वे युद्ध या समझौते के परिणामस्वरूप सीमाओं द्वारा बनते हैं।

उन्होंने दावा किया कि भारत दुनिया का एकमात्र ऐसा देश है जो %भू-सांस्कृतिक% देश है और संस्कृति के कारण ही सीमाएँ निर्धारित होती हैं। कश्मीर से कन्याकुमारी तक, गांधार से ओडिशा तक और बंगाल से असम तक, हम अपनी संस्कृति के कारण जुड़े हुए हैं। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि जो लोग किसी देश को किसी भू-राजनीतिक चीज़ के रूप में परिभाषित करते हैं, वे हमारे देश को परिभाषित नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि भारत को समझने के लिए हमारे देश को जोड़ने वाले तथ्यों को समझना होगा।

कश्मीर और लद्दाख कहां थे, इस आधार पर तथ्यों को तोड़-मरोड़कर विश्लेषण करना कि इस पर किसने शासन किया, कौन रहते थे और कौन-कौन से समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए, व्यर्थ है और केवल इतिहास की कुटिल दृष्टि वाले इतिहासकार ही ऐसा कर सकते हैं। भाजपा नेता ने कहा कि भारत की सभी क्षेत्रों में फैली 10,000 साल पुरानी संस्कृति कश्मीर में भी मौजूद थी।

जब 8000 साल पुरानी किताबों में कश्मीर और झेलम का जिक्र होता है तो कश्मीर किसका है, इस पर कोई टिप्पणी नहीं कर सकता। कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है और रहेगा। इसे कोई भी कानून की धाराओं का इस्तेमाल कर अलग नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि कानून का उपयोग करके इसे अलग करने का प्रयास किया गया लेकिन समय के प्रवाह में वे धाराएँ निरस्त कर दी गई और सभी बाधाएँ दूर हो गई।

## शीतलहर की चपेट में देश के कई राज्य, ठंड और कोहरे को लेकर आईएमडी ने जारी किया येलो अलर्ट

**जयपुर , (आरएनएस)।** देश के कई राज्य शीतलहर की चपेट में हैं। उत्तर भारत में लगातार तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी तो मैदानी क्षेत्रों में सर्द हवा और कोहरे से आम जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। नए वर्ष का आगाज शीतलहर से हुआ है। एक जनवरी को पंजाब , हरियाणा और उत्तर प्रदेश में ठंड ने गलन बढ़ा दी। अगले एक हफ्ते तक पारा और लुढ़क सकता है। इसे लेकर आईएमडी ने अलर्ट जारी किया है। उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में येलो अलर्ट जारी किया गया है।मौसम विभाग ने उत्तर प्रदेश में गुरुवार को तापमान में सुधार के संकेत दिए गए हैं। सुबह के समय यहां तापमान 18 डिग्री सेल्सियस और रात का तापमान 9 डिग्री सेल्सियस होने के आसार जताए गए हैं।

# देश की आर्थिक स्थिति उथल-पुथल के दौर में, सरकार के पास कोई ठोस समाधान नहीं: कांग्रेस

**नई दिल्ली,(हि.स.)।** कांग्रेस ने कहा है कि देश की आर्थिक स्थिति उथल-पुथल के दौर में है। इसके लिए मोदी सरकार पूरी तरह से जिम्मेदार है। उसके पास इसका कोई ठोस समाधान नहीं है।कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आज यहां एक बयान में कहा कि देश के आम लोगों के जीवन में व्याप्त अव्यवस्था को सात संकेतकों के माध्यम से आंका जा सकता है। इनमें गोल्ड लोन लेने वालों की संख्या में इजाफा और उसके एनपीए में आया उछाल प्रमुख है। उन्होंने स्पष्ट किया कि गोल्ड लोन में 50 प्रतिशत की वृद्धि हुई है जबकि इसके एनपीए में 30 प्रतिशत उछाल आया है। लोगों के घरों में जरूरत की चीजों की खरीद और सेवाओं में पिछली 8 तिमाहियों में गिरावट दर्ज की गई है यानि यह कोविड से पहले वाली स्थिति में नहीं पहुंच पाया है।खरगे ने कहा कि कार बिक्री में वृद्धि पिछले चार साल के निचले स्तर पर आ गई है। पिछले 5 वर्षों




(2019-2023) में इंजीनियरिंग, विनिर्माण, प्रक्रिया और बुनियादी ढांचा (ईएमपीआई) क्षेत्रों में वेतन में केवल 0.8 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक दर से वृद्धि हुई है। पिछली आठ तिमाहियों में खाद्य मुद्रास्फीति औसतन 7.1 प्रतिशत रही है। आवश्यक वस्तुओं पर जीएसटी के रूप में अप्रत्यक्ष कराधान घरेलू बचत को कम कर रहा है जो 50 साल के निचले स्तर पर है।घरेलू वित्तीय देनदारियां अब जीडीपी का 6.4 प्रतिशत हैं, जो दशकों में सबसे अधिक है। रुपया अब तक के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया है, जिससे विदेशी फंड बाहर जाने को मजबूर हो रहे हैं और छोटे निवेशकों को लाखों करोड़ का नुकसान हो रहा है।कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा इसके लिए सीधे तौर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी आर्थिक नीतियां जिम्मेदार हैं। उन्होंने व्यंग्यात्मक लहजे में कहा, ÷मोदी जी आपके वार्षिक %नए साल के संकल्प% हर नागरिक के जीवन को नष्ट करने वाले जुमलों से कम नहीं हैं!

पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने भी इन्हीं मुद्दों पर मोदी सरकार की घेराबंदी की है। उन्होंने चुनाव प्रचार के दौरान प्रधानमंत्री के ÷मंगलसूत्र÷ वाले बयान को उद्धृत करते हुए कहा कि हमने उसी दौरान गोल्ड लोन में तेज़ी से हुई वृद्धि का मुद्दा उठाया था। अनुमानित रूप से करीब 3 लाख करोड़ रुपये के गोल्ड लोन भारतीय परिवारों के पास हैं, जो आज तक बकाया हैं। अब यह सामने आ रहा है कि ऋणग्रस्तता के बढ़ते मामले और अर्थव्यवस्था के सुस्त होने के साथ, गोले ड लोन र्डि फॉले ट होने के मामले बढ़ रहे हैं।

# किसानों को पसंद नहीं आया दिलजीत दोसांझ का पीएम मोदी से मिलना

**▶▶ कहा- शंभू बॉर्डर पर जाकर डल्लेवाल जी से मिलना चाहिए था**



**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** पंजाबी गायक और अभिनेता दिलजीत दोसांझ की नए साल के दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात पर प्रदर्शनकारी किसानों ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की, जिन्होंने उनके मुद्दे के प्रति उनकी प्रतिबद्धता पर सवाल उठाए। जहां दोसांझ ने इस मुलाकात को नए साल की शानदार शुरुआत बताया, वहीं प्रधानमंत्री ने साधारण शुरुआत से अंतरराष्ट्रीय स्टारडम तक के सफर के लिए गायक की जमकर सराहना की। हालाँकि, किसान नेताओं ने निराशा व्यक्त की, यह सुझाव देते हुए कि दोसांझ के कार्यों ने किसान आंदोलन के लिए उनके पहले के मुखर समर्थन का खंडन किया।अभिनेता-गायक 2020 में सिंघू सीमा पर किसानों के विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए, जहां उन्होंने केंद्र से प्रदर्शनकारियों की मांगों को पूरा करने की अपील की। शंभू बॉर्डर पर एक किसान नेता ने कहा कि अगर दिलजीत को वास्तव में किसानों की परवाह होती, तो वह आते और शंभू बॉर्डर पर दल्लेवाल जी के साथ एकजुटता दिखाते, हमारी चिंताओं को सुनते और अपने पहले के बयानों पर कायम रहते। इसके बजाय, वह पीएम मोदी से मिलते। उनके इरादों पर संदेह पैदा करता है। किसानों ने दोहराया कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं हो जातीं, उनका संघर्ष जारी रहेगा।

नए कानून के माध्यम से न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को वैध बनाने की मांग को लेकर चल रहे आंदोलन के तहत प्रमुख किसान नेता जगजीत दल्लेवाल 38 दिनों से भूख हड़ताल पर हैं। उनके समर्थन में हजारों किसान सैकड़ों ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के साथ खनौरी स्थल पर एकत्र हुए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को दिलजीत दोसांझ से मुलाकात की और उन्हें %वास्तव में बहुमुखी प्रतिभा वाला% बताया।

## संभल में एएसआई ने 13वें दिन भी किया सर्वे, बावड़ी में 35 फुट नीचे तक हुई खुदाई

**मुरादाबाद, (हि.स.)।** उत्तर प्रदेश के संभल जिले के चंदौसी स्थित मुस्लिम बहुल मोहल्ला लक्ष्मणगंज में मिली प्राचीन बावड़ी में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) का सर्वे लगातार 13वें दिन गुरुवार को भी जारी रहा। एएसआई टीम के निर्देशन में प्राचीन बावड़ी की खुदाई और मिट्टी हटाने का काम चल रहा है। बावड़ी में पहले दिन से आज तक करीब 35 फुट नीचे तक खुदाई हो चुकी है। चंदौसी नगर पालिका के 50 मजदूर शाम करीब 5 बजे तक बावड़ी की साफ-सफाई में लगे रहे। इसके बाद खुदाई रोक दी गयी। अब शुक्रवार को फिर खुदाई होगी।

# बीपीएससी परीक्षा रद्द करने की मांग पर अड़े प्रशांत किशोर

**आमरण अनशन पर बैठे**



**पटना,एजेंसियॉ।** राजनीतिक रणनीतिकार और जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर ने हाल ही में आयोजित बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) परीक्षा को रद्द करने की मांग को लेकर पटना में आमरण अनशन की घोषणा की है। किशोर ने अपना अनशन शुरू करने से पहले एक सभा को संबोधित करते हुए परीक्षा के संचालन में कथित अनियमितताओं पर गंभीर चिंता जताई और तत्काल हस्तक्षेप का आह्वान किया। भर्ती प्रक्रिया में कुप्रबंधन और पारदर्शिता की कमी के बढ़ते आरोपों के बीच यह कदम उठाया गया है। किशोर ने इस बात पर जोर दिया कि उनके उपवास का उद्देश्य राज्य सरकार पर तेजी से कार्रवाई करने और पब में निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए दबाव डालना है। उन्होंने कहा कि मैं उन भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की भी मांग करता हूं, जिन्होंने कथित तौर पर परीक्षाओं द्वारा भरे जाने वाले पदों को खरीद-फरोख्त के लिए रखा है। उल्लेखनीय है कि प्रदर्शनकारियों के एक प्रतिनिधिमंडल के मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा से मुलाकात के तुरंत बाद, किशोर ने सोमवार को कहा था कि वह '48 घंटे' तक इंतजार करेंगे और अगर नीतीश कुमार सरकार 13 दिसंबर को आयोजित संयुक्त प्रतियोगी परीक्षाओं पर कोई कार्रवाई करने में विफल रही, तो आंदोलन तेज हो जाएगा।सोमवार को जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर ने प्रदर्शनकारियों से कहा था कि वे नीतीश कुमार सरकार को '48 घंटे का समय दें और यदि इस समय तक कोई समाधान नहीं निकलता है तो वे अपना आंदोलन फिर से शुरू कर सकते हैं। मीणा से मिलने वाले प्रतिनिधियों में किशोर के पार्टी सहयोगी एवं सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी आरके मिश्रा शामिल थे। किशोर ने प्रतिनिधियों द्वारा जानकारी दिए जाने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि मुख्य सचिव ने धैर्यपूर्वक उनकी बात सुनी है। वे किसी समाधान तक नहीं पहुंच सके क्योंकि यह ऐसा निर्णय है जिसके लिए मुख्यमंत्री के हस्तक्षेप की आवश्यकता होगी, जिनके आज रात दिल्ली से लौटने की उम्मीद है।

जनपद वासियों को नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं



आबिद अली
प्रधान पद हेतु
दिलीपपुर-प्रतापगढ़

**-------केजरीवाल का दावा-------**

# कृषि कानूनों को पिछले दरवाज़े से दोबारा लागू करने की तैयारी में केंद्र

**▶▶ भगवान पंजाब के किसानों की रक्षा करें**




**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** आप संयोजक अरविंद केजरीवाल ने गुरुवार को कहा कि अगर पंजाब में प्रदर्शनकारी किसानों को कुछ हुआ तो भाजपा जिम्मेदार होगी। आपको बता दें कि पंजाब के किसान एमएसपी पर कानूनी गारंटी समेत कई मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन उपवास पर हैं।

केजरीवाल ने एक्स पर लिखा कि पंजाब में किसान कई दिनों से धरने और अनिश्चित अनशन पर बैठे हैं। इनकी वही मांगे हैं जो केंद्र सरकार ने तीन साल पहले मान ली थी लेकिन अभी तक लागू नहीं की। केजरीवाल ने दावा किया कि बीजेपी सरकार अब अपने वादे से मुकर गई। बीजेपी सरकार किसानों से बात तक नहीं कर रही। उनसे बात तो करो। हमारे ही देश के किसान हैं। उन्होंने सवाल किया कि बीजेपी को इतना ज़्यादा अहंकार क्यों है कि किसी से बात भी नहीं करते? उन्होंने साफ तौर पर कहा कि पंजाब में जो किसान अनिश्चित अनशन पर बैठे हैं, भगवान उन्हें सलामत रखें लेकिन यदि उन्हें कुछ होता है तो इसके लिए बीजेपी ज़िम्मेदार होगी। आप प्रमुख ने कहा कि देशभर के किसानों की जानकारी के लिए मैं बता दूँ कि जो तीन काले क़ानून केंद्र ने तीन साल पहले किसानों के आंदोलन की वजह से वापिस लिए थे, उन्हें ÷पालिसी÷ कहकर केंद्र सरकार पिछले दरवाज़े से दोबारा लागू करने की तैयारी कर रही है। इस पालिसी की कॉपी उनके विचार जानने के लिए केंद्र ने सभी राज्यों को भेजी है। वहीं, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दिल्ली की आप सरकार पर किसानों के कल्याण की अनदेखी करने का आरोप लगाया। इसको लेकर उन्होंने मुख्यमंत्री आतिशी को पत्र भी लिखा है जिसमें मंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में लोग केंद्र द्वारा योजनाओं के कार्यान्वयन न होने से परेशान और चिंतित हैं। शिवराज ने पत्र में कहा कि मैं बहुत दुःख के साथ आपको यह पत्र लिख रहा हूँ। आपने कभी भी दिल्ली में किसानों के हित में उचित निर्णय नहीं लिए। केंद्र सरकार की किसान हितैषी योजनाओं को भी आपकी सरकार ने दिल्ली में लागू होने से रोक दिया है।भाजपा नेता ने आगे कहा कि आपकी सरकार को किसानों से कोई सहानुभूति नहीं है। आज दिल्ली के किसान परेशान और चिंतित हैं। केंद्र की कई किसान कल्याण योजनाओं को दिल्ली सरकार द्वारा लागू न करने के कारण किसान भाई-बहन इन योजनाओं के लाभ से वंचित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैंने पहले भी आपको पत्र लिखकर दिल्ली के किसानों की समस्याओं से अवगत कराया था, लेकिन चिंता की बात है कि आपकी सरकार ने इन समस्याओं का समाधान नहीं किया है।शिवराज सिंह चौहान ने साफ तौर पर कहा कि केजरीवाल ने सरकार में आते ही जनहितैषी निर्णयों को लेने के स्थान पर अपना रोना रोया है। 10 वर्षों से दिल्ली में आप की सरकार है, लेकिन पूर्व सीएम केजरीवाल ने हमेशा किसानों के साथ केवल धोखा किया है। उन्होंने कहा कि मैंने पहले भी आपको पत्र लिखकर दिल्ली के किसानों की समस्याओं से अवगत कराया था, लेकिन चिंता की बात है कि आपकी सरकार ने इन समस्याओं का समाधान नहीं किया है।

## 2026 तक नहीं टिक पाएगी मोदी सरकार, महाराष्ट्र में भी होगा असर-संजय राउत



**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मौजूदा कार्यकाल के पूरा होने से पहले संभावित व्यवधान की भविष्यवाणी करते हुए केंद्र सरकार की स्थिरता पर संदेह जताया है। पत्रकारों से बात करते हुए, राउत ने अनुमान लगाया कि सरकार 2026 से आगे नहीं टिक पाएगी। उन्होंने कहा कि मेरे मन में संदेह है कि केंद्र सरकार 2026 के बाद भी जीवित रहेगी। मुझे लगता है कि मोदी अपना कार्यकाल पूरा नहीं करेंगे, और अगर केंद्र सरकार अस्थिर हो गई, तो इसका असर महाराष्ट्र पर भी पड़ेगा।महाराष्ट्र और देश भर में बढ़ती राजनीतिक गतिविधियों के बीच, केंद्र में अस्थिरता की स्थिति में राज्य की भविष्य की राजनीतिक गतिशीलता पर बहस छिड़ गई है। इसके साथ ही राउत ने उन अटकलों को भी खारिज कर दिया कि नवंबर 2024 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में पार्टी के खराब प्रदर्शन के बाद शिवसेना (उबाठा) के कुछ नेता पार्टी छोड़ सकते हैं। उन्होंने राजापुर के पूर्व विधायक राजन साल्वी के उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली पार्टी छोड़ने की अटकलों के जवाब में यह बात कही। पिछले साल हुए लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने 543 सदस्यीय सदन में 293 सीटें जीती थीं, जिससे प्रधानमंत्री मोदी के लिए लगातार तीसरी बार सत्ता में आने का रास्ता साफ हुआ था।हालांकि, भाजपा अकेले बहुमत हासिल करने से काफी दूर रह गई और सहयोगी दलों पर निर्भर रहना पड़ा। राउत ने दावा करते हुए कहा, ''मुझे संदेह है कि केंद्र सरकार 2026 तक टिक पाएगी। मोदी अपना कार्यकाल पूरा नहीं करेंगे और जब ऐसा होगा तो न केवल महाराष्ट्र में बल्कि देश के अन्य राज्यों में भी बदलाव होगा।'' साल्वी के शिवसेना (उबाठा) छोड़ने की अटकलों पर राज्यसभा सदस्य ने कहा कि उन्होंने पार्टी नेता से बात की है, जिन्होंने कुछ स्थानीय मुद्दों पर निराशा व्यक्त की है।

समस्त क्षेत्र वासियों को नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं
राजा अल्ट्रासाउण्ड 2025 HAPPY NEW YEAR
डिजिटल एक्स-रे एवं पैथालॉजी सेन्टर
मेडिकल कालेज के सामने (किसान बीज भण्डार के बगल), प्रतापगढ़
मिलने का समय प्रातः 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक
नोट : यहाँ पर सभी प्रकार के एक्स-रे तथा सभी प्रकार के खून, पेशाब आदि की जांच कुशल एवं योग्य डाक्टरों द्वारा की जाती है।
प्रो० प्रदीप यादव मो0-9452943858, 9792385870

समस्त क्षेत्र वासियों को नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं
लाईफ केयर हास्पिटल
(फातिमा विमेन एवं चाइल्ड वेलफेयर सोसाइटी द्वारा संचालित)
स्टेट बैंक के बगल, लक्ष्मी काम्प्लेक्स के पीछे, कचेहरी रोड, प्रतापगढ़
सुविधाएँ:- 2025
डा० सय्यद मसूद मुजफ्फर
नार्मल डिलेवरी को प्राथमिकता
हर प्रकार के अपरेशन
NICU निबुलाईजेयन ऑक्सीजन
24 घण्टे इमरजेन्सी सेवा सुविधा
24 घण्टे एम्बुलेन्स सेवा उपलब्ध
आयुर्वेद विधि से कैंसर का सफल इलाज
डा० आफरीन हसन
स्त्री रोग विशेषज्ञ
मो0-08756837949
08115724829

समस्त क्षेत्र वासियों को नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं



2025 HAPPY NEW YEAR



मोरध्वज गुप्ता
प्रधान-दिलीपपुर, प्रतापगढ़
वीरेन्द्र प्रताप
ग्राम पंचायत अधिकारी

# कोर्ट कमिश्नर ने दाखिल की संभल जामा मस्जिद की सर्वे रिपोर्ट

**▶▶ कवरेज लेटर के साथ दाखिल की गई जामा मस्जिद सर्वे रिपोर्ट**

**▶▶ 43 पन्ने और लगभग 60 फोटो के साथ बंद लिफाफे में पेश की गई है रिपोर्ट**




**संभल,एजेंसियॉ।** संभल की जामा मस्जिद में हरिहर मंदिर होने के मामले में कोर्ट कमिश्नर रमेश सिंह राघव ने दो जनवरी 2025 दिन बृहस्पतिवार को न्यायालय में बंद लिफाफे में सर्वे रिपोर्ट पेश कर दी है। कोर्ट कमिश्नर ने बताया कि तबियत खराब होने की वजह से सर्वे रिपोर्ट न्यायालय में दाखिल करने में देरी हुई।बता दें कि 19 नवंबर को न्यायालय सिविल जज सीनियर डिवीजन संभल स्थित चंदौसी की अदालत में शाही जामा मस्जिद के हरिहर मंदिर होने के दावे को लेकर कैला देवी मंदिर के महंत ऋषिराज गिरी और हरिशंकर जैन समेत आठ वादकारियों ने वाद दायर किया था। न्यायालय ने उसी दिन अधिवक्ता रमेश सिंह राघव को कोर्ट कमिश्नर नियुक्त किया था और सर्वे करने के आदेश दिए थे। कोर्ट कमिश्नर ने उसी दिन कड़ी सुरक्षा व जिले के आला अधिकारियों की मौजूदगी में सर्वे किया। 24 नवंबर को वह डीएम व एसपी की सुरक्षा में दोबारा सर्वे करने पहुंचे तो बवाल हो गया था। जिसमें पांच लोगों की जान चली गई। कई पुलिस कर्मी भी घायल हो गए थे। इसके बाद 29 नवंबर को कोर्ट में सर्वे रिपोर्ट पेश की जानी थी। जिसमें न्यायालय ने कोर्ट कमिश्नर को सर्वे रिपोर्ट पेश करने के लिए दस दिन का समय दे दिया था। इसके बाद नौ दिसंबर को सील बंद लिफाफे में सर्वे रिपोर्ट दाखिल की जानी थी। कोर्ट कमिश्नर ने तबियत खराब होने का हवाला देते हुए सर्वे रिपोर्ट तैयार न होने की बात कहते हुए समय की मांग की थी। वहीं जामा मस्जिद पक्ष के अधिवक्ता शकील अहमद वारसी ने समय मांगने को लेकर आपत्ति दाखिल कर दी थी। बृहस्पतिवार को करीब साढ़े चार बजे कोर्ट कमिश्नर रमेश सिंह राघव सर्वे रिपोर्ट लेकर सिविल जज सीनियर डिवीजन संभल स्थित चंदौसी आदित्य कुमार सिंह के न्यायालय कक्ष में पहुंचे। जहां उन्होंने पीले रंग के बंद लिफाफे में सर्वे की रिपोर्ट दाखिल की। न्यायालय ने तत्काल संज्ञान लेते हुए लिफाफे को मोहर से सील बंद करा दिया।कोर्ट कमिश्नर रमेश सिंह राघव ने बृहस्पतिवार को न्यायालय में बंद लिफाफे में सर्वे की रिपोर्ट के साथ एक प्रार्थना पत्र दिया। जिसमें उन्होंने सर्वे की तारीखों का हवाला दिया और समय पर रिपोर्ट न दाखिल करने का कारण तबियत खराब होना बताया। साथ ही रिपोर्ट को पत्रावली पर लिए जाने की अनुमति मांगी।कोर्ट कमिश्नर ने बताया कि उन्होंने अपने सर्वे के दौरान शाही जामा मस्जिद में पाये गए साक्ष्यों के संबंध में 43 पन्नों की सर्वे रिपोर्ट न्यायालय में प्रस्तुत की है। साथ ही पाये गए तथ्यों के समर्थन में लगभग 60 फोटो भी सर्वे रिपोर्ट के साथ न्यायालय में पेश किए गए हैं।शाही जामा मस्जिद की ओर से मुकदमे की पैरवी कर रहे अधिवक्ता शकील अहमद वारसी ने बताया कि कोर्ट कमिश्नर द्वारा न्यायालय में सर्वे रिपोर्ट दाखिल होने की सूचना हमें साढ़े चार बजे मिली। चूंकि रिपोर्ट बंद लिफाफे में है। वह सुप्रीम कोर्ट के आदेश से ही खुलेगी।





# छावनी क्षेत्र में हुआ श्री पंचायती अखाड़ा महा निर्वाणी का भव्य प्रवेश

## महा निर्वाणी अखाड़े की छावनी प्रवेश यात्रा में भव्य सिंहासन पर सवार दर्जनों महामंडलेश्वर हुए शामिल

**लोकमित्र ब्यूरो**

**महाकुम्भ नगर।** महाकुम्भ क्षेत्र में सनातन धर्म के ध्वज वाहक अखाड़ों के प्रवेश का सिलसिला जारी है। इसी क्रम में श्री पंचायती अखाड़ा महा निर्वाणी ने राजसी वैभव के साथ छावनी क्षेत्र में प्रवेश किया। शहर में जगह जगह पुष्प वर्षा कर संतों का भव्य स्वागत किया गया। कुम्भ मेला प्रशासन की तरफ से भी अखाड़े के महात्माओं का स्वागत किया गया।

सनातन धर्म के 13 अखाड़ों में सबसे धनवान कहे जाने वाले श्री पंचायती अखाड़ा महा निर्वाणी ने छावनी क्षेत्र में प्रवेश किया। अलोपी बाग के निकट स्थित महा निर्वाणी अखाड़े की स्थानीय छावनी से अखाड़े का भव्य जुलूस उठा। सबसे पहले महा मंडलेश्वर पद



का सृजन करने वाले इस अखाड़े में इस समय 67 महा मंडलेश्वर हैं। अखाड़े की छावनी प्रवेश यात्रा में भी इसकी झलक देखने को मिली। अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी विशोकानंद जी की अगुवाई में यह छावनी प्रवेश यात्रा शुरू हुई जिसमें आगे आगे अखाड़े के इष्ट भगवान कपिल जी का रथ चल रहा था, जिसके बाद आचार्य महामंडलेश्वर का भव्य रथ श्रद्धालुओं को दर्शन दे रहा था।

### अखाड़े में दिखी नारी शक्ति की झलक

नारी शक्ति को महा निर्वाणी अखाड़ा ने हमेशा विशिष्ट स्थान दिया है। अखाड़ों में मातृ शक्ति को स्थान भी सबसे पहले महा निर्वाणी अखाड़ा ने दिया। अखाड़ा के सचिव महंत जमुना पुरी बताते है कि साध्वी गीता भारती को अखाड़ों की पहली महा मंडलेश्वर होने का स्थान प्राप्त है जो उन्हें 1962 में प्रदान किया गया था। निर्वाणी अखाड़े के महामंडलेश्वर स्वामी हरि हरानंद जी की शिष्या संतोष पुरी तीन साल की उम्र में अखाड़े में शामिल हुई और उन्हें ही यह उपलब्धि हासिल है। दस साल की उम्र में वह गीता का प्रवचन करती थी जिसके कारण राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद ने उन्हें गीता भारती का नाम दिया और संतोष पुरी अब संतोष पुरी से गीता भारती बन गई।
छावनी प्रवेश यात्रा में भी इसकी झलक देखने को मिली जिसमें चार महिला मंडलेश्वर भी शामिल हुई। यात्रा में वीरांगना वाहिनी सोजत की झांकी में भी इसकी झलक देखने को मिली। छावनी यात्रा में पर्यावरण संरक्षण के कई प्रतीक भी साथ चल रहे थे। पांच किमी लंबा सफर तय करके शाम को अखाड़े ने छावनी में प्रवेश किया।

# खाद व फसल बीमा सब कागजी, किसान विरोधी सरकार- उज्ज्वल रमण सिंह

## किसी गरीब किसान को फसल बीमा का लाभ नहीं मिला

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** प्रयागराज सांसद उज्जवल रमण सिंह ने पीएम फसल योजना को कागजी बताते हुए कहा कि जब बुवाई के समय डीएपी की जरूरत होती हैं तो वो सोसायटी से गायब और जब किसानों को खड़ी फसल में यूरिया डालने की जरूरत होती हैं तो सोसायटी से वो नहीं मिलती। किसान मजबूरी में ब्लैक में बाजार से खराब और नकली खाद खरीदने को मजबूर होता हैं। उन्होंने कहा कि किसानों को खाद की जगह लाठी मिलतीं हैं और सरकार वाहवाही लूटने के लिए एक से बढ़कर एक धोषणा करतीं हैं।

सांसद प्रतिनिधि विनय कुशवाहा ने बताया कि जमुनापार में लगातार दौरा करने के दौरान किसानों ने बताया कि धान के फसल में जोरई लग गई थी। जिससे 50त्नउत्पादन प्रभावित हुआ। जिस पर सांसद उज्जवल रमण सिंह ने उच्च अधिकारियों से वार्ता कर किसानों की मदद के लिए सरकार को



आगे आने के लिए कहा और जो किसान बीमा से क्षतिपूर्ति कराने की मांग किया। लेकिन अधिकारियों ने नियम का हवाला देकर कि जबतक 40त्न फसल का नुकसान नहीं होता तब तक फसल बीमा से क्षतिपूर्ति नहीं मिलती। मजे की बात यह है कि अधिकार 25-30त्न से ज्यादा का नुकसान कभी दर्शाते ही नहीं तो क्षतिपूर्ति कहा से मिले। सांसद उज्जवल अक्सर किसानों से पुछते हैं कि आपलोगों को किसान बीमा का लाभ तो मिला होगा तो किसी ने भी नहीं बताया कि उसकों कभी कोई लाभ मिला हो।प्रतिनिधि ने कहा कि 175₹ प्रति बोरी बढ़ा दाम भी किसान खरीद ले पर जब समय से खाद मिले लाठी खाने से तो अच्छा है पर खाद तो सरकार उपलब्ध करा नहीं पाती वाहवाही अलग लूटते हैं।

सांसद उज्जवल रमण सिंह ने कहा कि पीएम फसल योजना सिर्फ कागजी दिखवा हैं खाद सब्सिडी व फसल बीमा से उधोगपतियों को लाभ पहुचाया जाता हैं इन योजनाओं से किसानों को कोई लाभ नहीं मिलता।

# काव्यांशु ने श्री सहायक क्लब को जिताया

**प्रयागराज।** श्री सहायक क्लब ने डीएसए क्लब को 38 रन से हराकर विंटर त्रिकोणीय क्रिकेट सीरीज में पूरे अंक प्राप्त किये।डॉ. केएन काटजू कॉलेज मैदान पर गुरुवार को खेले गए मैच में श्री सहायक क्लब ने 30 ओवर में 9 विकेट पर 192 रन (काव्यांशु व अंशुमान शर्मा 30-30,



कौशल निषाद 29 नाबाद, ईशान केसरवानी 2/18, कार्तिकेय तिवारी 2/25, उमर अशफाक 2/40) बनाएज। जवाब डीएसए क्लब की टीम 22.3 ओवर में 154 रन (सुधांशु सिंह 36, हर्षित राज यादव 23, काव्यांशु 3/33, सूर्यांश 2/22, शिव कुमार व नैतिक रस्तोगी एक-एक विकेट) पर सिमट गई। काव्यांशु को मैन ऑफ दि मैच चुना गया।

# उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र में आयुष महाकुंभ 2025 का हुआ शुभारंभ



**प्रयागराज।** विश्व स्तर पर पहली बार प्रयागराज में आयुष क्षेत्र में सुप्रसिद्ध गैर सरकारी संगठन संजीवनी वेलफेयर सोसाइटी द्वारा 2 से 6 जनवरी को एनसीजेडसीसी, प्रयागराज में ग्लोबल आयुष महाकुंभ या ग्लोबल आयुष एक्सपो 2025 का आयोजन गुरुवार को हुआ। ग्लोबल आयुष एक्सपो का शुभारंभ फीता काटकर गणेश पूजन करते हुए महापौर गणेश केसरवानी द्वारा किया गयो । उन्होंने कहा कि ऐसे आयुष महाकुंभ के कार्यक्रम होते रहने से आयुष की जागरूकता एवं चिकित्सा व्यवस्था से आम जनमानस का बहुत ही लाभ होगा और इस तरह के कार्यक्रम आगे भी होते रहने चाहिए। संस्था के अध्यक्ष डॉज़ अशोक कुमार द्विवेदी संस्था के सचिव श्रवण शुक्ल एवं संजीवनी वेलफेयर सोसाइटी के परियोजना प्रबंधक डॉज़ राहुल शुक्ल, डॉ मनोज कुमार श्रीवास्तव, जनार्दन सिंह, साकिब सिद्दीकी, श्रीमती उमा पाण्डेय, आशु पाण्डेय, आशीष हेमकर, रचना सोनकर श्रेया मेहता, तान्या सिंह रीमा शुक्ला, सरजीत गौतम, तनुज शर्मा इत्यादि लोग शुभारंभ के मौके पर उपस्थित रहे।
अध्यक्ष डॉ0 अशोक कुमार द्विवेदी ने बताया कि, संस्था आयुष चिकित्सा पद्धति के क्षेत्र में 2013 से कार्य कर रही है जिसमें समस्त आयुष चिकित्सकों को सम्मानित करने, आयुष चिकित्सा जागरूकता तथा आयुष चिकित्सा के माध्यम से जरूरतमंद लोगों को लाभान्वित करने किया जाता है।

# मेरा बेटा स्वामी आनंद गिरि निर्दोष है- रामेश्वर लाल चौटिया



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** मेरा बेटा स्वामी आनंद गिरि बेकसूर है और उसका नरेंद्र गिरी की हत्या में कोई हाथ नहीं है। बल्कि वह जब महंत नरेंद्र नरेंद्र गिरी ने आत्महत्या की थी तो उसे समय मेरा बेटा हरिद्वार में था और उसका नरेंद्र गिरी की हत्या से कोई लेनदेन नहीं था। वह नरेंद्र गिरी का विश्वास पात्र शिष्य था। स्वामी आनंद गिरि के पिता रामेश्वर लाल चौटिया व उनके भाई शंकर लाल चौटिया में प्रेस क्लब में प्रेस वार्ता करते हुए कहा।उन्होंने कहा कि हमारे बेटे को पूरी तरह से फसाने की साजिश पंचायती अखाड़ा श्री निरंजन के सचिव श्री महंत रवींद्र पुरी की है और मेरे बेटे को फसाने का सारा काम रवींद्र पुरी के द्वारा किया गया है। महंत नरेंद्र गिरी ने जब आत्महत्या की तो उसे समय मेरा बेटा हरिद्वार में मौजूद था पर महंत रवींद्र पुरी ने मेरे बेटे को फसाने की पूरी साजिश की है। और मेरा बेटा पूरी तरह से निर्दोष है।स्वामी आनंद गिरि के पिता ने कहा यदि महंत रवींद्र पुरी ईमानदार है और सच बोल रहे है तो वह मनसा देवी कसम खाकर कहे और गंगाजल हाथ में उठाकर बोले कि मेरा बेटा निर्दोष है या गुनहगार। महंत रविंद्रपुरी मनसा देवी के बहुत बड़े भक्त हैं। मनसा देवी पर हाथ रखकर कहें क्या सच है। वह सही बोले तो बोल पूर्ण विश्वास है कि मेरे बेटे को फसाने में श्री महंत रवींद्र पुरी का पूर्ण हाथ है।

# आर्यन की गेंदबाजी से विप्लव की असान जीत

**प्रयागराज।** विप्लव क्रिकेट क्लब ने मोती लाल सर्व समाज कल्याण अंडर -14 क्रिकेट प्रतियोगिता में राइजिंग स्टार फाउंडेशन क्रिकेट क्लब को एक तरफा मुकाबले में छह विकेट से हराकर पूर्ण अंक अर्जित किए हैं। इस जीत में आर्यन प्रजापति की अचूक गेंदबाजी ( 5.2 - 2 - 11 - 8 ) कर अपनी टीम को जीत दिलाई हैं। गुरुवार को भानु प्रताप मैदान पर टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए राइजिंग स्टार फाउंडेशन क्रिकेट क्लब की पूरी टीम 23.2 ओवर में महज 68 रन, ( राघव दुबे 21, आदित्य राय 17 रन, आर्यन प्रजापति 8/11, अमन गुप्ता 1/06, शिवम केशरवानी 1/13 ) पर बिखर गई। जवाब में विप्लव क्रिकेट क्लब की टीम 19.2 ओवर



में चार विकेट पर 72 रन ( ईशान सिंह 25, अमन गुप्ता 13 नाबाद, सौरभ यादव 12 रन, शिवम यादव 1/03, राधे वर्मा 1/06, उत्कर्ष सिंह 1/08, आदित्य राय 1/12 ) पर बना लिए। प्रतियोगिता में शुक्रवार को भवम क्रिकेट क्लब व फोर्ड स्कूल क्रिकेट क्लब बी के बीच प्रातः नौ बजे से खेला जाएगा।

# मंडल अध्यक्ष के परिणाम को लेकर उत्सुकता बढ़ी

## स्क्रीनिंग टेस्ट के कारण हो रही है देरी

**प्रयागराज।** मंडल अध्यक्ष के परिणाम को लेकर कार्यकर्ताओं में उत्सुकता बढ़ गई है। भाजपा प्रवक्ता राजेश केसरवानी बताया कि 31 दिसंबर तक मंडल अध्यक्षों का परिणाम आने के संभावना थी।प्रदेश संगठन द्वारा अब तक पूरे प्रदेश में लगभग 750 मंडल अध्यक्षों की घोषणा 29 दिसंबर को कर दी गई थी और जिसमें काशी क्षेत्र के नौ जिले शामिल रहे। ऐसे में प्रयागराज महानगर, एवं गंगा पार, यमुना पार के कार्यकर्ताओं को लग रहा था कि बहुत ही जल्द मंडल अध्यक्ष का परिणाम आ जाएगा।प्रदेश संगठन के द्वारा चल रहे मंडल अध्यक्षों की स्क्रीनिंग टेस्ट के कारण विलंब हो रहा है। अभी पूरे प्रदेश में 1168 मंडल अध्यक्षों की घोषणा होना बाकी है जिसमें प्रयागराज महानगर, गंगा पार, यमुना पार जिला भी शामिल हैं। आसार है कि 5 जनवरी तक सभी मंडल अध्यक्षों की घोषणा कर दी जाएगी। इस दौरान मंडल अध्यक्ष का नामांकन करने वाले सभी कार्यकर्ता तीन दिवसीय प्रवास पर प्रयागराज पधारे उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य से मंडल अध्यक्ष बनने के लिए आशीर्वाद ले रहे हैं। साथ ही जिला अध्यक्ष की लाइन में लगे पार्टी के वरिष्ठ अधिकारी एवं कार्यकर्ता भी उपमुख्यमंत्री से संपर्क बनाए हुए हैं। प्रवक्ता राजेश केसरवानी ने बताया कि मंडल अध्यक्षों की घोषणा के बाद तुरंत जिला अध्यक्षों की नामांकन की प्रक्रिया आरंभ कर दी जाएगी। जिसको लेकर राष्ट्रीय स्तर पर कार्यशाला आयोजित किया जा चुका है और मंडल अध्यक्षों की घोषणा के त्वरित बाद जिला अध्यक्षों की कार्यशाला प्रदेश स्तर पर लखनऊ में होना सुनिश्चित किया जा चुका है। उम्मीद है कि 20 जनवरी तक जिला अध्यक्षों का भी चयन हो जाएगा।

# डॉ. वत्सला बनीं आईसीपी की राष्ट्रीय एसोसिएट डीन

## मोती लाल नेहरू मेडिकल कालेज की प्राचार्य पद पर है तैनात

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज की प्राचार्य डॉ. वत्सला मिश्रा को इंडियन कॉलेज आफ पैथोलॉजिस्ट की राष्ट्रीय स्तर पर एसोसिएट डीन चुना गया है। वह लंबे समय से एमएलएन मेडिकल कॉलेज में पैथोलॉजी विभाग की विभागाध्यक्ष और अकादमिक डीन के कार्यों की देखरेख कर रही हैं। यह उपलब्धि उनके समर्पण और उत्कृष्ट नेतृत्व का प्रमाण है। डॉ. वत्सला मिश्रा इस सम्मान को प्राप्त करने वाली प्रयागराज और आस-पास के क्षेत्र की पहली पैथोलॉजिस्ट और वरिष्ठ प्रोफेसर हैं। उनकी इस उपलब्धि पर मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज और स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय के चिकित्सा शिक्षकों और कर्मचारियों ने बधाई दी है।
आईसीपी की तरफ से हाल ही में कटक, उड़ीसा में आयोजित राष्ट्रीय



अधिवेशन में इस पद पर उनकी नियुक्ति की घोषणा की गई। इस अवसर पर चिकित्सा जगत से जुड़े कई लोग मौजूद रहे। इएएएसमें पैथालॉजी विभाग की वर्तमान विभागाध्यक्ष डॉ. कचनार वर्मा, उप-प्रधानाचार्य डॉ. वीके पांडेय, वरिष्ठ सर्जन डॉ. संतोष सिंह समेत अन्य लोग शामिल हैं। इस उपलब्धि के लिए सभी ने इसे संस्थान के लिए गौरव का क्षण बताया। डॉ. वत्सला मिश्रा के नेतृत्व में एसआरएन में मरीजों के लिए सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। आगामी महाकुंभ मेले को ध्यान में रखते हुए अस्पताल में अतिरिक्त बेड, आधुनिक जांच सुविधाओं और आपातकालीन सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए लगातार प्रयास जारी है।इंडियन कॉलेज ऑफ पैथोलॉजिस्ट, भारतीय एसोसिएशन ऑफ पैथोलॉजिस्ट्स एंड माइक्रोबायोलॉजिस्ट्स के अंतर्गत आता है। यह संस्था पैथोलॉजी के क्षेत्र में शैक्षणिक और शोध गतिविधियों को बढ़ावा देती है। डॉ. वत्सला मिश्रा की नियुक्ति इस बात का प्रमाण है कि प्रयागराज के चिकित्सा क्षेत्र में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने की क्षमता है। इस बारे में मीडिया प्रभारी डॉ संतोष सिंह ने बताया कि प्रधानाचार्य डॉ. वत्सला मिश्रा की इस उपलब्धि ने न केवल मेडिकल कॉलेज बल्कि पूरे प्रयागराज का गौरव बढ़ाया है।

# केजरीवाल की झूठी राजनीति का होगा अंत- केशव प्रसाद मौर्य



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** तीन दिवसीय प्रवास के दौरान उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने चंद्रशेखर आजाद सर्किट हाउस के प्रांगण में जनता दर्शन किया। उनकी समस्याओं को सुना और त्वरित विभाग के अधिकारियों को समस्याओं के निराकरण के लिए निर्देशित किया।
इस अवसर पर उन्होंने कार्यकर्ताओं से उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया और झूठे प्रचार की राजनीति में माहिर अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी की असलियत जनता के सामने आ चुकी है। धोखे, भ्रम और भ्रष्टाचार की राजनीति का अंत तय है। 2025 में दिल्ली भी हरियाणा और महाराष्ट्र की तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकास की नई इबारत लिखेगी। और दिल्ली में सुशासन का कमल खिलेगा।
प्रवक्ता राजेश केसरवानी ने बताया की जनता दर्शन के बाद उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य किसानमोर्चा प्रदेश कार्य समिति के सदस्य अन्नू सिंह, पर्व प्रांत संघ चालक रस के डॉ विश्वनाथ लाल निगम, वरिष्ठ समाजसेवी धर्मेंद्र कुशवाहा, पूर्व जिला अध्यक्ष राम रक्षा द्विवेदी, भाजपा नेता रंजन पांडे के आवास पहुंचकर एवं नव वर्ष की बधाई दी एवं भाजपा नेता अजय कुमार पांडे की दादी स्वर्गीय गुलाब कली के निधन के पश्चात उनके आवास पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।
इस अवसर सांसद प्रवीण पटेल, विधायक गुरु प्रसाद मौर्य, विधायक दीपक पटेल, विधायक पूजा पाल, भाजपा महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा, यमुना पार जिला अध्यक्ष विनोद प्रजापति, गंगा पार जिला अध्यक्ष कविता पटेल, कौशांबी जिला अध्यक्ष धर्म राजसिंह पटेल, क्षेत्र उपाध्यक्ष अवधेश चंद्र गुप्ता, वरुण केसरवानी रवि, कुंज बिहारी मिश्रा, राजेश केसरवानी रमेश पासी, देवेश सिंह, प्रमोद मोदी आदि रहे।

# रंगकर्म अद्भुत भाव संप्रेषण की सबसे प्राचीन ललित कला है- रवीन्द्र कुशवाहा



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** इस वर्ष 2025 में सांस्कृतिक संस्था अभिनव प्रयागराज ने अपने संस्थापना दिवस एक जनवरी को आज 45 वर्ष पूर्ण करते हुए पहले की स्मृति परम्परा को पुनर्स्थापित करते, संस्था के यश समृद्धि के लिए विधिवत पूजा यज्ञ हवन एवं कलात्मक संगोष्ठी कार्यक्रम अपने कार्यालय काला डांडा हिम्मतगंज के प्रेक्षा दीर्घा में सम्पादित किया। इस अवसर पर एक रंग गोष्ठी ÷रंगकर्म में ललित कलाओं की उपयोगिता÷ की सफल गोष्ठी अंतरराष्ट्रीय ख्यातिलब्ध कवि-चित्रकार रवीन्द्र कुशवाहा के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुई। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि रवीन्द्र कुशवाहा का माल्यार्पण अंग वस्त्र स्मृति चिन्ह से संस्था अध्यक्ष शैलेश श्रीवास्तव द्वारा सम्मानित किया गया। संगोष्ठी पर अपने विचार व्यक्त करते हुए मुख्य अतिथि रवीन्द्र कुशवाहा कहां कि रंगकर्म (नाट्य-कला) ही अद्भुत भाव संप्रेषण की सबसे प्राचीन ललित कला है इसमें अन्य ललित कलाओं का सामंजस्य पूर्ण सदुपयोग ही इसको सबसे ज्यादा प्रभावशाली बनाता है। प्रसिद्ध वरिष्ठ रंगअभिनेत्री प्रतिमा श्रीवास्तव ने अपने उद्बोधन में कहा कि रंगकर्मी अपने नाटकों में अनेको रंगो का, संगीत का प्रयोग तो करते हैं पर बहुधा वो इसके आनुपातिक प्रयोग को भूल जाते हैं।
संस्था के प्रथम सचिव तथा वरिष्ठ रंग अभिनेता प्रमिल अस्थाना ने संस्था के पहले नाटक से अब तक के नाटकों के तुलनात्मक प्रगति पर हर्ष व्यक्त किया। वरिष्ठ रंग अभिनेता प्रदीप कुमार ने अपने रंग निर्देशक अवधेश चन्द्रा के साथ के अपने रंगानुभव साझा किया। वरिष्ठ अभिनेता आशीष सिन्हा ने रंगकर्म मे प्रयोग होने वाली कला संसाधनो की वित्तीय स्थितियों पर प्रकाश डाला। युवा रंग अभिनेत्री शादामा खातून, शुभा अस्थाना इत्यादि ने अपने सारगर्भित विचार रखे। अंत में संस्था सचिव अमरेश श्रीवास्तव ने सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# विधायक द्वारा किया गया पंचायत भवन का उद्घाटन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**खीरी (प्रयागराज)।** ग्राम सभा खरका कंचनपुर में नवनिर्मित पंचायत भवन का उद्घाटन स्थानीय भाजपा विधायक राजमणि कोल एवं स्थानीय जिला पंचायत सदस्य राजेश सिंह पटेल के द्वारा किया गया। उद्घाटन के बाद प्रधान खरका नीरेंद्र कुमार निषाद द्वारा स्थानीय भाजपा विधायक राजमणि कोल का जन्मदिवस समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन विजय तिवारी द्वारा किया गया।
कार्यक्रम के दौरान स्थानीय विधायक द्वारा खरका गांव में बनकर तैयार नवनिर्मित पंचायत भवन का उद्घाटन करके उसे जनता को समर्पित कर दिया गया। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहां कि पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए केंद्र और प्रदेश की सरकार संकल्पित है। पंचायत भवन में उपस्थित रहने वाले कर्मचारी जनता को जन कल्याणकारी योजनाओ की जानकारी देने से लेकर



पात्रों तक उपलब्ध कराने में जिम्मेदारी निभाएंगे। इससे न सिर्फ भागदौड़ से राहत मिलेगी बल्कि जनता का नाजायज खर्च से बचत होगी। इसी क्रम में स्थानीय जिला पंचायत सदस्य राजेश पटेल द्वारा जन्मदिवस समारोह आयोजन मंडल एवं उपस्थित लोगों का स्वागत एवं अभिनंदन किया और आगे बताया कि वर्तमान केंद्र और राज्य सरकार विकास की नित नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर रहा है। कार्यक्रम के दौरान दर्जनों भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता प्रदान कराई गई तथा कार्यक्रम के समापन के दौरान कार्यक्रम आयोजक नीरेंद्र निषाद द्वारा विधायक जी के जन्म दिवस समारोह में कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से बबुआन द्विवेदी,रामाश्रय शुक्ला,अशोक पांडे,रेवती पाल,शंकर दयाल,विनोद कुमार मिश्रा,सत्येंद्र कुमार,संतरा देवी,प्रीति निषाद,रवि सिंह,आर. पी.सिंह,बृजेश शुक्ला, रमा शंकर त्रिपाठी,शिव बदन शुक्ला,पंकज मिश्रा,जोगेंद्र तिवारी, सहित हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

# वाईएमसीए, चौधरी, प्रयाग और नेहरा क्लब को मिली जीत

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** वाईएमसीए, आशीष नेहरा क्लब, चौधरी नौनिहाल सिंह क्लब और प्रयाग क्लब ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर मनीष देब स्कंद गुप्त अंडर-16 क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे अंक प्राप्त किये। वाईएमसीए ने गुरुवार को अपने मैदान पर 40 ओवर में 9 विकेट पर 319 रन (लक्ष्य यादव 100, देव 64, शौर्य सिंह 36, आदित्य शुक्ला 25, अस्मित सरोज व दिव्यजोश सिंह 23-23, अक्षज श्रीवास्तव 3/57, उज्जवल गुप्ता 2/64) बनाकर नेताजी सुभाष चंद्र बोस क्लब भी को 25.3 ओवर में 115 रन (जुल्फिकार अब्बास 23, लक्ष्य यादव 5/20, अर्जित श्रीवास्तव 3/52) पर समेट दिया।केपी कॉलेज मैदान पर चौधरी नौनिहाल सिंह क्लब ने 40 ओवर में तीन विकेट पर 268 रन (आयुष कुमार बिंद 94, मोहम्मद आसिम 69, समर्थ पांडेय 39, हार्दिक नारायण तिवारी 30, आर्यन यादव 1/41, अमोघ कुमार पांडेय 1/60) बनाकर वर्मा क्लब को 34 ओवर में 172 रन (अनुज यादव 52, अंश कुशवाहा 22, ऋषभ यादव 28, आर्यन बनर्जी 3/19, हार्दिक नारायण तिवारी 2/10, सुदर्शन शुक्ला 2/28) पर समेट दिया।डीएवी कालेज मैदान पर ईश्वर शरण डिग्री कॉलेज ने 36.1 ओवर में 91 रन (शौर्य ठाकुर व शिवांश पांडेय 15-15, अंश सिंह 3/13, अजीत कुमार 3/19, अरविंद 2/19) बनाए। जवाब में प्रयाग क्लब ने 12.1 में दो विकेट पर 95 रन (अंश सिंह 46 नाबाद, सूरज चौहान 27, शार्दुल 1/06, यशपाल 1/23) बना लिए।डीपीएस मैदान पर आशीष नेहरा क्लब ने 30.3 ओवर में 157 रन (आनंद कुमार यादव 39, राहुल कुमार यादव 24, ईशान दीक्षित 23, मुजक्कि राशिर 22, आदित्य पाठक 4/15, मोहम्मद अली 2/21) बनाए। जवाब में कायस्थ पाठशाला क्लब ने 28.3 ओवर में 120 रन (अनमोल यादव 46, आदित्य पाठक 21, सुंदरम यादव 6/31, आनंद कुमार यादव 2/04) पर सिमट गई।

# नहीं हटाया गया नेशनल हाईवे के सर्विस लेन के किनारे खड़ी कृषि विभाग की बिल्डिंग

● फ्लाई ओवर के पास कृषि विभाग की बिल्डिंग खड़ी होने से आए दिन होते है हादसे



**लोकमित्र ब्यूरो**

**सिराथू, (कौशाम्बी)।** नेशनल हाईवे को फोरलेन से सिक्स लेन चौड़ीकरण हेतु हाईवे के दोनों ओर तीस तीस मीटर भूमि का अधिग्रहण किया गया था जिसके बाद हाईवे का चौड़ीकरण किया गया था वही सिराथू तहसील क्षेत्र के सैनी कस्बे में नेशनल हाईवे के दोनों ओर भूमि का अधिग्रहण कर फ्लाई ओवर व उसके बगल से सर्विस लेन बनाया गया है। लेकिन फ्लाईओवर के पास नेशनल हाईवे के सर्विस लेन के पास खड़ी कृषि विभाग की बिल्डिंग को अब तक नहीं हटाया गया है जिससे इस सर्विस लेन से आवागमन करने वाले राहगीर आएदिन हादसे का शिकार होते है , स्थानीय लोगों द्वारा कई बार शिकायत के बाद भी कृषि विभाग के जिम्मेदारों ने सर्विस लेन किनारे बिल्डिंग को नहीं हटाया है जिससे स्थानीय लोगों में आक्रोश व्याप्त है।

**▶▶ क्या कहते है लोग**

सैनी कस्बे के राजेश गुप्ता का कहना है कि नेशनल हाईवे चौड़ीकरण में स्थानीय लोगों की भूमि का अधिग्रहण कर लिया गया है लेकिन कृषि विभाग द्वारा खड़ी बिल्डिंग को नहीं हटाया गया।

सैनी के अशोक कुमार का कहना है कि सैनी में सर्विस लेन बने दो साल होने को है लेकिन कृषि विभाग के जिम्मेदारों की मनमानी के कारण बिल्डिंग नहीं हटाई गई जिससे राहगीर अक्सर हादसे का शिकार होते है ।

विजय बाबू का कहना है कि कई बार शिकायत के बाद उन्हें बताया गया था कि कृषि विभाग की नई बिल्डिंग तैयार हो जाएगी तो हटा लिया जाएगा लेकिन कृषि विभाग की नई बिल्डिंग तैयार होने के बाद भी सर्विस लेन किनारे बिल्डिंग अब तक खड़ी है । पंकज केसरवानी का कहना है कि सैनी में बस अड्डा होने की वजह से प्रयागराज की ओर से आने वाली सारी बसे इसी सर्विस लेन से होकर गुजरती है , रास्ते में कृषि विभाग की बिल्डिंग सर्विस लेन पर होने की वजह से ठंड में कोहरे के कारण कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

अमल केसरवानी का कहना है कि नेशनल हाईवे निर्माण में लगी कार्यदाई संस्था के जिम्मेदार स्थानीय लोगों की बिल्डिंग व मकान तो हटा दिया लेकिन कृषि विभाग की बिल्डिंग न हटाए जाने से सवाल खड़ा करता है।

## घर से शौच के लिए निकला युवक संदिग्ध दशा में लापता



**लोकमित्र ब्यूरो**

**चायल, (कौशाम्बी)।** संदीपन घाट थानाक्षेत्र के रसूलाबाद कोइलहा गांव की ममता देवी ने बताया कि उसका 25 वर्षीय पति मूरत सरोज गुरुवार की सुबह घर से शौच जाने के लिए कहकर निकला था। इसी दौरान वह अचानक लापता हो गया।देर तक घर वापस न लौटने पर परिजनों को अनहोनी की आशंका हुई। उन्होंने उसकी काफी खोजबीन की।मगर उसका कहीं सुराग नहीं लगा।सुराग न लगने से निराश होकर ममता ने थाने जाकर पति के गुमशुदगी की तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस युवक के सुराग में जुट गई है।

## अपर पुलिस अधीक्षक ने दी आकस्मिकता की स्थिति से निपटने हेतु साफ्ट स्किल प्रशिक्षण




**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** महाकुम्भ-2025 को सकुशल एवं शान्ति पूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने हेतु अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह द्वारा क्षेत्राधिकारी चायल सत्येन्द्र प्रसाद तिवारी के साथ पुलिस कार्यालय स्थित दुर्गा भाभी सभागार में जोन स्तर पर मेला क्यूआरटी के नाम से रिजर्व जनपद कौशाम्बी के अतिरिक्त पुलिस बल को आकस्मिकता की स्थिति से निपटने हेतु साफ्ट स्किल प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

### वाहन चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

कौशाम्बी। जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई, चेकिंग के दौरान दो-पहिया, चार पहिया वाहनों को चेक किया गया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 37 वाहनों का ई-चालान किया गया तथा 01 वाहन को सीज किया गया।

# मनीष कुमार द्विवेदी बने इंटरनेशनल ह्यूमन राइट्स ऑपरेशन कमेटी ऑफ इंडिया के जिला अध्यक्ष



**लोकमित्र ब्यूरो**

**बारा, (कौशाम्बी)।** विकास खंड कौशाम्बी के ग्राम महिला निवासी मनीष कुमार द्विवेदी को उनकी उत्कृष्ट सामाजिक सेवाओं और मानवाधिकार संरक्षण के क्षेत्र में किए गए कार्यों के लिए इंटरनेशनल ह्यूमन राइट्स ऑपरेशन कमेटी ऑफ इंडिया ने जिला अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया है। यह घोषणा हाल ही में 1जनवरी 2025को अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार एण्ड आपरेशन कमेटी ऑफ इण्डिया के चेयरमैन चंद्रेश दुबे ने एक बैठक में किया। उन्होंने बताया कि संगठन में बिना पद लिए संगठन में पूरा सहयोग और कार्यों के किया जिसके कारण उन्हें जनपद का कमान देकर संगठन उनकी सहयोग की अपेक्षा करता है। मनीष कुमार द्विवेदी लंबे समय से समाज के कमजोर वर्गों की मदद और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य और न्याय के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं का नेतृत्व किया है। उनकी यह नियुक्ति न केवल उनके प्रयासों को मान्यता देती है, बल्कि उनके कंधों पर मानवाधिकारों की सुरक्षा और जागरूकता बढ़ाने की बड़ी जिम्मेदारी भी डालती है। अपनी नियुक्ति के बाद मनीष कुमार द्विवेदी ने कहा, यह मेरे लिए गर्व और जिम्मेदारी का क्षण है। मैं संगठन के उद्देश्यों को साकार करने के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करूंगा। उन्होंने यह भी वादा किया कि वह समाज के हर व्यक्ति के लिए न्याय और अधिकार सुनिश्चित करने की दिशा में काम करेंगे। इस अवसर पर जिले के कई गणमान्य व्यक्तियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दी और उनके नेतृत्व में बेहतर बदलाव की उम्मीद जताई।

## महिला ने लगाया पति व देवर पर मारपीट कर घर से भगाने का आरोप

**सिराथू, (कौशाम्बी)।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की एक महिला ने पति व देवर पर मारपीट कर घर से भगाने का आरोप लगाते हुए मामले की शिकायत सैनी पुलिस से करते हुए कार्यवाही की मांग की है।सैनी कोतवाली क्षेत्र के त्रिलोकपुर गांव की रहने वाली सुमन देवी ने गुरुवार को सैनी पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसका पति नशे की हालत में आएदिन मारपीट करता है , और खर्च की नहीं देता जिससे किसी तरह अपने तीन पुत्रों का भरण पोषण करती है। सुमन देवी का आरोप है कि बुधवार को उसके पति व देवर ने उसके साथ गाली गलौच करते हुए मारपीट कर घर से भगा दिया। पीड़िता ने मामले में कार्यवाही की मांग की है।

# कौशाम्बी थाना प्रभारी ने महिला पुल पर चलाया सघन वाहन चेकिंग अभियान

▶▶ यातायात नियमों के पालन से हादसों में आएगी कमी- उर्मिला सिंह



**लोकमित्र ब्यूरो**

**विजिया, (कौशाम्बी)।** कौशाम्बी थाना प्रभारी उर्मिला सिंह ने गुरुवार को महिला पुल पर सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के उद्देश्य से सघन चेकिंग अभियान चलाया। अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं और लोगों को सुरक्षा सुनिश्चित करना और किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधियों को रोकना था।

चेकिंग के दौरान कौशाम्बी थाना पुलिस ने पुल पर आने-जाने वाले वाहनों और संदिग्ध व्यक्तियों की गहन जांच की। इस अभियान के तहत कई वाहन चालकों के दस्तावेज चेक किए गए और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों 10 वाहनों म चालान भी किया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि नव वर्ष के अवसर पर अनियंत्रित ड्राइविंग करने से महिलाओं की सुरक्षा और अपराधों को रोकने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। इस दौरान पुल के आसपास सुरक्षा बलों की तैनाती भी बढ़ाई जाएगी। अभियान की जानकारी मिलने पर स्थानीय लोगों ने पुलिस की इस पहल की सराहना की और इसे अपराध नियंत्रण और सुरक्षा की दिशा में एक सकारात्मक कदम बताया। इस दौरान थाना प्रभारी उर्मिला सिंह उपनिरीक्षक विमल कुमार चौकी प्रभारी गुरौली,हेड कांस्टेबल हरिकेश यादव, कांस्टेबल योगेन्द्र सिंह,कास्टेबल संदीप कुमार, कौशाम्बी थाना पुलिसबल मौजूद रहा।

### लापरवाही पूर्व वाहन चलाकर दुर्घटना कारित करने वाले आरोपी को अर्थदण्ड से किया गया दण्डित

कौशाम्बी। थाना सैनी पर पंजीकृत कृष्ण मूरत मौर्य निवासी कटरा मजरा रक्सवारा थाना करारी को न्यायालय सीजेएम द्वारा शासन की प्राथमिकता के आधार पर आरोपियों को सजा दिलाने के क्रम में प्रभावी पैरवी कराते हुए मानिटरिंग सेल के माध्यम से आरोपी को 2000 रूपए के अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया।

## क्षेत्राधिकारी मंझनपुर ने पुलिस बल के साथ किया पैदल गस्त



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** क्षेत्राधिकारी मंझनपुर द्वारा जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा आमजन में सुरक्षा का भाव जागृत करने के उद्देश्य से थाना मंझनपुर पुलिस बल के साथ कस्बा मंझनपुर में भीड़ भाड़ व मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में पैदल गस्त की गई एवं होटल, ढाबों व संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों को चेक किया गया तथा दुकानदारों से वार्ता कर भयमुक्त माहौल के लिए आश्वस्त किया गया।

### निरोधात्मक कार्यवाही में 08 गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में ( थाना मंझनपुर से 02, थाना पिपरी से 01, थाना मोहब्बतपुर पइंसा से 01, थाना कड़ाधाम से 04) कुल 08 आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान किया गया।

# जिलाधिकारी ने की राष्ट्रीय पोषण मिशन एवं ऑगनबाड़ी भवन केन्द्र निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा

## कार्यों में लापरवाही बरतने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए जेई को शो-काज नोटिस जारी करने के दियें निर्देश



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा सम्राट उदयन सभागार में राष्ट्रीय पोषण मिशन एवं ऑगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण कार्यो की समीक्षा बैठक की गई।

बैठक में जिलाधिकारी ने निर्माणाधीन ऑगनबाड़ी भवनों के निर्माण कार्यो के प्रगति की विस्तृत समीक्षा की, समीक्षा के दौरान ऑगनबाड़ी भवनों के निर्माण कार्यो की प्रगति ठीक न पाये जाने एवं कार्यो में लापरवाही बरतने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्यदायी संस्था आरईडी के जे0ई0 को शो-काज नोटिस जारी करने के निर्देश दियें। इसके साथ ही उन्हांने निर्माणाधीन ऑगनबाड़ी भवनों के निर्माण कार्य को 24 जनवरी तक पूर्ण करायें जाने के निर्देश दियें। जिलाधिकारी ने सभी सीडीपीओ एवं सुपरवाइजरों को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने-अपने विकास खण्डों के संघर्षशील ऑगनबाड़ी केन्द्रां का निरीक्षण करें एवं वहॉ पर ऑपरेशन कायाकल्प के तहत करायें जा रहें कार्यो का जायजा लेते हुए रिपोर्ट आख्या प्रस्तुत करें तथा जिन ऑबनबाड़ी केन्द्रों में कायाकल्प का कार्य कराया जाना है, उसकी सूची एक सप्ताह के अन्दर अवश्य उपलब्ध करायें।

उन्होंने सीडीपीओ, सुपरवाइजरों एवं ऑगनबाड़ी कार्यकत्रियों को निर्देशित किया कि सरकार द्वारा तैयार की गई सक्षम पुस्तिका का स्वयं अध्ययन कर अपने आप को तैयार करें, इसके बाद ही बच्चां को पढ़ायी जाय। उन्हांने सीडीपीओ सुपरवाइजरों को निर्देशित करते हुए कहा कि ऑगनबाड़ी केन्द्रों के बच्चां को किस दिन क्या पढ़ाया जाना है, इसका साप्ताहिक चार्ट तैयार कर प्रत्येक ऑगनबाड़ी केन्द्रां में कार्यकत्रियां को उपलब्ध करायें। जिलाधिकारी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सैम बच्चों को चिहिन्त कर मैमध्सासान्य श्रेणी में परिवर्तित करने के लिए पूरे मनोयोग से कार्य करें। उन्हांने सभी सुपरवाइजरों एवं सीडीपीओ को घर-घर जाकर सैम बच्चों को चिहिन्त कर उन्हें एनआरसी में भर्ती कराने के निर्देश दियें।

उन्होंने जनपद में मातृ शिशु मृत्यु दर कम से कम करने के लिए आरबीएसके की टीम एवं ऑगनबाड़ी सुपरवाइजरों की एक टीम बनाकर कार्य करने के निर्देश दियें। इसके साथ ही उन्होंने आरबीएसके की टीम को गॉव-गॉव भ्रमण कर ऑगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण एवं पोषण ट्रैकर को चेक करने के निर्देश दियें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अजीत कुमार श्रीवास्तव, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 संजय कुमार एवं जिलापूर्ति अधिकारी, प्रभारी जिला कार्यक्रम अधिकारी रेनू वर्मा सहित अन्य सम्बन्धित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## एआरके कालेज में प्रीमियम लीग के द्वितीय संस्करण की विजेता बनी सीनियर इलेवन



**सराय अकिल, (कौशाम्बी)।** सराय अकिल क्षेत्र चौपूरवा ए आर के कॉलेज में क्रिकेट टूर्नामेंट एआरके प्रीमियम लीग में सीनियर इलेवन ने जूनियर इलेवन को फाइनल मैच में हराया। बता दें सराय अकिल क्षेत्र चौपूरवा में ए आर के कॉलेज ऑफ फार्मेसी में ए आर के प्रीमियम लीग का फाइनल मैच में आज सीनियर की टीम ने जूनियर की टीम ने 12 रनों से हराया सीनियर की टीम के कप्तान मोहम्मद खुशनूर थे एवं जूनियर की टीम की कमान अनुराग त्रिपाठी ने संभाली थी। फाइनल मैच में दिलीप ने सबसे बेहतरीन पारी खेली आज के खेल में मैंन ऑफ दी मैच मोहम्मद सैफान रहे जबकि टूर्नामेंट के बेस्ट बैट्समैन एवं बेस्ट बॉलर अनुराग त्रिपाठी रहे , मैंन ऑफ दी सीरीज विवेक यादव रहें। मैच के अंपायर जय प्रकाश सर एवं प्रियांशु सर और थर्ड अंपायर शैलेन्द्र कुमार मौर्या (मोनू सर) रहें। मैच के स्कोरर मो0 अयान, मो0 फैसल, अवेंद्र रहें। मैच में डिजिटल मीडिया की जिम्मेदारी अमित यादव एवं अमन कुशवाहा ने निभाई खिलाड़ियों को कॉलेज के स्टॉफ अमित कुमार पटेल शोएब अहमद शैलेन्द्र मौर्य जय प्रकाश प्रियांशु यादव दिलीप कुशवाहा रंजीत कन्नौजिया पद्माकर द्विवेदी मोहम्मद आजम मोहम्मद सेबू ने ट्राफी एवं मैडल दे कर सम्मानित किया। इस लीग को स्पोर्ट इंचार्ज मोहम्मद फरहान सर एवं हॉस्टल, सीनियर विद्यार्थियों, नीरज, अंकित, मुकेश, कैफ, शिवदयाल, अनिल, अमन, पंकज, अभिषेक, सचिन, आयुष,दिवेश मौजूद रहें।

# मिशन शक्ति अभियान फेज-05 के अन्तर्गत चलाया गया जागरूकता अभियान



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** मिशन शक्ति अभियान फेज-05 के अन्तर्गत आज पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में जनपद के विभिन्न थानों के थाना प्रभारी व महिला बीट उपनिरीक्षक, आरक्षियों द्वारा चौराहों, बस स्टैण्ड, टैक्सी स्टैण्ड, जिला अस्पताल, विद्यालय, गांव व कस्बा में भ्रमण कर, चौपाल लगाकर मिशन शक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस क्रम में थाना मंझनपुर पुलिस टीम द्वारा कस्बा मंझनपुर में, थाना मो0पुर पंइसा द्वारा ग्राम रमसहाईपुर में, थाना सराय अंकिल पुलिस टीम द्वारा विद्यालय में, थाना कौशाम्बी पुलिस टीम द्वारा ग्राम आमकुँवा में, थाना महेवाघाट पुलिस टीम द्वारा ग्राम घोघपुरध्महेवाघाट में, थाना करारी पुलिस टीम द्वारा ग्राम हिसामपुर में, थाना सैनी पुलिस टीम द्वारा काजीपुर कस्बा में एवं महिला थाना, थाना कोखराज, थाना संदीपनघाट, थाना चरवा पुलिस टीम द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र में भ्रमणशील रहते हुए, चौपाल लगाकर, कार्यक्रम का आयोजन कर बच्चियों, छात्राओं, महिलाओं को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन कार्यक्रम के बारे में जागरूक किया गया तथा उनके प्रति होने वाले किसी भी अपराध एवं संबंधित अपराधियों के बारे में तत्काल पुलिस एवं शक्ति मित्र महिला पुलिसकर्मियों अथवा थानों में बने महिला हेल्प डेस्क पर सूचना देने के लिए जागरूक किया गया। महिलाओं एवं बच्चियों को पम्पलेट वितरित कर विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जैसे 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1090 वीमन पावर हेल्पलाइन, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ सेवा, 108 एंबुलेंस सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्प लाइन, 181 वन स्टाप सेन्टर, तथा 112 पुलिस आपात कालीन सेवा आदि के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया तथा इमरजेन्सी कॉल, पैनिक बटन का मोबाइल पर उपयोग करने हेतु डेमो दिखाया गया एवं महिला अपराध आदि की जानकारी देते हुए उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया तथा सरकार द्वारा जारी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, अभ्युदय योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, निराश्रित महिलाओं को पेंशन योजना, राष्ट्रीय पोषण मिशन योजना, आयुष्मान योजना आदि के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी।

## धारा 80 की रिपोर्ट लगाने को लेखपाल पर रिश्वत लेने आरोप, शिकायत

**सिराथू, कौशाम्बी।** सिराथू तहसील क्षेत्र के कल्यानपुर निधियावां गांव के रोहित कुमार पुत्र स्वर्गीय राधेश्याम ने महिला लेखपाल पर धारा 80 में रिपोर्ट लगाने के लिए रिश्वत लेने का आरोप लगाया गया है। बृहस्पतिवार को डीएम मधुसूदन हुल्गी को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। डीएम के निर्देश पर एसडीएम अजेंद्र सिंह ने प्रकरण की जांच नायब तहसीलदार अतुल कुमार को देते हुए सप्ताह भर रिपोर्ट देने को कहा है। सिराथू तहसील क्षेत्र के निधियावा गांव के रोहित कुमार ने डीएम को शिकायती पत्र देकर बताया कि हाईवे किनारे माता रूकमणि देवी के नाम भूमि है। जो राष्ट्रीय राजमार्ग में अधिग्रहित की गई है। भूमि को कृषक से व्यवसायीकरण करने के लिए आवेदन किया था। जिस पर रिपोर्ट लगाने के लिए लेखपाल द्वारा पांच हजार की मांग की गई थी। जिस पर उसने एक हजार दिया था।

# आशा वर्कर्स यूनियन के बैनर तले मंझनपुर ब्लॉक की आशाओं ने अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन

## ▶▶ मांगे पूरी न हुई तो 10 जनवरी को होगा विशाल धरना प्रदर्शन- शशि त्रिपाठी



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** आशा वर्कर्स यूनियन के बैनर तले मंझनपुर ब्लॉक क्षेत्र की आशाओं ने यूनियन की मंझनपुर ब्लॉक अध्यक्ष शशि त्रिपाठी सुभाष शुक्ला, महामंत्री गीतांजली यादव, अभिलाष मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष रेखा सिंह, निर्मला देवी, मीनू तिवारी, पिंकी मिश्रा, सुनीता प्रजापति आदि आशाओं ने विभिन्न मांगों से मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मंझनपुर अधीक्षक डॉ0 नीरज सिंह को सौंपा हैं।

साथ ही उन्होंने कहा कि अगर हमारे मांगे पूरी न हुई तो आगामी 10 जनवरी को मुख्यालय के डायट मैदान में विशाल धरना प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने मांग किया कि भविष्य निधि, रोड्युटी, किसी तरह की सामाजिक सुरक्षा, यहां तक की साझाहिक वार्षिक, वार्षिक अवकाश तथा एक दिन का भी मातृत्व अवकाश तक नहीं दिया जाता। उन्होंने आगे कहा कि गोल्डन आयुष्मान कार्ड व दस्तक, वेलनेस सेंटर में योगदान, टीबी, कुष्ट रोग, निरोधक अभियान, पोलियों के विरुद्ध अभियान, हेल्थ प्रमोशन आदि समसामयिक कार्य में योगदान की वर्षो से बकार अनुतोश राशियों का भुगतान अविलंब किया जाए, यही नहीं जुलाई 2019 राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित प्रतिपूर्ति राशि का आंशिक भुगतान नहीं किया गया। कोविड में मार्च 2020 से 31 मार्च 2022 तक योगदान के लिए केंद्र सरकार द्वारा घोषित कोविड भत्ता 1000 मासिक में सिर्फ 5 माह का भुगतान किया गया। शेष कोई 19 माह की प्रोत्साहन राशि का कहीं अता पता नहीं है। यही नहीं राज्य वित से अनुमन्य 1500 मासिक की प्रतिपूर्ति राशि का भी अधिकांश जनपदो एक वर्ष से भी ज्यादा समय का बकाया है।

यही नहीं वर्ष 2015 से अब तक सेवा के दौरान दुर्घटनाओं में और अन्य कारणो से जान गंवाने वाली आशा व आश् संगीनियो के आश्रित को न तो कोई मुआवजा दिया गया और न ही अशक्त हो गई आशा व संगीनियों को कोई मासिक पेंशन तक नहीं दी गई।

संक्षिप्त खबरें

## देशी रिवाल्वर के साथ आरोपी धराया, गया जेल

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लालगंज पुलिस ने आरोपी को एक देशी रिवाल्वर तथा एक जिंदा कारतूस के साथ धर दबोचने में सफलता ली है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट का केस दर्ज कर उसे जेल भेज दिया। गुरूवार को दिन में करीब सवा बजे फोर्स के साथ दरोगा दीपक यादव गश्त पर निकले थे। लालगंज के राजेन्द्र नगर चौराहे पर एक संदिग्ध युवक को पुलिस ने रोका। तलाशी लेने पर आरोपी कोतवाली के ही खानापटटी तकिया निवासी मो. हासिम के पुत्र मो. सुहेल के पास से अडतीस बोर की देशी रिवाल्वर व एक कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट का केस दर्ज कर उसे जेल भेज दिया।

## चार आरोपियों के खिलाफ पीड़िता को धमकी व गालीगलौज को लेकर केस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लीलापुर पुलिस ने महिला के साथ अभद्रता को लेकर चार आरोपियो के खिलाफ गालीगलौज तथा जानलेवा धमकी का केस दर्ज किया है। बासूपुर पौड़िया कांसापुर निवासी राजकुमार गौतम की पत्नी फूला देवी ने दी गई तहरीर में कहा है कि तीस दिसंबर को वह घर पर मौजूद थी। रात करीब नौ बजे रंजिश को लेकर विपक्षी गांव के मित्रसेन के पुत्र कमल गौतम तथा मित्रसेन की पत्नी आशा व पुत्री काजल एवं मित्रसेन ने लाठी डण्डे से लैस होकर गालीगलौज शुरू कर दी। पीडिता ने शोर मचाया तो गांव के लोग जुटे। आरोपी भीड़ जुटती देख भाग निकले। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मित्रसेन समेत चार के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## पांच लीटर शराब बरामद, आरोपी गया जेल

**लालगंज, प्रतापगढ़।** उदयपुर पुलिस ने आरोपी के पास से पांच लीटर अवैध शराब बरामद किया है। दरोगा अमित सिन्हा बुधवार की रात चेकिंग अभियान में निकले थे। थाना क्षेत्र के रेहुआ लालगंज खानीपुर मार्ग पर एक युवक पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे हिरासत में ले लिया। तलाशी लेने पर आरोपी के पास से पिपिया में पांच लीटर अवैध शराब बरामद हुयी। आरोपी मंगापुर निवासी कालीदीन कोरी का पुत्र रमेश कोरी के खिलाफ पुलिस ने आबकारी अधिनियम का केस दर्ज किया है। गुरूवार को आरोपी को पुलिस ने जेल भेज दिया।

## किशोरी के अपहरण को लेकर पांच के खिलाफ मुकदमा

**लालगंज, प्रतापगढ़।** किशोरी के अपहरण को लेकर लालगंज पुलिस ने पांच आरोपियों के खिलाफ अपहरण व धमकी का केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के पूरे कैथन समापुर निवासी रामचन्द्र की पत्नी फूलकली ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती छब्बीस दिसंबर को उसकी नाबालिग पुत्री रात में शौच को गयी थी। तभी रात नौ बजे गांव के ही बबलू के पुत्र कार्तिकेय गुप्ता ने उसे अपहृत कर लिया। घटना को लेकर पीड़िता ने आरोपी के घर उलाहना दिया तो कार्तिकेय के परिवार के सदस्य बबलू, बैजनाथ गुप्ता तथा गांव के नन्हें कोरी व किरन ने कार्रवाई करने पर पीड़िता को जानलेवा धमकी दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने गुरूवार को कार्तिकेय समेत पांच के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## मारपीट में तीन लोग घायल, युवक गंभीर

**कुंडा प्रतापगढ़।**नगर पंचायत के फरेदूपुर मोहल्ले के नोखेलाल यादव के 23 वर्षीय बेटे कृष्ण प्रताप यादव एवं राम सागर यादव का 31 वर्षीय बेटा शिवपूजन यादव अपने साथी पिगरी गांव निवासी 33 वर्षीय पारितोष के साथ कहीं काम से गए थे। वहां जमीन के मामले को लेकर कुछ लोगों से विवाद हुआ तो मारपीट हो गई। इसमें तीनों लोग घायल हो गए। घायलों को सीएचसी लाया गया तो प्राथमिक उपचार के बाद भी कृष्ण प्रताप की हालत गंभीर होने पर स्वरूप रानी अस्पताल प्रयागराज रेफर कर दिया।

## कबड्डी में पीस हाउस एवं खो-खो में यूनिटी हाउस अव्वल

**कुंडा प्रतापगढ़।** एसबीबी चिल्ड्रेन स्कूल गांधी नगर कुंडा में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता की शुरुआत प्रबंधक डीके राही ने फीता काटकर की। बच्चों ने विभिन्न खेलों में प्रतिभा का प्रदर्शन करके वाहवाही बटोरी। कबड्डी में पीस हाउस पहले स्थान पर रहा। खो-खो में यूनिटी हाउस की टीम विजेता रही। दौड़ में डिफेंस हाउस के बच्चों का दबदबा रहा। इसमें शिवांशु ने पहला स्थान प्राप्त किया। विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत करते हुए प्रबंधक डीके राही ने कहा कि खेल हमारे स्वास्थ्य के लिए लाभदायक होते हैं। विद्यार्थियों को प्रेरित किया कि किसी भी हार से निराश होने के बजाय जीत का अवसर खोजना चाहिए।

## रंजिश में महिला को पीटा, सात पर रिपोर्ट दर्ज

**कुंडा प्रतापगढ़।** मानिकपुर थाना क्षेत्र के मऊदारा गांव निवासी ज्ञानमती पत्नी त्रिभुवन ने पुलिस को तहरीर दी। 12 दिसंबर को शाम करीब चार बजे वह खेत में काम करने गई थी। तभी रंजिश में गांव के ही मातादीन, दिनेश, राजकली पत्नी माता दीन, अमरावती, रुपाली, अंजली ने खेत पर ही घेर लिया। साथ ही गालियां देते हुए उसे मारने पीटने लगे। शोर सुनकर उसकी भतीजी बचाने गई तो उसे भी मारा पीटा, इससे काफी चोटे आई। पीड़िता ज्ञानमती की तहरीर पर पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## सड़क हादसों में चार लोग घायल

**कुंडा प्रतापगढ़।** हथिगवां थाना क्षेत्र के सराय कीरत गांव निवासी राम कुमार का 20 वर्षीय बेटा सिताशू सोनकर बाइक से जाते समय वाहन की टक्कर से घायल हो गया। कुंडा थाना क्षेत्र के चौरा गांव निवासी 18 वर्षीय विक्की सिंह अपने साथी 16 वर्षीय ऋषि सिंह के साथ कहीं जा रहा था। उसी समय अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हो गया। जमेठी गांव निवासी अमरेश कुमार का 20 वर्षीय बेटा निखिल कुमार यादव बाइक से जाते समय वाहन की टक्कर से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने सभी घायलों को सीएचसी भेजा।

## व्यावसायिक पाठ्यक्रम की परीक्षा छह को

**कुंडा प्रतापगढ़।** मदन मोहन मालवीय पीजी कॉलेज कालाकांकर के बीए, बीकॉम प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर की व्यावसायिक पाठ्यक्रम के तहत बेसिक ऑफ कम्प्यूटर एप्लीकेशन, तथा गार्डनिंग (बागवानी) की परीक्षा 6 जनवरी को होगी। परीक्षा प्रातः 11 से एक बजे तक, सायं 2 से चार बजे तक कॉलेज परिसर में होगी। प्राचार्य डॉ. शिवम श्रीवास्तव ने सभी परीक्षार्थियों को समय से परीक्षा में शामिल होने को कहा है।

## महिला ने खाया जहरीला पदार्थ

कुंडा प्रतापगढ़। मानिकपुर थाना क्षेत्र के अन्तामऊ गांव निवासी दिलीप कुमार की 39 वर्षीय पत्नी शिवानी परिजनों से किसी बात को लेकर नाराज थी। बुधवार को देर रात उसने गुस्से में घर में रखा जहरीला पदार्थ खा लिया। थोड़ी देर बाद उसकी हालत बिगड़ने लगी तो परिजनों ने सीएचसी में भर्ती कराया।

## मित्र से मिलने गए किशोर की संदिग्ध दशा में मौत

**प्रतापगढ़।** मित्र से मिलने गया किशोर संदिग्ध दशा में घायल अवस्था में अस्पताल पहुंचाया गया। वहां पर उसकी मौत हो गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। बताया गया कि नगर कोतवाली क्षेत्र के आबकारी मोहल्ला अजीत नगर निवासी विशेष सिंह 17 वर्ष पुत्र विवेक सिंह 12वीं पास करने के बाद कोटा में रहकर तैयारी कर रहा था।वह एक सप्ताह पहले घर आया था। लोगों का कहना है कि पांच दिन पहले उसका कुछ लोगों से झगड़ा हुआ था। बाद में सुलह हो गया था।वह आज दोपहर करीब एक बजे किसी मित्र से मिलने सहोदर पुर गया था। वहां से कुछ लोगों ने उसे घायल अवस्था में जिला अस्पताल लाकर भर्ती कराया था। वहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर पुलिस भी पहुंच गयी। परिजनों का कहना है कि उसे बुरी तरह पीटा गया है।

# शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही कदापि न बरती जाये-जिलाधिकारी

### ▶▶ जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं की सुनी समस्याएं



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन ने कलेक्टेऊट कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान दूर-दराज से आये हुये फरियादियों की शिकायतों को गम्भीरतापूर्वक सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। शिकायतकर्ता लक्ष्मी तिवारी निवासी चंघईपुर ने शिकायत किया कि प्रार्थिनी की भूमिधरी गाटा संख्या-1311 की दक्षिणी सीमा पर सरकारी चकमार्ग गाटा संख्या-1312 की भूमि चको तथा आबादी की सीमा को अलग करती हुई आवागमन हेतु छोड़ी गयी है जो राजस्व अभिलेखों में अंकित है परन्तु ग्राम के आद्या प्रसाद तिवारी द्वारा चकमार्ग की भूमि पर अतिक्रमण करके आवागमन अवरूद्ध कर दिया गया है, इस प्रकरण पर जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी रानीगंज एवं एसओ देल्हूपुर को निर्देशित किया है कि जांच करते हुये चकमार्ग से नियमानुसार अतिक्रमण हटवाने की कार्यवाही की जाये। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त राजस्व शिकायतों के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर जाकर निष्पक्ष जांच कर, शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण ढंग से करें जिससे शिकायतकर्ता को इधर-उधर भटकना न पड़े। उन्होने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया है कि जनकल्याणकारी योजनाओं से पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित करें, कोई भी पात्र व्यक्ति योजना से वंचित न रहें इसका विशेष ध्यान दें। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जनता की शिकायतों को शासन की मंशानुरूप गुणवत्तापूर्ण निस्तारण ससमय करायें, शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही कदापि न बरती जाये।

## सर्द मौसम में मदद के लिए बढ़ाए हाथ, बांटे कंबल




**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** जनपद में जमीयत ए उलेमा संगठन द्वारा रानीगंज दांदूपुर में असहाय व जरुरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण मुख्य अतिथि के हाथों किया गया। जमीयत ए उलेमा से जुड़े लोग हमेशा जरूरतमंद व असहाय लोगों की सेवा में तत्पर रहते हैं। ठंड के बढ़ते मौसम में गरीब व असहाय की परेशानी को देखते हुए जमीयत ए उलेमा द्वारा मदद पहुंचाई जा रही है, जो काफी सराहनीय कार्य है। कड़ाके की ठंड में असहायों की सेवा ही मानवता की सेवा है। जमीयत ए उलेमा संयोजक ने कहा कि जमीयत ए उलेमा हमेशा लोगों की समस्याओं को दूर करने का हर संभव प्रयास करता है। इस अवसर पर 450 बुजुर्ग वृद्ध व जरूरतमंद लोगों को कंबल दिया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि मौलाना अफजल,मौलाना शकील साहब,मौलाना मोहम्मद साहब व जमीयत उलेमा हिन्द के मौलाना अब्दुल काशमी समाजसेवी आदि मौजूद रहे।

## सड़क हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत, कोहराम



**लोकमित्र ब्यूरो**

पट्टी प्रतापगढ़।घर से बाइक द्वारा ससुराल जा रहे युवक को ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी थी। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। इलाज के दौरान देर रात घायल युवक की मौत हो गयी। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

पृथ्वीगंज हवाई अड्डा तहसील रानीगंज क्षेत्र के उगईपुर गांव के रहने वाले दयाराम वर्मा 33 वर्ष अपनी ससुराल पट्टी कोतवाली क्षेत्र के सरसतपुर गांव में एक माह पूर्व बाइक से जा रहा था। अभी वह रानीगंज बाजार ही पहुंचा था कि सामने से आ रही तेज रफ्तार ट्रक ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी थी। जिससे वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसका इलाज स्वरूपरानी अस्पताल में चल रहा था।

बुधवार व गुरुवार की मध्य रात उसकी मौत हो गई। जब मौत की सूचना परिजनों को लगी तो परिजनों में कोहराम मच गया। वही मृतक की पत्नी अनोखारानी वर्मा व दो बेटे का रो-रो कर बुरा हाल हो गया है। मृतक का शव गुरूवार को 11रू30 बजे के आस-पास ससुराल सरसतपुर गांव आया। जहां से मृतक के परिजन शव को लेकर उगइपुर पृथ्वीगंज हवाई अड्डा तहसील रानीगंज आये। जहा से शव को दिन में 1 बजे के आसपास अंतिम संस्कार को लेकर रवाना हो गए।

# गरीब व जरूरतमंदो को ठंड से बचाना पुनीत कार्य - राम मिलन शुक्ल

### ▶▶ अधिवक्ता परिषद ने जरूरतमंदो में बांटा कम्बल



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** भीषण सर्दी में गरीब व जरूरतमंदो को कंबल देकर सर्दी से बचाना पुण्य का काम है। उक्त बातें फौजदारी के वरिष्ठ विद्वान अधिवक्ता राममिलन शुक्ल ने गुरुवार को अधिवक्ता परिषद अवध की प्रांतीय महामंत्री मीनाक्षी परिहार सिंह की प्रेरणा व मार्गदर्शन से प्रतापगढ़ ईकाई द्वारा दीवानी न्यायालय परिसर स्थित अधिवक्ता भवन में आयोजित कम्बल वितरण कार्यक्रम के दौरान बतौर मुख्य अतिथि कहा।इस दौरान श्री शुक्ल ने कहा कि गरीब असहायों के मदद हेतु आर्थिक रुप से मजबूत लोगों को आगे आना चाहिए। इस दौरान दिवानी न्यायालय के बाहर दुकान रखकर अपनी जीविका का निर्वहन कर रहे जरूरतमंदो में कम्बल वितरण किया गया।इस दौरान विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद भारतीय भाषा अभियान के जिला संयोजक महेश कुमार गुप्ता ने कहा कि भीषण ठंड में समाज के सामर्थ्य वान लोगों को जरुरतमंद को ठंड से बचाव हेतु वस्त्र व अन्य उपयोगी वस्तुएं उपलब्ध करानी चाहिए। अंत में परिषद के महामंत्री शिवेश कुमार शुक्ल ने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अधिवक्ता परिषद अधिवक्ताओं में राष्ट भाव से ओत-प्रोत होकर समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्तियों की सहायता प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि यह कंबल वितरण की शुरुआत जो आज हुई है वह ठंड भर जारी रहेगी। इस मौके पर प्रमुख रूप स्वीटी मिश्रा, प्रभाकर यादव, आशीष गुप्ता, अनुराग मिश्र, अश्वनी पाण्डेय सहित आदि मौजूद रहे।

# नव वर्ष पर श्रमिकों को किया गया सम्मानित



**लोकमित्र ब्यूरो**

**शमशेरगंज - प्रतापगढ़।** लक्ष्मणपुर ब्लॉक के सिंधौर ग्रामसभा में नये वर्ष के आगमन पर मनरेगा श्रमिकों का सम्मान समारोह अनूठा एवं अद्वितीय रहा। ष्उपहार नहीं अधिकार चाहिए। दान नहीं सम्मान चाहिए।। ष् की संकल्पना के साथ धरातल पर गाँव की सुंदरता बढ़ाने में सदैव तत्पर मनरेगा श्रमिकगण का सम्मान करते हुए कवि एवं शिक्षक आशुतोष गिरि दीपक ने कहा कि बड़ी बड़ी योजनाओं से धरातल पर गाँव को सजाने और सँवारने में सबसे बड़ा योगदान श्रमिकगण का है।यह विकास के स्तम्भ हैं। यह श्रम देवता हैं। इन्हें सहयोग नहीं सम्मान चाहिए। उपहार नहीं अधिकार चाहिए। इनकी चेष्टा है कि गाँव सुंदर बने, विकसित बने और सभी खुश हों, गाँव खुशहाल हो। श्रमिकगण का सपना होता है कि गाँव में हमेशा कुछ न कुछ विकास कार्य होते रहें, जिसमें उनका निरंतर योगदान होता रहे। व्यक्ति की पहचान और संतुष्टि कार्यो से होती है। खड़ंजा, नाली, हर पुरवे में स्ट्रीट लाइट, खेल मैदान, अमृत सरोवर व अमृत सरोवर के चारों तरफ सुबह शाम ग्रामवासियों के टहलने घूमने के लिए के इंटरलॉकिंग ब्रिक्स व बीच बीच में स्थापित स्थायी सीमेंटेड कुर्सियां व विद्यालय निर्माण ,चकरोड निर्माण आदि को सजाने सँवारने के साथ खेत समतलीकरण एवं वृक्षारोपण के साथ स्वच्छ एवं सुंदर गाँव बनाने में इनका महत्वपूर्ण योगदान होता है। गाँव के विकास के वास्तविक स्तम्भ के रुप में यही श्रमिकगण हैं। इसलिए इन्हें सम्मानित करने की संकल्पना सुंदर और विकसित गाँव की आधार शिला होगी। सम्मान समारोह को सम्बोधित करते हुए भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष मो. हई खान ने कहा कि सच में गाँव के विकास के स्तम्भ तो यही श्रमिकगण हैं, लेकिन इनका उत्साहवर्धन करना तो दूर आज इनका हक छीन लिया जा रहा है।

सौ दिन रोजगार गारण्टी कहाँ है, आमृत सरोवर कहाँ है, स्ट्रीट लाइट कहाँ है, खेल मैदान कहाँ है। यह सब यहाँ पन्नों पर है। जब धरातल पर काम होगा तो सौ दिन रोजगार अपने आप मिलना शुरू हो जाएगा। ऐसे में दीपक जी के मन में श्रमिकगण के सम्मान की संकल्पना अत्यंत सरहनीय है। लाल विश्वकर्मा ने अपने वक्तव्य में कहा कि हमारे गाँव में श्रमिकों का सम्मान होना गौरव की बात है। आज के इस सम्मान समारोह में सम्मानित हुए श्रमिकगणों के खुशी की अनुभूति देखकर मैं प्रभावित हुआ हूँ। हमारा सपना है कि इस गाँव का हर वर्ष महोत्सव हो और ग्रामसभा के इस महोत्सव में सभी श्रेष्ठ वरिष्ठ, वयोवृद्ध जन, शिक्षक,साहित्यकार श्रमिकगण, किसान एवं माताओं व बहनों का सम्मान और युवाओं का उत्साहवर्धन हो। शिक्षक एवं साहित्यकार डा. अरुण कुमार रत्नाकर ने नववर्ष की मंगलमय शुभकामना देते हुए कार्यक्रम की सराहना की। इस अवसर पर मोती खान वेदप्रकाश गिरि कमलेश कुमार, तुलसी राम, फेर, नागेश्वर, शांति देवी, कलावती देवी राजू, श्रीनाथ, रामनाथ, मुन्नू सिंह आदि सैकड़ों ग्रामवासियों का सम्मान करते हुए आयोजक गण राजेन्द्र सरोज, राजेश्वर गिरि, अरुण शर्मा अप्पू,अमित तिवारी, सत्यम गिरि , रोहित गिरि आदि ने प्रमुखता से सहयोग किया। दयादीप पब्लिक स्कूल दण्डीपुरम के प्रबंधक दया शंकर गिरि ने आये हुए अतिथियों के प्रति आभार प्रकट किया।

## अपहरण,दुष्कर्म का वांछित गिरफतार

**पट्टी,प्रतापगढ़।** पुलिस द्वारा अपहरण, दुष्कर्मध्पॉक्सो एक्ट के अभियोग से संबंधित 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार किया गया।पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) दुर्गेश कुमार सिंह व क्षेत्राधिकारी पट्टी श्री मनोज कुमार सिंह रघुवंशी के पर्यवेक्षण व थाना प्रभारी पट्टी श्री आलोक कुमार के नेतृत्व में उ0नि0 इन्द्रेश कुमार मय हमराह का0 सोनू कुमार व का0 विश्वेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा दिनांक 02.02.2025 को देखभाल क्षेत्रध् संदिग्ध व्यक्तियोंध्वाहनों की चेकिंग के दौरान, मुखबिर की सूचना पर थाना पट्टी पर पंजीकृत अभियोग अन्तर्गत धारा 64 (1) ध115 (2)ध137(2) बीएनएस व 3ध्4 पाक्सो एक्ट से संबंधित 01 अभियुक्त अनिल सरोज पुत्र जगन्नाथ निवासी पट्टी खास थाना पट्टी जनपद प्रतापगढ को थानाक्षेत्र पट्टी के मेला ग्राउण्ड गेट के पास से गिरफ्तार किया

# होमगार्ड को सेवानिवृत्ति पर दी गई भावभीनी विदाई

### ▶▶ अपनी कर्तव्य एवं निष्ठा की बदौलत लोकप्रिय बने पीसी माता फेर- प्रदीप कुमार



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुंडा प्रतापगढ़।** अपने सेवाकाल के दौरान अपनी कर्तव्य निष्ठा के ही बदौलत प्लाटून कमांडर माता फेर विभाग व जनमानस के बीच लोकप्रिय बन गए। ऐसे होमगार्ड प्लाटून कमांडर का सम्मान करना गौरव की बात है। यह बाते गुरुवार को थाना बाघराय परिसर मे प्लाटून कमांडर के सेवानिवृत्त होने पर थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार ने अंग वस्त्रम, प्रशस्ति पत्र व माल्यार्पण के साथ अनेक उपहार देकर भावभीनी विदाई दी।

माता फेर हमेशा होमगार्ड विभाग के कार्यो को करते हुए थाना परिवार के कार्यो मे बढ़-चढ़कर सहयोग किया है। ऐसे कर्तव्यनिष्ठ पीसी अपने कार्य की बदौलत विभाग व जनता में लोकप्रिय है। हमेशा अपने अनुभव होमगार्ड जवानो को संबल के रूप मे देते रहे हैं। इनके उज्जवल भविष्य व सुखमय जीवन की ईश्वर से कामना करते है। इस मौके पर वरिष्ठ उप निरीक्षक जिलेदार पाल व एसआई प्रमोद यादव, विकास प्रधान एसआई कीर्तिरमन व राहुल यादव राजाराम सिंह, रविशंकर यादव, युवराज सिंह, लोकेश, अंकित राहुल शर्मा, बाबी चौधरी एस आई लालजी राम व अमित दुबे आदि मौजूद रहे।

## निर्वाचक नामावलियों का अन्तिम प्रकाशन अब 07 जनवरी को

**प्रतापगढ़।** प्रभारी सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अर्हता तिथि 01.01.2025 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की फेटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-अन्तिम प्रकाशन 06 जनवरी 2025 को किया जाना था, कार्यालय मुख्य निर्वाचन अधिकारी उ0प्र0 लखनऊ के निर्देशानुसार निर्वाचक नामावलियों का अन्तिम प्रकाशन दिनांक 06 जनवरी 2025 के स्थान पर अब निर्वाचक नामावलियों का अन्तिम प्रकाशन दिनांक 07 जनवरी 2025 को किया जायेगा।

## एजू.मिनि.एसो.के मंडल अध्यक्ष बने अतुल कुमार शुक्ल



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुंडा प्रतापगढ़।** यूपी एजूकेशन मिनिस्ट्रीएल एसोसिएशन माध्यमिक शिक्षणेत्तर संघ उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद जौहरी ने सरयू प्रसाद इण्टर मीडिएट कालेज कुण्डा के कनिष्ठ लिपिक अतुल कुमार शुक्ल को संगठन के प्रति वफादारी व सक्रियता को देखते हुए प्रयागराज मण्डल के अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया है। गुरुवार को एसपी इंटर कॉलेज परिवार ने उनका स्वागत एवं अभिनन्दन माल्यार्पण के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य राधे श्याम दूबे, शशि प्रकाश, वाचस्पति, चन्द्र प्रकाश, राजेश शुक्ल, राजकुमार, दिलीप कुमार मिश्र समेत सभी शिक्षकों व शिक्षणेत्तर कर्मचारीगण मौजूद रहे।

संक्षिप्त खबरें

## सब जूनियर, जूनियर व सीनियर आयु वर्ग की खेल प्रतियोगिता आज और कल

**करारी, कौशाम्बी।** युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग के तत्वाधान में उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग के अंतर्गत खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन होना है जिसमें आवेदन भी कराया जाना है। इसी निर्देश के क्रम में मंझनपुर ब्लॉक के पवैया गांव के प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय 03 और 04 जनवरी को खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। मंझनपुर क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी स्वाति पांडे ने जानकारी देते हुए बताया कि सब जूनियर, जूनियर व सीनियर आयु वर्ग के बालक बालिकाओं का खेल प्रतियोगिता मंझनपुर ब्लॉक के पवैया ग्राम पंचायत के प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय में सुनिश्चित हुआ है। जिसमें इच्छुक प्रतिभागी रजिस्ट्रेशन हेतु आधार कार्ड सहित इस दिए गए मोबाइल नंबर 7081018179 पर संपर्क कर सकते हैं।

## घर से भागे प्रेमी युगल ने थाने के समीप मंदिर में रचाई शादी

**चायल, कौशाम्बी।** संदीपन घाट थाने के समीप स्थित मंदिर में गुरुवार को घर से भागे प्रेमी युगल ने शादी रचा लिया। प्रेमी-प्रेमिका एक दूजे के हो गए। गांव के मौजूद लोगों ने दोनों को सुखमय जीवन की मंगल कामना के साथ आर्शीवाद दिया। शादी के बाद प्रेमी युगल अपने घर को चले गए। संदीपन घाट थानाक्षेत्र के एक गांव की युवती का चरवा थाना इलाके के एक युवक से प्रेम सम्बंध था। दोनों ने साथ जीने मरने की कसमें खाई। मामले की जानकारी परिजनों को हुई तो उन्होंने इनके प्यार पर बंदिशें लगा दी। प्यार में लगी बंदिशों को तोड़कर युगल सोमवार को घर से फरार हो गए। युवती के परिजनों ने थाने जाकर युवक के खिलाफ बहला फुसलाकर भगा ले जाने की तहरीर दी। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर गुरुवार सुबह दोनों को दबोच लिया। थाने लाकर पुलिस ने प्रेमी युगल के परिजनों को घटना की जानकारी दी। जानकारी मिलने के बाद दोनों के परिजन थाने पहुंचे। घंटों पंचायत के बाद दोनों के परिजन शादी करने को तैयार हो गए। थाने के समीप ही एक मंदिर में ग्रामीणों के बीच विधि-विधान के साथ दोनों की शादी सम्पन्न कराई। मौजूद लोगों ने दोनों को सुखमय जीवन जीने की मंगल कामना करते हुए आर्शीवाद दिया।

## समग्र शिक्षा के तहत जिले के तीन शिक्षक लेंगे प्रशिक्षण

**शहजादपुर, (कौशाम्बी)।** जिले में राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के अंग्रेजी विषय के शिक्षकों को और दक्ष करने व आज की जरूरत के अनुसार तैयार करने के लिए ट्रेनिंग दी जाएगी। इसके तहत कौशाम्बी से तीन-तीन एलटी ग्रेड शिक्षकों को मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षित किया जाएगा। वह आगे अपने जिले के अन्य शिक्षकों को प्रशिक्षित करेंगे।माध्यमिक शिक्षा विभाग के अनुसार बदलते दौर में पठन-पाठन के तरीकों से लेकर शब्दावली व प्रस्तुतिकरण के तरीकों में काफी बदलाव आया है। इससे शिक्षकों को अवगत व अपडेट कराने के लिए यह प्रशिक्षण डायट के माध्यम से कराया जाएगा। इसमें हर मास्टर ट्रेनर को आंग्ल भाषा शिक्षण संस्थान, प्रयागराज द्वारा विकसित ट्रेनिंग मॉड्यूल व हर राजकीय माध्यमिक विद्यालय के लिए कक्षा नौ व दस की अंग्रेजी विषय की टीचर गाइड भी दी जाएगी। अपर राज्य परियोजना निदेशक विष्णुकांत पांडेय ने बताया कि यह प्रशिक्षण शिक्षकों को आज के अनुरूप अपडेट करने में काफी सहयोगी होगा। इसके लिए प्रति शिक्षक 500 रुपये की दर से 26 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं। उन्होंने 15 जनवरी तक सभी जिलों में यह ट्रेनिंग पूरी कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने प्रशिक्षण के लिए चयनित शिक्षकों की सूची भी भेजी है।

## साहब दबंग रोक रहे है नाली का पानी

**सिराथू, (कौशाम्बी)।** सिराथू तहसील क्षेत्र के एक गांव में दबंग नाली का पानी रोक रहे है , पीड़ित के विरोध करने पर दबंग झगड़े पर आमादा हो रहे है , पीड़ित ने मामले की शिकायत एसडीएम सिराथू से करते हुए कार्यवाही की मांग की है।सिराथू तहसील क्षेत्र के खोचकीमई निवासी तेजीलाल पुत्र स्व ननकू लाल ने गुरुवार को एसडीएम सिराथू को शिकायती पत्र देकर बताया कि गांव में स्थित पुस्तैनी मकान में उत्तर व दक्षिण दिशा की ओर दरवाजा है , दक्षिण दिशा की ओर स्थित दरवाजे के पास से कच्ची नाली बनी है जिसका पानी बगल में स्थित तालाब में जाता है। तेजीलाल का आरोप है कि गांव के कुछ दबंग नाली का पानी रोकते हुए दरवाजा बंद करने की धमकी देते है , विरोध करने पर झगड़े पर आमादा हो जाते है। पीड़ित ने मामले में एसडीएम सिराथू से कार्यवाही की मांग की हैं।

## भाई से पैसा वापस मांगने पर भाई को धमकी

**सैनी, (कौशाम्बी)।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले एक व्यक्ति ने अपने भाई रुपए वापस मांगने पर धमकी का आरोप लगाते हुए क्षेत्राधिकारी सिराथू को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है।

सैनी कोतवाली क्षेत्र के भैरोपुर निवासी ओम प्रकाश पुत्र राम कृपाल ने गुरुवार को सीओ सिराथू को शिकायती पत्र देकर बताया कि मकान को लेकर उसके भाई से समझौता हुआ था जिसमे उसके भाई ने 56 हजार रुपए देने के लिए कहा था , ओम प्रकाश का आरोप है कि अब उसका भाई पैसा वापस देने से इनकार कर रहा है। और पैसा मांगने पर मारने की धमकी दे रहा है। पीड़ित ने सीओ से कार्यवाही की मांग की है।

## अधेड़ ने हैंडपंप से पानी भरने के विवाद में बहू-नातिन को पीटा

**चायल, (कौशाम्बी)।** चरवा थानाक्षेत्र के कूड़ापुर मजरा सैयद सरांवा गांव में बुधवार की शाम हैंडपंप से पानी भरने के विवाद को लेकर अधेड़ ससुर ने बहू-नातिन को पीटकर घायल कर दिया। शोर सुनकर मौके पर जुटे लागों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। घायलों ने थाने जाकर आरोपी के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।कूड़ापुरा गांव की रीता देवी पत्नी शिवकांत ने बताया कि उसके पति की मौत हो चुकी है। वह घर पर अपनी बेटी के साथ रहती है। बुधवार की शाम उसकी 14 वर्षीय बेटी श्वेता घर में लगे हैंडपंप पर पानी भरने जा रही थी।इसी दौरान अधेड़ ससुर वहां पहुंचा और उसे पानी भरने से मना करने लगा।आरोप है कि उसकी बात न मानने पर वह आग बबूला होकर उसे गाली गलौज कर डंडे से पिटाई शुरु कर दी। बीच बचाव करने पहुंची मां को भी जमकर पीट दिया। इससे दोनों को काफी चोटें आई। शोर सुनकर मौके पर जुटे लोगों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। घायल मां- बेटी ने गुरूवार सुबह थाने जाकर आरोपी ससुर के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस शिकायत की छानबीन में जुट गई है।

## दबंग भाइयों ने मजदूरी मांगने पर इलेक्ट्रीशियन को पीटा

**कसेंदा, (कौशाम्बी)।** पिपरी कोतवाली क्षेत्र के बूंदा गांव में गुरुवार सुबह दबंग भाइयों ने मजदूरी मांगने पर इलेक्ट्रीशियन को जमकर पीट दिया। इससे उसको काफी चोटें आई। शोर सुनकर मौके पर जुटे लोगों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। घायल युवक ने थाने जाकर आरोपी दबंग भाइयों के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।बूंदा गांव निवासी मोहम्मद नाजिम इलेक्ट्रीशियन है। उसने बताया कि गांव के ही एक युवक के घर में उसने वायरिंग का काम किया था। गुरुवार सुबह वह अपनी मजदूरी मांगने के लिए उसके घर गया था। इसी बीच युवक ने मजदूरी देने से इंकार करते हुए गाली गलौच करने लगा। नाजिम के विरोध करने पर युवक ने अपने भाई के साथ मिलकर उसकी जमकर पिटाई कर दी। पिटाई से इलेक्ट्रीशियन को काफी चोटें आई। शोर सुनकर मौके पर जुटे लोगों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। घायल ने थाने जाकर आरोपी भाइयों के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

# नगर की भूमि व सड़क की पटरियों से अतिक्रमण हटाकर व्यापारियों को मुहैया कराई जाए सुरक्षा व्यवस्था- राजेन्द्र कुमार

**▶▶ सिराथू में चेयरमैन ने व्यापारियों संग की बैठक**



लोकमित्र ब्यूरो

**सिराथू, कौशाम्बी।** नगर पंचायत सिराथू के कार्यालय में गुरुवार को चेयरमैन राजेंद्र कुमार उर्फ भोला यादव ने व्यापार मंडल संगठन के साथ बैठक की। जिसमें व्यापारियों ने नगर की भूमि, ट्रैफिक व सडक की की पटरी अतिक्रमण हटाने के साथ सुरक्षा के लिए पुलिस गस्त होने की मांग की है। जिस पर चेयरमैन ने समस्याओं के निराकरण कराने का आश्वासन दिया है। नगर के व्यापारियों की सुरक्षा व अन्य समस्या को लेकर मासिक बैठक हुई जिससे व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष पुष्पेंद्र केसरवानी ने बताया धाता रोड के अंबेडकर नगर में स्थित आयुष चिकित्सालय के लिए सड़क नहीं बनी है जिससे मरीजों को आने-जाने में असुविधा हो रही है। पेयजल को लेकर वाटर कूलर नहीं लगाया गया है। मंझनपुर मार्ग किनारे से होकर निकली पेट्रोल लाइन के ऊपर लोगों ने आक्रमण कर रखा है जिसे हटाकर पार्क बनाया जाए। नगर से होकर जाने वाली रोडवेज बसों के ठहराव के लिए निश्चित स्थान नहीं बना है। ऐसे में यात्री सेड बनाया जाए जिससे यात्रियों को परेशान न होना पड़े। इसके अलावा सडक किनारे अतिक्रमण होने के चलते व्यापार प्रभावित होता है। बाजार सहित कई वार्डो में साफ सफाई व्यवस्था खराब है। सुरक्षा के लिए रात में पुलिस फोर्स के गस्त करने की मांग की है। साथ ही ओवरब्रिज के पास ट्रैफिक की समस्या से निजात दिलाए जाने समेत चर्चा किया। कस्बा चौकी प्रभारी मनोज तोमर ने कहा व्यापारियों की सुरक्षा मुख्य चौराहे व बाजार में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। सभी दुकानदार प्रतिष्ठान के सामने सीसी कैमरा लगाए। बैठक में चेयरमैन राजेंद्र कुमार उर्फ भोला यादव , चौकी प्रभारी सिराथू मनोज तोमर , लेखपाल मुकेश पटेल , नगर पंचायत कर्मी बबलू यादव , महेश सिंह , सभासद , नगर व्यापार संगठन के पदाधिकारी पुष्पेन्द्र केसरवानी , आशीष केसरवानी समेत दर्जनों व्यापारी मौजूद रहें।

## सड़को पर अवैध रूप से अतिक्रमणकारियो की अब खैर नहीं- सीओ चायल

**भरवारी, (कौशाम्बी)।** शासन के निर्देश पर महाकुंभ जाने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की समस्या न हो इसके लिए बृहस्पतिवार को नाइट क्यून गेस्ट हाउस में सीओ सतेंद्र तिवारी और अधिशासी अधिकारी ने मूरतगंज के व्यापारियों और टैक्सी, ई रिक्शा चालकों के साथ बैठक की आवश्यक दिशा निर्देश दिए।बैठक में सीओ चायल सतेंद्र तिवारी ने कहा कि जितने भी टैंपो टैक्सी, ई रिक्शा चालक है कोई भी सड़क पर अपने वाहन खड़ी नहीं करेगा और पालिका द्वारा निर्धारित स्टैंड पर ही वाहनों को खड़ी करेंगे नहीं तो उनके विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी, वही व्यापारियों को चेताया कि सड़क के किनारे बनी नाली के अंदर अपनी दुकान लगाए, अवैध रूप से किए अतिक्रमण को हटा ले नहीं तो दस जनवरी को विशेष अभियान के तहत अतिक्रमण को हटाया जाएगा और अतिक्रमण करने वालो के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जाएगी स वही बैठक में रहे अधिशासी अधिकारी रामसिंह ने बताया कि 13 जनवरी से महाकुंभ जाने वाले श्रद्धालुओं को प्रमुख स्नान पर्वो पर नाइट क्यून गेस्ट हाउस को रैन बसेरा के रूप में इस्तेमाल कर सकेंगे स इस दौरान बैठक में राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार मंडल जिला अध्यक्षअरविंद केसरवानी, सांदीपनघाट थाना प्रभारी विजेंद्र सिंह, लिपिक बबलू गौतम सहित सैकड़ों व्यापारी, चालक मौजूद रहें।

## लम्बित स्टाम्पवादों के त्वरित निस्तारण के लिए एक समाधान योजना लागू, यह योजना 31 मार्च, 2025 तक रहेंगी प्रभावी

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने बताया कि भारतीय स्टाम्प अधिनियम, 1899 के अन्तर्गत लम्बित स्टाम्पवादों के त्वरित निस्तारण के लिए एक समाधान योजना लागू की गई। यह योजना 31 मार्च, 2025 तक प्रभावी रहेंगी। स्टाम्पवाद के किसी भी पक्षकार द्वारा इस अवधि में योजना के प्रभावी रहने के अन्तिम तिथि से पूर्व पुष्टि की गयी स्टाम्प कमी की धनराशि नियमानुसार ब्याज एवं रू0-100 के टोकन आर्थिक दण्ड की धनराशि के साथ जमा करने पर उसे इसका लाभ प्राप्त होगा।

## टायर फटने से अनियंत्रित होकर पलटा कोयला लदा ट्रक, चालक जख्मी



लोकमित्र ब्यूरो

**सिराथू, (कौशाम्बी)।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के स्थानीय कस्बे में नेशनल हाईवे के ओवरफ्लाई पर कोयला लदे ट्रक का टायर फटने से अनियंत्रित होकर पलट गया, हादसे में कोयला हाईवे पर बिखर गया और चालक जख्मी हो गया, सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल चालक को इलाज के लिए अस्पताल भेजवाया और क्रेन की मदद से ट्रक को हाईवे से बाहर करा यातायात शुरू कराया।

सोनभद्र के अनपरा निवासी मुकेश सिंह पुत्र राजेंद्र सिंह ट्रक चालक है, मुकेश सिंह मध्यप्रदेश के सिंगरौली से ट्रक में कोयला लादकर उन्नाव जा रहा था, चालक गुरुवार की भोर जैसे ही सैनी कोतवाली क्षेत्र के स्थानीय कस्बे के नेशनल हाईवे के ओवरफ्लाई के ऊपर पहुंचा तभी अचानक ट्रक का टायर फट गया इस दौरान ट्रक अनियंत्रित होकर नेशनल हाईवे पर पलट गया, हादसे के बाद यातायात बाधित हो गया, हादसे में चालक मुकेश सिंह 35 वर्ष जख्मी हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जख्मी चालक को इलाज के लिए अस्पताल भेजवाया और क्रेन की मदद से ट्रक को हाईवे से बाहर कर यातायात शुरू कराया।

## कुंभ मेला को लेकर सीओ ने कोखराज थाना में ढाबा संचालकों के साथ की बैठक





लोकमित्र ब्यूरो

**शहजादपुर, (कौशाम्बी)।** प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ मेला में सुरक्षा व्यवस्था को बनाए रखने हेतु एवं श्रद्धालुओं के ठहरने हेतु क्षेत्राधिकारी सिराथू अवधेश कुमार विश्वकर्मा ने गुरुवार को कोखराज थाना में पार्किंग स्थल का निरीक्षण कर ढाबा संचालकों के साथ बैठक की। इस दौरान सीओ सिराथू अवधेश कुमार विश्वकर्मा ने बैठक में कहा कि प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ मेला में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने हेतु ढाबों और होटलों में किसी भी अवांछित गतिविधि पर नजर रखें और तुरंत पुलिस को सूचित करें। साथ ही शराब या अन्य मादक पदार्थों का गैरकानूनी उपयोग रोकने के लिए सख्त कदम उठाने की हिदायत दी। साथ ही सीओ ने सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य रूप से चालू रखने एवं रेट लिस्ट लगाने सहित सभी ढाबा संचालकों ने शांति बनाए रखने के लिए पुलिस का पूरा सहयोग करने का आदेश दिया। थाना प्रभारी कोखराज चन्द्र भूषण मौर्य ने कहा कि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था, जैसे कि शराब के अत्यधिक सेवन या बवाल की स्थिति में तुरंत पुलिस को सूचित करें। इस अवसर पर ढाबा संचालकों ने पुलिस के साथ पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। और किसी भी अव्यवस्था से बचने के लिए आवश्यक कदम उठाने का भरोसा दिलाया। पुलिस प्रशासन ने क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए हर संभव प्रयास करने की बात कही। इस मौके पर थाना प्रभारी चंद्र भूषण मौर्या, उपनिरीक्षक अंशुमान मिश्रा सहित पुलिस कर्मी व ढाबा संचालक मौजूद रहें।

### ● ढाबों पर आने वाले ग्राहकों की चेक करें आईडी-सीओ

भरवारी, (कौशाम्बी)। प्रयागराज में 13 जनवरी से शुरू हो रहे महाकुम्भ को लेकर पुलिस सतर्क है, बृहस्पतिवार को सीओ सिराथू अवधेश विश्वकर्मा ने कोखराज थाने में नेशनल हाईवे के किनारे होटल और ढाबा संचालकों के साथ बैठक की,इस दौरान कहा कि महाकुंभ मेले के दौरान आने वाले ग्राहकों की अच्छे तरीके से पहचान करें, प्रयास करें कि सभी की आईडी चेक कर लें। संदिग्ध लगने वालों की आईडी जरुर देखें। साथ ही पुलिस को तत्काल सूचना दें। कोई यात्री ठहरने के लिए कमरा मांगता है ,तो बिना आईडी देखे कमरा नहीं दिया जाए। सीओ ने श्रद्धालुओं के ठहरने के स्थल व पार्किंग एरिया का भी निरीक्षण किया।

## कड़ा में ख्वाजा कड़क शाह अब्दाल का उर्स शुरू, आज उठेगा गागर



लोकमित्र ब्यूरो

**सिराथू, (कौशाम्बी)।** नगर पंचायत दारानगर कड़ा धाम में स्थित ख्वाजा कड़क शाह अब्दाल बाबा के 730वें उर्स शुरू हो गया है। आयोजकों द्वारा जहां उर्स स्थल की साफ-सफाई व सजावट का काम शुरू कर दिया गया है वहीं सीओ सिराथू ने सुरक्षा के मद्देनजर उर्स स्थल व गागर लाने वाले रास्ते का निरीक्षण किया। ख्वाजा कड़क शाह अब्दाल बाबा का 730वां उर्स छः जनवरी तक चलेगा। उर्स में गुरुवार से विशेष मेले का आयोजन किया जाएगा। शुक्रवार को ख्वाजा कड़क शाह अब्दाल बाबा की मजार से गागर उठेगी और गंगा घाट तक जाएगी। गागर में गंगा जल लेकर मजार तक लाया जायेगा। गागर का जल लेने के लिए देश के कोने-कोने से जायरीनों की भीड़ उमड़ेगी। मेले में सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर मजार के चारों तरफ लगे 18 सीसी टीवी कैमरों लगाए गए है।

इसके अलावा उन्होंने मजार से उठने वाली गागर के रास्ते आदि की साफ सफाई सहित अन्य व्यवस्थाएं की गई है मेले में झूला आदि सहित विभिन्न प्रकार की दुकानों सजाई गई है।

## पॉक्सो एक्ट के वांछित आरोपी गिरफ्तार



लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थानाध्यक्ष चरवा पुलिस उपनिरीक्षक विपलेश सिंह मय हमराह पुलिस बल द्वारा पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित वांछित अफरीदी इस्लाम निवासी सैय्यद सरावा थाना चरवा को सझिया तिराहे के पास से गिरफ्तार किया गया।

### ▶▶ सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुए पांच गिरफ्तार

कौशाम्बी। जपनद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना पिपरी पुलिस उपनिरीक्षक अजीत सिंह मय हमराहपुलिस बल द्वारा मुखबिर की सूचना पर सफीउल्ला, सुरेन्द्र निवासीगण मीरपुर थाना पिपरी, सन्दीप कुमार असरफपुर थाना पूरामुफ्ती, राजेन्द्र कुमार निवासी हरीमपुर थाना पूरामुफ्ती, गुड्डू सिंह निवासी असरावल कला थाना एयरपोर्ट को सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से मालफड़ 1600 रुपये तथा जामातलाशी से 600 रुपये व 52 अदद तास के पत्ते बरामद हुआ।

### ▶▶ अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अवैध शराब के निर्माण एवं तस्करी के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान में विभिन्न थानों द्वारा कुल 08 आरोपियों को गिरफ्तार कर कब्जे से कुल 133ली0 अवैध शराब बरामद की गयी गिरफ्तार सभी आरोपियों के विरूद्ध सम्बन्धित थानो पर अभियोग पंजीकृत कर आरोपियों का चालान किया गया।

## ताला बंद कर व्यवस्था दुरस्त करने पहुंची ब्लॉक पशु चिकित्सा अधिकारी



लोकमित्र ब्यूरो

**अवाना आलमपुर, (कौशाम्बी)।** विकास खंड कौशाम्बी के ग्राम पंचायत बिंदाव सडवा स्थिति गौवंश स्थल गौशाला के निरीक्षण के क्रम मे आज दोपहर में अधिकारियों के आने की भनक लगते ही ब्लॉक पशु चिकित्सा अधिकारी गौशाला पहुंची वहां पहुंच कर अपनी सरकारी गाड़ी से सीधे गेट के अंदर किया और गेट पर ताला लगवा दिया।

गौशाला में लगे मजदूरों से तिरपाल डलवाया व चारा पानी की व्यवस्था करवाने लगी गौशाला में लगी गंदगी को साफ करवाते हुए गौवंशो को टैग लगवाने लगी जब पत्रकारों मीडिया टीम पहुंची तो पशु चिकित्सा अधिकारी ने गेट खोलने से मना कर दिया।

मीडिया के लोग काफी समय तक गेट के बाहर खड़े रहे काफी समय के बाद जब गेट खुला तो मीडिया के लोग अंदर गये तो देखा की पशु चिकित्सा अधिकारी कागजी कालम पूरा करने मे लगी हुई थी।

मीडिया के किसी भी सवाल का उचित जवाब नही दिया पशु चिकित्सा अधिकारी अपनी व अन्य जिम्मेदारियों की कमियों को छिपाने और उच्च अधिकारियों को गुमराह करने का काम कर रही है उन्होंने ने किसी से फोन पर बात किया मौजूद पत्रकारों को गलत साबित करने की कोशिश करने लगी। लेकिन पत्रकारों की नजर जब तड़पते बीमार गो वंश पर पड़ी तब उनके सामने इलाज दिखने के लिए इलाज किया और एक प्लास्टिक बोरी ऊपर से ढकवा दिया।

आखिर ऐसा कर क्या साबित करना चाहती है, ब्लॉक पशु चिकित्सा अधिकारी क्यों जिला प्रशासन को गुमराह कर रही है यह बड़ा सवाल है।

## श्री हुबलाल कॉलेज में छात्र-छात्राओं को मिली बायोलॉजी लैब, कर सकेंगे प्रयोग



**भरवारी, (कौशाम्बी)।** नगर स्थित गौरा रोड श्रीहुबलाल इंटरमीडिएट कॉलेज में बायोलॉजी लैब का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया। कॉलेज प्रबंधक वीरेंद्र कुमार केसरवानी और प्रधानाचार्य जीवन लाल चौधरी ने नव वर्ष के मौके पर बुधवार को बायोलॉजी लैब का उद्घाटन कर छात्र-छात्राओं को समर्पित किया। विद्यालय में लैब बनने की जानकारी होने पर बायो ग्रूप के छात्र-छात्राओं के चेहरे खिल उठे। प्रबंधक ने कहा कि लैब होने से छात्र-छात्राओं को प्रैक्टिकल करने में आसानी होगी और विज्ञान की पढ़ाई में सहूलियत मिलेगी। कॉलेज के प्रधानाचार्य जीवन लाल चौधरी ने बच्चों को बताया कि इस लैब से अब बायोलॉजी के छात्र-छात्राओं को अपनी पढ़ाई करने और प्रैक्टिकल में कोई परेशानी नहीं होगी। वह अपनी पढ़ाई और प्रैक्टिकल के माध्यम से आगे की पढ़ाई कर सकेंगे। उद्घाटन के दौरान कॉलेज के सभी अध्यापक व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## सम्पादकीय

# नई सहमति ज्यादा अहम

मानव सरोवर की यात्रा फिर शुरू करने और द्विपक्षीय व्यापार सुगम बनाने संबंधी सहमतियां डोवाल- वांग वार्ता का व्यावहारिक नतीजा हैं। दूरगामी नजरिए से सीमा विवाद के हल पर 2005 में तय हुई राजनीतिक कसौटियों पर नई सहमति ज्यादा अहम है।भारत और चीन के विशेष प्रतिनिधियों के बीच सीमा विवाद के निपटारे पर बीजिंग में हुई वार्ता का सार यह है कि चार साल तक तनावपूर्ण रहने के बाद दोनों का रिश्ता अब पटरी पर लौट रहा है। भारतीय प्रतिनिधि अजित डोवाल और चीनी प्रतिनिधि वांग यी की वार्ता में, चीनी विदेश मंत्रालय की विज्ञप्ति के मुताबिक, छह सूत्री सहमति बनी। भारतीय विज्ञप्ति में उन छह सूत्रों का स्पष्ट उल्लेख तो नहीं है, लेकिन कहा गया है कि दोनों विशेष प्रतिनिधियों ने आपसी रिश्ते को सकारात्मक दिशा प्रदान की है। तिब्बत के रास्ते से मानव सरोवर की यात्रा फिर शुरू करने और द्विपक्षीय व्यापार को सुगम बनाने संबंधी सहमतियां इस वार्ता का व्यावहारिक नतीजा हैं। मगर दूरगामी लिहाज से सीमा विवाद हल करने के लिए 2005 में दोनों देशों के बीच तय हुई राजनीतिक कसौटियों पर नई सहमति ज्यादा अहम है।1988 से 2005 तक भारत- चीन संबंध सकारात्मक दिशा में थे। उसी क्रम में 2005 में बनी सहमति को एक बड़ी कामयाबी माना गया था। डोवाल- वांग वार्ता में इस पर भी जोर दिया गया कि सीमा विवाद का हल पैकेज के रूप में होगा। यानी पूरब में अरुणाचल और पश्चिम में लद्दाख सीमाओं पर जो मतभेद हैं, उन पर एकमुश्त सहमति बनाई जाएगी। हर समाधान का आधार लेन-देन की भावना होती है। दोनों देश अगर इस भावना पर रजामंद हो रहे हों, तो आशा की जा सकती है कि इस लंबे विवाद का हल निकल आएगा। बहरहाल, इस रास्ते में अनेक दिक्कतें हैं। दोनों देशों की अंदरूनी राजनीतिक प्रक्रिया और अंतरराष्ट्रीय पहलुओं का साया भारत-चीन संबंधों पर पड़ता रहा है। इसके अलावा यह देखना होगा कि क्या सचमुच अब नए सिरे से उभर रही सहमतियों पर चीन कायम रहता है। भारत में अक्सर यह संदेह रहा है कि ऐसी सहमतियों का इस्तेमाल चीन सीमा के करीब अपनी स्थिति मजबूत करने के लिए करता है। वैसे चीन से बेहतर रिश्ता दोनों देशों की आर्थिक जरूरत है, जैसाकि इस वर्ष संसद में पेश हुए आर्थिक सर्वेक्षण में कहा गया था। इसलिए फिलहाल चीजें पटरी पर लौट रही हैं, तो उसे एक सकारात्मक घटनाक्रम कहा जाएगा।

**अपने जीवन को बदलने के लिए आपको केवल एक व्यक्ति की आवश्यकता होती है, वह है आप खुद। रूमी**

# दिल्ली चुनाव में भाजपा व आप की सीधी लड़ाई में मायावती का हाथी किसका खेल बिगाड़ेगा

**अशोक भाटिया**

70 सदस्यीय दिल्ली विधानसभा के चुनाव में 2015 से राजधानी की सत्ता पर काबिज सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी और भारतीय जनता पार्टी के बीच सीधा मुकाबला होने की संभावना है।पर 2024 के आगामी विधानसभा चुनाव में बहुजन समाज पार्टी आप और भाजपा की मुश्किलें बढ़ाने की तैयारी में है। बहुजन समाज पार्टी की ओर से सभी 70 सीटों पर चुनाव लड़ने की संभावना है। इसको लेकर प्रत्याशियों के चयन की प्रक्रिया भी शुरू हो चुकी है। उम्मीदवारों की पहली सूची जनवरी के मध्य तक जारी होने की संभावना है। पार्टी की ओर से कहा गया है कि फरवरी में होने वाले दिल्ली विधानसभा चुनाव दिलचस्प और चुनौतीपूर्ण दोनों हैं।इस समय दिल्ली चुनाव में सबकी नजर अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी पर है। आंदोलन से निकली इस पार्टी ने अपने पहले ही चुनाव में कमाल किया था। फिर 2015 के चुनाव में दिल्ली की 70 में से 67 सीटें जीतकर इतिहास रच दिया था। 2020 में भी दिल्ली की 63 सीटों पर पार्टी ने कब्जा जमाया। वहीं, पंजाब में भी पार्टी सत्ता में है। हालांकि, पार्टी के लिए 2024 का साल अच्छा नहीं रहा। कानूनी परेशानियों, नेतृत्व परिवर्तन और चुनावी असफलताओं से जूझते हुए आम आदमी पार्टी को 2024 में अशांति का सामना करना पड़ा। फरवरी में दिल्ली विधानसभा चुनाव की तैयारी के साथ, पार्टी अपनी नीतियों में जनता के विश्वास को फिर से बनाने और अपने शासन रिकॉर्ड और विवादों से आकार लेने वाले राजनीतिक परिदृश्य को नेविगेट करने के लिए दृढ़ संकल्पित है। 2024 में आप के लिए सबसे बड़ा झटका उसके सुप्रीमो और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की मार्च में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा उत्पाद शुल्क नीति मामले से जुड़े कथित भ्रष्टाचार को लेकर गिरफ्तारी थी। यह पहली बार था कि किसी मौजूदा मुख्यमंत्री को गिरफ्तार किया गया था।मई में सुप्रीम कोर्ट द्वारा अंतरिम जमानत दिए जाने से पहले केजरीवाल ने लगभग छह महीने तिहाड़ जेल में बिताए। जबकि अदालत ने उन्हें लोकसभा चुनावों के लिए प्रचार करने की अनुमति दी, लेकिन उन्हें आधिकारिक कर्तव्यों को फिर से शुरू करने से रोक दिया, एक ऐसा निर्णय जिसने राष्ट्रीय राजधानी में नियमित शासन को प्रभावित किया। केजरीवाल की गिरफ्तारी के साथ-साथ अन्य वरिष्ठ नेताओं को कानूनी परेशानियों का सामना करना पड़ा, जिससे आप की छवि पर काफी असर पड़ा। हालाँकि, 2024 वह साल भी था जब सभी शीर्ष गिरफ्तार नेताओं को जमानत दे दी गई थी।आप के राज्यसभा सांसद संजय सिंह को अप्रैल में जमानत मिल गई, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, जिन्हें 2023 में गिरफ्तार किया गया था, 17 महीने जेल में रहने के बाद अगस्त में रिहा हो गए और एक अन्य प्रमुख नेता सत्येन्द्र जैन को अक्टूबर में जमानत मिल गई। इन कानूनी राहतों के बावजूद, मामलों ने आप की भ्रष्टाचार विरोधी कहानी को नुकसान पहुँचाया, विपक्षी दलों ने पार्टी की विश्वसनीयता पर सवाल उठाने के लिए विवादों का इस्तेमाल किया।2024 के लोकसभा चुनावों में, आप दिल्ली की सात सीटों में से किसी को भी सुरक्षित करने में विफल रही, बावजूद इसके कि उसका वोट शेयर 2019 में 18.2 प्रतिशत से बढ़कर 2024 में 24.14 प्रतिशत हो गया। इसके अलावा, पार्टी पंजाब में जिन 13 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ी थी, उनमें से केवल तीन सीटें जीतने में सफल रही, जिससे उसकी आकांक्षाओं को झटका लगा। नतीजों ने मतदाताओं के असंतोष को रेखांकित किया और विपक्षी आख्यानों का प्रभावी ढंग से मुकाबला करने की पार्टी की क्षमता पर सवाल उठाए।ऐसे में भाजपा जिसने 2024 के लोकसभा चुनावों में दिल्ली की सातों सीट जीती थी अब इस चुनाव में आप पार्टी को विधानसभा में शिकस्त देने की तैयारी कर रही है । चुनाव के इस रण में अचानक बसपा ने सभी सीटों पर लड़ने का एलान कर भाजपा व आप पार्टी के लिए मुसीबत कड़ी कर दी है । वैसे मायावती के हाथी का इस रण में उतरना कोई नई बात नहीं है । राजधानी दिल्ली में बसपा दिल्ली नगर निगम की 250 और दिल्ली विधानसभा की 70 सीटों पर चुनाव लड़ती हुई आई है। साल 2008 में दिल्ली में 2 उम्मीदवार बसपा से जीत कर पहुंचे थे। हालांकि, 2013 के विधानसभा चुनाव में पार्टी किसी भी सीट से चुनाव नहीं जीती। हालांकि, इन सबके बाद बसपा ने साल 2009, 2014 और 2019 में दिल्ली में लोकसभा चुनाव भी लड़ा था, लेकिन कोई खास कामयाबी नहीं मिली। दिल्ली की राजनीति में बसपा ने चुनाव हर बार लड़ा, लेकिन दम नहीं दिखा पाई। वर्ष 2004 से 2024 तक हुए चार लोकसभा चुनाव में बसपा को इस बार सबसे कम वोट प्रतिशत मिला है। इस बार उसका वोट शेयर महज 0.71 प्रतिशत रहा, जबकि वर्ष 2019 में 1.1 फीसदी रहा था। राजधानी दिल्ली में बसपा की छवि अब सिर्फ वोट काटने वाली पार्टी की बन गई है।ज्ञात हो कि लोकसभा चुनाव में बिना गठबंधन में शामिल हुए अकेले मैदान में उतरी बसपा ने दिल्ली में सभी सीटों पर प्रत्याशी उतारे थे। जातीय समीकरणों को साधने की भी पूरी कोशिश की, लेकिन राजनीतिक कमाल दिखाना तो दूर, बसपा के प्रत्याशी जमानत जब्त होने से भी नहीं बचा सके। 2009 के लोकसभा चुनाव में बसपा ने दिल्ली में अपने राजनीतिक सफर में सबसे ज्यादा 5.23 फीसदी वोट पाए थे। भाजपा और कांग्रेस की तुलना में यह भले कम था, लेकिन बसपा के कई प्रत्याशियों ने चुनाव मैदान में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई थी। इसके बाद 2014 में मोदी लहर में एससी वोट भाजपा की तरफ खिसका तो दिल्ली में बसपा के हाथ करीब-करीब खाली हो गए। इस चुनाव में बसपा को दिल्ली में सिर्फ 1.23 फीसदी वोट शेयर मिला था। इसके बाद से हर चुनाव में बसपा के लिए न तो राजनीतिक और न ही जातीय समीकरण काम आए। मुस्लिम और एससी बहुल क्षेत्रों में सजातीय प्रत्याशियों को टिकट देने के बावजूद बसपा के लिए जीत का स्वाद चखना तो दूर, 2009 जैसी स्थिति को वापस पाना भी मुश्किल हो गया।

वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान दिल्ली में बसपा की स्थिति 2014 जैसी भी नहीं रही। 0.1 फीसदी वोट शेयर और नीचे खिसक कर बसपा का वोट प्रतिशत इस चुनाव में महज 1.1 फीसदी रह गया था। 2024 के लोकसभा चुनाव में बसपा ने फिर से दिल्ली की सभी सीटों पर प्रत्याशी उतारे। आम आदमी पार्टी से बगावत करके आए मंत्री राजकुमार आनंद को टिकट देकर राजनीतिक समीकरण साधने का प्रयास किया, लेकिन बसपा का प्रदर्शन लोकसभा चुनाव में अब तक का सबसे खराब प्रदर्शन रहा। चुनाव दर चुनाव नीचे गिर रहे बसपा के वोट शेयर के आंकड़े बता रहे हैं कि बसपा का वजूद दिल्ली में अब सिर्फ वोट काटने वाली पार्टी का बनकर रह गया है। जीत हासिल करना पार्टी के लिए बेहद मुश्किल हो गया है।दिल्ली में बसपा का प्रदर्शन 2009 के लोकसभा चुनाव में बढ़िया रहा था। इस चुनाव में पार्टी को सबसे ज्यादा 12.04 फीसदी वोट दक्षिणी दिल्ली सीट पर मिले थे। बसपा ने यहां कंवर सिंह तंवर को टिकट देकर चुनाव मैदान में उतारा था। मजबूत प्रत्याशी और जातीय समीकरणों को साधकर उन्होंने अन्य प्रत्याशियों से ज्यादा वोट पाए थे, लेकिन जीत हासिल नहीं कर पाए थे।1989 से 2024 तक के चुनाव में बसपा को दिल्ली में मिला वोट शेयर बहुत ही कमजोर रहा ।मायावती को सोचना चाहिए कि दो सत्ताधारी दिग्गज पार्टियों की लड़ाई में वह कहाँ टिकेगी । केवल दो पाटों के बीच पिस कर रह जाएगी । लोकतंत्र में चुनाव लड़ने का हक सबकों है पर सामने वालों की ताक़त को भी देखना चाहिए । दिल्ली में एक दशक से अरविंद केजरीवाल की अगुवाई वाली आम आदमी पार्टी सत्ता में है। आगे भी कुर्सी पर बने रहने के लिए केजरीवाल की ओर से महिलाओं, बुजुर्गों पर फोकस करके योजनाओं का ऐलान किया जा रहा है। दिल्ली में फ्रीबीज को लेकर आप सरकार लगातार विपक्ष के निशाने पर रही है लेकिन केजरीवाल को यह फॉर्मूला काफी रास आया है। यही वजह है कि पार्टी ने 70 विधानसभा सीटों वाली दिल्ली में दो बार 60 से ज्यादा सीटें हासिल की हैं। हाल में लगे भ्रष्टाचार के आरोपों के बाद अरविंद केजरीवाल को जेल भी जाना पड़ा। यही नहीं, मनीष सिसोदिया, सत्येंद्र जैन, संजय सिंह जैसे टॉप पार्टी लीडर भी जेल में रह चुके हैं। केजरीवाल ने जमानत पर बाहर आकर छ्रूपद से इस्तीफा दिया और चुनाव में जाने से पहले आतिशी को दिल्ली का सीएम नियुक्त किया। लेकिन वह पहले ही साफ कर चुके हैं कि दिल्ली का चुनाव उनके ही नेतृत्व में लड़ा जाएगा। साथ ही सत्ता में वापसी होने पर मुख्यमंत्री भी केजरीवाल ही बनेंगे।केजरीवाल की पार्टी की ओर से भी एक नया नारा दिया गया है, %नहीं बिगड़ने देंगे दिल्ली का हाल, फिर लाएंगे केजरीवाल%। आम आदमी पार्टी लगातार भाजपा पर आरोप लगाती रही है कि अगर केजरीवाल सत्ता से गए तो भाजपा फिर बिजली-पानी के दाम बढ़ा देगी, सब कुछ महंगा कर देगी। पार्टी जनता के सामने भी इन्हीं सब मुद्दों को लेकर जाती है और पार्टी का दावा है कि अगर भाजपा सत्ता में आती है तो दिल्लीवालों को फ्री में मिलने वाली सभी सुविधाएं बंद कर दी जाएंगी। पार्टी का ये नारा भी इसी संदेश को जाहिर करता दिख रहा है।उधर, भाजपा सीधे तौर पर केजरीवाल और आप पर भ्रष्टाचार समेत झूठे वादे करने का आरोप लगा रही है। साथ ही भाजपा का आरोप है कि केजरीवाल पुराने वादों को पूरा करे बगैर चुनाव से पहले जनता से नए वादे कर रहे हैं जो कभी पूरे होने वाले नहीं हैं। केंद्र में 10 साल से सरकार होने के बाद भी दिल्ली में भाजपा अब तक कमाल नहीं कर सकी है, हालांकि लोकसभा की सातों सीटों पर पार्टी काबिज है। लेकिन दिल्ली में भाजपा पिछले तीन दशक से मुख्यमंत्री की कुर्सी पाने के लिए लड़ रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिल्ली विधानसभा चुनाव का बिगुल शुक्रवार को फूंक रहे है । रोहिणी के जापानी पार्क में पीएम रैली को संबोधित करेंगे और दिल्ली के विकास की कार्ययोजना पेश करते हुए 4500 करोड़ रुपये की कई परियोजनाओं की सौगात देंगे। वहीं, प्रधानमंत्री की दूसरी रैली पांच जनवरी को पूर्वी दिल्ली के सीबीडी ग्राउंड में प्रस्तावित है।

## सरोकार

# एक नई सोच, एक नई दिशा- जनरेशन बीटा का दौर



**प्रो. आरके जैन**

साल 2025 का आगमन केवल एक नया वर्ष नहीं, बल्कि मानव सभ्यता के इतिहास में एक नई शुरुआत का प्रतीक बनेगा। यह समय उस पीढ़ी के आगमन का गवाह बनेगा, जो समाज, संस्कृति और तकनीक के त्रिवेणी संगम से उभरती नई पहचान के साथ आगे बढ़ेगी। यह मानवता की सोच और दृष्टिकोण में एक नए अध्याय की शुरुआत करेगा। 2025 से 2039 तक का समय जनरेशन बीटा का होगा, जो ऐसे युग में पलेगी, जहाँ कृत्रिम बुद्धिमत्ता (ढ्ढ), वर्चुअल रियलिटी (ङ्कक्र), और हाइपर-कनेक्टिविटी जैसे तकनीकी चमत्कार उनके दैनिक जीवन का हिस्सा होंगे। यह पीढ़ी नवाचार की धारा में तैरते हुए भविष्य का निर्माण करेगी, जो आज की कल्पनाओं से परे होगा।हर पीढ़ी अपने समय के संघर्षों, अवसरों और परिवर्तनों की दास्तान है, जो इतिहास के पन्नों में अपनी गहरी छाप छोड़ती है। ग्रेटेस्ट जनरेशन (1901-1927), संघर्ष और बलिदान की प्रतीक, इस पीढ़ी ने दो विश्व युद्धों और महामंदी जैसी परिस्थितियों का सामना किया। उनके धैर्य और समर्पण ने आधुनिक समाज की नींव रखी। साइलेंट जनरेशन (1928-1945), द्वितीय विश्व युद्ध और आर्थिक संकटों के दौरान पली यह पीढ़ी सहनशीलता और स्थिरता की मिसाल बनी। इसने बड़े बदलावों को चुपचाप आत्मसात किया। बेबी बूमर्स (1946-1964), यह पीढ़ी उन्नति और औद्योगिक क्रांति की प्रतीक बनी। उन्होंने आर्थिक समृद्धि और प्रौद्योगिकी में महत्वपूर्ण योगदान दिया। जनरेशन एक्स (1965-1980), कंप्यूटर और टेलीविजन के युग में पली-बढ़ी यह पीढ़ी आत्मनिर्भरता और नवाचार की मिसाल है। मिलेनियल्स (1981-1996), डिजिटल युग की प्रथम पीढ़ी, जिसने इंटरनेट और वैश्वीकरण को अपनाया और समाज को नई ऊंचाइयों तक पहुँचाया। जनरेशन ज़ेड (1997-2009), स्मार्टफोन और इंटरनेट के साथ बड़ी हुई यह पीढ़ी पर्यावरणीय और सामाजिक मुद्दों के प्रति अत्यधिक जागरूक है। जनरेशन अल्फा (2010-2024), तकनीकी युग की पूर्णतः डिजिटल पीढ़ी, जिसके जीवन में कृत्रिम बुद्धिमत्ता और वर्चुअल रियलिटी ने गहरी पैठ बनाई।

हर पीढ़ी अपने समय की कहानी है, जो मानवता की अटूट यात्रा का प्रतीक बनती है।साल 2025 से आरंभ होने वाली जनरेशन बीटा केवल तकनीकों को अपनाने तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि उनके साथ गहराई से एकीकृत होकर जीवन के हर पहलू में बदलाव लाएगी। यह पीढ़ी सामाजिक और पर्यावरणीय जिम्मेदारियों को अपनी दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा बनाएगी। तकनीकी प्रभुत्व के युग में एआई, रोबोटिक्स और वर्चुअल रियलिटी इनके दैनिक जीवन का हिस्सा बनेंगे। स्मार्ट उपकरण न केवल सहायक होंगे, बल्कि सक्रिय साथी की भूमिका निभाते हुए वर्चुअल और वास्तविक दुनिया के बीच की दूरी को समाप्त करेंगे। शिक्षा का स्वरूप पूरी तरह से डिजिटल प्लेटफार्मों पर आधारित होगा, जहाँ व्यक्तिगत जरूरतों और क्षमताओं के अनुसार अनुकूलित शिक्षा मिलेगी। एआई-सक्षम ट्यूटर और वर्चुअल क्लासरूम इस प्रणाली को एक नई ऊंचाई पर ले जाएंगे। पर्यावरणीय संतुलन और सामाजिक समानता के लिए यह पीढ़ी सक्रिय भूमिका निभाएगी।

जलवायु परिवर्तन से लड़ने, प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करने और सतत विकास को अपनाने की दिशा में इनके प्रयास अभूतपूर्व होंगे। मिलेनियल्स और जनरेशन ज़ेड के माता-पिता इस पीढ़ी की परवरिश करेंगे, जहाँ तकनीकी कौशल के साथ नैतिक मूल्यों और सामाजिक जिम्मेदारियों का भी विकास होगा।

यह पीढ़ी पर्यावरणीय स्थिरता, स्वच्छ ऊर्जा और हरित प्रौद्योगिकी को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाएगी, और लैंगिक समानता, मानसिक स्वास्थ्य और सामाजिक न्याय को प्राथमिकता देगी।हमारी जिम्मेदारी है कि हम शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में अत्याधुनिक तकनीकों का समावेश सुनिश्चित करें। नवाचार को बढ़ावा देते हुए जनरेशन बीटा को भविष्य की चुनौतियों का सामना करने और नई संभावनाओं का सृजन करने के लिए तैयार करना आवश्यक है। इसके साथ ही, स्वच्छ ऊर्जा और हरित प्रौद्योगिकी को जीवनशैली का अभिन्न हिस्सा बनाना और प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करना इस पीढ़ी के लिए अनिवार्य होगा।

हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि सामाजिक और नैतिक मूल्यों का संवर्धन हो। लैंगिक समानता, मानसिक स्वास्थ्य और सामाजिक न्याय जैसे मूल्यों को प्राथमिकता देते हुए जनरेशन बीटा को ऐसे सिद्धांतों से जोड़ा जाए, जो उन्हें एक संवेदनशील, सशक्त और प्रगतिशील समाज की ओर प्रेरित करें। मानवता के इस उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में हमारी सक्रिय भागीदारी ही उनकी सफलता की कुंजी होगी।

साल 2025 का आगमन मानव इतिहास में एक नए युग का उद्घोष है। यह वह क्षण है, जब जनरेशन बीटा अपनी यात्रा आरंभ करेगी–एक ऐसी पीढ़ी, जो तकनीकी नवाचारों की बुलंदियों को छूते हुए मानवीय मूल्यों और सामाजिक चेतना का अद्भुत संगम प्रस्तुत करेगी। यह पीढ़ी न केवल अपने समय की चुनौतियों का समाधान खोजेगी, बल्कि भविष्य की संभावनाओं को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का सामर्थ्य भी रखेगी। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि उनका मार्गदर्शन एक ऐसे समाज की ओर हो, जो तकनीकी दृष्टि से उन्नत हो और जहाँ नवाचार उनके सपनों को साकार करने का साधन बने। यह समाज पर्यावरणीय रूप से टिकाऊ हो, जो प्रकृति के साथ सामंजस्य बैठाते हुए एक हरित भविष्य का निर्माण करे। साथ ही, यह सामाजिक और नैतिक मूल्यों से समृद्ध हो, जहाँ समानता, न्याय और मानसिक सशक्तिकरण को प्राथमिकता दी जाए।जनरेशन बीटा के हाथों में प्रगति की चाबी होगी, और उनके कंधों पर मानवता के भविष्य को सहेजने की जिम्मेदारी। यह युग केवल तकनीकी क्रांति का नहीं, बल्कि संवेदनशीलता, सहयोग और सामूहिक प्रगति का प्रतीक बनेगा। इस पीढ़ी का हर कदम हमें एक ऐसे समाज के करीब ले जाएगा, जो प्रगति और मानवता का अद्भुत संतुलन स्थापित करेगा।

## लोकमित्र का रंग कवियों के संग

### तेरी याद

ख्वाबों को याद करता हूं,
तो अलग ही उजियारा आता है
स्थिर हो जाता है ये संसार,
सुकून सा छा जाता है।
आसमा में फिर काली घटा छाई है
लहराते तेरे केश,
जैसे प्रेम की बहती पुरवाई है।
गरजते इन बादलों में तेरी खुशबू समाई है।
जीवन की पगडंडियों में फिर तेरी याद आई है।
चिड़िया की चहक भी कुछ सुना रही है,
नाच रहे है मोर कोयल प्रेम गीत गा रही है।
निष्ठुर इस जहां में प्रेम ही पवित्रता की इकाई है।
मेरे हर शब्द में बस तू समाई है।
इस कलम से जब भी
प्रेम की पवित्रता मापी है मैने
सिर्फ तेरी याद आई है।

**आकाश आरसी शर्मा**
**शामली, उत्तर प्रदेश**

### कर्मठता का गीत

तूफानों में हम साहस के दीप जलाते हैं।
नहीं अनमनापन हम में है, नित हम गाते हैं।।
चंद्रगुप्त की धरती है यह, वीर शिवा की आन है।
राणाओं की शौर्य धरा यह, पोरस का सम्मान है।
वतनपरस्ती तो गहना है, हृदय सजाते हैं।
तूफानों में हम साहस के दीप जलाते हैं।।
शीश कटा, सर्वस्व गंवाकर, जिनने वतन बनाया।
अपने हाथों से अपना ही, जिनने कफ़न सजाया।।
भारत माता की महिमा की, बात सुनाते हैं।
तूफानों में हम साहस के दीप जलाते हैं।।
नहीं अनमनापन उन में था, जिनने फर्ज़ निभाया।
वतनपरस्ती का तो जज़्बा, जिनने भीतर पाया।।
हँस-हँसकर जो फाँसी झूले, वे नित भाते हैं।
तूफानों में हम साहस के दीप जलाते हैं।।
सिसक रही थी माता जिस, तब जो आगे आए।
राजगुरू,सुखदेव,भगतसिंह, बिस्मिल जो कहलाए।।
ब्रिटिश हुक़ूमत से लोहा लेने, निज प्राण गँवाते हैं।
तूफानों में हम साहस के दीप जलाते हैं।।
आज़ादी पाई जो हमने, उसको पोषित करना।
हर जन,नित सुख से रह पाए, सबका दुख है हरना।।
हर भारत के वासी में हम, देशभाव पाते हैं।
तूफानों में हम साहस के दीप जलाते हैं।।
संविधान है मान हमारा,जन-जन का अरमान है।
भारत माँ का वंदन नित,जन-गण-मन का गान है।।
आर्यवर्त की पुण्यभूमि को,तीन रंग भाते हैं।
तूफानों में हम साहस के दीप जलाते हैं।।



**प्रो (डॉ) शरद नारायण खरे**
**प्राचार्य**
**शासकीय जेएमसी महिला महाविद्यालय**
**मंडला, मप्र**




## राशिफल

| | |
|---|---|
| मेष | आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। किसी इम्पोर्टेन्ट काम में जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। आपके घर मेहमान आ सकते हैं, जिनसे मिलकर आपको काफी अच्छा लगेगा। इस राशि की जिन महिलाओं को ऑनलाइन बिजनेस स्टार्ट करना है उनके लिए आज अच्छे योग बन रहे हैं। आज आपका काफी दिनों से सोचा हुआ काम पूरा हो जाएगा। |
| वृष | आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। लवमेट आज लॉन्ग ड्राइव पर जाने का मन बनाएंगे। माताएं अपने बच्चों को कुछ अच्छा बनाकर खिलाएंगी। आपकी भौतिक सुख सुविधाएँ बनी रहेगी। इस राशि की जो महिलाएं बिजनेस करती हैं उनके लिए लाभ के अच्छे योग बन रहे हैं। छात्रों के लिएआज का दिन अच्छा रहने वाला है। |
| मिथुन | आज का दिन आपके लिए खास होने वाला है। आज आप पिछली गलतियों से कुछ नया सीखकर आगे बढ़ेंगे। आज के दिन कुछ महत्वपूर्ण कार्यों की वजह से व्यस्त रहेंगे। आपको आज धैर्य से काम लेने की जरूरत है और इसका लाभ आप आने वाले समय में देखेंगे। आज आपको मनचाही वस्तु मिलेगी जिससे आपका दिन प्रसन्नता पूर्वक बीतेगा। |
| कर्क | आज आपका दिन शुभ रहेगा। आज मित्रों के साथ आपके रिश्ते पहले से बेहतर बनेंगे। घर में किसी धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन करवा सकते हैं। आज संतान को करियर में बड़ी सफलता मिल सकती है। आज आपको किसी प्रोजेक्ट से अच्छा लाभ मिलेगा। नवविवाहित आज किसी धार्मिक स्थल पर घूमने जाएंगे, इससे रिश्ते में और मधुरता आएगी। |
| सिंह | आज का दिन फेबरेबल रहेगा। जो बच्चे घर से दूर रहकर किसी कॉम्पटीशन की तैयारी कर रहे हैं, उनका दिन बेहतर गुजरेगा। आपको शिक्षकों का पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा। सरकारी नौकरी कर रहे लोगों को उनके काम के लिए प्रोत्साहन मिल सकता है। आज आपको अचनाक धन लाभ होगा। आपके ज्यादातर काम पूरे होंगे। |
| कन्या | आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज किसी दोस्त से बात-बात में ही आपको अच्छा काम मिल सकता है। आज आपके व्यवहार से लोग प्रभावित होंगे। जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने का प्लान बना सकते हैं। कामकाजी महिलाओं को अपने काम के लिएकिसी संस्था से सहयोग मिल सकता है। किसी अनुभवी व्यक्ति की मदद से आपकी योजनाएं सफल हो सकती हैं। |
| तुला | आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आज सही समय पर किया कार्य आपको सफलता दिला सकता है। परिवार में स्थिति ठीक बनी रहेगी। बच्चों की किसी जरूरत को पूरा करने के लिएआपको अधिक पैसे खर्च करने पड़ सकते हैं। प्राइवेट नौकरी करने वालों को अपनी वाणी पर संयम बनाये रखने की जरूरत है। |
| वश्चिक | आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। आपको अपने हर काम को तय समय में बांटकर करने की जरूरत है। अन्यथा आपके बहुत से काम अधूरे रह सकते हैं। समय सीमा को ध्यान में रखकर काम करने से चीजें अच्छे से पूरी होगी और आप खुद पर भी ध्यान दे पायेंगे। आज पारिवारिक माहौल ठीक बना रहेगा। घर में किसी रिश्तेदार के आने की संभावना है। |
| धनु | आज आपका दिन बहुत ही शानदार रहेगा। आज आपकी विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। आज आपको किसी बड़ी कंपनी से जॉब का बुलावा आ सकता है। आज आप सबको अपनी बातों से इम्प्रेस करने में सफल रहेंगे। जो लोग राजनीति से जुड़े हैं, उन्हें आज सफलता मिलेगी। साथ ही आज आपको खूब मान-सम्मान भी मिलेगा। |
| मकर | आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आपको अपने टारगेट को पूरा करने के लिए ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। काम जितना भी कठिन हो आपको एकाग्रता बनाये रखना है। संतान पक्ष से आपको सुख प्राप्त होगा। किसी कठिन परिस्थिति में आपको लोगों से आसानी से मदद मिल जाएगी7 आज आपके भौतिक सुख-साधनों में बढ़ोतरी होगी। |
| कुम्भ | आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आप ज्यादा समय एकांत में बिताना पसंद करेंगे। आज आपके द्वारा बनाई गयी योजना आपके बिजनेस के लिए अच्छी साबित होगी। आज बड़ा और अलग काम करने की सोच सकते है। आज ऑफिस में उच्चधिकारियों का सहयोग प्राप्त होगा, जिससे रुके काम पूरे होंगे। आज आप कुछ नये विचारों पर भी काम करेंगे। |
| मीन | आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज आपका खास काम बन जाने से आपका मनोबल बढ़ेगा। इस राशि के जो लोग जॉब करते हैं उनकी तरक्की के योग बन रहे हैं। इसके साथ ही आपका ट्रांसफर आपके मनपसंद स्थान पर हो सकता हैं। परिवार के सामने आपको अपनी राय रखने का पूरा मौका मिलेगा, आपकी योजना से लोग काफी प्रभावित होंगे। |

# इग्नू विश्व का सबसे बड़ा मुक्त विश्वविद्यालय

- इग्नू में नए सत्र का प्रवेश प्रारंभ
- काउंसलर्स ने पाठ्यक्रमों के बारे में शिक्षार्थियों को समझाया




**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू ) देश की ही नहीं बल्कि दुनिया की सबसे बड़ी ओपन यूनिवर्सिटी है जो की डिस्टेंस एजुकेशन के द्वारा शिक्षा प्रदान करती है। इग्नू का मक़सद भारत में लोगों को आसान, सस्ती और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना है। यह जानकारी देते हुए इग्नू प्रतापगढ़ अध्ययन केंद्र के समन्वयक डॉ. अभिषेक सिंह ने बताया कि जनवरी 2025 सत्र के सभी कोर्सेस के लिए इग्नू में प्रवेश प्रारंभ हो गए हैं। प्रवेश के लिए छात्र इग्नू की आधिकारिक वेबसाइट से ऑनलाइन फ़ॉर्म भर सकते हैं या फिर अध्ययन केंद्र पर संपर्क कर सकते हैं। मुनीश्वर दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य एवं इग्नू के एमएससी के काउंसलर प्रोफ़ेसर अरविंद मिश्र ने बताया कि इग्नू आज के दौर में उन सभी लोगों की पसंद बन चुका है जो नौकरी के साथ साथ पढ़ाई कर रहे हैं या किसी अच्छी यूनिवर्सिटी में रेगुलर सीट हासिल नहीं कर पाए हैं।

उन्होंने यह भी बताया की इग्नू में 300 से ज़्यादा कोर्सेस हैं जिसमें 30 लाख से अधिक छात्र पूरे भारत में शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। इग्नू प्रतापगढ़ के काउंसलर डॉ सी एन पांडेय ने बताया कि प्रतापगढ़ केन्द्र पर 45 से अधिक कोर्स है जिसमें परास्नातक, स्नातक, पीजी डिप्लोमा, सर्टिफ़िकेट एवं डिप्लोमा के कई कोर्स हैं।

उन्होंने यह भी बताया कि एमएससी पर्यावरण विज्ञान, पीजी डिप्लोमा पत्रकारिता, एम ए शिक्षा शास्त्र, मनोविज्ञान एवं एकल विषय से स्नातक लोकप्रिय कोर्स हैं जिनमें छात्र अधिक संख्या में प्रवेश लेते हैं।

## आपसी विवाद में युवक को पीटकर किया लहुलुहान, हालत गंभीर

**पट्टी प्रतापगढ़।** आपसी विवाद को लेकर पड़ोसियों ने देर रात युवक के ऊपर जानलेवा हमला बोल दिया। साथ ही युवक को मार-पीट कर घायल कर दिया, और जान से मार देने की धमकी देते हुए चले गए। पीड़ित की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा, जहां पर गंभीर हालत में उसे जिला मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया है। आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के भवसरनपुर गांव निवासी मस्तराम वर्मा 35 वर्ष पुत्र कलहू वर्मा ने बृहस्पतिवार को सुबह पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि उसके पड़ोसियों से आपसी विवाद चल रहा था। इसी विवाद के चलते बुधवार की देर रात लाठी डंडा व राड से हमला बोल दिया तथा मार-पीट करके घायल कर दिया। पीड़ित की सूचना पर पहुंची पुलिस घायल को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पट्टी लेकर गई।

# विद्यालय में शिक्षकों के साथ अभद्रता पर प्रभारी प्रधानाध्यापक के खिलाफ केस, चार्ज छिना

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** प्रभारी प्रधानाध्यापक द्वारा साथी शिक्षकों के साथ अभद्र व्यवहार तथा असलहे के प्रदर्शन के साथ धमकी देने को लेकर सांगीपुर पुलिस ने गुरूवार को केस दर्ज किया है। सांगीपुर थाना क्षेत्र के ओरीपुर नौगीर स्थित राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में लालगंज निवासी डॉ. नलिनकान्त उपमन्यु प्रभारी प्रधानाध्यापक तैनात है। विद्यालय के शिक्षक विनोद कुमार, हनुमानदीन, जंग बहादुर पटेल, वंदना पटेल व रणविजय ठाकुर ने पुलिस से शिकायत की है कि पहली जनवरी को अपरान्ह विद्यालय में इंचार्ज प्रधानाध्यापक रिवाल्वर ले आये। आरोप है कि प्रधानाध्यापक ने सहायक अध्यापक विनोद कुमार को रिवाल्वर दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। अध्यापकों का यह भी आरोप है कि प्रभारी प्रधानाध्यापक द्वारा बच्चों को भी डराया धमकाया गया। तहरीर पर सांगीपुर पुलिस ने जांच के नाम पर कार्रवाई नही की। इससे क्षुब्ध विद्यालय के सहायक अध्यापक गुरूवार को विद्यालय मे ताला लगाकर प्रतापगढ़ चले गये। विद्यालय में शिक्षकों को न देख बच्चे वापस लौट गये। अध्यापकों ने जिले के एसपी डॉ. अनिल कुमार से मिलकर आपबीती सुनाई। एसपी ने अध्यापको को कार्रवाई का भरोसा दिलाया। गुरूवार को सांगीपुर पुलिस ने प्रभारी प्रधानाध्यापक डॉ. नलिनकांत उपमन्यु के खिलाफ केस दर्ज किया है। हालांकि सांगीपुर एसओ मनीष का कहना है कि जांच में आरोपी प्रभारी प्रधानाध्यापक के पास रिवाल्वर खिलौने की पायी गयी थी। वहीं मामले में जिला विद्यालय निरीक्षक ओमकार राणा ने पहली जनवरी को जारी आदेश में विद्यालय में तैनात प्रभारी प्रधानाध्यापक डॉ. नलिनकांत उपमन्यु से चार्ज अवमुक्त कर दिया। डीआईओएस ने प्रभारी प्रधानाध्यापक का प्रभार सौंपा है।

## अवैध शराब समेत युवक गिरफ्तार

**उदयपुर, प्रतापगढ़।** स्थानीय थाना उदयपुर के उप निरीक्षक अमित सिन्हा बुधवार को रात लगभग आठ बजे अपने हमराही के साथ चौकिंग पर निकले थे । इसी बीच खानीपुर, रेहुआलालगंज मार्ग पर एक संदिग्ध युवक पुलिस को देखते ही भागने की कोशिश किया, किंतु पुलिस ने चारों तरफ से घेर कर उसे गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में पांच लीटर अवैध शराब एक पिपिया में बरामद किया। पूँछताँछ करने पर अपना नाम रमेश कोरी पुत्र कालीदीन कोरी निवासी मंगापुर बताया स पुलिस ने अवैध शराब के जुर्म में युवक पर मुकदमा दर्ज कर दिया है।

## अवैध वसूली मामले में 3 अभियुक्त गिरफतार

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुण्डा,प्रतापगढ़।** थाना कुण्डा पुलिस द्वारा धोखाधड़ी, धमकी व अवैध धन वसूली से संबंधित 03 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार।
वादी के तहरीर पर दिनांक 01.01.2025 को थाना कुण्डा क्षेत्रान्तर्गत भगवत तिराहे पर आलिया जनसेवा नाम से संचालित जनसेवा केन्द्र पर आधार कार्ड में संसोधन तथा नया आधार कार्ड बनाने के नाम पर डरा धमका कर लोगों से अनुचित लाभ लेने के संबंध में थाना कुण्डा में मु0अ0सं0 01є25 धारा 318(3)є318 (4)є308(2) बीएनएस बनाम 04 व्यक्ति नामजद के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया है ।
पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अभियुक्त वांछित अपराधी की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी संजय राय एवं क्षेत्राधिकारी कुण्डा श्री अजीत सिंह के कुशल पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी कुण्डा श्री सत्येन्द्र सिंह के नेतृत्व में उ0नि0 गिरीश मय हमराह का0 सुशील पटेल, का0 विशाल मौर्या, व का0 मोरध्वज द्वारा देखभाल क्षेत्र तलाश वांछित वारण्टी के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 01є25 धारा 318(3)є318 (4)є308(2) बीएनएस से संबंधित 03 अभियुक्तों, 1. मो0साकिर पुत्र महफूज अहमद निवासी बरई थाना कुण्डा जनपद प्रतापगढ़, 2. मो0 एहतेशाम पुत्र इम्तियाज निवासी गंगापुर ताजपुर थाना कुण्डा जनपद प्रतापगढ़, 3. मो0 मोनिस पुत्र मो0 मुनव्वर निवासी अंखोरिया थाना कुण्डा जनपद प्रतापगढ़ को थानाक्षेत्र कुण्डा के करेंटी बायपास के पास से गिरफ्तार किया गया ।

# बेल्हा शीतलहरी की चपेट में,कांपे लोग

**लोकमित्र ब्यूरो**



**प्रतापगढ़।** कश्मीर उत्तराखंड में हुई बर्फबारी ने फिज़ाओं को अपने रंग में ढाल दिया है। पश्चिमी हवाओ के झोंके,कोहरे व धुंध के बीच लोग कड़ाके की ठंड झेलने को मजबूर हैं। बेल्हा में गुरुवार को फिज़ाओं ने कश्मीर का अहसास कराया। लोग गर्म कपड़ों से लैस होकर घर के बाहर अलाव के सामने व घर के अंदर रजाई में दुबके रहे। वहीं बाजारों में संन्नाटा पसरा रहा। इससे शहर से लेकर गांव तक आम जनजीवन अस्त-व्यस्त रहा। बताते चलें कि बीते तीन दिनों से उत्तराखंड एवं कश्मीर में बदस्तूर बर्फबारी जारी है। इससे एकाएक मौसम ने करवट ले लिया है। पहले जहां लोग खिली धूप में सैर-सपाटा कर रहे थे वहीं अब फिज़ाओं का रंग बदल गया है। लोग पहले कोहरे का प्रकोप झेल रहे थे लेकिन अब शीतलहर की शुरुआत हो गई है। सुबह घने कोहरे के बीच पश्चिमी बयार बहना शुरू हुई तो ठंड ने रौद्र रूप धारण कर लिया। बात करें शहर की तो सुबह बाबागंज, भंगवा चुंगी, जोगापुर,सदर बाजार, घंटाघर, पंजाबी मार्केट, सब्जी मंडी आदि स्थानों पर पहले जैसी रंगत नहीं दिखी।

पूरे दिन सन्नाटा पसरा रहा। दुकानदार अलाव व हीटर के सहारे हाथ गर्म करते रहे।इधर मार्निंग वॉक के लिए निकलने वाले अधिकांश लोग ठंड को देखते ही घर लौट पड़े। गांवों मे भी कमोबेश यही हाल रहा। लोग घरों में अलाव के सहारे दिन बिताते रहे।शहर से लेकर गांव तक आम जनजीवन अस्त-व्यस्त रहा।

## भीषण ठंड से बचाव के लिए जरूरतमंदों के बीच वितरित किए कंबल

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।**अयोध्या धाम चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष संजय महिंद्रा ने बताया कि ठंड से बचाव के लिए कंबल वितरण कार्यक्रम 20 दिसंबर से लगातार चल रहा है। ट्रस्ट की टीम प्रतिदिन रात्रि में ट्रस्ट के महामंत्री प्रतीक वैश्य भज्जा के नेतृत्व में जरूरतमंदों तक कंबल पहुंचा रही है। अब तक अयोध्या और फैजाबाद शहर के 29 स्थानों पर कंबल वितरण किया जा चुका है, जिनमें राम की पैड़ी, राजघाट, नया घाट, अयोध्या बाईपास, अयोध्या बस स्टैंड, अयोध्या रेलवे स्टेशन, मोनी बाबा, चूड़ामणि चौराहा, रामपुर, रामपथके, खवासपुरा, देवकाली बाईपास, कचहरी, तहसील, अयोध्या कैंट रेलवे नाका, बाईपास, नवीन मंडी, आपका अस्पताल, फतेहगंज चौराहा प्रमुख रूप से शामिल हैं।

## सेवानिवृत्त खंड विकास अधिकारी का विदाई समारोह आयोजित




**प्रतापगढ़।** वर्ष 2024 के समापन के साथ ही कुछ लोग प्रशासनिक सेवा से भी सेवानिवृत्ति हो गए। जनपद के पट्टी विकास खंड के खंड विकास अधिकारी राम प्रसाद का 31दिसम्बर 2024 को सेवा काल समाप्त हो गया। इनका विदाई समारोह विकास भवन के दीन दयाल उपाध्याय सभागार में हर्षोल्लास से मनाया गया। आयोजन में विकास विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ अन्य कई विभाग के लोगों नें मलाओ एवं फूलों से लाद कर विदाई करते हुए उनमें अपने पन का एहसास दिलाते हुए आगे के सम्पूर्ण जीवन में हर्षित रहने के लिए शुभकामनायें दी। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी डॉ दिव्या मिश्रा, जिला विकास अधिकारी, दयाराम परियोजना निदेशक , अश्वनी उपायुक्त मनरेगा आदि मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने की जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति, आपरेशन कायाकल्प की समीक्षा बैठक

- विद्यालयों में मरम्मत कार्यों को 14 जनवरी तक पूर्ण करानें के निर्देश



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी की अध्यक्षता में उदयन सभागार में जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समितिध्आपरेशन कायाकल्प की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने ऑपरेशन कायाकल्प की समीक्षा के दौरान सभी ई0ओ0 एवं खण्ड शिक्षाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि 19 पैरामीटर के तहत प्राथमिक, कम्पोजिट एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में कराये जा रहें मरम्मत कार्यों का निरीक्षण करते हुए कार्यों को गुणवत्तापूर्ण एवं समयान्तर्गत पूर्ण करायें। उन्हांने खण्ड शिक्षाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने-अपने क्षेत्रों के विद्यालयां में आपरेशन कायाकल्प के तहत कराये जा रहें कार्यों का निरीक्षण कर एक सप्ताह के अन्दर रिपोर्ट आख्या प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि विद्यालयों हो रहें मरम्मत कार्यों को 14 जनवरी तक अवश्य पूर्ण करा लिया, जिससे विद्यालय खुलते ही सभी व्यवस्थायें सुनिश्चित हों सकें। उन्होंने मिड्डे-मील की समीक्षा के दौरान कहा कि एमडीएम में किसी भी ब्लॉक की उपस्थिति 75 प्रतिशत से कम नहीं होनी चाहिए। उन्होंने सभी खण्ड शिक्षाधिकारियों को निर्देशित किया कि विद्यालय के रजिस्टर को डिजिटल मेनटेन किया जाय, निरीक्षण के दौरान रजिस्टर डिजिटल मेनटेन न पाये जाने पर सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेंगी। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि कोई भी विद्यालय जर्जर अवस्था में न रहें, इसके साथ ही खण्ड विकास अधिकारी भी लगातार इसकी मॉनीटरिंग करते रहें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अजीत कुमार श्रीवास्तव, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 संजय कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक सच्चिदानन्द यादव, बेसिक शिक्षाधिकारी कमलेन्द्र कुमार कुशवाहा एवं डायट प्राचार्य सहित अन्य सम्बन्धित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# मंत्री ने कार्यकर्ताओं से 2027 विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटने का किया आह्वान

**लोकमित्र ब्यूरो**



**अयोध्या।** नए साल के मौके पर समाजवादी पार्टी (स्क्) की महानगर कमेटी अयोध्या ने पार्टी कार्यालय गुलाबबाड़ी में कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव ने की, जबकि संचालन महानगर महासचिव हामिद जाफर मीसम ने किया।मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन ने अपने संबोधन में सभी को नए साल की बधाई दी और कहा कि पार्टी और संगठन को नई ऊर्जा के साथ मजबूत करना होगा।

उन्होंने कार्यकर्ताओं से 2027 विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटने का आह्वान किया, साथ ही यह भी कहा कि जनता अब अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने के लिए तैयार है।महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव ने भी संकल्प लिया कि 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बने, इसके लिए बूथ स्तर पर काम करना होगा। ज़िला अध्यक्ष पारसनाथ यादव ने मिल्कीपुर चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी (ब्छ्क) पर हमला करते हुए कहा कि बीजेपी चुनाव नहीं करवा रही है, क्योंकि उन्हें हार का डर है।
प्रदेश महासचिव जय शंकर पांडे ने भी बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा कि जनता अब भारतीय जनता पार्टी से त्रस्त हो चुकी है और अखिलेश यादव के कार्यकाल की योजनाओं को याद कर रही है।

इस मौके पर पार्टी के तमाम वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## अयोध्या महोत्सव में बने 33 रक्तदानी

**अयोध्या।** फायवर लॉन चल रहे अयोध्या महोत्सव में अयोध्या महोत्सव न्यास व राम कृष्ण सेवा फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 33 युवाओं ने रक्तदान कर महादानी बनें। रक्तदान करने में अधिवक्ता, पत्रकार, पुलिस, शिक्षक व महिलाये भी शामिल रही। शिविर में अयोध्या जिले के अलावा गाजीपुर, बस्ती, बलिया व अम्बेडकर नगर के लोग भी शामिल रहे । यह शिविर जिलाचिकित्सालय के सहयोग से लगाया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित भाजपा के जिलाध्यक्ष संजीव कुमार सिंह ने रक्तदानियों को प्रमाणपत्र व मेमोंटो प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया और कहा कि रक्तदाता धरा के देवदूत हैं और रक्तदान सबसे पुनीत कार्य हैं। अयोध्या जिले के मरीजों के लिए राम कृष्ण सेवा फाउंडेशन किसी वरदान से कम नहीं हैं जो लगातार मरीजों को ब्लड मुहैया करा रही हैं।अयोध्या महोत्सव के आयोजक हरीश कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि रक्तदान शिविर भी अब अयोध्या महोत्सव का एक अंग बन चुका हैं। महोत्सव का उदेश्य अयोध्या की सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने के साथ साथ अब मरीजों को खून उपलब्ध कराने के लिए भी संकल्पित हैं। इसे अगले महोत्सव में और व्यापक स्तर से रक्तदान शिविर लगाया जायेगा।संस्था अध्यक्ष व ब्लड मैन के नाम से चर्चित आकाश गुप्त ने कहा कि एक बार रक्तदान करने से कम से कम तीन मरीजों की जान बचाया जा सकता हैं और नियमित रक्तदान करने से रक्तदाता हार्ट, बीपी, कैसर जैसे गंभीर बीमारियों सुरक्षित रहते हैं। अयोध्या महोत्सव समिति द्वारा रक्तदान के क्षेत्र में उत्कृट योगदान के लिए राम कृष्ण सेवा फाउंडेशन से जुड़े डॉ मनीष राय,विजय वर्मा, आरक्षी मो अहद, राम कुमार मौर्य,खुशबू शाही व माला रावत को प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। रक्तदान करने वालों में महोत्सव के संयोजक जनार्दन पाण्डेय, महासचिव आकाश अग्रवाल,अधिवक्ता श्वेता राज सिंह, ज्योत्सना श्रीवास्तव, पत्रकार अरविन्द गुप्ता,डॉ सुनील कुमार गुप्ता,अजीत सिंह यादव, राधेश्याम यादव, राजेश कुमार, शिव पूजन वर्मा, आश्चर्य दीपक गुप्त, अरुणेश वर्मा, वृजेश ओझा, राज कुमार वर्मा, धर्मवीर वर्मा, जलज वर्मा, लालता प्रसाद, प्रवेश कुमार, उमेश चंद शुक्ला, विनय सिंह कुशवाहा, प्रमोद कुमार राजन यादव, जुनैद अहमद, अभय वर्मा, आदर्श शुक्ला, कुशल दूबे, शशांक वर्मा, घनश्याम वर्मा,पुरेंद्र सिंह, रोहित पाल,सुधांशु उपाध्यय, श्रवण जायसवाल व अशोक मिश्र शामिल रहें। रक्तदान शिविर के समापन पर महोत्सव के महासचिव आकाश अग्रवाल व संचालक अरुण द्विवेदी रक्तदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

# नए वर्ष पर बड़ी संख्या में अयोध्या पहुंच रहे श्रद्धालु, गुप्त हरि गार्डन में लगा पर्यटकों का जमावड़ा



**अयोध्या।** नववर्ष पर पहली बार अयोध्या में ऐतिहासिक भीड़ उमड़ी। 8 से 10 लाख के बीच लोगों के पहुंचने का अनुमान लगाया जा रहा है। भारी संख्या में अयोध्या पहुंचे श्रद्धालुओं ने रामलला और हनुमान गढ़ी के दर्शन के साथ-साथ अन्य स्थलों का भी जमकर लुत्फ उठाया। इन सब में अयोध्या का गुप्त हरि गार्डन लोगों की पहली पसंद बनी रही।अयोध्या में भव्य मंदिर में रामलला के विराजमान होने के बाद पर्यटन की दिशा में तेजी से विस्तार हो रहा है। योगी सरकार ने पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए करोड़ों रुपये के प्रोजेक्ट पर काम कर रही है। इसके साथ ही कई स्थलों का जीर्णोद्धार भी कराया है। इसमें 2017 से पहले बदहाल रहा अयोध्या के कैंट स्थित गुप्त हरि गॉर्डन और दर्शन नगर का सूर्यकुंड भी शामिल है। जहां पर आज बड़ी संख्या सैलानी पहुंच रहे हैं। नए वर्ष पर रामलला के दो लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किये हैं। इतने ही श्रद्धालु हनुमानगढ़ी पर भी पहुंचे।

### गुप्त हरि गार्डन में पहुंचे 10 हजार से अधिक लोग

योगी सरकार की ओर से गुप्तारघाट का जीर्णोद्धार कराने के बाद इसका स्वरूप ही बदल गया है। नव वर्ष के पहले दिन यहां मेले जैसा माहौल रहा। 10 हजार से भी अधिक लोगों ने गुप्त हरि गार्डेन में लुत्फ उठाया। देर शाम तक यहां भीड़ बनी रही।

### सूर्यकुंड के फाउंटेन शो देखने पहुंचे सात हजार से अधिक लोग

दर्शननगर स्थित सूर्यकुंड पर सात हजार से भी अधिक लोग पहुंचे। शाम के समय चलने वाले फाउंटेन शो का लोगों ने लुत्फ उठाया। अयोध्या विकास प्राधिकरण के सचिव सत्येंद्र सिंह ने बताया कि गुप्त हरि गार्डन व सूर्यकुंड जैसे धार्मिक स्थलों का पर्यटन की दृष्टि से विस्तार किया गया है, ताकि राम मंदिर में दर्शन को पहुंचने वाले श्रद्धालु यहां आकर इन स्थलों की आभा भी निहार सकें।

### लोगों ने भूल-भुलैया का भी उठाया लुत्फ

हाल ही में राज्य स्मार्ट सिटी मिशन के अंतर्गत तैयार हुए मिरर इमेज भूल भुलैया का लोगों ने जमकर लुत्फ उठाया। अमानीगंज स्थित जलकल कार्यालय में बनी इस भूल भुलैया में शाम तक दो हजार से भी अधिक लोग पहुंचे। नगर आयुक्त संतोष शर्मा ने बताया कि भूल-भुलैया जैसे अन्य पर्यटन स्थलों को तैयार कराया जा रहा है।

## अग्नि सुरक्षा को लेकर महफूज नहीं अयोध्या महोत्सव

**अयोध्या।** नगर के राष्ट्रीय राजमार्ग अयोध्या- लखनऊ के किनारे अयोध्या नगर के कैंट थानाक्षेत्र में आयोजित अयोध्या महोत्सव आग के ढ़ेर पर बैठा है। अयोध्या महोत्सव अग्नि सुरक्षा मानकों के हिसाब पर खरा नहीं उतर रहा है। मेला किसी भी समय किसी बड़े अग्नि काण्ड का सबब बन सकता है। मेले के संचालक आंख बंद कर लोगों के जीवन से खिलवाड़ कर रहे हैं।
राजकीय पालीटेक्निक के सामनें संचालित अयोध्या महोत्सव अग्नि सुरक्षा मानकों के लिहाज से खरा नहीं है। मिली जानकारी के अनुसार मेला एक लान में आयोजित किया जा रहा है। जिसमें प्रवेश व निकास के लिए वैसे तो दो प्रवेश द्वार है, किन्तु एक द्वार हर समय बन्द रहता है। ऐसे में यदि आग लग जाय तो काफी जन हानि हो सकती है। इस प्रकार के बडे मेले में हर दुकान पर अग्नि शमन की सुरक्षा होनी चाहिए। एफएसओ कहते हैं कि मेले में फायर इन्स्टीग्यूसर होना चाहिए। उसे भी कोई पूछने वाला नहीं है। मेले में लगी लाइटों के नंगे तार किसी भी समय किसी बड़ी अनहोनी का सबक बन सकते हैं।

### बुधवार को फायर ब्रिगेड की सूझबूझ से टला बड़ा हादसा

बुधवार को मेला क्षेत्र में एक मोटर साइकिल में आग लग गई। देखते देखते अन्य मोटर साइकिलों की ओर भी आग बढ़ने लगी । फायर ब्रिगेड की गाडी ने तत्काल आग को काबू किया।

### क्या कहते हैं एफएसओ

एफएसओ प्रदीप कुमार पाण्डेय ने बताया कि अयोध्या महोत्सव को फायर से किसी प्रकार की एनओसी नहीं मिली है। अग्नि सुरक्षा मानकों को पूरा करने के लिए हिदायत दी गई थी। किन्तु उन्हें भी पूरा नहीं किया गया है। अग्नि शमन की ओर से एक फायर टेंडर मौके पर भेज दिया जाता है। जिससे किसी प्रकार अग्नि काण्ड के समय हादसे से बचा जा सके। उन्होंने बताया कि इतने बड़े मेले मे जहां अग्नि शमन को लेकर कोई सुविधा नहीं है वहां बच्चों व महिलाओं को भी ले जाना खतरे से खाली नहीं है।

### क्या कहतें हैं मेला प्रबंधन समिति के सदस्य

मेला प्रबंधन समिति के सदस्य जनार्दन पाण्डेय ने बताया कि फायर ब्रिगेड से एनओसी मिली है या नहीं मेरी जानकारी में नहीं है। बुधवार को ब्लड बैंक का वाहन अन्दर लाने के लिए दूसरा गेट खोला गया था। अब खुला है या बन्द है यह भी देखना पड़ेगा।

# महाकुंभ से सम्बन्धित तैयारियों की जिलाधिकारी ने की समीक्षा



लोकमित्र ब्यूरो

**मीरजापुर।** आगामी कुम्भ मेला के दौरान मीरजापुर के रास्ते प्रयागराज जाने वाले श्रद्धालुओ के लिए जगह-जगह बनाए जाने वाले होर्डिंग एरिया (रैन बसेरा), पार्किंग, शौचालय तथा मीरजापुर से विन्ध्याचल होते हुए प्रयागराज एवं लालगंज से विजयपुर होते हुए प्रयागराज व विंध्याचल आने जाने वाले यात्रियों के मार्गो का जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने अपर जिलाधिकारी वि.एवं रा. शिव प्रताप शुक्ल, अपर पुलिस अधीक्षक नक्सल ओम प्रकाश सिंह, नगर मजिस्ट्रेट लाल बहादुर सिंह, उप जिलाधिकारी सदर गुलाब चन्द्र व लालगंज आसाराम वर्मा सहित अन्य अधिकारियों के साथ विन्ध्याचल मन्दिर परिसर, विन्ध्याचल के आस पास पार्किंग एरिया, गंगा घाटो, रेलवे स्टेशन, रोडवेज, लालगंज विजयपुर रास्ते पर कुशियरा फाल आदि प्रमुख स्थलों पर यात्रियों के लिए शौचालय स्थल आदि का भ्रमण कर स्थलीय निरीक्षण किया तथा सम्बन्धित अधिकारियों को कार्य प्रारम्भ कराते हुए एक सप्ताह के अन्दर सभी तैयारियां पूर्ण कराने का निर्देश दिया।

विन्ध्याचल मन्दिर, पुराने वी.आई.पी. मार्ग, कातवाली मार्ग, पक्का घाट मार्ग व नए वी.आई.पी. मार्ग के निरीक्षण के अवसर पर जिलाधिकारी ने श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ यथावश्यक बैरिकेडिंग, मार्गो की सफाई, कारीडोर के प्रथम तल पर भी साफ सफाई, मरम्मत कार्य आदि समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने का निर्देश नगर मजिस्ट्रेट व अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को दिया। विन्ध्याचल में आने वाले यात्रियों के लिए पर्याप्त पार्किंग तथा उस पर उचित दर बोर्ड लगाने का भी निर्देश दिया गया। अष्टभुजा मन्दिर के नीचे की तरफ अकोढ़ी गांव के बगीचे में प्रयागराज जाने वाले यात्रियों के रुकने हेतु रैन बसेरा, उसके पास शौचालय, चेंजिंग रूम, पार्किंग हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने हेतु अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत, जिला पंचायज राज अधिकारी व प्रभारी कोतवाली विन्ध्याचल को दिया गया। इसी प्रकार महेश भट्टाचार्य इण्टर कालेज के पास पार्किंग व रूकने की व्यवस्था के भी निर्देश दिए गए। लालगंज से विजयपुर होते हुए गैपुरा तिराहे से प्रयागराज अथवा विन्ध्याचल जाने वाले यात्रियों के लिए एवं पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कुशियरा फाल पर रैन बसेरा, शौचालय, पार्किंग सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित कराने का निर्देश उप जिलाधिकारी व क्षेत्राधिकारी लालगंज को दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि उपरोक्त सभी स्थलों पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था तथा भोजन व नाश्ता, अलाव आदि के लिए अस्थायी दुकानों की भी व्यवस्था कराना सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रयागराज जाने वाले यात्रियों को कहीं रास्ते में रुकने की आवश्यकता पड़ती है तो उसके लिए बनाए जाने वाले रैन बसेरों पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित होनी चाहिए। सभी रैन बसेरों में पर्याप्त मात्रा में गद्दा रजाई/ कंबल आदि उपलब्ध रहें ताकि किसी को किसी प्रकार परेशानी न होने पाए। इस दौरान अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत, संयुक्त निदेशक उद्योग विरेन्द्र कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी संतोष कुमार श्रीवास्तव, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका मीरजापुर गोवा लाल सहित सभी सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

## 15 गोवंशों के साथ 2 तस्कर गिरफ्तार



**मीरजापुर।** अपर पुलिस अधीक्षक और क्षेत्राधिकारी के नेतृत्व में पशु तस्करी के विरुद्ध जारी अभियान के तहत राजगढ पुलिस ने तस्करी के लिए ले जाए जा रहे 15 गोवंशों के साथ 2 तस्करों को गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष महेंद्र पटेल को सूचना मिली कि ग्राम सेमरी जंगल से 2 गौ तस्कर धर्मू निवासी जंगल महाल गोवरदहा थाना अहरौरा और रवीन्द्र बिंद निवासी घटमापुर थाना चैनपुर जिला भभुआ बिहार वध के लिए 15 राशि गोवंशो को लेकर जा रहे हैं। सूचना पर पुलिस सक्रिय हुई और दोनों तस्करों को गिरफ्तार कर गोवंशों को बरामद कर लिया। थाना राजगढ़ में उक्त दोनों अभियुक्तों के खिलाफ गोवध निवारण अधिनियम व 11 पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर चालान भेज दिया।

## सरेराह युवक की हत्या, दो आरोपी गिरफ्तार



लोकमित्र ब्यूरो

**मीरजापुर।** घटना के सम्बन्ध में अपर पुलिस अधीक्षक ओ पी सिंह ने बताया कि बुधवार की रात्रि लगभग दस बजे थाना कोतवाली कटरा क्षेत्रांतर्गत हरना गली तुलसी चौक के पास दो पक्षों में मारपीट हो जाने के कारण एक व्यक्ति प्रियांशु ओझा पुत्र सुरेश चन्द्र ओझा (22) गम्भीर रूप से चोटहिल हो गया। परिवारीजनों द्वारा घायल युवक को अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने प्रियांशु की हालत गंभीर देख को ट्रामा सेन्टर वाराणसी के लिये रेफर कर दिया गया। रास्ते में प्रियांशु की मृत्यु हो गयी । सूचना पर पुलिस के उच्चाधिकारी व थाना कोतवाली कटरा पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और शव कब्जे में लेने के साथ ही तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर 2 अभियुक्तों को मौके से गिरफ्तार कर लिया। अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

मृतक को अपनी पार्टी का कार्यकर्ता बताते हुए सपा का एक प्रतिनिधिमंडल जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक को एक ज्ञापन दिया और प्रकरण में प्रभावी कार्रवाई करने की मांग की। सपाइयों ने प्रशासन को चेतावनी भी दी कि यदि मामले में ढिलाई बरती गयी तो उनकी पार्टी सड़क पर उतरने को बाध्य होगी।

# डीएम ने जलजीवन मिशन के कार्यों को शासन की मंशानुरुप कराने के दिए निर्देश

लोकमित्र ब्यूरो

**चित्रकूट** -जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा बैठक गुरुवार को कलेक्टरेट सभागार में जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें डीएम ने विकास कार्यों की प्रगति पर रोष व्यक्त करते हुए शासन की मंशानुरुप कार्य को गुणवत्तापूर्ण पूरा कराने के निर्देश दिए।समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने जनपद में चल रहे जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत तीन बड़ी परियोजनाओं सिलौटा, चांदी बांगर व रैपुरा के कार्यों की समीक्षा की। बैठक में जिलाधिकारी ने कार्यदाई संस्थाओं से रोष व्यक्त करते हुए कहा कि विकास कार्यों की प्रगति की स्थिति ठीक नहीं है। टीपीआई ने कहा कि साइड का निरीक्षण करने पर मैनपॉवर नहीं होने के कारण प्रगति ठीक नहीं है। जिलाधिकारी ने कार्यदाई संस्थाओं को निर्देशित किया कि मैन पावर बढ़ाकर कार्य समय से पूर्ण कराए। जिलाधिकारी ने कार्यदाई संस्थाओं पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि जिस स्थिति में पाइपलाइन बिछाते समय जो रोड कटिंग की गई थी, उस कार्य को पूर्ण कराए तथा इसमें किसी प्रकार की शिकायत नहीं आनी चाहिए। नियमित जलापूर्ति के संबंध में जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि जो कार्यदाई संस्थाओं द्वारा प्रगति दिखाई जा रही है, उसकी क्रास चेकिंग कर रिपोर्ट प्रेषित करें। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि जब ग्राम प्रधानों के साथ मीटिंग की जाएगी तो ग्राम प्रधान पूरे डाटा के साथ उपस्थित होने चाहिए। जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि जो वॉल ऑपरेटर एवं ओएसटी ऑपरेटर के लिए एग्रीमेंट किया गया है, उसी के अनुसार रखें एवं उनके नाम मोबाइल नंबर ग्राम पंचायत भी रजिस्टर्ड करें। उन्होंने अधिशासी अभियंता जल निगम को निर्देशित किया कि फील्ड में भ्रमणशील रहकर क्वालिटी एवं कार्यों की प्रगति का निरीक्षण करते रहें। रैपुरा परियोजना के संबंध में कहा कि जितनी पाइप लाइन अवशेष रह गई है, कार्य योजना बनाकर पूर्ण कराए। कहा कि यह भारत सरकार व उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण योजना है। जिससे जनपद में पानी की समस्या को हल किया जा सकता है। इसमें युद्ध स्तर पर गुणवत्तापूर्ण कार्य को पूर्ण कराएं।इस मौके पर अधिशासी अभियंता जल निगम आशीष कुमार भारती, अधिशासी अभियंता (विद्युत/यांत्रिक) जल निगम ग्रामीण सुमित कुमार, टीपीआई अभय नारायण दीक्षित सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## चित्रकारों ने तूलिका के जरिए बताया धर्म और कला का महत्व

**चित्रकूट-** जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय में चल रही चित्रकूट और प्रयाग महाकुंभ एक आध्यात्मिक यात्रा कार्यशाला में गुरुवार को चित्रकारों ने धर्म और कला के पारस्परिक सम्बम्ध पर चर्चा की। जिसमें हिस्ट्री ऑफ आर्ट की प्रोफेसर कनुप्रिया ने लोगों के अलग-अलग कला विषयक तथ्यों का वर्णन किया। वहीं छात्रों को कला संबंधी विषयों पर महत्वपूर्ण जानकारी दी। इसके साथ ही कलाकारों ने पूर्ण मनोयोग से कलाकृतियों का सृजन निरंतर जारी रखा। कार्यक्रम में डॉ अमित अग्निहोत्री, डॉ मनोज कुमार पांडेय, प्रशासनिक अधिकारी योगेंद्र, चित्रकला प्रभारी गुलब्धार आदि मौजूद रहे।

## अवैध शराब बरामद, तीन कारोबारी गिरफ्तार

**चित्रकूट ब्यूरो-** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्दशन में अवैध शराब के निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में चित्रकूट चित्रकूट ने तीन आरोपियों को 50 क्वार्टर व पांच लीटर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया।थाना राजापुर के उपनिरीक्षक कन्हैया बख्श सिंह व उनकी टीम आरक्षी चन्दन व शाकिर अली ने आरोपी पिन्टू निषाद निवासी बराछी थाना मऊ को 25 क्वार्टर देशी शराब के साथ, मानिकपुर थाना के उपनिरीक्षक कुँवर प्रखर सिंह व उनकी टीम आरक्षी अजीजउद्दीन व धीरेन्द्र ने आरोपी शंकरदयाल निवासी ग्राम कोटा कदैला थाना मानिकपुर को पांच लीटर देशी शराब के साथ तथा थाना रैपुरा के उपनिरीक्षक रविकान्त राय व उनकी टीम आरक्षी अंकित शुक्ला, अश्वनी मौर्या व शिवम मिश्रा ने आरोपी मुन्ना उर्फ पहलवान निवासी गड्डू का पुरवा मजरा बसिला थाना रैपुरा को 25 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।

# पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की डीएम ने की समीक्षा



लोकमित्र ब्यूरो

**चित्रकूट** - जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में गुरुवार को पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की समीक्षा बैठक कलेक्टरेट सभागार मे आयोजित की गई। जिसमें उन्होंने अधिकारियों को जनपद को दिए गए लक्ष्य की प्राप्ति के लिए अधिक से अधिक संख्या में सोलर पैनल लगवाने के निर्देश दिए।बैठक में जिलाधिकारी ने जनपद को आवन्टित 12000 घरों के लक्ष्य के सापेक्ष अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद चित्रकूट को 9900, अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत मऊ को 300, मानिकपुर को 300, राजापुर को 300, बेसिक शिक्षा अधिकारी को 1000 तथा जिला विद्यालय निरीक्षक को 200 घरों का लक्ष्य दिया गया था। जिसके विरूद्ध अभी तक कम लक्ष्य प्राप्ति पर जिलाधिकारी ने असन्तोष व्यक्त किया गया। उन्होंने अधीक्षण अभियंता को निर्देश दिया कि एसडीओ के माध्यम से उनके क्षेत्र में सोलर पैनल लगवाएं। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद व नगर पंचायत को भी निर्देशित किया कि वार्ड मेंबरों की मीटिंग करा कर सरकार द्वारा दिए जा रहे इस लाभ की जानकारी दे, जिससे इसका लाभ उठाया जा सकें। बताया कि इस लाभ के लिए लोन लेकर भी सोलर पावर का लाभ लिया जा सकता है। उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिया कि अध्यापकों को भी अपने घरों पर सोलर पैनल लगवाकर योजना का लाभ लेने के के लिए प्रेरित करें। जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि ग्राम प्रधानों को भी योजना के लाभ के बारे में बताएं। बताया कि खराब होने की स्थिति में इसे रिप्लेस भी किया जा सकता है। उन्होंने परियोजना अधिकारी नेडा को निर्देशित किया जनप्रतिनिधियों एवं व्यापारियों को भी अपने घरों में सोलर पैनल लगवाने के लिए प्ररित करें।इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, जिला पंचायतराज अधिकारी इंद्र नारायण सिंह, अधीक्षण अभियन्ता विद्युत ऐ के यादव, अधिशाषी अभियन्ता विद्युत कर्वी दीपक सिंह, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद कर्वी लालजी यादव सहित अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत मऊ, मानिकपुर आदि मौजूद रहे।

## विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए किया प्रेरित



**पहाड़ी, चित्रकूट-** छात्र-छात्राओं को अनुशासन में रहकर पढ़ाई में मेहनत करनी चाहिए। साथ ही राष्ट्रहित की भावना को सर्वोपरि रखते हुए लक्ष्य के प्रति आगे बढ़ना चाहिए। यह बात ब्लाक मुख्यालय पहाड़ी स्थित शांति देवी इंटर कॉलिज में गुरुवार को आयोजित गोष्ठी में भारतीय नौसेना के लेफ्टिनेंट कर्नल संदीप सिंह ने कही।विद्यालय के प्रबंधक सुनील कुमार सिंह के बुलावे पर आए लेफ्टिनेंट कर्नल संदीप सिंह ने छात्र-छात्राओं से सीधे संवाद करते हुए कहा कि सभी छात्र-छात्राओं का कार्य पढ़ना है। अतः सभी लोग पूरी लगन और निष्ठा से इस कार्य को करें। यदि मेहनत नही करोगे तो आगे चलकर किसी न किसी रूप में मेहनत करनी पड़ेगी, जो कष्टदायी होगी। आपके माता-पिता आपको पूर्ण सहयोग दे रहे हैं, लेकिन ये सुविधाएं आपको जीवन भर नही मिलेंगी। इसके बाद आपको स्वयं से सब कुछ करना पड़ेगा।

आप सभी के लिए पढ़ाई करने से आसान कुछ नही। सभी अपने लक्ष्य के अनुरूप मेहनत करके उसे हासिल करने का प्रयास करें। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य शिवबरन त्रिपाठी, प्रेरक मनोज त्रिपाठी सहित शिक्षक सहित विद्यार्थी आदि मौजूद रहे।

## विकासखंड नेवादा की खंड स्तरीय ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता शुरू



लोकमित्र ब्यूरो

**सराय अकिल, (कौशाम्बी)।** सराय अकिल क्षेत्र बेनीराम कटरा में विकासखंड नेवादा की खंड स्तरीय ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता शुरू हुई बृहस्पतिवार को आशा किरण पब्लिक स्कूल में आयोजित हुई इस प्रतियोगिता में उपस्थित इंस्पेक्टर श्री राम प्रवेश जी

और उनके साथ उनकी टीम के अन्य सदस्य पधारे इस स्कूल के प्रधानाचार्य श्री शेषनारायण जी उपस्थित थे क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी श्री अभिषेक ने बताया की दिनांक 7 और 8 को जिला स्तरीय प्रतियोगिता गिरजा स्टेडियम में आयोजित की जाएगी आज खेलकूद प्रतियोगिता में लॉन्ग जंप वॉलीबॉल कबड्डी और एथलेटिक्स में रस का आयोजन किया गया

कुछ अन्य प्रतियोगिताएं कल आयोजित की जाएगी जूनियर बालक वर्ग में तिल्हापुर विजेता उप विजेता सराय अकिल कबड्डी में जूनियर में गोपालपुर प्रथम रसूलपुर द्वितीय बालिका वर्ग में मल्हीपुर प्रथम फक़ीराबाद द्वितीय 100मी बालिका मे अंजली 200 मी बालिका वर्ग में करिश्मा प्रथम मेनका द्वितीय 1500 मीटर में अनु गौतम प्रथम मेनका द्वितीय लंबी कूद बालिका वर्ग में अंजलि प्रथम करिश्मा द्वितीय शॉट पुट बालिका वर्ग में काजल प्रथम साक्षी देवी द्वितीय लंबी कूद बालक वर्ग में हर्ष

तिवारी प्रथम लंबी कूद बालक वर्ग में जीशान प्रथम बिरेतेश द्वितीय कुलदीप तृतीय शॉट पुट बालक वर्ग में युवराज प्रथम मुकेश रोहित तृतीय इस कार्यक्रम में कोच में तनु अग्रहरि आकाश पाल और नमन और खेल संयोजक संदीप कुमार पांडे आदि उपस्थित रहें।

# ग्रामोदय में सांस्कृतिक राष्ट्रवाद विषय पर हुआ व्याख्यान



**चित्रकूट-** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय में सांस्कृतिक राष्ट्रवाद विषय पर लखनऊ विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग के प्राध्यापक डॉ. हेमेंद्र कुमार सिंह ने व्याख्यान प्रस्तुत किया। व्याखान में उन्होंने भारत में सांस्कृतिक राष्ट्वाद की आवश्यकता एवं इसके घटक पर विशेष प्रकाश डाला। व्याख्यान में कला संकाय के अधिष्ठाता प्रो नंदलाल मिश्रा का तथा प्रो वाईके सिंह ने विश्वविद्यालय द्वारा संचालित शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रमों की जानकारी दी। कला संकाय में आयोजित इस विशेष व्याख्यान में बीएड, एमएड, बीएलएड एवं आईटीईपी (बीए बीएड, बीएससी बीएड) के छात्र-छात्राओं एवं संकाय सदस्य डॉ श्याम सिंह गौर, डॉ आशा शर्मा, डॉ श्याम सिंह गौर, डॉ प्रमोद शुक्ल, डॉ नीलम सिंह परिहार, डॉ फौजिया बानो, शिव प्रकाश यादव, विपिन कुमार नामदेव आदि मौजूद रहे।

(फार्म न0 2 ए)

न्यायालय श्रीमान उप जिलाधिकारी द्वितीय महोदय सदर प्रतापगढ़

अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0

नाम फ्रीकेन कुपई बनाम सतई

बनाम

1. विजय बहादुर सुत सतई 2. दयाराम सुत दसई 3. आदित्य सुत अजय कुमार 4. रीता देवी पत्नी अजय कुमार 5. राम बहादुर सुत दसई निवासीगण अवनपुर टाउन एरिया कटरा मेदनीगंज पर0तह0 सदर जिला प्रतापगढ़

तारीख पेशी 05.01.2025

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 05.01.2025 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।

न्यायालय की आज्ञा से

मुन्सरिम

(फार्म न0 2 ए)

न्यायालय श्रीमान अपर सिविल जज (जू0डि0) कोर्ट सं0 29 महोदय प्रतापगढ़

नं0 मु0 379/2020

अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0

नाम फ्रीकेन राम अभिलाख बनाम दयाराम आदि

बनाम

1. रमेश यादव 2. उमेश यादव पुत्रगण सियाराम 3. कमलेश यादव नाबालिग पुत्र सियाराम संरक्षिका श्रीमती सावित्री यादव माता स्वयं 4. मनीषा यादव 5. निशा यादव पुत्रीगण सियाराम निवासीगण नचरौला पोस्ट मानापुर पर0तह0 पट्टी जिला प्रतापगढ़

तारीख पेशी 06.02.2025

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 06.02.2025 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।

न्यायालय की आज्ञा से

मुन्सरिम

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि यूपी 44 बीएम 7530 हीरो मोटर साइकिल एचएफ डीलक्स के वाहन स्वामी मेरे पति उमेश पुत्र विजयपाल निवासी कृमिश्र पुर थाना शिवगढ़ जिला सुल्तानपुर थे । दिनांक0 5 -07- 2 024 को मोटर कार दुर्घटना में मेरे पति उमेश की मृत्यु हो गई। उमेश के निधन के बाद प्रथम वैध उत्तराधिकारी उनकी पत्नी प्रथम पक्ष सुरेखा है ।सुरक्षा की दृष्टि से उक्त मोटर साइकिल थाना कोहंडौर जिला प्रतापगढ़ में खड़ी है।उक्त वाहन को अपने पक्ष में रिलीज कराने हेतु प्रथम पक्ष ने प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है ,यदि किसी को आपत्ति हो तो वह न्यायालय सिविल जज जू 0डी 0 कक्ष संख्या 23 जिला प्रतापगढ़ में सात दिन के अंदर आपत्ति पत्र प्रस्तुत कर सकता है।

सुरेखा

पत्नी स्व0 उमेश

पुत्री हौसिला प्रसाद निवासी ग्राम लखीपुर पोस्ट गौरा माफी थाना आसपुर देवसरा जिला प्रतापगढ़।

# चोरी की बाइक बरामद, आरोपी गिरफ्तार

**चित्रकूट ब्यूरो-** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए की जा रही कार्यवाही के क्रम में थाना रैपुरा पुलिस टीम ने चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए एक चोर को चोरी की मोटरसाइकिल, मोबाइल फोन व तमंचा-कारतूस के साथ गिरफ्तार किया।रैपुरा थाना प्रभारी श्याम प्रताप पटेल ने बताया कि थाने के उपनिरीक्षक रामप्रीत सिंह व उनकी टीम उपनिरीक्षक जुबैर खाँ, आरक्षी अंकित शुक्ला व पवन यादव ने द्वारा आगामी महाकुंभ के दृष्टिगत की जा रही संदिग्ध वाहन चेकिंग के दौरान अरवारा मोड़ के पास एक व्यक्ति की चेकिंग की गई। जिसने अपना नाम सुरेश चन्द्र उर्फ सोनू निवासी रामाकोल थाना रैपुरा बताया। चेकिंग के दौरान आरोपी व्यक्ति से तमंचा-कारतूस व एक मोबाइल फोन बरामद किया गया। साथ ही मोटर साइकिल के भी कागज न मिलने पर जांच की गई तो मोटरसाइकिल किसी अन्य वाहन स्वामी के नाम रजिस्टर थी। जांच करने पर पता चला कि यह बाइक बीती 23 नवम्बर को कालूपुर कर्वी से चोरी की गई थी।

जिसके सम्बन्ध में कोतवाली कर्वी पर अभियोग भी पंजीकृत है। इस सम्बन्ध में पूंछतांछ करने पर आरोपी ने बताया कि वह अपने साथी राजा उर्फ जागेश्वर व शिवम पटेल उर्फ शुभम पटेल उर्फ शिब्बू के साथ मिलकर कालूपुर में इस बाइक की चोरी की थी। इस पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

## दिव्यांगों के मैच में बिहार ने हरियाणा को 60 रन से हराया

**चित्रकूट ब्यूरो-** नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जन्म स्मृति पर आयोजित अखिल भारतीय क्रिकेट टूर्नामेंट के 22वें सुभाष चैलेंज कप 2024-25 द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय दिव्यांग क्रिकेट के 6वें वर्ष का फाइनल मैच बिहार और हरियाणा के बीच खेला गया। जिसमें बिहार की टीम ने हरियाणा की टीम को 60 रन से हरा दिया।मैच में टॉस जीतकर बिहार ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए बिहार की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 182 रन बनाए। जिसमें राजीव के 63 और बाबूलाल के 45 रन शामिल रहे। हरियाणा के गेंदबाज वीरेंद और अजिज एक-एक लिए। 183 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी हरियाणा की टीम 18.5 ओवर में 10 विकेट खो 122 रन ही बना सकी। जिसमें अनिल के 40 और वशीम के 16 रन शामिल रहे। बिहार के गेंदबाज अजेश ने तीन और सलमान ने दो विकेट लिए। बिहार ने इस मुकाबले को 60 रन से अपने नाम कर लिया। मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बिहार के राजीव को चुना गया। फाइनल मैच की विजेता बिहार की टीम को 20,000 रुपए और उपविजेता हरियाणा की टीम को 15,000 रुपए धनराशि का नगद पुरस्कार दिया गया।

मनराजी मुन्नर राम स्नातकोत्तर महाविद्यालय
मझौली पट्टी प्रतापगढ
आवश्यकता है
स्ववित्तपोषित योजनांतर्गत मनराजी मुन्नर राम स्नातकोत्तर महाविद्यालय मझौली पट्टी प्रतापगढ़, संबद्ध प्रोफेसर राजेंद्र सिंह रज्जू भय्या विश्वविद्यालय प्रयागराज में प्राचार्य एक पद, स्नातक स्तर पर कला संकाय के अंतर्गत हिंदी एक पद, अंग्रेजी एक पद, प्राचीन इतिहास एक पद, राजनीति विज्ञान एक पद, समाजशास्त्र एक पद, अर्थशास्त्र एक पद, संस्कृत एक पद, भूगोल एक पद तथा गृह विज्ञान एक पद तथा स्नातक विज्ञान संकाय में गणित एक पद, भौतिक विज्ञान एक पद, रसायन विज्ञान एक पद, जंतु विज्ञान एक पद तथा वनस्पति विज्ञान एक पद एवं परास्नातक कला संकाय में प्राचीन इतिहास दो पद, राजनीति विज्ञान दो पद एवं हिंदी साहित्य दो पद योग्यता यूजीसी के अनुसार नेट/पीएचडी वेतनमान स्ववित्तपोषित योजनांतर्गत राज्य सरकार द्वारा निर्धारित वेतनमान देय होगा। इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन तिथि के 15 दिन के अंदर समस्त प्रमाण पत्रों की छाया प्रति स्वप्रमाणित तीन फोटो संलग्न कर डाक द्वारा भेजें।
प्रबंधक
सुनील कुमार यादव
9415732130

9452526750, 9839665450,8565970115
दैनिक लोकमित्र
121, विवेक नगर प्रतापगढ़
सम्मन प्रकाशन दर 1000 रू0 एक नाम तक अतिरिक्त प्रति व्यक्ति 10.00 रूपया पैनल विज्ञापन 5 से.मी. प्रति कालम 500/–प्रतिमाह
प्रथम पृष्ठ पर 100% अतिरिक्त
E-mail-lokmitra2005@gmail.com
प्रकाशक,मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्रणालय, विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित एवं लोकमित्र कार्यालय पल्टन बाजार प्रतापगढ़ से प्रकाशित
8738029050 सम्पादकः संतोष भगवन

# महाकुंभ से सम्बन्धित तैयारियों की जिलाधिकारी ने की समीक्षा



**लोकमित्र ब्यूरो**

**मीरजापुर।** आगामी कुम्भ मेला के दौरान मीरजापुर के रास्ते प्रयागराज जाने वाले श्रद्धालुओ के लिए जगह-जगह बनाए जाने वाले होर्डिंग एरिया (रैन बसेरा), पार्किंग, शौचालय तथा मीरजापुर से विन्ध्याचल होते हुए प्रयागराज एवं लालगंज से विजयपुर होते हुए प्रयागराज व विंध्याचल आने जाने वाले यात्रियों के मार्गो का जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने अपर जिलाधिकारी वि.एवं रा. शिव प्रताप शुक्ल, अपर पुलिस अधीक्षक नक्सल ओम प्रकाश सिंह, नगर मजिस्ट्रेट लाल बहादुर सिंह, उप जिलाधिकारी सदर गुलाब चन्द्र व लालगंज आसाराम वर्मा सहित अन्य अधिकारियों के साथ विन्ध्याचल मन्दिर परिसर, विन्ध्याचल के आस पास पार्किंग एरिया, गंगा घाटो, रेलवे स्टेशन, रोडवेज, लालगंज विजयपुर रास्ते पर कुशियरा फाल आदि प्रमुख स्थलों पर यात्रियों के लिए शौचालय स्थल आदि का भ्रमण कर स्थलीय निरीक्षण किया तथा सम्बन्धित अधिकारियों को कार्य प्रारम्भ कराते हुए एक सप्ताह के अन्दर सभी तैयारियां पूर्ण कराने का निर्देश दिया।

विन्ध्याचल मन्दिर, पुराने वी.आई.पी. मार्ग, कातवाली मार्ग, पक्का घाट मार्ग व नए वी.आई.पी. मार्ग के निरीक्षण के अवसर पर जिलाधिकारी ने श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ यथावश्यक बैरिकेडिंग, मार्गो की सफाई, कारीडोर के प्रथम तल पर भी साफ सफाई, मरम्मत कार्य आदि समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने का निर्देश नगर मजिस्ट्रेट व अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को दिया। विन्ध्याचल में आने वाले यात्रियों के लिए पर्याप्त पार्किंग तथा उस पर उचित दर बोर्ड लगाने का भी निर्देश दिया गया। अष्टभुजा मन्दिर के नीचे की तरफ अकोढ़ी गांव के बगीचे में प्रयागराज जाने वाले यात्रियों के रुकने हेतु रैन बसेरा, उसके पास शौचालय, चेंजिंग रूम, पार्किंग हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने हेतु अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत, जिला पंचायज राज अधिकारी व प्रभारी कोतवाली विन्ध्याचल को दिया गया। इसी प्रकार महेश भट्टाचार्य इण्टर कालेज के पास पार्किंग व रूकने की व्यवस्था के भी निर्देश दिए गए। लालगंज से विजयपुर होते हुए गैपुरा तिराहे से प्रयागराज अथवा विन्ध्याचल जाने वाले यात्रियों के लिए एवं पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कुशियरा फाल पर रैन बसेरा, शौचालय, पार्किंग सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित कराने का निर्देश उप जिलाधिकारी व क्षेत्राधिकारी लालगंज को दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि उपरोक्त सभी स्थलों पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था तथा भोजन व नाश्ता, अलाव आदि के लिए अस्थायी दुकानों की भी व्यवस्था कराना सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रयागराज जाने वाले यात्रियों को कहीं रास्ते में रुकने की आवश्यकता पड़ती है तो उसके लिए बनाए जाने वाले रैन बसेरों पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित होनी चाहिए। सभी रैन बसेरों में पर्याप्त मात्रा में गद्दा रजाई/ कंबल आदि उपलब्ध रहें ताकि किसी को किसी प्रकार परेशानी न होने पाए। इस दौरान अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत, संयुक्त निदेशक उद्योग विरेन्द्र कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी संतोष कुमार श्रीवास्तव, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका मीरजापुर गोवा लाल सहित सभी सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

## 15 गोवंशों के साथ 2 तस्कर गिरफ्तार



**मीरजापुर।** अपर पुलिस अधीक्षक और क्षेत्राधिकारी के नेतृत्व में पशु तस्करी के विरुद्ध जारी अभियान के तहत राजगढ पुलिस ने तस्करी के लिए ले जाए जा रहे 15 गोवंशों के साथ 2 तस्करों को गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष महेंद्र पटेल को सूचना मिली कि ग्राम सेमरी जंगल से 2 गौ तस्कर धर्मू निवासी जंगल महाल गोवरदहा थाना अहरौरा और रवीन्द्र बिंद निवासी घटमापुर थाना चैनपुर जिला भभुआ बिहार वध के लिए 15 राशि गोवंशो को लेकर जा रहे हैं। सूचना पर पुलिस सक्रिय हुई और दोनों तस्करों को गिरफ्तार कर गोवंशों को बरामद कर लिया। थाना राजगढ़ में उक्त दोनों अभियुक्तों के खिलाफ गोवध निवारण अधिनियम व 11 पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर चालान भेज दिया।

## सरेराह युवक की हत्या, दो आरोपी गिरफ्तार



**लोकमित्र ब्यूरो**

**मीरजापुर।** घटना के सम्बन्ध में अपर पुलिस अधीक्षक ओ पी सिंह ने बताया कि बुधवार की रात्रि लगभग दस बजे थाना कोतवाली कटरा क्षेत्रांतर्गत हरना गली तुलसी चौक के पास दो पक्षों में मारपीट हो जाने के कारण एक व्यक्ति प्रियांशु ओझा पुत्र सुरेश चन्द्र ओझा (22) गम्भीर रूप से चोटहिल हो गया। परिवारीजनों द्वारा घायल युवक को अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने प्रियांशु की हालत गंभीर देख को ट्रामा सेन्टर वाराणसी के लिये रेफर कर दिया गया। रास्ते में प्रियांशु की मृत्यु हो गयी । सूचना पर पुलिस के उच्चाधिकारी व थाना कोतवाली कटरा पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और शव कब्जे में लेने के साथ ही तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर 2 अभियुक्तों को मौके से गिरफ्तार कर लिया। अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

मृतक को अपनी पार्टी का कार्यकर्ता बताते हुए सपा का एक प्रतिनिधिमंडल जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक को एक ज्ञापन दिया और प्रकरण में प्रभावी कार्रवाई करने की मांग की। सपाइयों ने प्रशासन को चेतावनी भी दी कि यदि मामले में ढिलाई बरती गयी तो उनकी पार्टी सड़क पर उतरने को बाध्य होगी।

# डीएम ने जलजीवन मिशन के कार्यों को शासन की मंशानुरुप कराने के दिए निर्देश

**लोकमित्र ब्यूरो**

**चित्रकूट** -जल जीवन मिशन के कार्यो की समीक्षा बैठक गुरुवार को कलेक्टरेट सभागार में जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें डीएम ने विकास कार्यो की प्रगति पर रोष व्यक्त करते हुए शासन की मंशानुरूप कार्य को गुणवत्तापूर्ण पूरा कराने के निर्देश दिए।समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने जनपद में चल रहे जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत तीन बड़ी परियोजनाओं सिलौटा, चांदी बांगर व रैपुरा के कार्यो की समीक्षा की। बैठक में जिलाधिकारी ने कार्यदाई संस्थाओं से रोष व्यक्त करते हुए कहा कि विकास कार्यो की प्रगति की स्थिति ठीक नहीं है। टीपीआई ने कहा कि साइड का निरीक्षण करने पर मैनपॉवर नहीं होने के कारण प्रगति ठीक नहीं है। जिलाधिकारी ने कार्यदाई संस्थाओं को निर्देशित किया कि मैन पावर बढ़ाकर कार्य समय से पूर्ण कराए। जिलाधिकारी ने कार्यदाई संस्थाओं पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि जिस स्थिति में पाइपलाइन बिछाते समय जो रोड कटिंग की गई थी, उस कार्य को पूर्ण कराए तथा इसमें किसी प्रकार की शिकायत नहीं आनी चाहिए। नियमित जलापूर्ति के संबंध में जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि जो कार्यदाई संस्थाओं द्वारा प्रगति दिखाई जा रही है, उसकी क्रास चेकिंग कर रिपोर्ट प्रेषित करें। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि जब ग्राम प्रधानों के साथ मीटिंग की जाएगी तो ग्राम प्रधान पूरे डाटा के साथ उपस्थित होने चाहिए। जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि जो वॉल ऑपरेटर एवं ओएसटी ऑपरेटर के लिए एग्रीमेंट किया गया है, उसी के अनुसार रखें एवं उनके नाम मोबाइल नंबर ग्राम पंचायत भी रजिस्टर्ड करें। उन्होंने अधिशासी अभियंता जल निगम को निर्देशित किया कि फील्ड में भ्रमणशील रहकर क्वालिटी एवं कार्यों की प्रगति का निरीक्षण करते रहें। रैपुरा परियोजना के संबंध में कहा कि जितनी पाइप लाइन अवशेष रह गई है, कार्य योजना बनाकर पूर्ण कराए। कहा कि यह भारत सरकार व उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण योजना है। जिससे जनपद में पानी की समस्या को हल किया जा सकता है। इसमें युद्ध स्तर पर गुणवत्तापूर्ण कार्य को पूर्ण कराएं।इस मौके पर अधिशासी अभियंता जल निगम आशीष कुमार भारती, अधिशासी अभियंता (विद्युत/यांत्रिक) जल निगम ग्रामीण सुमित कुमार, टीपीआई अभय नारायण दीक्षित सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## चित्रकारों ने तूलिका के जरिए बताया धर्म और कला का महत्व

**चित्रकूट-** जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय में चल रही चित्रकूट और प्रयाग महाकुंभ एक आध्यात्मिक यात्रा कार्यशाला में गुरुवार को चित्रकारों ने धर्म और कला के पारस्परिक सम्बम्ध पर चर्चा की। जिसमें हिस्ट्री ऑफ आर्ट की प्रोफेसर कनुप्रिया ने लोगों के अलग-अलग कला विषयक तथ्यों का वर्णन किया। वहीं छात्रों को कला संबंधी विषयों पर महत्वपूर्ण जानकारी दी। इसके साथ ही कलाकारों ने पूर्ण मनोयोग से कलाकृतियों का सृजन निरंतर जारी रखा। कार्यक्रम में डॉ अमित अग्निहोत्री, डॉ मनोज कुमार पांडेय, प्रशासनिक अधिकारी योगेंद्र, चित्रकला प्रभारी गुलब्धार आदि मौजूद रहे।

## अवैध शराब बरामद, तीन कारोबारी गिरफ्तार

**चित्रकूट ब्यूरो-** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्दशन में अवैध शराब के निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में चित्रकूट चित्रकूट ने तीन आरोपियों को 50 क्वार्टर व पांच लीटर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया।थाना राजापुर के उपनिरीक्षक कन्हैया बख्श सिंह व उनकी टीम आरक्षी चन्दन व शाकिर अली ने आरोपी पिन्टू निषाद निवासी बराछी थाना मऊ को 25 क्वार्टर देशी शराब के साथ, मानिकपुर थाना के उपनिरीक्षक कुँवर प्रखर सिंह व उनकी टीम आरक्षी अजीजउद्दीन व धीरेन्द्र ने आरोपी शंकरदयाल निवासी ग्राम कोटा कदैला थाना मानिकपुर को पांच लीटर देशी शराब के साथ तथा थाना रैपुरा के उपनिरीक्षक रविकान्त राय व उनकी टीम आरक्षी अंकित शुक्ला, अश्वनी मौर्या व शिवम मिश्रा ने आरोपी मुन्ना उर्फ पहलवान निवासी गड्डू का पुरवा मजरा बसिला थाना रैपुरा को 25 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।

# पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की डीएम ने की समीक्षा



**लोकमित्र ब्यूरो**

**चित्रकूट** - जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में गुरुवार को पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की समीक्षा बैठक कलेक्टरेट सभागार मे आयोजित की गई। जिसमें उन्होंने अधिकारियों को जनपद को दिए गए लक्ष्य की प्राप्ति के लिए अधिक से अधिक संख्या में सोलर पैनल लगवाने के निर्देश दिए।बैठक में जिलाधिकारी ने जनपद को आवन्टित 12000 घरों के लक्ष्य के सापेक्ष अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद चित्रकूट को 9900, अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत मऊ को 300, मानिकपुर को 300, राजापुर को 300, बेसिक शिक्षा अधिकारी को 1000 तथा जिला विद्यालय निरीक्षक को 200 घरों का लक्ष्य दिया गया था। जिसके विरूद्ध अभी तक कम लक्ष्य प्राप्ति पर जिलाधिकारी ने असन्तोष व्यक्त किया गया। उन्होंने अधीक्षण अभियंता को निर्देश दिया कि एसडीओ के माध्यम से उनके क्षेत्र में सोलर पैनल लगवाएं। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद व नगर पंचायत को भी निर्देशित किया कि वार्ड मेंबरों की मीटिंग करा कर सरकार द्वारा दिए जा रहे इस लाभ की जानकारी दे, जिससे इसका लाभ उठाया जा सकें। बताया कि इस लाभ के लिए लोन लेकर भी सोलर पावर का लाभ लिया जा सकता है। उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिया कि अध्यापकों को भी अपने घरों पर सोलर पैनल लगवाकर योजना का लाभ लेने के के लिए प्रेरित करें। जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि ग्राम प्रधानों को भी योजना के लाभ के बारे में बताएं। बताया कि खराब होने की स्थिति में इसे रिप्लेस भी किया जा सकता है। उन्होंने परियोजना अधिकारी नेडा को निर्देशित किया जनप्रतिनिधियों एवं व्यापारियों को भी अपने घरों में सोलर पैनल लगवाने के लिए प्ररित करें।इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, जिला पंचायतराज अधिकारी इंद्र नारायण सिंह, अधीक्षण अभियन्ता विद्युत ऐ के यादव, अधिशाषी अभियन्ता विद्युत कर्वी दीपक सिंह, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद कर्वी लालजी यादव सहित अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत मऊ, मानिकपुर आदि मौजूद रहे।


## कार्यालय प्रभारी चिकित्साधिकारी आयुष्मान आरोग्य मन्दिर

नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, श्यामा प्रसाद मुखर्जीनगर सईगंज भरवारी, कौशाम्बी

पत्रांक : प्र0चि0अ0/आशा/चयन/2024–25/92 दिनांक 02.01.2025

### राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत शहरी आशा के चयन हेतु विज्ञापन

राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत "शहरी आशा" (Urban Accredited Social Health Activist) के चयन हेतु नगर पालिका परिषद भरवारी के निम्नलिखित वार्ड/मुहल्लों में स्थायी निवास करने वाली महिलाओं से आवेदन विज्ञापन जारी होने की तिथि से दिनांक 10 जनवरी 2025 तक आमंत्रित किये जाते है। आवेदन का प्रारूप क्षेत्र की ए0एन0एम0 व नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र श्यामा प्रसाद मुखर्जी नगर भरवारी कौशाम्बी से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त किया जा सकता है तथा आवेदन पत्र पूर्ण रूप से भरकर तथा निवास प्रमाण पत्र एवं समस्त शैक्षणिक प्रमाणपत्र की स्वप्रमाणित छाया प्रति को संलग्न करते हुये दिनांक 10 जनवरी 2025 सायं 5 बजे तक आयुष्मान आरोग्य मंदिर नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र श्यामा प्रसाद मुखर्जी नगर सईगंज भरवारी कौशाम्बी में पंजीकृत डाक से या स्वयं प्राप्त कराया जा सकता है। अधिक जानकारी के लिए श्री संदीप सिंह (फार्मासिस्ट) 8738004091 दूरभाष नम्बर पर संपर्क किया जा सकता है।

| क्र0 सं0 | मोहल्ले का नाम | शहरी आशा की संख्या | आशा हेतु निर्धारित योग्यता |
|---|---|---|---|
| 1 | गॉधीनगर | 2 | 1) आशा को सम्बन्धित वार्ड की स्थानीय निवासी होना आवश्यक है। (2) उम्र 20 से 45 वर्ष के बीच हो। (3) न्यूनतम 10वीं उत्तीर्ण हो तथा इण्टर, उच्च शिक्षित होने पर अतिरिक्त अंक निर्धारित हैं। (हाई स्कूल उत्तीर्ण अभ्यर्थी न मिलने की दशा में 8वीं उत्तीर्ण का चयन कर लिया जाएगा) |
| 2 | मौलाना आजाद नगर | 1 | |
| 3 | नया नगर | 1 | |
| 4 | नेता नगर | 1 | |
| 5 | किदवई नगर | 1 | |
| 6 | रामनगर | 1 | |
| 7 | धनवंती नगर | 2 | |
| 8 | मेहता नगर | 1 | |
| 9 | शाहगंज | 1 | |
| 10 | गौरा | 1 | |
| 11 | इंदिरा नगर | 1 | |
| 12 | नेहरू नगर | 1 | |

नोटः– अपूर्ण/गलत फार्म स्वीकार नहीं किये जायेंगे। दस्तावेजों की स्वप्रमाणित प्रति के बिना व दिनांक 10 जनवरी 2024 के बाद प्राप्त आवेदन–पत्र पर विचार नहीं किया जाएगा। दिनांक 15.01.2025को नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में साक्षात्कार प्रातः 10 बजे से आयोजित किया जाएगा।

डा0 प्रितीश शर्मा
प्रभारी चिकित्साधिकारी
आयुष्मान आरोग्य मंदिर
नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र,
श्यामा प्रसाद मुखर्जी नगर सईगंज भरवारी कौशाम्बी


## विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए किया प्रेरित



**पहाड़ी, चित्रकूट-** छात्र-छात्राओं को अनुशासन में रहकर पढ़ाई में मेहनत करनी चाहिए। साथ ही राष्ट्रहित की भावना को सर्वोपरि रखते हुए लक्ष्य के प्रति आगे बढ़ना चाहिए। यह बात ब्लाक मुख्यालय पहाड़ी स्थित शांति देवी इंटर कॉलिज में गुरुवार को आयोजित गोष्ठी में भारतीय नौसेना के लेफ्टिनेंट कर्नल संदीप सिंह ने कही।विद्यालय के प्रबंधक सुनील कुमार सिंह के बुलावे पर आए लेफ्टिनेंट कर्नल संदीप सिंह ने छात्र-छात्राओं से सीधे संवाद करते हुए कहा कि सभी छात्र-छात्राओं का कार्य पढ़ना है। अतः सभी लोग पूरी लगन और निष्ठा से इस कार्य को करें। यदि मेहनत नही करोगे तो आगे चलकर किसी न किसी रूप में मेहनत करनी पड़ेगी, जो कष्टदायी होगी। आपके माता-पिता आपको पूर्ण सहयोग दे रहे हैं, लेकिन ये सुविधाएं आपको जीवन भर नही मिलेंगी। इसके बाद आपको स्वयं से सब कुछ करना पड़ेगा।

आप सभी के लिए पढ़ाई करने से आसान कुछ नही। सभी अपने लक्ष्य के अनुरूप मेहनत करके उसे हासिल करने का प्रयास करें। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य शिवबरन त्रिपाठी, प्रेरक मनोज त्रिपाठी सहित शिक्षक सहित विद्यार्थी आदि मौजूद रहे।

## विकासखंड नेवादा की खंड स्तरीय ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता शुरू



**लोकमित्र ब्यूरो**

**सराय अकिल, (कौशाम्बी)।** सराय अकिल क्षेत्र बेनीराम कटरा में विकासखंड नेवादा की खंड स्तरीय ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता शुरू हुई बृहस्पतिवार को आशा किरण पब्लिक स्कूल में आयोजित हुई इस प्रतियोगिता में उपस्थित इंस्पेक्टर श्री राम प्रवेश जी

और उनके साथ उनकी टीम के अन्य सदस्य पधारे इस स्कूल के प्रधानाचार्य श्री शेषनारायण जी उपस्थित थे क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी श्री अभिषेक ने बताया की दिनांक 7 और 8 को जिला स्तरीय प्रतियोगिता गिरजा स्टेडियम में आयोजित की जाएगी आज खेलकूद प्रतियोगिता में लॉन्ग जंप वॉलीबॉल कबड्डी और एथलेटिक्स में रस का आयोजन किया गया

कुछ अन्य प्रतियोगिताएं कल आयोजित की जाएगी जूनियर बालक वर्ग में तिल्हापुर विजेता उप विजेता सराय अकिल कबड्डी में जूनियर में गोपालपुर प्रथम रसूलपुर द्वितीय बालिका वर्ग में मल्हीपुर प्रथम फक्रीराबाद द्वितीय 100मी बालिका मे अंजली 200 मी बालिका वर्ग में करिश्मा प्रथम मेनका द्वितीय 1500 मीटर में अनु गौतम प्रथम मेनका द्वितीय लंबी कूद बालिका वर्ग में अंजलि प्रथम करिश्मा द्वितीय शॉट पुट बालिका वर्ग में काजल प्रथम साक्षी देवी द्वितीय लंबी कूद बालक वर्ग में हर्ष तिवारी प्रथम लंबी कूद बालक वर्ग में जीशान प्रथम बिरेतेश द्वितीय कुलदीप तृतीय शॉट पुट बालक वर्ग में युवराज प्रथम मुकेश रोहित तृतीय इस कार्यक्रम में कोच में तनु अग्रहरि आकाश पाल और नमन और खेल संयोजक संदीप कुमार पांडे आदि उपस्थित रहें।

# चोरी की बाइक बरामद, आरोपी गिरफ्तार

**चित्रकूट ब्यूरो-** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए की जा रही कार्यवाही के क्रम में थाना रैपुरा पुलिस टीम ने चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए एक चोर को चोरी की मोटरसाइकिल, मोबाइल फोन व तमंचा-कारतूस के साथ गिरफ्तार किया।रैपुरा थाना प्रभारी श्याम प्रताप पटेल ने बताया कि थाने के उपनिरीक्षक रामप्रीत सिंह व उनकी टीम उपनिरीक्षक जुबैर खाँ, आरक्षी अंकित शुक्ला व पवन यादव ने द्वारा आगामी महाकुंभ के दृष्टिगत की जा रही संदिग्ध वाहन चेकिंग के दौरान अरवारा मोड़ के पास एक व्यक्ति की चेकिंग की गई। जिसने अपना नाम सुरेश चन्द्र उर्फ सोनू निवासी रामाकोल थाना रैपुरा बताया। चेकिंग के दौरान आरोपी व्यक्ति से तमंचा-कारतूस व एक मोबाइल फोन बरामद किया गया। साथ ही मोटर साइकिल के भी कागज न मिलने पर जांच की गई तो मोटरसाइकिल किसी अन्य वाहन स्वामी के नाम रजिस्टर थी। जांच करने पर पता चला कि यह बाइक बीती 23 नवम्बर को कालूपुर कर्वी से चोरी की गई थी।

जिसके सम्बन्ध में कोतवाली कर्वी पर अभियोग भी पंजीकृत है। इस सम्बन्ध में पूछतांछ करने पर आरोपी ने बताया कि वह अपने साथी राजा उर्फ जागेश्वर व शिवम पटेल उर्फ शुभम पटेल उर्फ शिब्बू के साथ मिलकर कालूपुर में इस बाइक की चोरी की थी। इस पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

## दिव्यांगों के मैच में बिहार ने हरियाणा को 60 रन से हराया

**चित्रकूट ब्यूरो-** नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जन्म स्मृति पर आयोजित अखिल भारतीय क्रिकेट टूर्नामेंट के 22वें सुभाष चैलेंज कप 2024-25 द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय दिव्यांग क्रिकेट के 6वें वर्ष का फाइनल मैच बिहार और हरियाणा के बीच खेला गया। जिसमें बिहार की टीम ने हरियाणा की टीम को 60 रन से हरा दिया।मैच में टॉस जीतकर बिहार ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए बिहार की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 182 रन बनाए। जिसमें राजीव के 63 और बाबूलाल के 45 रन शामिल रहे। हरियाणा के गेंदबाज वीरेंद और अजिज एक-एक लिए। 183 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी हरियाणा की टीम 18.5 ओवर में 10 विकेट खो 122 रन ही बना सकी। जिसमें अनिल के 40 और वशीम के 16 रन शामिल रहे। बिहार के गेंदबाज अजेश ने तीन और सलमान ने दो विकेट लिए। बिहार ने इस मुकाबले को 60 रन से अपने नाम कर लिया। मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बिहार के राजीव को चुना गया। फाइनल मैच की विजेता बिहार की टीम को 20,000 रुपए और उपविजेता हरियाणा की टीम को 15,000 रुपए धनराशि का नगद पुरस्कार दिया गया।

## ग्रामोदय में सांस्कृतिक राष्ट्रवाद विषय पर हुआ व्याख्यान



**चित्रकूट-** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय में सांस्कृतिक राष्ट्वाद विषय पर लखनऊ विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग के प्राध्यापक डॉ. हेमेंद्र कुमार सिंह ने व्याख्यान प्रस्तुत किया। व्याखान में उन्होंने भारत में सांस्कृतिक राष्ट्वाद की आवश्यकता एवं इसके घटक पर विशेष प्रकाश डाला। व्याख्यान में कला संकाय के अधिष्ठाता प्रो नंदलाल मिश्रा का तथा प्रो वाईके सिंह ने विश्वविद्यालय द्वारा संचालित शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रमों की जानकारी दी। कला संकाय में आयोजित इस विशेष व्याख्यान में बीएड, एमएड, बीएलएड एवं आईटीईपी (बीए बीएड, बीएससी बीएड) के छात्र-छात्राओं एवं संकाय सदस्य डॉ श्याम सिंह गौर, डॉ आशा शर्मा, डॉ श्याम सिंह गौर, डॉ प्रमोद शुक्ल, डॉ नीलम सिंह परिहार, डॉ फौजिया बानो, शिव प्रकाश यादव, विपिन कुमार नामदेव आदि मौजूद रहे।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्राणालय विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित व लोकमित्र कार्यालय आजाद नगर(निकट बड़ा शिवाला), मंझनपुर कौशाम्बी से प्रकाशित

सम्पादकः कृष्णानन्द त्रिपाठी

# बरेली में विवाद बढ़ता देख मुसलमानों ने मस्जिद के अवैध हिस्से को खुद गिराया



अजय कुमार

**लखनऊ-** उत्तर प्रदेश में जमीन पर कब्जा करने या फिर धार्मिक स्थल का निर्माण करा देना कभी आम बात हो गई थी,लेकिन जब से योगी सरकार ने सख्ती दिखाई है भूमाफिया और धर्म की आड़ में जमीन कब्जाने वाले अपने आप ही सरकारी जमीन पर से कब्जा छोड़ने लगे हैं। ऐसा ही नजारा बरेली के मीरगंज थाना क्षेत्र में तिलमास गांव में तब देखने को मिला जब तालाब की जमीन पर मस्जिद के बने होने की शिकायत के बाद मस्जिद के अवैध निर्माण को स्वयं लोगों ने तोड़ दिया। इससे पहले राजस्व की टीम ने मौके पर जाकर नाप कराई थी तो पता चला कि मस्जिद का एक हिस्सा सरकारी तालाब की जमीन में है इसके बाद एतिहातन गांव में पुलिस को तैनात कर दिया गया था।

बताया जाता है कि विवाद सुलझाने के लिये मुस्लिम समुदाय के आधा दर्जन लोग उप जिलाधिकारी के समक्ष पहुंचे थे और वार्ता कर नियमानुसार प्रशासन की मंशा भांपते हुए खुद ही तालाब में बने मस्जिद के अतिरिक्त हिस्से को तोड़ने पर सहमति जताई थी।

जानकारी के मुताबिक मीरगंज के गांव तिलमास में बनी मस्जिद के पिछले हिस्से को सरकारी तालाब की जगह में बने होने की एक्स एकाउंट पर पोस्ट किया था जिसे लेकर तहसील प्रशासन से एसडीएम तृप्ति गुप्ता, तहसीलदार विशाल कुमार शर्मा और सीओ अंजनी कुमार तिवारी व एसएचओ सिद्धार्थ सिंह तोमर राजस्व टीम को लेकर जांच पड़ताल की थी। इस जांच के दौरान प्रशासन ने तालाब में खड़े पिलर पर पड़े लेंटर का निर्माण होना गलत पाया था और रिपोर्ट जिलाधिकारी को भेजी थी. जिससे मुस्लिम समुदाय में बेचैनी बढ़ गई थी. इसके बाद से मुस्लिम समाज ने बाबा के बुल्डोजर और प्रशासन के सख्ती के चलते खुद मस्जिद के अवैध हिस्से को तोड़ना शुरू कर दिया था. पिछले दो दिनों से मुस्लिम समाज खुद ही मस्जिद के अवैध हिस्से को हटा रहा है. वहीं कुछ ग्रामीणों का कहना था कि गांव तिलमास में जमींदारों के द्वारा बनाई हुई मस्जिद है जिसका पिछला हिस्से की दीवार तालाब किनारे थी। नमाजी लोग इसी तालाब में बजू आदि करते थे और तालाब की ओर सीढ़ियां लगी थीं।

तालाब के पानी की वजह से पिछली दीवार जर्जर हो गई थी इसी वजह से तालाब के कुछ हिस्से में पिलर खड़े करके लेंटर डाल दिया गया था. जिससे नमाजी लोग किसी तरह का जोखिम न उठाएं। जब शिकायत है तो हम खुद ही हटाने को तैयार हैं।

## बरेली में मंदिर की दीवार पर 786 और अल्लाह लिखे जाने से माहौल गरमाया

अजय कुमार

**लखनऊ-**उत्तर प्रदेश के जिला बरेली में नववर्ष के पहले ही दिन कुछ अराजक तत्वों ने शहर का माहौल खराब करने की कोशिश में शहर के घनी आबादी वाले इलाके में स्थित दुर्गा मंदिर की दीवार पर 786 और अल्लाह लिख दिया। जिससे क्षेत्रीय जनता और हिंदू संगठनों के लोगों में आक्रोश पैदा गया। आनन-फानन में पुलिस मंदिर पर पहुंच गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने मंदिर की दीवार पर लिखे शब्दों को मिटवा दिया। मगर पुलिस द्वारा मामला दर्ज कर जांच-पड़ताल की जा रही है कि आखिर किसने तनाव उत्पन्न करने का प्रयास किया। मंदिर के पुजारी ने कहा कि कुछ शरारती तत्वों द्वारा दुर्गा मंदिर की दीवार पर 786 और उर्दू में अल्लाह लिख दिया गया था, जब लोगों ने इसे देखा तो उनकी भावना को ठेस पहुंची. हिंदू संगठन से जुड़े लोग तत्काल घटनास्थल पर पहुंच गए, उन्होंने पुलिस के सामने विरोध दर्ज कराया. फिलहाल, दीवार पर लिखे शब्दों को मिटवा दिया गया है।बता दें कि पूरी घटना बरेली के थाना कोतवाली क्षेत्र स्थित बिहारीपुर इलाके की है, जहां आला हजरत दरगाह से पहले एक प्राचीन मंदिर है। इसी मंदिर की दीवार पर कुछ शरारती लोगों ने इस्लामिक शब्द लिख दिये थे। घटना बीती रात की बताई जा रही है. जैसे ही इलाके के लोगों ने देखा कि मंदिर पर कुछ लोगों ने ऐसा कुछ लिखा है तो यह खबर जंगल में आग की तरफ फैल गई।फौरन हिंदू संगठन से जुड़े लोग मौके पर पहुंच गए। पुलिस को भी बुला लिया गया। मौके की नजाकत को देखते हुए क्षेत्राधिकारी पंकज श्रीवास्तव भी घटनास्थल पर पहुंचे और तुरंत ही मंदिर पर लिखे हुए शब्दों/अंकों को पेंट से मिटवा दिया। मंदिर के बाहर कोई सीसीटीवी कैमरा ना लगा होने की वजह से आरोपियों का पता नहीं चल सका है. फिर भी पुलिस आसपास बिल्डिंग में लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है।

# दिवंगत अपना दल नेता सोनेलाल पटेल की बेटियों की लड़ाई फिर सड़क पर आई

अजय कुमार

**लखनऊ-** उत्तर प्रदेश की राजनीति में कभी अपनी पहचान और पकड़ रखने वाले अपना दल के नेता सोनेलाल पटेल की अक्टूबर 2009 में एक सड़क हादले में मौत के बाद उनकी बेटियों अनुप्रिया पटेल और पल्लवी पटेल के बीच छिड़ी सियासी विरासत की जंग एक बार फिर सड़क पर आ गई है। सोनेलाल की पुत्री और अपना दल एस की सांसद अनुप्रिया, मोदी सरकार में मंत्री हैं जबकि पल्लवी पटेल समाजवादी पार्टी से विधायक है। यूपी सरकार में मंत्री और अपना दल (सोनेलाल पटेल) के नेता आशीष पटेल(पति अनुप्रिया पटेल) पर लगे आरोपों का मामला अब तूल पकड़ने लगा है। सपा से सिराथू की विधायक व अपना दल (कमेरावादी) की नेता डा. पल्लवी पटेल ने उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल से बड़ी मांग कर दी है। उन्होंने मंत्री आशीष पटेल के प्राविधिक शिक्षा विभाग में हुए भ्रष्टाचार के मामले की जांच के लिए एसआईटी गठित करने की मांग करते हुए पत्र लिखा है। पल्लवी पटेल ने पत्र के माध्यम से राज्यपाल को अवगत कराया है कि उत्तर प्रदेश प्राविधिक



एप्लाइड साइंस एवं ह्यूमैनिटीज सेवा संघ ने उन्हें बताया है कि प्राविधिक शिक्षा विभाग द्वारा असंवैधानिक कार्यवाही करते हुए विभागाध्यक्ष के पद प्रोन्नति के माध्यम से भर दिए गए हैं। ये पद नियमानुसार उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा सीधी भर्ती के माध्यम से भरे जाने चाहिए थे।

पत्र के माध्यम से पल्लवी पटेल ने मांग की है कि प्राविधिक शिक्षा के छात्रों व शिक्षकों के हितों को ध्यान में रखते हुए विभागीय भ्रष्टाचार के विरुद्ध एसआईटी गठित कर जिम्मेदार दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए। उन्हें दंडित किया जाए। साथ ही नौ दिसंबर 2024 को डीपीसी के माध्यम से दिए गए शासनादेश को तत्काल निरस्त किया जाए। पल्लवी पटेल ने विधानसभा के बीते सत्र के दौरान भी इस मुद्दे को सदन में उठाने की कोशिश की थी लेकिन विधानसभा अध्यक्ष द्वारा मुद्दा उठाने की अनुमति न दिए जाने पर उन्होंने सदन के बाहर चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा के करीब देर रात तक धरना दिया था।

राज्यपाल से मुलाकात के पहले ही अपना दल कमेरावादी पार्टी की नेता पल्लवी पटेल ने कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल के खिलाफ मोर्चा खोला था। उन्होंने आशीष पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए थे।

इसके बाद आशीष पटेल ने जवाब दिया था। उन्होंने कहा था कि मेरा नाम आशीष पटेल है। मैं सरदार पटेल का बेटा हूं। मैं डरने वाला नहीं हूं। उन्होंने कहा कि सीबीआई से जांच करा लीजिए।

# चार जनवरी के बाद गिराया जा सकता है संभल के सपा सांसद का अवैध निर्माण

अजय कुमार

**लखनऊ-** उत्तर प्रदेश के जिला संभल प्रशासन ने स्थानीय सांसद जियाउर्रहमान बर्क के घर के खिलाफ तीसरा और अंतिम नोटिस जारी किया है, नोटिस का जवाब न मिलने पर 4 जनवरी के बाद सांसद के अवैध निर्माण पर सीधे कार्रवाई करने का कानूनी हक प्रशासन को मिल जायेगा। संभल के जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया ने स्पष्ट किया कि अब और कोई नोटिस जारी नहीं किया जाएगा, बल्कि सीधी कार्रवाई की जाएगी।वहीं एसडीएम वंदना मिश्रा ने बताया कि सांसद को 28 दिसंबर को तीसरा व अंतिम नोटिस दिया गया है। जिसके मुताबिक एक सप्ताह का समय दिया गया। जिसकी मियाद चार जनवरी को पूरी हो जाएगी। यदि इस अवधि में नोटिस का जवाब नहीं मिलता है तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। सांसद जियाउर्रहमान बर्क के खिलाफ



पुलिस ने पहले हिंसा भड़काने का मुकदमा दर्ज किया था और फिर गाड़ी से संबंधित आदेश की जांच शुरू की थी। इसके बाद, बिजली चोरी के मामले में सांसद जियाउर्रहमान बर्क पर 1.91 करोड़ का जुर्माना लगाया गया था। सांसद के घर की बिजली काट दी गई थी। इसके अलावा उनके पिता पर भी जूनियर इंजीनियर को धमकाने का मामला दर्ज किया गया था। अब प्रशासन ने सांसद के घर पर कार्रवाई के लिए बुलडोजर की योजना बनाई है, जो कि इस विवाद की गंभीरता को और बढ़ा सकती है।अधिकारियों की मानें तो सांसद को बगैर नक्शा पास कराए मकान बनाए जाने पर पूर्व में प्रशासन दो नोटिस भेज चुका है।

पहले भी सांसद ने घर के बाहर नाली की सीढ़ियों पर बुलडोजर चल चुका है। इलाके में नगर पालिका द्वारा अवैध अतिक्रमण पर कार्रवाई की गई थी। अब प्रशासन ने अंतिम नोटिस दी है। प्रशासन का कहना है कि यह आखिरी चेतावनी है। अब इसके ऐक्शन होगा।

## पंजाब में श्रीलंकाई नागरिकों के अपहरण में दो गिरफ्तार

**चंडीगढ़, (हि.स.)।** अमृतसर पुलिस ने श्रीलंका के दो नागरिकों का अपहरण कर फिरौती मांगने के आरोप में दो युवकों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितोंने भारत में घूमने आए श्रीलंकाई नागरिकों को अल्बानिया का वर्क वीजा दिलवाने का झांसा दिया था। आरोपितों ने श्रीलंकाई नागरिकों को अमृतसर बुलाकर उनका अपहरण कर लिया और उनके दोस्तों से आठ हजार अमेरिकी डॉलर की फिरौती मांगी। पुलिस ने मामले की सूचना मिलने के बाद तुरंत कार्रवाई की और दोनों किडनैप नागरिकों कोहोशियारपुर से बरामद कर लिया। गिरफ्तार आरोपितों ने फिरौती के लिए श्रीलंकाई नागरिकों को एक होटल में रखा था और बाद में उन्हें साथ ले जाकर फिरौती की मांग की थी।अमृतसर के पुलिस कमिश्नर गुरप्रीत भुल्लर ने बताया कि एक साजिश के तहत श्रीलंकाई नागरिकों को आरोपितों ने अपने जाल में फंसाया।

# पीजी करने के बाद वापस ही नहीं लौटे 31 डॉक्टरों से सरकार करेगी वसूली

संजय सक्सेना

**लखनऊ-**उत्तर प्रदेश के सरकारी अस्पतालों के चिकित्सकों को सरकार यह सुविधा है कि यदि वह मेडिकल में पोस्ट ग्रेजुएट की पढ़ाई करना चाहते हैं तो वह छुट्टी लेकर पढ़ाई कर सकते हैं। मगर नियमानुसार पढ़ाई करने के बाद इन्हें अपनी सेवाएं फिर से जारी करनी पड़ती है। कई चिकित्सक समय-सयम पर इस नियम का फायदा भी उठाते हैं ,लेकिन अबकी बार 31 चिकित्सक स्नातकोत्तर (पीजी) की पढ़ाई करने के बाद दोबारा ड्यूटी पर वापस नहीं लौटे हैं। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से नोटिस दिए जाने के बावजूद इन्होंने उसका जवाब भी नहीं दिया। ऐसे में अब इनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। जल्द इन्हें आरोप पत्र थमाया जाएगा और फिर भरवाए गए बांड को तोड़ने के कारण एक-एक करोड़ रुपये की वसूली की जाएगी। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने इनके खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

बात दें एमबीबीएस चिकित्सकों को पांच साल की सेवा पूरी करने पर एमडी व एमएस इत्यादि पीजी कोर्सेज की पढ़ाई का अवसर दिया जाता है, ताकि विशेष चिकित्सकों की कमी न हो। ऐसे में नीट-पीजी प्रवेश में इन्हें 30 अंकों का वेटेज भी दिया जाता है। वरना पीजी में प्रवेश पाना इतना आसान नहीं होता। इन सरकारी डाक्टरों ने इसका लाभ लेकर दाखिला तो ले लिया, लेकिन पढ़ाई पूरी करने के बाद सेवाएं देने नहीं आए, जबकि बॉन्ड के नियमों के अनुसार, 10 वर्ष की सेवा देना जरूरी है, वरना एक करोड़ रुपये जुर्माना वसूला जाता है। अब सरकार द्वारा साल 2017 से वर्ष 2022 तक पीजी में दाखिला लेने वाले इन 31 चिकित्सकों को चिह्नित किया गया है। अब इनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू की जाएगी।



योगी सरकार जिन डॉक्टरों पर कार्रवाई शुरू करने का मन बना रही है उनमें कुशीनगर के नेबुआ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) के डॉ. सत्य प्रकाश कुशवाहा व कनौली सीएचसी के डॉ. लाल प्रभाकर सिंह, बुलंदशहर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) रतनपुरा के डॉ. कपिल कुमार, रायबरेली की सीएचसी महाराजगंज की डॉ. तृप्ति कश्यप, डॉ. मुक्ताकर सिंह व सीएचसी खजूरगांव के डॉ. आदित्य कुमार और पीएचसी हरदोई के डॉ. शेखर श्रीवास्तव, अंबेडकरनगर की सीएचसी जहांगीरगंज के डॉ. दीपक कुमार मौर्य, बाराबंकी की सीएचसी रामसनेहीघाट की डॉ. रुपाली गुप्ता, मेरठ की पीएचसी भावनपुर के डॉ. हरीश कुमार, प्रयागराज की पीएचसी जसरा के डॉ. संजय कुमार, फतेहपुर की पीएचसी टिकरी के डॉ. पवन कुमार वाजपेयी, रामपुर की सीएचसी टांडा के डॉ. मो. जीशान खान व पीएचसी पीपली नायक के डॉ. जहीन इलियास, शाहजहांपुर की सीएचसी बंडा के डॉ. पवन कुमार सिंह व सीएचसी तिलहरी के डॉ. मो. यासीन, कन्नौज की सीएचसी जलालाबाद के डॉ. अभय कुमार, देवरिया की सीएचसी तरकुलवा के डॉ. अमित गोयल व पीएचसी बाखरा के डॉ. अनूप कुमार दुबे, अमरोहा सीएचसी के डॉ. नितिन कुमार, महाराजगंज की पीएचसी श्यामदेउरवा डॉ. सत्य प्रकाश त्रिपाठी, बस्ती की पीएचसी मझरिया के डा. एस.दोहा, लखीमपुर खीरी की पीएचसी झाऊपुर के डा. शरद वर्मा, गोंडा की तरबगंज पीएचसी के डॉ. धीरज कुमार गुप्ता, बलरामपुर की पीएचसी रेहरा बाजार के डॉ. नरेन्द्र कुमार, सीतापुर की सीएचसी रेउसा के डॉ. ललित कुमार व डॉ. असद खालिद, सिद्धार्थनगर की पीएचसी भनवारपुर के डॉ. आशीष कुमार अग्रहरि, हरदोई की सीएचसी बहंदर के डॉ. विकास वर्मा, बलिया की पीएचसी जाम के डॉ. अविनाश कुमार और मिर्जापुर की कठवा सीएचसी के डॉ. राहुल कुमार तिवारी शामिल हैं।

# चमकता वीनस और क्रिसेंट मून शुक्रवार की शाम आसमान में बनाएंगे जोड़ी




**भोपाल, (हि.स.)।** खगोल विज्ञान में रुचि रखने वाले लोगों के लिए शुक्रवार, 03 जनवरी का दिन बेहद खास होने जा रहा है। इस दिन शाम को पश्चिमी आकाश में सूर्य के अस्‍ त होने के तुरंत बाद हंसियाकार चंद्रमा और चमकती बिंदी के रूप में दिखता शुक्र जोड़ी सी बनाते दिखेंगे। इस घटना को बिना किसी टेलिस्‍ कोप के खाली आंखों से भी देखा जा सकेगा।नेशनल अवार्ड प्राप्‍ त सारिका घारू ने गुरुवार को इस खगोलीय घटना की जानकारी देते हुए बताया कि शुक्रवार की शाम वीनस और मून आपस में सिमटे से दो डिग्री से कम के अंतर पर होंगे। इस नजदीकियों को टेके नीकल रूप से एपल्‍ स कहा जाता है। उन्होंने बताया कि यह खगोलीय जोड़ी क्षितिज से कुछ ऊंचाई पर दिखने के बाद धीरे-धीरे नीचे आते जाएगी।उन्होंने बताया कि इस जोड़ी को सूर्यास्‍ त के बाद तीन घंटे से कुछ अधिक समय तक देखा जा सकेगा। इस समय चतुर्थी का हंसियाकार चंद्रमा माइनस 10.7 के मैग्‍ नीटयूड से चमक रहा होगा तो वीनस माईनस 4.4 के मैग्‍ नीटयूड से चमक रहा होगा। किसी खुले स्‍ थान से इस मनोहर आकाशीय जोड़ी को खुली आंखों से देखा जा सकेगा। नव वर्ष स‍ प्‍ ताह मनाती शाम को यह समीपता शाम 6 से रात लगभग 9 बजे तक केवल सीमित समय के लिये ही देखी जा सकेगी।

# दिल्ली चुनाव के घोषणा पत्र में मंदिरों के पुजारियों के लिए सम्मान राशि का मुद्दा भी शामिल करे भाजपाः विहिप

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से आग्रह किया है कि दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए जारी होने वाले उसके घोषणा पत्र में दिल्ली के समस्त मंदिरों के पुजारियों एवं अर्चकों के लिए प्रति माह सम्मान राशि प्रदान करने का मुद्दा भी शामिल किया जाए।विहिप दिल्ली प्रांत के मंत्री सुरेंद्र गुप्ता ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा को गुरुवार को पत्र लिखकर कहा कि दिल्ली के सभी मंदिरों के समस्त पुजारियों एवं अर्चकों को सम्मान राशि प्रदान करने की मांग विहिप लंबे समय से कर रही है। आम आदमी पार्टी की सरकार ने विधानसभा चुनाव से ठीक कुछ दिनों पहले विहिप की इस बहुप्रतीक्षित मांग के अनुसार अर्चकों एवं पुजारियों को हर महीने सम्मान राशि देने की घोषणा



की है।गुप्ता ने पत्र में लिखा कि आआपा सरकार की ये घोषणा महत्वहीन और अधूरी है। न तो इसमें आर्य समाज के शास्त्रियों की चर्चा है न इसमे इस्कॉन मंदिर के पुजारियों की चर्चा है और न इसमें जैन स्थानक की चर्चा है।विहिप के जमीनी कार्यकर्ताओं की जानकारी के अनुसार आआपा दिल्ली में चुनाव हार रही है इसलिए उनकी इस घोषणा का अब कोई महत्व नहीं है। 10 वर्षों तक सरकार में रहने के बावजूद उन्होंने हमारे अर्चक और पुजारी की कोई सुध नहीं ली, अब जब चुनाव नजदीक है और उनको अपनी हार दिखाई दे रही है तो वे इस तरह की महत्वहीन घोषणाएं कर रहे हैं।विहिप ने पत्र में लिखा है कि चुनाव पूर्व जारी होने वाले भाजपा के घोषणा पत्र में पुजारी, अर्चक और आर्य समाज के शास्त्री, जैन स्थानक के अर्चक, इस्कान के अर्चक आदि जो इस प्रकार से कहीं न कहीं, किसी न किसी मठ, मंदिर या आश्रम में भगवान की पूजा-अर्चना में सहयोगी हैं, उन सबके लिए हर महीने सम्मान राशि देने की घोषणा की जाए। भाजपा की सरकार बनने पर उसे पूर्ण करें।उन्होंने लिखा कि विहिप इस विषय पर किसी भी प्रकार की राजनीति नहीं करना चाहती और ना ही चाहती है कि अलग-अलग राजनीतिक दल इस पर राजनीति करें। हमारे श्रद्धा के योग्य पुजारी और अर्चक का सम्मान किसी भी राजनीति की भेंट नहीं चढ़नी चाहिए। दिल्ली में भाजपा की सरकार बनने पर हमारे पुजारी और अर्चकों का पूर्ण सम्मान दिए जाने का आश्वासन दिया जाए।

## ऑनलाइन धोखाधड़ी मामला - बंगाल के कई स्थानों पर ईडी की छापेमारी, कार्यवाही जारी



**कोलकाता,(हि.स.)।** पश्चिम बंगाल में ऑनलाइन धोखाधड़ी के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की गुरुवार सुबह कई स्थानों पर शुरू हुई छापेमारी की कार्यवाही शाम तक जारी थी। चेन्नई में दर्ज एक शिकायत के आधार पर यह छापेमारी की जा रही है, जिसमें हजार करोड़ रुपये से अधिक की धोखाधड़ी का आरोप है।सूत्रों के अनुसार, जांच में पता चला कि इस धोखाधड़ी के रैकेट का जाल पूर्वी भारत के कई राज्यों, विशेष रूप से पश्चिम बंगाल में फैला हुआ है। इसी के चलते ईडी ने यह छापेमारी शुरू की। इस समय राज्य के 8 स्थानों पर छानबीन की जा रही है, जिनमें 5 कोलकाता और उसके आसपास के इलाकों में है। छापेमारी के दौरान ईडी की टीमें केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) के जवानों की सुरक्षा में हैं।कार्रवाई की शुरुआत कोलकाता के उत्तरी बाहरी इलाके साल्ट लेक में स्थित गैरेज से हुई, जहां कथित तौर पर धोखाधड़ी का संचालन होता था। वहां से ईडी ने एक व्यक्ति को हिरासत में लिया और रघुनाथपुर के एक पॉश हाउसिंग कॉम्प्लेक्स में व्यवसायी सदानंद झा के फ्लैट पर छापेमारी की।जांच में खुलासा हुआ कि हाल ही में कोलकाता पुलिस ने 60 लाख रुपये की धोखाधड़ी के आरोप में तन्मय पॉल नामक एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया था। जांच में पता चला कि पॉल एक राष्ट्रीय स्तर पर सक्रिय रैकेट का हिस्सा था और उसने करीब 300 लोगों को ठगकर 60 करोड़ रुपये से अधिक की धोखाधड़ी की। ईडी ने इस मामले की जांच शुरू करते हुए गुरुवार को यह छापेमारी की।

# भारत के ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन में 2019 के मुकाबले 2020 में 7.93 प्रतिशत की कमी

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** भारत ने जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन को अपनी चौथी द्विवार्षिक अद्यतन रिपोर्ट प्रस्तुत की। रिपोर्ट के मुताबिक भारत के ग्रीन हाउस गैस (जीएचजी) उत्सर्जन में 2019 की तुलना में 2020 में 7.93 प्रतिशत की कमी आई है। केंद्रीय वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने एक्स पोस्ट में यह जानकारी साझा की। यादव ने कहा कि भारत सतत विकास में उदाहरण पेश कर रहा है। यह उपलब्धियां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आर्थिक प्रगति को सार्थक जलवायु कार्रवाई के साथ जोड़ने की प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं।जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन (यूएनएफसीसीसी) को भारत की चौथी द्विवार्षिक अद्यतन रिपोर्ट (बीयूआर-4) 30 दिसंबर



2024 को प्रस्तुत की गई।रिपोर्ट में भारत की राष्ट्रीय परिस्थितियों, शमन कार्यों, बाधाओं, अंतरालों, संबंधित वित्त, प्रौद्योगिकी और क्षमता निर्माण आवश्यकताओं के विश्लेषण के बारे में जानकारी भी शामिल है। रिपोर्ट के मुताबिक साल 2005 से 2020 के बीच भारत के सकल घरेलू उत्पाद की उत्सर्जन तीव्रता में 36 प्रतिशत की कमी आई है। अक्टूबर 2024 तक स्थापित बिजली उत्पादन क्षमता में गैर-जीवाश्म स्रोतों की हिस्सेदारी 46.52 प्रतिशत थी। वर्ष 2005 से 2021 के दौरान वन एवं वृक्ष आवरण के माध्यम से 2.29 बिलियन टन कार्बन डायऑक्साइड का अतिरिक्त कार्बन सिंक बनाया गया।रिपोर्ट के मुताबिक ऊर्जा क्षेत्र ने कुल उत्सर्जन में सबसे अधिक योगदान दिया जो कुल प्रतिशत का 75.66 प्रतिशत है, उसके बाद कृषि (13.72 प्रतिशत), औद्योगिक प्रक्रिया और उत्पाद उपयोग (8.06 प्रतिशत), और अपशिष्ट (2.56 प्रतिशत) है।मंत्रालय के मुताबिक, भारत ने ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन से आर्थिक विकास को अलग करना जारी रखा है। वर्ष 2005 से 2020 के बीच भारत की सकल घरेलू उत्पाद की उत्सर्जन तीव्रता में 36 प्रतिशत की कमी आई है। अक्टूबर 2024 तक स्थापित बिजली उत्पादन क्षमता में गैर-जीवाश्म स्रोतों की हिस्सेदारी 46.52 प्रतिशत थी।

# जितना बुरा हाल किसानों का भाजपा राज में हुआ, उतना कभी नहीं हुआः आतिशी



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को किसानों के मुद्दे पर दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी को एक चिट्ठी लिखी। आतिशी ने इसका कड़ा प्रतिवाद किया। उन्होंने कहा कि जितना बुरा हाल किसानों का भाजपा के समय हुआ, उतना कभी नहीं हुआ।मुख्यमंत्री आतिशी ने शिवराज के पत्र के जवाब में कहाकि भाजपा का किसानों के बारे में बात करना वैसे ही है, जैसे दाऊद अहिंसा पर प्रवचन दे रहा हो। जितना बुरा हाल किसानों का भाजपा के समय हुआ, उतना आजतक कभी नहीं हुआ। उन्होंने शिवराज सिंह से कहा कि अपनी कई मांगों को लेकर पंजाब में किसान आमरण अनशन पर बैठे हैं। आप प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से कहिए कि वह किसानों से बात करें। इसके साथ ही मुख्यमंत्री आतिशी ने अपील की कि किसानों से राजनीति करना बंद कीजिए। भाजपा राज में किसानों पर गोलियां और लाठियां चलाई गई।उधर, किसानों के मुद्दे पर आम आदमी पार्टी (आआपा) के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने पंजाब में पिछले कई दिनों से अपनी मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठे किसानों की सेहत खराब होने पर केंद्र की भाजपा सरकार को चेताया है।केजरीवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहाकि पंजाब में किसान कई दिनों से धरने और अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठे हैं। इनकी वही मांगें हैं, जो केंद्र सरकार ने तीन साल पहले मान ली थीं लेकिन उन्हें अभी तक लागू नहीं की। भाजपा सरकार अब अपने वादे से मुकर गई। भाजपा सरकार किसानों से बात तक नहीं कर रही। उनसे बात तो करो। हमारे ही देश के किसान हैं। भाजपा को इतना ज़्यादा अहंकार क्यों है कि किसी से बात भी नहीं करते?उन्होंने कहा कि पंजाब में जो किसान अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठे हैं, भगवान उन्हें सलामत रखे लेकिन यदि उन्हें कुछ होता है तो इसके लिए भाजपा ज़िम्मेदार होगी। देशभर के किसानों की जानकारी के लिए मैं बता दूं कि जो तीन काले क़ानून केंद्र ने तीन साल पहले किसानों के आंदोलन की वजह से वापस लिए थे, उन्हें ÷पालिसी÷ कहकर केंद्र सरकार पिछले दरवाज़े से दोबारा लागू करने की तैयारी कर रही है। इस पालिसी की कॉपी उनके विचार जानने के लिए केंद्र ने सभी राज्यों को भेजी है।गौरतलब है कि शिवराज सिंह चौहान ने आज लिखे पत्र में मुख्यमंत्री आतिशी को सलाह दी है कि दिल्ली सरकार दलगत राजनीति से ऊपर उठकर केंद्र सरकार की योजनाएं लागू करे। चौहान ने पत्र में दिल्ली सरकार से किसानों के कल्याण के लिए चलाई जा रही केंद्र की योजनाओं को लागू करने का अनुरोध किया है।

उन्होंने लिखा है कि दिल्ली की आम आदमी पार्टी सरकार किसानों के प्रति बेहद उदासीन है और संवेदनहीन है। पत्र में आरोप लगाया है कि केजरीवाल और आतिशी ने कभी भी दिल्ली के किसानों के हित में उचित निर्णय नहीं लिए। केजरीवाल ने हमेशा चुनाव से पहले बड़ी-बड़ी घोषणा कर राजनीतिक लाभ लिया है। सरकार में आते ही सिर्फ अपना रोना रोया है । दस वर्ष से दिल्ली में आआपा की सरकार है। पूर्व मुख्यमंत्री केजरीवाल ने हमेशा किसानों के साथ धोखा किया है।

# डिप्टी सीएम ने बनाई चाऊमीन



लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक गुरुवार को साझा उत्सव मेले में एक स्टॉल पर पहुंचे और चाऊमीन बनाई। बच्चों से मिले और सेल्फी भी ली। मेले में लगे स्टॉल पर जाकर प्रोडक्ट के बारे में पूछा और कुछ सामान भी खरीदा। ब्रजेश पाठक ने साझा उत्सव 2025 का फीता काटकर उद्घाटन किया।

साझा उत्सव 2025 महिलाओं और परिवारों के लिए खास तौर पर तैयार किया गया है। स्वयं सहायता समूहों और उनके परिवारों के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम, चित्रकला, स्लोगन, मेहंदी, रंगोली, नृत्य और गायन प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। इसके अलावा, नुक्कड़ नाटक और लघु फिल्म की स्क्रीनिंग भी मेले का हिस्सा है। मेले में एक चिकित्सा शिविर भी लगाया गया है, जहां स्वयं सहायता समूह के सदस्यों और उनके परिवार के लोगों के स्वास्थ्य की जांच की जाएगी। इससे पहले, जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में मेले की तैयारियों की समीक्षा की थी। सभी विभागों के समन्वय से मेले को सफल बनाने की योजना बनाई गई। साझा उत्सव 2025, 2 जनवरी से 6 जनवरी तक चलेगा। यह मेला न केवल मनोरंजन का साधन है, बल्कि महिलाओं और परिवारों को अपनी प्रतिभा दिखाने और स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाने का एक बेहतरीन मंच भी प्रदान करता है।

# एक भी टीबी रोगी छूटने न पाये, यह सबका साझा दायित्व

- स्वस्थ भारत से ही समर्थ भारत का निर्माण संभव, समर्थ भारत ही बन सकता है शक्तिशाली भारत: मुख्यमंत्री
- सेवानिवृत्त आईएएस/आईपीएस, कुलपतिगणों को मुख्यमंत्री ने दिलाई शपथ, टीबी रोगियों को उपचार के लिए हर सम्भव सहयोग उपलब्ध कराएंगे



लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के टीबी मुक्त भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अब एक अभिनव पहल की है। मुख्यमंत्री ने सेवानिवृत्त हो चुके आईएएस, आईपीएस, पूर्व कुलपतिगणों/शिक्षाविदों व अन्य वरिष्ठ नागरिकों को निक्षय मित्र की बड़ी जिम्मेदारी दी है। निक्षय मित्र के रूप में यह वरिष्ठ नागरिक टीबी उन्मूलन के प्रयासों में जनजागरूकता बढ़ाने के लिए सहयोग करेंगे। गुरुवार को मुख्यमंत्री ने इस संबंध में सभी के साथ बैठक की और टीबी मुक्त उत्तर प्रदेश अभियान को सफल बनाने के लिए सहयोग का आह्वान किया।

विशेष बैठक में मुख्यमंत्री ने सेवानिवृत्त आईएएस, आईपीएस और पूर्व कुलपतिगणों का स्वागत करते हुए उन्हें प्रधानमंत्री मोदी के टीबी मुक्त भारत के संकल्प के बारे में जानकारी दी। उन्होंने स्वस्थ भारत से ही समर्थ भारत का निर्माण संभव है और जब भारत समर्थ होगा तभी शक्तिशाली होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने वर्ष 2030 तक विश्व को टीबी मुक्त बनाने का लक्ष्य रखा था, जिसे मिशन मोड में लेते हुए प्रधानमंत्री जी ने भारत के लिए वर्ष 2025 तक का लक्ष्य रखा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विश्व में सबसे अधिक टीबी रोगी भारत मे हैं और भारत को टीबी मुक्त करने के लिए सबसे बड़ी आबादी के राज्य उत्तर प्रदेश में टीबी उन्मूलन अनिवार्य है। मुख्यमंत्री ने टीबी उन्मूलन की दिशा में पिछले कुछ वर्षों में उत्तर प्रदेश में हुए प्रयासों की भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आज उत्तर प्रदेश में टीबी रोगियों की जाँच पहले के मुकाबले चार गुना हो गयी है। नैट एवं एक्सरे मशीनों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। प्रदेश में टीबी उपचार की सफलता दर पिछले चार वर्षों में 79 प्रतिशत से बढ़कर 92 प्रतिशत हो गयी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि निःक्षय पोषण योजनान्तर्गत डीबीटी के माध्यम से लगभग 27 लाख टीबी रोगियों के खाते में 775 करोड़ रुपये की धनराशि का भुगतान हो चुका है। इसी तरह, फेफड़े के टीबी रोगियों के साथ रहने वालों को टीबी रोग न हो, उन्हें टीबी से बचाव का उपचार दिया जा रहा है। टीबी उन्मूलन कार्यक्रम में जनभागीदारी के महत्व पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि अब तक 45 हजार से अधिक निःक्षय मित्रों द्वारा टीबी रोगियों को गोद लिया गया है और प्रदेश की 1372 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित किया गया है। मुख्यमंत्री ने सभी से सहयोग का आह्वान करते हुए कहा कि आप सभी ने लंबे समय तक समाज के बीच कार्य किया है। सभी सुदीर्घ अनुभव रखते हैं। अब सेवानिवृत्ति के बाद आप सभी इस राष्ट्रीय मिशन में सहयोग कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह सबका साझा दायित्व है कि कोई भी टीबी का रोगी छूटने न पाये और जिनको भी टीबी से ग्रसित पाया जाये, उनको तत्काल सही और निरंतर चिकित्सा उपचार उपलब्ध कराया जाये। उनको अतिरिक्त पोषण उपलब्ध कराया जाए और कोई न कोई निःक्षय मित्र उनसे जुड़कर उनका सहारा बने। इसके साथ ही उनके परिवार के शेष सदस्यों की भी जांच कराकर उचित चिकित्सा परामर्श एवं उपचार उपलब्ध कराया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि टीबी रोगी समाज का अंग हैं, समाज में उनको सम्मान प्रदान कराया जाना, हम सबकी प्राथमिकता होनी चाहिए। निक्षय मित्र के रूप में सभी सेवानिवृत्त आईएएस/आईपीएस और पूर्व कुलपतिगण टीबी मरीजों को गोद लें, उन्हें उपचार के बारे में जानकारी दें और समुचित सहायता उपलब्ध कराएं।

उन्होंने कहा कि टीबी उन्मूलन अभियान का मुख्य उद्देश्य टीबी के लापता रोगियों को खोजना, टीबी की मृत्यु दर को कम करना एवं स्वस्थ व्यक्तियों को टीबी के संक्रमण से बचाना है। प्रदेश को टीबी मुक्त करने के लिए प्रदेश सरकार पूर्णतः प्रतिबद्ध है और प्रदेश को टीबी मुक्त बनाने के लिए समाज के सभी वर्गों की भागीदारी अति आवश्यक है। बैठक में उपस्थित सभी सेवानिवृत्त प्रशासनिक अधिकारियों और कुलपतिगणों ने मुख्यमंत्री के आह्वान के लिए आभार जताया और सहयोग के लिए शपथ भी लिया।

# महाकुम्भ को भव्यता के साथ सम्पन्न कराने में दायित्वों का पालन करे हर सनातनी: जयवीर



लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने विश्व के सबसे बडेघ् धार्मिक, अध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक समागम महाकुंभ को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने के लिए संस्कृति एवं पर्यटन विभाग द्वारा की जा रही तैयारियों की जानकारी देते हुए कहा कि यह भारतीय आस्था के स्पंदन का प्रतीक होगा। राज्य सरकार का प्रयास है कि महाकुम्भ से जो भी श्रद्धालु लौटकर जाये वह एक सुखद अनुभूति लेकर जाए। विश्वभर के सनातन संस्कृति को मानने वाले 50 करोड़ श्रद्धालुओं के इस महाकुम्भ में आने की संभावना है। जयवीर सिंह आज गोमती होटल में महाकुम्भ 2025 की तैयारियों को लेकर मीडिया बन्धुओं को सम्बोधित कर रहे थे। श्रद्धालुओं को ठहरने, आने जाने में कोई कठिनाई न हो। इतने विशाल मानव समुद्र की सुरक्षा के लिए वायु, जमीन तथा पानी से नजर रखने की तैयारी की गयी है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए धार्मिक त्रिकोण काशी, अयोध्या एवं प्रयागराज को जोड़कर भ्रमण के लिए तैयार किया गया है। पर्यटन निगम इसके लिए विभिन्न पैकेज के द्वारा सुविधाये सुलभ करायेगा। महाकुम्भ के दौरान 13 जनवरी से 26 फरवरी तक प्रयागराज देशभर के कलाकारों के संगम का भी अवसर प्रदान करेगा। श्रद्धालुओं के मनोरंजन के लिए विविध विधाओं के शीर्ष कलाकार 43 दिन तक अपनी-अपनी भाषाओं में प्रस्तुती देंगे। इसके लिए पद्मश्री, पद्म विभूषण एवं ख्याति प्राप्त कलाकारों को आमंत्रित किया गया है। मेला अवधि के दौरान महाकुम्भ सांस्कृतिक नगरी का रूप ले लेगा। महाकुम्भ में भव्यता, दिव्यता एवं अलौकिकता का अनुभव कर सके, इसके लिए तमाम सुविधायें सुलभ कराई जायेगी। नववर्ष की बधाई देते हुए पत्रकारों एवं प्रदेश के जागरूक नागरिकों से अपील की कि सनातन संस्कृति को उचाई पर ले जाने के लिए महाकुम्भ 2025 की ब्राण्डिग एवं मार्केटिंग भी करे। पर्यटन मंत्री ने कहा कि महाकुम्भ-2025 में आस्था की डुबकी लगाने के लिए देश के केन्द्रीय नेताओं एवं प्रदेश एवं संघ क्षेत्रों के राज्यपाल, मुख्यमंत्रियों तथा एलजी को भी आमंत्रित किया गया है। विभिन्न देशों के राजदूतों को भी इसमें अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराने के लिए अनुरोध किया गया है। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के विभिन्न मंत्रियों को देश के अन्य राज्यों में रोड-शो, प्रेस कान्फ्रेंस तथा बैठक करके महाकुम्भ में आने के लिए आमंत्रण तथा विश्वस्तरीय तैयारियों की जानकारी दी गयी है। प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति मुकेश कुमार मेश्राम ने कहा कि महाकुंभ 13 जनवरी से 26 फरवरी तक आयोजित किया जायेगा।

# कांग्रेस छोड़ की नौ नेताओं ने ज्वाइन किया रालोद

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय की अध्यक्षता तथा वरिष्ठ नेता अनिल दुबे की उपस्थिति में श्रावस्ती के जिलाध्यक्ष राजकुमार ओझा के अथक प्रयासों से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व यूपीसीसी मेम्बर पीके पाठक के नेतृत्व में दर्जनों लोगों ने कांग्रेस छोड़कर भारत रत्न चौधरी चरण सिंह विचारधारा तथा राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयन्त सिंह की नीतियों से प्रभावित होकर रालोद की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर शामिल होने वालों में प्रमुख रूप से दौलतराम वर्मा पूर्व प्रत्याशी विधानसभा नगर श्रावस्ती, रामदयाल वर्मा प्रधान ग्राम पंचायत सचौली श्रावस्ती, काशीराम चौधरी, संदीप मिश्रा, पेशकार चौधरी, विनोद वर्मा थे। इस अवसर पर उपस्थित पार्टी जनों ने सभी का माल्यार्पण कर स्वागत किया।

# मर्यादा लांघेंगे तो मैं भी मर्यादा भूल जाऊंगा: आशीष

- यूपी सरकार के मंत्री ने लगाया षड्यंत्रों का आरोप
- डराकर बंद नहीं कर सकते 69000 शिक्षक भर्ती का मुद्दा



लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** अपना दल एस की लखनऊ में हुई बैठक में पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष और प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष पटेल ने कहा कि में 29 नवंबर को अस्पताल में भर्ती हुआ था, मेरी चार सर्जरी हुई। अब हमें पार्टी के काम में जुटना है। हम महापुरुषों की जयंती और पुण्यतिथि पर कार्यक्रम करेंगे। पिछले कुछ दिनों से मैं खबरों में हूं। पूरी ताकत लगाई जाती है कि न दिखूं, मेरा सकारात्मक हिस्सा छुपाया जाता है, नकारात्मक दिखाया जाता है। अब लड़ना है या डरना है, मैं सरदार पटेल का बेटा हूं, लड़ूंगा अब डरूंगा नहीं। मैं षड्यंत्रों से डरने वाला नहीं हूं। सीबीआई से जांच करवाएं। डरते क्यों हैं? मान मर्दन न करें। ईंट का जवाब पत्थर से दूंगा, थप्पड़ खाकर चुप नहीं बैठूंगा। चौदह में सात वंचित वर्ग के डायरेक्टर बनाया ये मेरी गलती है। पिछड़ों को मौका दिया है। ये गलती है, मैं ये करता रहूंगा। डरूंगा नहीं, डरा दीजिए जितना डराएंगे आप। आपके पास तंत्र है तो मेरे पास जनतंत्र है।मेरी और मेरी पत्नी की संपत्ति की जांच करा लें। एक धरना मास्टर है, प्रायोजित कर धरने पर बैठा दिया जाता है। एसटीएफ के किस अधिकारी ने दो लोगों को धरने पर बैठाने के लिए भेजा है पता कर लें। दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। स्पेशल टास्क फोर्स वाले पैर पर गोली मारते हैं, हिम्मत है तो सीने पर गोली मारो। 69 हजार की भर्ती का विषय डरा कर नहीं बंद करा सकते। सबको पता है कि खेल कहां से हो रहा है। हमने बहुत दिन मंत्री पद ले लिया। धरना मास्टर के मोबाइल का कॉल रिकॉर्ड खुलवा लें। कहां से ऑपरेट हो रहीं सब सामने आ जाएगा। धरना मास्टर 69 हजार वाले मामले पर बैठेंगी? औकात नहीं है मार डंडा और थप्पड़ ठीक कर दी जाएंगी। मेरी सुरक्षा कार्यकर्ता करें। मैं आपके भरोसे हूं। 69 हजार भर्ती का विषय हम नहीं छोड़ेंगे। 2012 का चुनाव याद करिए, इतने बड़े आदमी से लड़ लिए तो आज क्या डर। मेरी तो मरी हुई कार्बाइन वाली सुरक्षा है।आपके पास 17 सौ करोड़ रुपया है न। मैं तो भिखारी हूं। आप मर्यादा लांघेंगे तो मैं भी मर्यादा भूल जाऊंगा। प्रधानमंत्री के नेतृत्व को स्वीकार करिए, इतिहास सबको पता है, जहां खाया वहीं छेद कर दिया। हमारी नेता की संपत्ति ले गई, वो चुप हैं, छोटी बहन ने मुकदमा किया और आज तक केंद्रीय मंत्री की शिकायत पर जांच नहीं हुई तो फिर क्यों धरना नहीं देंगी। विधानसभा में सिर्फ विधायक जा सकता है वहां एसटीएफ किसे भेजते हैं। महत्वपूर्ण व्यक्ति धरने से उठाने भी जाता है तो और कैसे दिखाएं कि ये सब प्रायोजित है। जितनी चाभी भरी, उतना चला खिलौना। प्रधानमंत्री सिर्फभाषण नहीं देते, केंद्रीय विद्यालय, नवोदय विद्यालय में, नीट की परीक्षा में, ओबीसी आयोग को दर्जा देने में उन्होंने हमेशा काम किया है। हम उनका हृदय से आभार व्यक्त करते हैं। खिलौनों से डरेंगे नहीं, लड़ेंगे और थप्पड़ का जवाब थप्पड़ से देंगे।

# डीएपी की बोरी 1350 रूपये में उपलब्ध कराने पर पीएम का सहकारिता मंत्री ने जताया आभार

- कृषि सहकारी ऋण समितियों पर खाद व उवर्रक की पर्याप्त उपलब्धता बनाये रखने के दिए निर्देश



लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** सहकारिता राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार जेपीएस राठौर ने नववर्ष में देश के किसानों को 50 किलों डीएपी का एक बैग 1350 रूपये में उपलब्ध कराने तथा डीएपी उर्वरक पर 3850 करोड़ रूपये की अतिरिक्त सब्सिडी देने के निर्णयों पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का हार्दिक स्वागत व अभिनंदन किया है। उन्होंने कहा कि इस निर्णय से अंतर्राष्ट्रीय बाजार में उर्वरको की बढ़ती कीमतो का प्रभाव किसानों पर नही पड़ेगा। प्रधानमंत्री के इस ऐतिहासिक फैसले से यूपी के करोड़ो किसान लाभान्वित होंगें।सहकारिता मंत्री ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि कृषि सहकारी ऋण समितियों साधन सहकारी समिति पैक्स समिति पर खाद व उवर्रक की पर्याप्त उपलब्धता बनाये रखे जिससे किसानों को असुविधा न हो। सहकारिता क्षेत्र में केन्द्र सरकार व प्रदेश सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों से खासतौर से किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी तथा सहकारिता क्षेत्र को और गति मिलेगी जिसके फलस्वरूप प्रदेश की अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होगी। सहकारिता मंत्री ने प्रधानमंत्री के द्वारा कृषकों के हित में लिए गये इन ऐतिहासिक फैसलों के लिए प्रदेश सरकार एवं प्रदेश के करोड़ों किसानों की तरफ से प्रधानमंत्री को धन्यवाद एवं आभार ज्ञापित किया।

# नगर विकास मंत्री ने दिखाई 150 इलेक्ट्रिक कूड़ा कलेक्शन गाड़ियों को हरी झंडी




लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने लखनऊ शहर की सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन को मजबूती प्रदान करने के लिए 150 इलेक्ट्रिक कूड़ा कलेक्शन गाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पर्यावरण के अनुकूल व प्रदूषण रहित ये कूड़ा कलेक्शन गाड़ियां प्रतिदिन जोन-02, 05 व 08 के क्षेत्रीय निवासियों के दरवाजे पहुंचकर सेग्रीगेटेड कूड़ा उठाने का कार्य करेंगी। इन गाड़ियों को चलाने एवं कूड़ा उठाने तक में लगभग 05 हजार महिला एवं पुरूषों को प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा।

नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने गुरूवार को लखनऊ नगर निगम जोन-08 के हिन्दनगर वार्ड, अवध चौराहा के पास सालिड वेस्ट मैनेजमेंट के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के स्वच्छ भारत अभियान की शुरूआत से ही स्वच्छता की लहर देश में चल पड़ी है। अब सभी सफाई स्वच्छता के प्रति सचेत और जागरूक हैं। स्वच्छता अब हमारे जीवन की कार्य संस्कृति बन गयी है। निकायों में भी सफाई स्वच्छता को लेकर आपस में प्रतिस्पर्धा हो रही है। एक दूसरे से अपने नगर को ज्यादा स्वच्छ दिखाने का प्रयास हो रहा है। लखनऊ शहर सभी निकायों के लिए आदर्श बन गया है। क्योंकि यहां के लिए मुस्कुराइये कि आप लखनऊ में है, कहा जाता है। हमारे प्रदेश के नगर अब देश की स्वच्छता रैकिंग में पहले दूसरे पायदान पर आने लगे हैं, इसके लिए सभी नगरवासी, निकाय कार्मिक और सफाई मित्र बधाई व सम्मान के पात्र हैं। उन्होंने आमजन को जागरूक करते हुए कहा कि सफाई निरन्तर चलने वाली प्रक्रिया है। इसको बनाये रखने के लिए मैन और मशीन का बेहतर प्रयोग किया जाए। ज्यादा से ज्यादा आधुनिक तकनीक और मशीनों की वैज्ञानिक पद्धति से सफाई कार्यों में लगाया जाए। शहर के कूड़े कचरे का प्रबंधन वैज्ञानिक पद्धति से किया जाना ही संभव है। इसके लिए कूड़े कचरे का प्रबंधन आधुनिक बनाने के साथ ही वैज्ञानिक विधि से इसके निपटान का प्रयास किया जा रहा है।श्री शर्मा ने लखनऊवासियों से अनुरोध किया है कि वे अपने घरों, दुकानों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों से समय से सूखा एवं गीला कूड़ा अलग कर निकालकर कूड़ा कलेक्शन गाड़ियों को दे। जिससे इस कूड़े को कूड़ा कलेक्शन सेंटर, ट्रांसफर स्टेशन एवं एमआरएफस्टेशन से लेकर शिवरी प्लान्ट तक शोधन के लिए पहुंचाया जा सके।

# सहायक आबकारी आयुक्त रामप्रीत चौहान निलंबित



लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के आबकारी एवं मद्यनिषेध राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नितिन अग्रवाल के निर्देश पर सहायक आबकारी आयुक्त रामप्रीत चौहान को गंभीरअनियमितता में प्रथम दृष्ट्या लिप्त पाये जाने पर तात्कालिक प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। जांच हेतु विशेष सचिव आबकारी दिव्य प्रकाश गिरि को जाँच अधिकारी नामित किया है।आबकारी मंत्री ने बताया कि अक्टूबर 2024 में स्टार लाइट ब्रुकेम लि.नवाबगंज आसवानी गोण्डा में सहायक आबकारी आयुक्त के पद पर रामप्रीत चौहान के तैनाती के दौरान 27,610 बल्क ली ईएनए की चोरी होने के प्रकरण में उनकी संलिप्तता प्रकाश में आयी है। इससे आबकारी विभाग को भारी राजस्व की क्षति होने की सम्भावना है। रामप्रीत चौहान को निलम्बित किये जाने का आदेश दिये गये है तथा प्रश्नगत प्रकरण की जांच हेतु विशेष सचिव, आबकारी विभाग दिव्य प्रकाश गिरि को जाँच अधिकारी नामित किया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टालरेंस नीति के तहत कार्रवाई की गई है। विभाग में अनियमितता पाये जाने पर संबंधित के विरूद्ध कठोर से कठोर कार्रवाई की जायेगी।

[ दिवंगत अपना दल नेता सोनेलाल पटेल की बेटियों की लड़ाई सड़क पर आई ]

# आशीष को बचाने अनुप्रिया पटेल उतरीं

- बोलीं- साजिश का मुंहतोड़ जवाब देंगे



लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** योगी सरकार में कैबिनेट मंत्री पति आशीष पटेल पर बहन पल्लवी पटेल की घेरेबंदी को तोड़ने के लिए खुद मोदी सरकार में मंत्री अनुप्रिया पटेल भी उतर गई हैं। अनुप्रिया ने गुरुवार को लखनऊ में अपनी पार्टी अपना दल एस की विशेष बैठक बुलाई और कहा कि किसी कार्यकर्ता के साथ साजिश बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साजिश करने वालों को मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल ने कहा कि वह षडयंत्रों से घबराने वाली नहीं हैं। साजिशों का जवाब संगठन की ताकत से दिया जाएगा।

बहन और सपा विधायक पल्लवी पटेल द्वारा आशीष पटेल पर लगाए जा रहे भ्रष्टाचार के आरोपों पर अनुप्रिया ने कहा कि उनकी पार्टी डरने वाली नहीं है। इस साजिश के पीछे किसका हाथ है, सभी कार्यकर्ता जानते हैं। आशीष पटेल के मंच से पल्लवी और एसटीएफ के खिलाफ संबोधन का जिक्र करते हुए अनुप्रिया ने कहा कि हमारे मंत्री ने अभी आपसे बात की। उनके मन में पीड़ा थी इसलिए उन्होंने आपसे कुछ कहा और बहुत सारी अपने मन की पीड़ा को साझा भी किया। पार्टी की अध्यक्ष होने के नाते सभी भाइयों बहनों और समर्थकों से जो दूर-दराज से आए हैं सिर्फ इतना ही कहना चाहती हूं कि अपना दल बहुत लंबे संघर्षों से जूझता हुआ यहां तक पहुंचा है।उन्होंने कहा कि अपना दल के खिलाफ जो भी षड्यंत्र चल रहा है वह किसके इशारे पर चल रहा है कहां से चल रहा है कैसे चल रहा है अपना दल का एक-एक शुभचिंतक और समर्थक जानता है। जो भी षड्यंत्र करने वाली ताकत है वह कान खोल कर सुन ले कि अगर उन्हें गलतफहमी है कि इन षडयंत्रों से डर कर अपना डालना सामाजिक न्याय के विषय को उठाना छोड़ देगा तो ऐसा होने वाला नहीं है।अनुप्रिया ने कहा कि जब हमारी पार्टी के खिलाफ षड्यंत्र होते हैं तो एक बात साफ हो जाती है कि जब भी अपना दल पिछड़ों और दलितों के हाकमरी पर सवाल खड़ा करता है तो कहीं ना कहीं किसी न किसी के पेट में दर्द तो जरूर होता है। कहा कि अपना दल ना किसी से डरने वाला है से डरने वाला है और ना ही अपने विचारों से सामाजिक न्याय की लड़ाई को और भी मजबूती से लड़ने से काम करेंगे पूरी ताकत से लड़ेंगे।अनुप्रिया के साथ मौजूद आशीष पटेल ने तो यह भी कह दिया कि धरना मास्टर पल्लवी किसी भी तरह बीजेपी ज्वाइन करना चाहती हैं। बीजेपी में जाने के लिए ही वह रास्ता बना रही हैं। मेरी छवि को धूमिल कर और झूठे आरोप लगाकर सत्ता के करीब पहुंचने का जो चैनल उन्होंने अपनाया है वह गलत है। अगर वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना नेता मान लें और पार्टी ज्वाइन कर ले तो उनका स्वागत है। उन्होंने सपा का नाम लिए बिना कहा कि एक पार्टी उनसे धोखा खा चुकी है। पल्लवी जिस थाली में खाती हैं उसमें छेद नहीं ड्रिल कर देती हैं। हम डरेंगे नहीं।

# मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन अब 07 को होगा: रिणवा

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों मतदाता सूचियों का तथा सर्विस मतदाताओं से संबंधित मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन अब 07 जनवरी को किया जायेगा। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अर्हता तिथि 01 जनवरी 2025 के आधार पर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों मतदाता सूचियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण में नियत कार्यक्रम के अनुसार नामावलियों का अंतिम प्रकाशन 06 जनवरी के स्थान पर अब 07 जनवरी को किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। सर्विस मतदाताओं से संबंधित मतदाता सूचियों का भी अंतिम प्रकाशन 07 जनवरी को किया जायेगा। मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को सूचित कर दिया गया है।

**नए साल पर फिर शुरू हुआ पोस्टरवार, सपा ऑफिस के बाहर लगा बैनर**

# सपा के राज में बुलडोजर जाएगा गैराज में

लोकमित्र ब्यूरो




**लखनऊ।** यूपी में विधानसभा उपचुनाव से पहले भाजपा और सपा के बीच शुरू हुआ पोस्टर वार अब भी जारी है। समाजवादी पार्टी के नेता ने नए साल पर ही पोस्टर वार की शुरुआत कर दी। सपा नेता 2027 विधानसभा चुनाव के मद्देनजर इस पोस्टर को लगाया। पोस्टर में बुलडोजर ऐक्शन पर निशाना साधा गया। सपा दफ्तर के बाहर लगे इस पोस्टर में स्लोगन भी बुलडोजर को लेकर लिखा गया। पोस्टर में लिखा, सपा के राज में बुलडोजर जाएगा गैराज में, बुलडोजर में नहीं रह गया कोई दम, साइकिल दिखाएगी 27 में दम। ये पोस्टर अब सोशल मीडिया पर भी खूब वायरल हो रहा है।पिछले दिनों यूपी की राजनीति में जमकर पोस्टर वार हुए। सपा, भाजपा के अलावा इस वार में बसपा भी कूद पड़ी। तीनों पार्टियों के नेताओं ने एक-दूसरे के खिलाफ जमकर पोस्टरबाजी की और स्लोगन के जरिए एक-दूसरे पर प्रहार किया। अभी हाल में भाजपा की ओर से अल्पसंख्यक मोर्चे के सदस्य शम्सी आजाद ने एक पोस्टर लगाया था। पोस्टर में चरखे से क्रांति आई, बुलडोजर से शांति आई स्लोगन लिखा गया। इस पोस्टर के जवाब में सपा ने भी अपने लखनऊ स्थित दफ्तर के बाहर पोस्टर लगाया। यह पोस्टर लखनऊ पश्चिमी विधानसभा के सचिव रंजीत सिंह द्वारा लगाया गया है। बुलडोजर कार्रवाई पर निशाना साधते हुए इस पोस्टर में लिखा, सपा के राज में बुलडोजर जाएगा गैराज में, बुलडोजर में नहीं रह गया कोई दम, साइकिल दिखाएगा 27 में दम।पिछले साल सीएम योगी के कटेंगे तो बटेंगे चुनावी बयानबाजी के बाद विपक्ष ने भाजपा पर जमकर हमला बोला था। सपा और भाजपा के बीच इस बयानबाजी के बाद तो मानों जंग ही छिड़ गई थी। दोनों ओर से जमकर प्रहार होने लगे। इसी बीच पोस्टरवार का भी दौर चला। दोनों पार्टी के नेताओं ने एक-दूसरे के खिलाफ जमकर जगह-जगह पोस्टर लगाकर बयानबाजी की।

सपा ने पीडीए से जुड़ेंगे और जीतेंगे का नारा बुलंद किया तो भाजपा ने भी उसका पोस्टर से ही जवाब दिया। भाजपा की बुलडोजर कार्रवाई को लेकर भी विपक्ष ने काफी आलोचना की।

संक्षिप्त खबरें

### जैन कॉम्प्लेक्स में लगी आग

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में कृष्णा नगर थाना क्षेत्र के लाल हॉस्पिटल के पास स्थित जैन कॉम्प्लेक्स में देर रात आग लग गई। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और एक घंटे में आग पर काबू पाया। घटना बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात करीब साढ़े 12 बजे की है। आलमबाग फायर स्टेशन से दो दमकल गाड़ियां तुरंत मौके पर भेजी गई। फायर ब्रिगेड के अधिकारियों ने स्थिति को गंभीर देखते हुए सरोजिनी नगर और चौक से अतिरिक्त दमकल गाड़ियां मंगवाई। फायर कर्मियों ने बताया कि जैन कॉम्प्लेक्स शॉर्ट सर्किट से आग लगी। आग से हुए नुकसान का अंदाजा लगाया जा रहा है। घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया। अब जैन कॉम्प्लेक्स को सुरक्षित घोषित कर दिया गया है। फायर अधिकारी ने बताया कि समय पर सूचना और दमकल गाड़ियों की तेज कार्रवाई के कारण बड़ी दुर्घटना को टालने में सफलता मिली।

### मंडलायुक्त ने रैन बसेरों का किया औचक निरीक्षण

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में कड़ाके की ठंड और शीतलहर के मद्देनजर मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने शहर के विभिन्न रैन बसेरों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सुनिश्चित किया कि बेसहारा और जरूरतमंद लोगों को किसी प्रकार की समस्या न हो। चारबाग, ऐशबाग, और लाटूश रोड सहित अन्य रैन बसेरों में मूलभूत सुविधाओं की स्थिति का जायजा लिया गया। मंडलायुक्त निर्देश दिए कि रैन बसेरों में रहने वाले लोगों को गर्म चाय एवं खानपान ससमय उपलब्ध कराया जाए। शौचालय की नियमित साफ सफाई अच्छे से कराते रहे। मंडलायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि रैन बसेरों में पर्याप्त कंबल, गुनगुना पानी, और भोजन की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की कमी को गंभीरता से लिया जाएगा। ठंड से बचाव के लिए गर्म चाय और खानपान की व्यवस्था समय पर होनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने रैन बसेरों में साफसफाई और शौचालयों की नियमित देखभाल पर विशेष जोर दिया। इसके अलावा, उन्होंने कहा कि मूलभूत औषधियां हर समय उपलब्ध रहें। उन्होंने रैन बसेरों में मौजूद लोगों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को समझा और त्वरित समाधान के निर्देश दिए। मंडलायुक्त ने कहा कि रैन बसेरों में रात्रि विश्राम करने वाले सभी लोगों का नाम रजिस्टर में दर्ज किया जाए। साथ ही, जरूरतमंदों के लिए कंबल वितरण का कार्य तेज किया जाए।बेसहारा लोगों को शिफ्ट करने के निर्देशर्दो। रोशन जैकब ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे नियमित भ्रमणशील रहें और सड़क पर रहने वाले बेसहारा और बेघर लोगों को रैन बसेरों में शिफ्ट कराना सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त ने रैन बसेरों में रह रहे लोगों से संवाद किया और उनके हाल-चाल जाने। उन्होंने कहा कि ठंड के इस मौसम में प्रशासन का कर्तव्य है कि जरूरतमंद लोगों को हर संभव मदद पहुंचाई जाए।

### तीन सदस्यीय टीम गठित, बांग्लादेशियों की करेगी पहचान

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में रह रहे बांग्लादेशियों की पहचान करने के लिए मेयर सुषमा खर्कवाल ने 3 सदस्यीय टीम का गठन किया है। यह टीम नगर निगम के जोन-7 में रहने वाले बांग्लादेशियों की पहचान करके रिपोर्ट सौंपेगा। मेयर का कहना है कि इसके लिए अधिकारियों को 48 घंटे का समय दिया गया है। इसी दौरान रिपोर्ट सौंपनी होगी। नगर निगम के जोनल अधिकारी कुलदीपक सिंह ने बताया कि जोन के सर्वे के दौरान कई ठाक दो हजार की संख्या में झुग्गी झोपड़ी सामने आई है। इनकी जान पहचान की जा रही है। मेयर ने कहा कि सात में बाहरी क्षेत्रों में खाली पड़े प्लाटों पर झुग्गियों की बस्ती बना कर बांग्लादेशियों की जांच के लिए तीन सदस्यीय टीम का गठन किया गया है। इसके लिए 48 घंटे में रिपोर्ट सौंपनी हागी। वहीं, मेयर सुषमा खर्कवाल का कहना है कि नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह ने जोन सात के जोनल अधिकारी आकाश सिंह के नेतृत्व में कमेटी गठित की है। इसमें जोन सात के एसएफआई ब्रिजेश प्रजापित और सुनील वर्मा शामिल हैं। नगर निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों से मारपीट के बाद कार्रवाई हो रही है। इंदिरानगर में इसी कार्रवाई के तहत 50 झुग्गियों को ध्वस्त किया गया है। मेयर ने टीम को निर्देश दिया गया है कि वह जोन सात में जहां-जहां अवैध सफाई कर्मचारियों की बस्ती बसी है वहां जाकर पड़ताल करें कि वहां उन्हें किसने बसाया है, जिस जमीन पर वह बसे हैं वह किसकी है। कब से यहां रह रहे हैं। साथ ही मेयर ने इंदिरा नगर थाना प्रभारी को नगर निगम की ओर से पूर्व में सर्वे किए गए उन स्थानों की सूची दी है जहां पर कथित बांग्लादेशियों को बसाया गया है। साथ ही पुलिस से पूछा है कि अवैध रूप से बसे इन लोगों के खिलाफ अब तक कार्रवाई क्यों नहीं की गई है।

### 2 करोड़ से बना मॉडल वेंडिंग जोन

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के विभूति खंड खंड में इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान (आईपीजी) चौराहे के पास मॉडल वेंडिंग जोन बनाया गया है। गुरुवार को नगर विकास मंत्री एके शर्मा और लखनऊ की मेयर सुषमा खर्कवाल ने वेंडिंग जोन का उद्घाटन किया। करीब 2 करोड़ की लागत से कुल 40 दुकानें तैयार की गई हैं। सभी दुकानें एक ही कलर में रंगी गई हैं। इन दुकानों को पर सड़क किनारे ठेले पर खाने-पीने का सामान बेचने वालों को आवंटित किया गया है। दुकानों में पानी-बिजली और ग्राहकों के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। नगर निगम जोन 4 के अधिकारी संजय यादव ने बताया कि 2023 के सर्वे लिस्ट के आधार पर इन दुकानों का आवंटन हुआ है। इसमें लाइटिंग सिस्टम, म्यूजिक सिस्टम, वाश बेसिन, बेंच, खाने-पीने के लिए टेबल, बिजली कनेक्शन सहित अन्य सुविधाएं शामिल हैं। इन दुकानों का किराया 5 हजार रुपए प्रति माह तय किया गया है। सिक्योरिटी मनी के तौर पर 50 हजार रुपए जमा कराए जाएंगे। यह पैसा रिफंडेबल है। दुकान निरस्त होने पर सिक्योरिटी मनी वापस कर दी जाएगी। उद्घाटन के बाद आसपास की दुकानों को इसमें शिफ्ट किया गया है। इस दौरान सजावट भी की गई है। दुकानदारों को 5 हजार रुपए हर महीने किराया देना होगा। शुक्रवार से इन दुकानों का संचालन शुरू हो जाएगा। मेयर सुषमा खर्कवाल का कहना है कि हमने मॉडल वेंडिंग जोन का उद्घाटन किया है। इससे वेंडरों को सुविधा मिलेगी। यहां आसपास में पहले दुकान लगाने वाले लोगों को हटाया गया था। अब उन्हीं को दुकान आवंटित की गई है। सड़क से अतिक्रमण हटाने और वेंडरों को बेहतर जगह देने के मकसद से नगर निगम ने मॉडल वेंडिंग जोन का निर्माण किया है।

### डीआईओएस बने दो अधिकारियों को मिली तैनाती

**लखनऊ।** हाल ही प्रोन्नति पाकर नई तैनाती की बाट जोह रहे दो शिक्षा अधिकारियों को नई तैनाती दे दी गई है। शासन ने गुरुवार को इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। इसके तहत पदोन्नति पाए महाराजगंज के बेसिक शिक्षा अधिकारी श्रवण कुमार को कुशीनगर का जिला विद्यालय निरीक्षक (डीआईओएस) बनाया गया है। इसी प्रकार से प्रोन्नति के बाद नए पदस्थापन के राह देख रहे जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान बहराइच के वरिष्ठ प्रवक्ता दिनेश कुमार को बांदा का डीआईओएस बनाया गया है। दोनों अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे बिना विलम्ब अपने नए पद पर कार्यभार ग्रहण करें।

### आईएएस अफसरों को 31 तक देना होगा संपत्तियों का ब्यौरा

**लखनऊ।** केंद्र सरकार ने आईएएस अफसरों के लिए 31 जनवरी तक ऑनलाइन संपत्तियों का ब्यौरा देना अनिवार्य कर दिया है। वर्ष 2024 की संपत्तियों का ब्यौरा देने के लिए ऑनलाइन आईपीआर 1 जनवरी से खोल दिया गया है। विशेष सचिव नियुक्ति विजय कुमार ने इस संबंध में गुरुवार को आदेश जारी कर दिया है। इसमें कहा गया है कि कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) ने इस संबंध में राज्यों को निर्देश भेजा है। इसके आधार पर ही नियुक्ति विभाग ने आदेश जारी करते हुए आईएएस अधिकारियों से कहा है कि वे वर्ष 2024 में अर्जित की गई संपत्तियों की जानकारी 31 जनवरी तक अनिवार्य रूप से ऑनलाइन कर दें।

### शार्ट सर्किट से हार्डवेयर दुकान में लगी आग

**लखनऊ।** कृष्णानगर लाल हॉस्पिटल के पास बुधवार देर रात हार्डवेयर दुकान में आग लग गई। लपटें उठते देख स्थानीय लोगों ने पुलिस और फायर कंट्रोल रूम को सूचना दी। करीब एक घंटे बाद आग को काबू किया गया। जैन काम्प्लेक्स में अनिल विश्वकर्मा की हार्डवेयर शॉप है।

[राजधानी 5 मर्डर केस, 24 घंटे बाद भी पुलिस के हाथ खाली]

# पुलिस मोहम्मद बद्र को नहीं कर पाई गिरफ्तार

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के नाका इलाके में एक होटल के कमरे में एक ही परिवार की पांच महिलाओं की हत्या मामले में पुलिस ने 24 घंटे बाद भी फरार पिता तक नहीं पहुंच पाई है। सवाल है कि क्या? पुलिस ने बेटे बयान और वीडियो को आधार मान कर आरोपी पिता की तलाश कर रही है। हालांकि इस पूरे मामले की पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पड़ोसियों की पूछताछ को आधार बना पूरे घटना की एक-एक कड़ी जोड़ रही है कि आखिर आरोपी बेटे और पिता ने हत्या क्यों की? पूरे घटना में कही और तो नहीं आरोपी है। आगरा में पड़ोसियों ने बताया कि परिवार को एकांतप्रिय और आर्थिक कठिनाइयों से परेशान बताया। इस घटना ने आगरा के कुबेरपुर के टिहरी बगिया इलाके में इस्लाम नगर मोहल्ले में सनसनी फैला दी है। पड़ोसी अलीम खान ने लोकमित्र ब्यूरोओं से कहा, मोहम्मद बद्र और उनके बेटे मोहम्मद अरशद करीब 10-15 साल से यहां रह रहे



थे, लेकिन कभी किसी से अच्छे संबंध नहीं बनाए। वे अपने परिवार की महिलाओं के साथ भी दुर्व्यवहार करते थे। खान ने यह भी आरोप लगाया, मैंने पहले उन्हें उनके घर का एक हिस्सा बनाने के लिए कुछ पैसे उधार दिए थे, और उसके बाद वे यहां रहने लगे। लेकिन फिर, वे खुद को अलग-थलग रखने लगे। उन्होंने आगे याद किया कि जब दो साल पहले उनकी एक बेटी की मृत्यु हुई, तो उसके अंतिम संस्कार में शायद ही कोई शामिल हुआ। खान ने बताया हममें से कुछ ही लोग कब्रिस्तान गए थे। उनकी बेटियाँ कुरान पढ़ती हुई दिखाई देती थीं। पिता और पुत्र न तो नमाज पढ़ते थे और न ही समुदाय के लोगों से ज्यादा बात चीत करते थे। पिता और पुत्र के बीच भी अक्सर विवाद होता रहता था। एक अन्य पड़ोसी, फातिमा बेगम ने दावा किया, पिता और पुत्र बेटियों के साथ दुर्व्यवहार करते थे। उनकी एक बेटी की शादी में कुछ समस्याएं थीं, जिससे उसकी स्थिति और खराब हो गई। फातिमा ने आगे बताया कि पिता और पुत्र रेडीमेड कपड़े बेचकर अपना जीवन यापन करते थे, लेकिन आर्थिक समस्या थी। उन्होंने कहा, उनके अशिष्ट व्यवहार ने उन्हें सभी से दूर कर दिया था। पास की गली के एक बुजुर्ग बाबू ने कहा, करीब 8-10 दिन पहले, हमने सुना कि परिवार कहीं चला गया है। आज हमें इस दुखद घटना के बारे में पता चला। बाबू के अनुसार, पिता और पुत्र झगड़ालू थे और अक्सर इलाके के अन्य लोगों के साथ झगड़ते रहते थे। उन्होंने अनुमान लगाया कि गरीबी ने घटनाओं के इस भयावह मोड़ में भूमिका निभाई होगी। एक अन्य पड़ोसी मोहम्मद इस्लाम ने इससे सहमति जताते हुए कहा, परिवार किसी के साथ अच्छे संबंध नहीं रखने के लिए बदनाम था। पिता और पुत्र अपने परिवार के सदस्यों की परवाह नहीं करते थे। मुझे संदेह है कि हत्याओं के पीछे वे लोग हो सकते हैं। लखनऊ के शरनजीत होटल के एक कमरे में मोहम्मद अरशद की मां और चार बहनों के शव मिले। स्थानीय पुलिस ने पुष्टि की कि मोहम्मद अरशद को घटनास्थल से गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि उसके पिता मोहम्मद बद्र फरार हैं। घटना के बाद अरशद का अपराध कबूल करने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर आया। सेल्फी वीडियो में अरशद ने आरोप लगाया कि उसके पड़ोसियों द्वारा भूमि विवाद को लेकर परेशान किए जाने के कारण उसने ऐसा किया। उसने आरोप लगाया कि पड़ोसी परिवार की संपत्ति हड़पना चाहते थे, उसकी बहनों को नुकसान पहुंचाना चाहते थे और उनके हिंदू धर्म अपनाने के खिलाफथे। हालांकि, उसने अपने पिता को हत्याओं में शामिल नहीं किया और सीधे तौर पर अपने समुदाय को ही इस कृत्य के लिए मजबूर करने का दोषी ठहराया।

## अरशद की मां-बहन का अंतिम संस्कार संभल में होगा

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के नाका में मां और चार बहन की हत्या करने वाले अरशद को पुलिस ने गुरुवार को जेल भेज दिया। फरार पिता मो. बदर की तलाश भी तेज कर दी गई है। वहीं पांचों शवों का पैनल से पोस्टमॉर्टम कराया जा रहा है। इसके बाद परिजनों को शव सुपुर्द कर दिया जाएगा।

पुलिस की सूचना पर अरशद के फूफा और मामा गुरुवार सुबह लखनऊ पहुंचे और नाका थाने गए। जहां से उन्हें घटना की जानकारी देने के बाद शवों को सौंपने की प्रक्रिया पूरी कराई गई। मामा दानिश का कहना है कि वह सभी शवों को संभल अपने गांव ले जाकर अंतिम संस्कार करेंगे। अरशद की मां आसमां संभल की रहने वाली थी। संभल के रहने वाले मामा दानिश ने बताया कि घटना की जानकारी पर वह परिजनों के साथ बुधवार रात को ही लखनऊ के लिए निकल गए थे। दानिश का कहना है कि अरशद वीडियो में जो बातें बता रहा है, परिवार में कभी चर्चा नहीं की। यहां तक कि पड़ोसियों से विवाद के विषय में भी कोई जानकारी नहीं दी थी। उसने यह कदम क्यों उठाया पूरा परिवार समझ नहीं पा रहा है।

नाका पुलिस ने गुरुवार सुबह अरशद को जेल भेज दिया। साथ ही उसकी कस्टडी रिमांड के लिए कोर्ट में एप्लिकेशन भी दी है। पुलिस का कहना है कि घटना को लेकर आरोपी से पूछताछ करनी है। आरोपी के पिता की तलाश में लगातार चार टीम संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। उसकी लोकेशन ट्रेस करने के लिए सर्विलांस और सीसीटीवी की मदद ली जा रही है।

## एलडीए में बिना स्वीकृति के अवकाश लेने वाला बाबू निलंबित

**लखनऊ।** एलडीए वीसी ने बिना स्वीकृत अवकाश के छुट्टी पर रहने वाले बाबू को निलंबित कर दिया है। एलडीए अधिकारियों का कहना है कि 2022 से 31 दिसंबर तक वह कई बार छुट्टी पर रहा था। कई बार शिकायत आने के बाद बाबू को निलंबित कर दिया गया है। आरोपी कर्मचारी पीआईयू में तैनात था। मामले में जांच के लिए विशेष कार्याधिकारी को जांच अधिकारी नामित किया गया है। अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा ने बताया कि कनिष्ठ लिपिक आशुतोष मलिक को वर्ष 2022 में पी0आई0यू0 में तैनात किया गया था। तब से 31 दिसम्बर, 2024 के बीच वह कई बार बिना स्वीकृत अवकाश के ड्यूटी से लंबे अंतराल के लिए अनुपस्थित रहा। इस बीच आशुतोष मलिक द्वारा सक्षम अधिकारी अथवा सहकर्मियों को अवकाश के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई सूचना भी नहीं दी गयी। इसके लिए कई बार चेतावनी दिये जाने के बाद भी उसकी कार्य शैली में कोई सुधार नहीं आया।

## प्रापर्टी डीलर से फोन पर मांगी 5 लाख की रंगदारी

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** सुशांत गोल्फसिटी थाना क्षेत्र में रहने वाले प्रापर्टी डीलर से फोन पर 5 लाख की रंगदारी मांगी गई। फोनकर्ता ने अपना प्रतापगढ़ का गैंग बताया। आरोपियों ने रुपये नहीं देने पर परिणाम भुगतने की चेतावनी भी दी। धमकी भरी कॉल से पीड़ित व उसका परिवार दहशत में है। डीसीपी साउथ निपुण अग्रवाल के निर्देश पर सुशांत गोल्फसिटी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर अंजनी कुमार मिश्र के मुताबिक, कृतिका अपार्टमेंट निवासी प्रापर्टी डीलर प्रशांत तिवारी गत 24 दिसंबर की रात करीब 9.30 बजे वह घर पर थे। तभी अनजान नंबर 80525....से कॉल आई। प्रशांत ने जैसे ही कॉल रिसीव, तभी पीछे से कुछ लोगों ने गाली देना शुरू कर दिया। प्रशांत कुछ समझ नहीं पाए। गाली देने से मना करने पर आरोपी ने अपना नाम सुमित सिंह बताया। प्रशांत ने कहा कि वे किसी सुमित नाम के व्यक्ति को नहीं जानते। ऐसे में उन्होंने फोन काट दिया। कुछ देर बाद 93057.....से कॉल आई। इस बार भी कॉलर ने सुमित सिंह नाम बताते हुए सौरभ नायक उर्फ काजू, प्रिंस, शिवांश त्रिपाठी और हिमांशु तिवारी का नाम लेकर धमकाया। बोला कि प्रतापगढ़ का यह गिरोह है। जिसे जमीन कारोबार करने के बदले रुपये देने पड़ते हैं। तुमने नया-नया जमीन का काम शुरू किया है। तुम बहुत सी जमीन बिकवा रहे हो। हमारा हिस्सा 5 लाख पहुंचा दो। पीड़ित ने इंकार किया तो फोनकर्ता ने कहा कि थार जीप से चलते हो। जब चाहूंगा सिर्फएक गोली से निपटा दूंगा। धमकी भरा फोन आने से प्रशांत घबरा गए। पीड़ित ने डीसीपी साउथ से मुलाकात कर उन्हें घटना की जानकारी दी। पीड़ित ने पुलिस को धमकी भरी कॉल की रिकॉर्डिंग भी सुनाई।

## सरोजनी नगर तहसील में लेखपालों का हंगामा



लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** रिश्वत लेते पकड़े गए लेखपाल के समर्थन में सरोजनी नगर तहसील के सभी लेखपाल लामबंद हो गए। गुरुवार को तहसील परिसर में अनिश्चित कालीन धरने पर बैठ गए। उन्होंने कहा-लेखपाल बिन्देश कुमार रावत को सतर्कता अधिष्ठान कर्मचारियों ने फर्जी केस में फंसाने की धमकी दी थी।

इसके बाद 31 दिसंबर को ट्रैप की कार्रवाई की गई। लेखपाल संगठन अध्यक्ष सुधीर कुमार शर्मा ने मामले की न्यायिक जांच कराने की मांग की है। उन्होंने कहा जांच के बाद दोषी पाए जाने पर फर्जी केस में फंसाने वाली ट्रैप टीम के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाए।

साथ ही घटनास्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरे की वीडियो फुटेज सुरक्षित कराई जाए। लेखपाल संगठन अध्यक्ष ने बताया कि सतर्कता विभाग के कर्मचारी गहरू क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग कर रहा है।

सरकारी भूमि पर अतिक्रमण किया है। लेखपाल बिन्देश ने 21 दिसंबर को मामले में जांच रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को दी थी। लेखपालों का कहना है कि लेखपाल बिन्देश ने सतर्कता अधिष्ठान के कर्मचारी को सरकारी भूमि पर प्लाटिंग करने से रोका।

सूचना सरोजनी नगर एसडीम को दी थी। लेकिन समय रहते कार्रवाई नहीं की गई। मौका पाकर अवैध प्लाटिंग करने वाले कर्मचारी ने 31 दिसंबर को साजिश कर लेखपाल को ट्रैप करा दिया। लेखपाल संगठन अध्यक्ष ने कहा- जब तक मांगों को नहीं माना जाएगा, तब तक सभी लेखपाल तहसील परिसर में धरना देंगे।

## पार्ट टाइम जॉब के नाम पर युवक से 5.50 लाख रुपये की धोखाधड़ी

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** साइबर जालसाज ने पार्ट टाइम जॉब के नाम पर निजी कंपनी कर्मी से 5.50 लाख रुपये ऐंठ लिए। अतिरिक्त रुपये की मांग बढ़ने पर पीड़ित ने पैसा देने से इंकार किया तो उसे टेलीग्राम पर धमकाया गया। ठगी का एहसास होने पर पीड़ित ने आशियाना थाने में लिखित शिकायत देते हुए सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्रभारी निरीक्षक आशियाना छत्रपाल सिंह के मुताबिक, सेक्टर-आई निवासी अंकित सिंह साइबर ठगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। लिखित शिकायत में पीड़ित ने बताया कि गत 30 अक्टूबर को वाट्सएप पर पार्ट टाइम जॉब का मैसेज आया। संपर्क करने पर जालसाज ने टास्क पूरा करने और निवेश पर मुनाफे का झांसा दिया। जाल में फंसाने के बाद जालसाज ने वाट्सएप पर एक लिंक भेजकर आईडी बनाने को कहा। उसके बाद जालसाज ने टेलीग्राम पर जोड़कर निवेश के लिए कहा। पीड़ित अंकित ने कुछ रुपये निवेश किए। जिसपर उन्हें कुछ बढ़ाकर रुपये मिले। इसके बाद जालसाज ने धीरे-धीरे कर निवेश के नाम पर कई बार में 5.50 लाख रुपये ट्रांसफर करा लिए। मुनाफा न मिलने पर पीड़ित ने संपर्क कर रुपये वापस मांगे। इसपर जालसाज ने और 3 लाख की डिमांड की। कहा गया कि 3 लाख देने पर 11 लाख मिलेंगे। पीड़ित अंकित के इनकार करने पर जालसाज ने टेलीग्राम पर धमकाया। 5.50 लाख की ठगी का एहसास होने पर पीड़ित अंकित ने बीते बुधवार को आशियाना थाने में धोखाधड़ी और आईटी एक्ट की रिपोर्ट दर्ज कराई है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि साइबर क्राइम सेल की मदद से मामले की जांच की जा रही है।

## लोहिया अस्पताल के डॉक्टर पर 25 लाख का जुर्माना

इलाज के दौरान युवती की हुई थी मौत, उपभोक्ता फोरम ने सुनाया फैसला

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में उपभोक्ता विवाद निवारण फोरम ने डॉक्टर पर 25 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। फोरम ने आदेश दिया कि 30 दिनों के भीतर 25 लाख रुपए का मुआवजा और 10,000 रुपए वाद व्यय पीड़ित को अदा करें। भुगतान में देरी होने पर 9: वार्षिक ब्याज की दर से राशि का भुगतान करना होगा। मामला 21 वर्षीय ऐश्वर्या सिंह की मौत का है, जिन्हें सांस लेने में तकलीफ और चेस्ट पेन की शिकायत पर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

परिजनों का आरोप है कि डॉक्टरों ने मरीज की रिपोर्ट्स को गंभीरता से नहीं लिया, जिसमें प्लूरल इन्फ्यूजन और टीबी के संकेत स्पष्ट थे। मरीज को 10 अक्टूबर 2020 को डिस्चार्ज कर दिया गया, जबकि उसकी हालत गंभीर बनी रही। 25 अक्टूबर की रात ज्यादा पावर की दवा देने और समय पर इलाज न मिलने के कारण युवती की तबीयत और बिगड़ गई। आखिरकार 26 अक्टूबर की सुबह ऐश्वर्या की मौत हो गई।

फोरम ने अपने आदेश में कहा कि चिकित्सा सेवा में मानकों की अनदेखी करना अस्वीकार्य है। लोहिया के मेडिसिन डिपार्टमेंट में तैनात डॉ. विक्रम और उनके सहयोगियों को 25 लाख रुपए मुआवजा और 10,000 रुपए वाद व्यय के रूप में देने का आदेश दिया गया। मामले में बाइक 5 ग्राउंड के आंकड़ों का जिक्र किया गया, जिसमें ब्लड रिपोर्ट और टीबी के रेजिस्टेंस के संकेत स्पष्ट थे। विशेषज्ञों का मानना है कि अगर डॉक्टरों ने समय रहते एंटी-ट्यूबरकुलोसिस थेरेपी शुरू की होती, तो युवती की जान बचाई जा सकती थी। डॉ. विक्रम ने फोरम के फैसले को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए इसे उच्च न्यायालय में चुनौती देने की बात कही है। उन्होंने दावा किया कि उन्होंने इलाज में सभी सावधानियां बरती थीं और यह मामला दुर्लभ परिस्थितियों का है।

## गुनगुनी धूप के साथ पछुवा हवा ने बढ़ा दी ठंड

**लखनऊ।** गुनगुनी धूप खिलने से गलन-ठिठुरन बढ़ गई। साथ ही अधिकतम और न्यूनतम तापमान भी सामान्य से कम रहा। शुक्रवार सुबह हल्का से मध्यम कोहरा छाने की संभावना है। मंगलवार को सुबह से ही धुंध थी और सूर्य के दर्शन पूरे दिन नहीं हुए थे। बुधवार को भी सुबह से काफी गलन और ठिठुरन थी। दोपहर बाद सूर्य ने दर्शन दिए। उसके बाद भी गलन से राहत नहीं मिली थी। गुरुवार को सुबह से ही धूप खिली थी। गुनगुनी धूप से बहुत अधिक राहत तो नहीं मिली मगर गलन-ठिठुरन बढ़ गई। अधिकतम तापमान 17.1 और न्यूनतम तापमान 7.4 डिग्री सेल्सियस रहा। अधिकतम तापमान सामान्य से 3 और न्यूनतम तापमान सामान्य से .4 डिग्री सेल्सियस कम रहा। पछुवा हवा ने गलन और अधिक बढ़ा दी। हवा की गति 15 से 20 किलोमीटर प्रतिघंटे रही। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि शुक्रवार को सुबह हल्के से मध्यम कोहरा हो सकता है। दोपहर बाद हवा की दिशा परिवर्तित होगी।

## बाघ ने इलाका बदला, नए पदचिह्न मिले

अब हथिनी डायना और सुलोचना घेरेंगी बाघ, शाम तक पहुंचेंगी

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** राजधानी में बाघ ने अपना इलाका बदल लिया है। रहमानखेड़ा क्षेत्र के कुशमौरा और गोला कुआँ गांव के बागवान गुरुवार सुबह जब अपने आम के बागों में गए तो उनको बाघ के पैरों के निशान दिखे। जिसे देखकर बागवान दहशत में है। उन्होंने इसकी सूचना वन विभाग को दी। इधर, वन विभाग ने बाघ को घेरने के लिए दुधवा नेशनल पार्क से दो प्रशिक्षित हथिनियों सुलोचना और डायना को बुलाया है। इनके देर शाम लखनऊ पहुंचने की संभावना है। गोला कुआँ गांव के रहने वाले बागवान राघवेंद्र मौर्य उर्फमोनू ने बताया कि मेरे आम के बाग में बाघ के पगचिह्न मिले हैं। बाघ रेलवे पटरी की ओर से उतर कर बाग के अंदर आया है। पास के ही कुसमौरा गांव के



रहने वाले बागवान राम प्रताप ने बताया कि सुबह जब आम के बाग में पानी लगाने के लिए आया तो बाघ के पगचिह्न दिखाई दिए। इससे मजदूरों में दहशत फैल गई। सभी काम छोड़कर वापस चले गए। ग्रामीणों की सूचना पर एसडीओ हरिलाल टीम के साथ मौके पर पहुंचे। निरीक्षण के दौरान बाघ के पगचिह्न मिलने की पुष्टि हुई। एसडीओ ने ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दी है। यहां वन विभाग की टीम ने कॉम्बिंग शुरू की है। लखनऊ के रहमानखेड़ा क्षेत्र में बाघ को पकड़ने के लिए वन विभाग ने दुधवा नेशनल पार्क से प्रशिक्षित हथिनियों को बुलाया है। यह हथिनियां बाघ पकड़ने में विशेष रूप से प्रशिक्षित हैं। यह गुरुवार शाम तक लखनऊ आ जाएंगी। डीएफओ डॉ. सितांशु पांडेय ने बताया है कि दो हथिनी सुलोचना और डायना दुधवा से आ रही हैं। इनकी मदद से बाघ को पकड़ा जाएगा।

## लखनऊ से भुवनेश्वर के लिए चार से सीधी फ्लाइट

**लखनऊ।** लखनऊ से भुवनेश्वर का सफर आसान होने जा रहा है। चार जनवरी से एयर इंडिया एक्सप्रेस लखनऊ से भुवनेश्वर के लिए सीधी उड़ान सेवा शुरू कर रही है। एयरपोर्ट सूत्रों के अनुसार, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नई फ्लाइट को हरी झंडी दिखा सकते हैं। लखनऊ से फ्लाइट आईएक्स 2802 दिन में 11:15 बजे उड़ान भरेगी। यह भुवनेश्वर एयरपोर्ट पर 13:05 बजे उतरेगी। वापसी में आईएक्स 2801 भुवनेश्वर से 7:55 बजे उड़ान भरकर 9:40 बजे लखनऊ उतरेगी। यह फ्लाइट लखनऊ-भुवनेश्वर के बीच सप्ताह में तीन दिन मंगलवार, गुरुवार और शनिवार को संचालित होगी। फिलहाल भुवनेश्वर के लिए इंडिगो की वाया रायपुर उड़ान है। इंडिगो की फ्लाइट 6ई 6521 सुबह 9:20 बजे उड़ान भरकर रायपुर होते हुए 12:10 बजे भुवनेश्वर पहुंचाती है।

## एलडीए अधिकारियों ने दिलकुशा प्लाजा का नक्शा मांगा

मालिकों के नाम-पते जुटाए, बेसमेंट में मंदिर मिला था

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में दिलकुशा प्लाजा में गुरुवार को एलडीए की टीम ने दोबारा निरीक्षण किया। कॉम्प्लेक्स के व्यापारियों से पूछताछ कर मंदिर को ढकने वाले लोगों के नाम और पते की जानकारी ली।

एलडीए जोन 6 के प्रभारी अधिकारी शशि भूषण पाठक ने बताया कि उन लोगों का नाम पता लगाया जा रहा है, जिन्होंने मंदिर को कॉम्प्लेक्स बनाकर ढक दिया है। सभी तथ्यों की गहनता से जांच की जा रही है। इसके बाद जरूरी कार्रवाई की जाएगी। एलडीए अधिकारियों ने बताया कि लालबाग राजस्व ऑफिस से नक्शा मांगा है। इसके बाद स्पष्ट हो सकेगा मंदिर पर गलत ढंग से कॉम्प्लेक्स का निर्माण कराया गया है या नहीं। इसके बाद दोनों तथ्यों को एलडीए वीसी के सामने रखा जाएगा। हालांकि प्राथमिक जांच में निजी मंदिर होने की बात सामने आई है। एलडीए टीम के साथ पहुंचे अयोध्या सद्भावना समिति के महासचिव पंडित अमरनाथ मिश्रा ने कहा एई और जेई ने जांच की है। कितने कॉमर्शियल भवन है। पुराना पेड़ कब काटा गया है। टीम ने सभी पहलुओं की जांच की है। रिपोर्ट वीसी को भेजी जाएगी। लखनऊ के कैसरबाग में स्थित महाराणा प्रताप चौराहे पर दिलकुशा प्लाजा में मंदिर होने का दावा किया गया है। संबंधित मामले को लेकर मंडलायुक्त रोशन जैकब को पत्र लिखकर जांच की मांग की गई है। अयोध्या सद्भावना समिति के महासचिव ने बताया कि विधानसभा से 500 मीटर की दूरी पर 30 साल पहले मंदिर को ढक कर कॉम्प्लेक्स बनाया गया है।

## शॉर्ट सर्किट से हादसा, वैन की एलपीजी किट में ब्लास्ट के बाद लगी आग



लोकमित्र ब्यूरो

**बाराबंकी।** जनपद के बदोसराय थाना क्षेत्र के खुर्दमऊ गांव में बुधवार को एक बड़ा हादसा होते-होते बच गया। शॉर्ट सर्किट की वजह से एक मारुति वैन की एलपीजी किट दग गई, जिससे वैन में अचानक आग भड़क उठी। आग इतनी तेज थी कि वैन कुछ ही मिनटों में जलकर राख हो गई। राहत की बात यह रही कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ और आग आसपास के घरों तक नहीं पहुंची। घटना के दौरान वैन में आग लगते ही स्थानीय लोगों में हड़कंप मच गया। कुछ लोग मदद के लिए दौड़े, तो कुछ ने मोबाइल से घटना का वीडियो बना लिया। यह वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। आग लगने की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड और बदोसराय थाना पुलिस मौके पर पहुंची। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि, तब तक वैन पूरी तरह से जल चुकी थी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना की जांच शुरू कर दी है। शुरुआती जांच में शॉर्ट सर्किट को आग लगने की वजह बताया जा रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि वैन में एलपीजी किट लगी हुई थी, जो शॉर्ट सर्किट के कारण दग गई और आग भड़क उठी।

# शिक्षा, सुरक्षा और सम्मान, यही है सशक्त नारी की पहचान





पुलिस अधीक्षक कासगंज अंकिता शर्मा के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक राजेश भारती के पर्यवेक्षण में जनपदीय पुलिस महिला बीट अधि0/कर्मचारीगण द्वारा महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा शुरू की गई मिशन शक्ति अभियान

लोकमित्र ब्यूरो

**एटा/कासगंज।** पुलिस अधीक्षक कासगंज अंकिता शर्मा के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक राजेश भारती के पर्यवेक्षण में जनपदीय पुलिस महिला बीट अधि0/कर्मचारीगण द्वारा महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा शुरू की गई मिशन शक्ति अभियान एक व्यापक पहल है।

इस अभियान के तहत महिलाओं को जागरूक करने, उनके अधिकारों की जानकारी देने और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। अभियान के प्रमुख उद्देश्य महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करना। समाज में महिलाओं के प्रति सम्मान और समानता को बढ़ावा देना। महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुलिस और प्रशासन के साथ संवाद। महिला हिंसा और उत्पीड़न के मामलों में त्वरित न्याय दिलाना। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए शिक्षा और कौशल विकास। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में महिला जागरूकता शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। सेमिनार और कार्यशालाएं महिलाओं के लिए उनके अधिकारों, आत्मरक्षा और कौशल विकास पर केंद्रित कार्यक्रम।

मिशन शक्ति अभियान महिलाओं के प्रति समाज के दृष्टिकोण में सकारात्मक बदलाव लाने का एक सशक्त माध्यम है। सभी नागरिकों से अनुरोध है कि वे इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं और महिलाओं के सम्मान व सुरक्षा को सुनिश्चित करने में सहयोग करें।

## रॉयल वाल्मीकी आर्मी में आकाश चंदेल को मिला हरियाणा प्रदेश का प्रभार



लोकमित्र ब्यूरो

**गाजियाबाद।** दिनांक 1-1-2025 मे नये साल व पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष विशाल चावरिया के जन्मदिन के मोके पर सभी कार्यकर्ताओं ने अध्यक्ष का जन्मदिन बडे ही धूमधाम से मनाया जहा पर केवल दिल्ली ही नही बल्कि कई राज्यों से लोग आये जिसमे दिल्ली, यू.पी, हरियाणा, पंजाब व कई अन्य राज्य के लोगो ने राष्ट्रीय अध्यक्ष को जन्मदिन की बधाई व शुभकामनाए दी।

वही सोशल मीडिया के माध्यम से भे देश के कोने कोने से भाई विशाल चावरिया को बताईयो का तांता लगा रहा और इसी अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष ने उ.प्र मे हो रहे संगठन विस्तार से प्रभावित होकर राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष /उ.प्र प्रभारी भाई आकाश चंदेल को एक ओर अतिरिक्त प्रभार देने का फैसला लिया जिसमे आकाश चंदेल जी को हरियाणा प्रदेश का प्रभारी भी घोषित कर दिया जहा समस्त कोर कमेटी को लोगो ने भी तुरन्त इस पर अपनी सहमति जता दी। इसी के साथ आकाश चंदेल ने भी उ,प्र की तरह ही हरियाणा प्रदेश को भी मजबूती देने का अश्वासन व विश्वास दिलाया। वहां राष्ट्रीय अध्यक्ष विशाल चावरिया, नितिन शील, नितिन चौटाला, रवि वेदी,राहुल कागंडा, शैलेश कुमार, अमित जलोटा, दिपक बहोत, जितेन्द्र बागडी, मोनू बेनीवाल, आनंद बागडी, सुंदर राठौर, रोहित बेनीवाल, काशी भाई, राहुल टांक, सुनील, महेन्द्र तथा अन्य व्यक्ति गण मौजूद रहे।

# नूर नगर में नि:शुल्क मेडिकल कैंप का सफल आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो



**गाजियाबाद।** पीएचडी परिवार कल्याण प्रतिष्ठान एवं सेठ मदनलाल पालरीवाला फाउंडेशन के सौजन्य से नूर नगर, राजनगर एक्सटेंशन में एक दिवसीय निश्शुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप का उद्देश्य समाज के जरूरतमंद और वंचित वर्गों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना था।

एमसीसी सिग्नेचर हाइट्स के महासचिव मोनू कुमार त्यागी ने बताया कि इस कैंप में प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. प्रमोद हटवाल द्वारा 62 मरीजों का निश्शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इसके साथ ही मरीजों को उनकी जरूरत के अनुसार निश्शुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं।

कैंप के दौरान रोगियों को उनके स्वास्थ्य से संबंधित विभिन्न समस्याओं पर परामर्श दिया गया और आवश्यक जानकारी प्रदान की गई। मोनू कुमार त्यागी ने कहा, यह कैंप हमारी जिम्मेदारी का एक हिस्सा है, जिसमें हम समाज के उन वर्गों तक पहुंचने का प्रयास कर रहे हैं, जो आमतौर पर चिकित्सा सेवाओं से वंचित रह जाते हैं।

कैंप में सोसाइटीज के सहयोगियों, विशेष रूप से ब्रजपाल सिंह, भावना त्यागी एवं अन्य स्वयंसेवकों का भी विशेष योगदान रहा। इनकी समर्पित भागीदारी ने इस आयोजन को सफल और प्रभावी बनाया।

इस अवसर पर उपस्थित स्थानीय निवासियों ने इस पहल की सराहना की और भविष्य में भी ऐसे आयोजन की अपेक्षा व्यक्त की।

इस कैंप ने समाज के लिए स्वास्थ्य जागरूकता और सेवा भावना को बढ़ावा देने का काम किया।

## व्यवसायिक केंद्र में चल रहे अवैध हुक्का बार पर पुलिस ने मारा छापा, दो गिरफ्तार



नए साल की रात जब शिकायत की जांच के लिए पुलिस शिकायतकर्ता की बताई जगह पर पहुंची तो हुक्का बार में 24 से भी ज्यादा युवा बैठकर हुक्का पार्टी कर रहे थे

लोकमित्र ब्यूरो

**इंदिरापुरम।** वसुंधरा सेक्टर दो स्थित व्यावसायिक क्षेत्र में बनी बिल्डिंग के दूसरे तल पर चल रहे हुक्का बार को पुलिस ने छापा मार कर बंद करा दिया। मौके से पुलिस ने हुक्का बार मालिक नोएडा सेक्टर 63 स्थित छिजारसी कॉलोनी निवासी साहिल और प्रबंधक नमन उर्फ प्रांजल को गिरफ्तार किया है। दोनों ने नए साल से दो दिन पहले ही कमाई के लिए हुक्का बार शुरू किया था। एसीपी इंदिरापुरम स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि वसुंधरा सेक्टर-2 में हुक्का बार संचालित होने की शिकायत मिली थी। नए साल की रात जब शिकायत की जांच के लिए पुलिस शिकायतकर्ता की बताई जगह पर पहुंची तो हुक्का बार में 24 से भी ज्यादा युवा बैठकर हुक्का पार्टी कर रहे थे। पुलिस को देखते ही सब भाग निकले। पुलिस ने साहिल खान और नमन उर्फ प्रांजल शुक्ला को गिरफ्तार किया है। दोनों ही युवक कम पढ़े लिखे हैं। नए साल पर कमाई करने के लिए 28 दिसंबर को दोनों ने हुक्का बार शुरू किया था।

## कार्टूनिस्ट काक का दिल का दौरा पड़ने से निधन



लोकमित्र ब्यूरो

**वैशाली।** देश के जाने माने कार्टूनिस्ट हरीशचंद्र शुक्ला उर्फ काक (85) का बुधवार को वैशाली सेक्टर-एक स्थित आवास पर दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया।

सुबह करीब साढ़े पांच बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। हिंडन श्मशान घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया, जहां परिजनों और मित्रों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

हरीशचंद्र शुक्ला उर्फ काक की बहु अनीता शुक्ला ने बताया कि 24 दिसंबर को वैशाली के एक अस्पताल में उनका हार्निया का ऑपरेशन कराया गया था। 25 दिसंबर को उन्हें अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया। बुधवार सुबह शौचालय जाने के दौरान वह बेहोश हो गए।

परिजन उन्हें अस्पताल लेकर गए, जहां चिकित्सक ने कार्डियक अरेस्ट से निधन होने की जानकारी दी। पेशे से मैकेनिकल इंजीनियर रहे हरिश्चंद्र शुक्ला उर्फ काक मूल रूप से उन्नाव के निवासी थे। लंबे अर्से से वह वैशाली सेक्टर-2 में पत्नी, तीन बेटे-बहु और पोते-पोतियों के साथ रह रहे थे।

बुढ़ऊ किरदार था प्रसिद्ध अनीता शुक्ला ने बताया कि उनका नजरिया नाम का कॉलम कई राष्ट्रीय अखबारों में प्रकाशित होता था जिसमें बुढ़ऊ किरदार के माध्यम से अपनी बात कहते थे। उन्होंने बताया कि पिताजी का जन्म दो जनवरी 1939 को हुआ था। सात दिसंबर को उन्होंने अपने द्वारा बनाया गया एक कार्टून सोशल मीडिया पर पोस्ट किया था।

## ओटीएस योजना में लापरवाही पर नाराजगी, अधीक्षण अभियंता ने किया औचक निरीक्षण

निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपभोक्ताओं की समस्याएं सुनी और विद्युत विभाग की एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) को लेकर नाराजगी जताई, क्योंकि योजना के तहत कम ओटीएस कराए जाने की बात सामने आई

लोकमित्र ब्यूरो

**बाराबंकी।** जिला के सिरौलीगौसपुर क्षेत्र के विद्युत उपकेंद्र का औचक निरीक्षण करते हुए अधीक्षण अभियंता राजबाला ने अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपभोक्ताओं की समस्याएं सुनी और विद्युत विभाग की एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) को लेकर नाराजगी जताई, क्योंकि योजना के तहत कम ओटीएस कराए जाने की बात सामने आई। अधीक्षण अभियंता ने निर्देश दिए कि अधिक से अधिक गांवों में कैंप लगाकर उपभोक्ताओं को इस योजना का लाभ दिलाया जाए और उनका बकाया बिजली बिल समय पर जमा कराया जाए। उन्होंने मरकामऊ कैंप क्षेत्र का भी निरीक्षण किया और वहां के अधिकारियों को समय पर कैंप लगाने का आदेश दिया। राजबाला ने उपभोक्ताओं से अपील की कि वे एकमुश्त समाधान योजना का लाभ उठाएं और अपने बकाए बिजली बिल का भुगतान करके छूट प्राप्त करें। अधीक्षण अभियंता के औचक निरीक्षण के बाद विद्युत विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों में हड़कंप मच गया है, क्योंकि यह कदम उपभोक्ताओं को सुविधाएं प्रदान करने और विभागीय कार्यों को प्रभावी बनाने के लिए उठाया गया है।

## ठंड से बचाव को बांटे हजारों कंबल

**गोण्डा।** जिले में जनवरी आते ही ठंड बढ़ने के साथ ही लोगों को ठंड से बचाव में कठिनाई हो रही है। इस सर्दी के मौसम में गरीब, असहाय और विकलांगों की मदद के लिए जिला पंचायत सदस्य अमरीश दत्त सिंह ने एक बार फिर गरीबों को कंबल वितरित कर नववर्ष की बधाई दी। यह कार्यक्रम पिछले 17 वर्षों से जारी है, जिसमें अमरीश दत्त सिंह गरीबों और असहायों तक कंबल पहुंचाते आ रहे हैं। नववर्ष के दूसरे दिन ढोढ़ियापारा, हथिनाग, डल्लापुर और रामपुर खरहंटा में जिला पंचायत सदस्य ने विधवाओं, विकलांगों, गरीबों और असहायों को 1000 कंबल वितरित किए। साथ ही एक दर्जन लोगों को अंगवस्त्र देकर उन्हें नववर्ष की बधाई दी। इस कंबल वितरण समारोह को संबोधित करते हुए अमरीश दत्त सिंह ने कहा कि ष्इस कड़ाके की ठंड में गरीबों और असहायों को कंबल देना एक पुनीत कार्य है, जो पिछले 17 सालों से हम लगातार करते आ रहे हैं।

## युवा संवाद यात्रा का शुभारंभ,75 जिले में जाकर छात्रों से संवाद कर सुनेंगे समस्या

लोकमित्र ब्यूरो

**गोण्डा।** जनपद के लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय में आज राष्ट्रीय छात्र पंचायत ने अपनी युवा संवाद यात्रा का शुभारंभ किया। इस यात्रा की शुरुआत शहीदे आजम भगत सिंह इंटर कॉलेज में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण करने और सरयू प्रसाद बालिका इंटर कॉलेज में छात्रों से संवाद करने से हुई। यात्रा का मुख्य उद्देश्य प्रदेश भर में युवाओं और छात्रों के शैक्षिक और सामाजिक मुद्दों पर संवाद स्थापित करना है। यह यात्रा गोंडा से शुरू होकर बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, अयोध्या होते हुए उत्तर प्रदेश के 75 जिलों में पहुंचेगी, और इसका समापन लखनऊ में होगा। राष्ट्रीय छात्र पंचायत के अध्यक्ष, शिवम पांडेय ने यात्रा के महत्व को स्पष्ट करते हुए कहा कि इसके माध्यम से प्रदेश के युवाओं और छात्रों की समस्याओं को उच्च स्तर तक पहुँचाया जाएगा। उन्होंने विश्वास जताया कि इस यात्रा के जरिए छात्र पंचायत राज्य में किसी भी छात्र के साथ होने वाले अन्याय को रोकने में सफल रहेगी।

कार्यक्रम के संयोजक अमित तिवारी ने बताया कि यात्रा के दौरान हर जिले में प्रमुख विद्यालयों में जाकर वहां के छात्रों और छात्राओं की समस्याएं सुनी जाएंगी। इन समस्याओं को एकत्रित कर लखनऊ में विधानसभा का घेराव किया जाएगा और सरकार से इन मुद्दों का समाधान करवाने का प्रयास किया जाएगा।कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र शुक्ला, पूर्व छात्र नेता अत्री तिवारी, आदित्य प्रताप सिंह, हिमांशु तिवारी, आलोक गुप्ता, रंजीत और अन्य छात्र नेता भी उपस्थित थे। इस यात्रा के माध्यम से छात्र पंचायत प्रदेश भर में युवाओं की आवाज को मजबूती से उठाने और उनके हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

## प्रेमिका के न आने पर झोंका फायर, गेस्ट-हाउस की दीवार में धंसी गोली

**वाराणसी।** वाराणसी में बुधवार को न्यू ईयर पार्टी में सहेली के साथ जाने से आक्रोशित प्रेमी ने छात्रा के गेस्ट हाउस जाकर हंगामा काटा। उसे फोन करके कमरे पर आने की जिद की, लेकिन छात्रा ने इनकार कर दिया। सहेली के साथ होने की बात कहकर उसने फोन रिसीव करना बंद कर दिया। इससे नाराज युवक ने गेस्ट हाउस के बाहर देर रात हंगामा किया। बाद में दहशत फैलाने के लिए गेस्ट हाउस की ओर फायरिंग कर दी। इसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। वारदात के दौरान उसका दोस्त भी साथ था। पेइंग गेस्ट हाउस संचालक ने पुलिस को फोन कर घटना की जानकारी दी। सूचना पाकर ढीसीपी काशी गौरव बंसवाल, एडीसीपी नीतू कादयान, एसीपी धनन्जय मिश्रा समेत पुलिस बल सुंदरपुर कालोनी में पहुंचा। पुलिस सीसीटीवी के आधार पर आगे की कार्रवाई कर रही है। देवरिया जिले के एक कस्बा निवासी युवती बीएचयू में डिग्री कोर्स की छात्रा है।

## 12 पुरुष और दो महिला अभ्यर्थी मिले अनफिट, एसपी ने किया निरीक्षण

पुलिस अधीक्षक गोंडा विनीत जायसवाल ने शुक्रवार को रिजर्व पुलिस लाइन का दौरा कर डीवीध्पीएसटी प्रक्रिया की सुरक्षा और व्यवस्था का जायजा लिया।

लोकमित्र ब्यूरो

**गोण्डा।** जिले के रिजर्व पुलिस लाइन में उत्तर प्रदेश पुलिस की आरक्षी नागरिक पुलिस पदों की सीधी भर्ती-2023 के अंतर्गत चयनित अभ्यर्थियों के दस्तावेज सत्यापन (डीवी) और शारीरिक मानक परीक्षण (पीएसटी) प्रक्रिया जारी है। यह प्रक्रिया 26 दिसंबर 2024 से 4 जनवरी 2025 तक चलेगी। पुलिस अधीक्षक गोंडा विनीत जायसवाल ने शुक्रवार को रिजर्व पुलिस लाइन का दौरा कर डीवीध्पीएसटी प्रक्रिया की सुरक्षा और व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने मौके पर एक अभ्यर्थी का शारीरिक परीक्षण करवाकर मानकों की जांच की। एसपी ने सभी प्रवेश द्वार, बायोमेट्रिक स्थान और डीवीध्पीएसटी स्थल पर लगाए गए सीसीटीवी कैमरों की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि सुरक्षा और निगरानी में किसी भी प्रकार की चूक न हो। उन्होंने कार्यदायी संस्था को भी स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी परीक्षण और अभिलेख सत्यापन नियमों और शर्तों के अनुसार ही हों, ताकि किसी भी अनियमितता से बचा जा सके। एसपी विनीत जायसवाल ने अभ्यर्थियों से बातचीत कर उनके अनुभव साझा किए और कहा कि अगर किसी को किसी भी प्रकार की समस्या या अनियमितता का सामना करना पड़े, तो वह तुरंत शिकायत दर्ज करा सकते हैं। यह प्रक्रिया 4 जनवरी तक चलेगी, जिसमें सभी चयनित अभ्यर्थियों के दस्तावेज और शारीरिक मानकों की विस्तृत जांच की जाएगी।

# एंबुलेंस रोडवेज बस से टकराई, चालक एंबुलेंस में फंसा, पांच घायल

लोकमित्र ब्यूरो



**बाराबंकी।** रामनगर थाना क्षेत्र में रानी बाजार के पास गुरुवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। यहां बहराइच से बाराबंकी की ओर आ रही अनुबंध रोडवेज बस और मरीज को अस्पताल ले जा रही एक एंबुलेंस के बीच आमने-सामने की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि एंबुलेंस के परखच्चे उड़ गए। हादसे में एंबुलेंस चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि एंबुलेंस में बैठे मरीज और अन्य लोग भी चोटिल हो गए। एंबुलेंस चालक काफी देर तक एंबुलेंस में फंसा रहा। कड़ी मशक्कत के बाद उसको बाहर निकाल जा सका है। उसकी भी हालत गंभीर बनी हुई है।

यह हादसा गुरुवार सुबह रामनगर थाना क्षेत्र में रानी बाजार के पास स्थित पहले पेट्रोल पंप के सामने हुआ। इस हादसे में बहराइच से बाराबंकी आ रही अनुबंध रोडवेज बस और सामने से आ रही एक एंबुलेंस के बीच आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। दुर्घटनाग्रस्त हुई एंबुलेंस मरीज को अस्पताल लेकर जा रही थी। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई और राहगीरों की भारी भीड़ जमा हो गई। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत डायल 112 पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही डायल 112 और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने गंभीर रूप से घायल एंबुलेंस चालक सहित अन्य चोटिल लोगों को अपने वाहन से अस्पताल पहुंचाया। एंबुलेंस में मौजूद मरीज और उनके परिजन को भी इस हादसे में चोटें आई हैं। हादसे के कारणों का अब तक पता नहीं चल सका है, लेकिन स्थानीय लोगों का कहना है कि दोनों वाहनों में से किसी एक चालक का ध्यान सड़क से भटक गया होगा, जिससे यह दुर्घटना हुई। पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

## चौक में 5.45 कुंतल चाइनीज-माझां समेत पतंग कारोबारी गिरफ्तार

**वाराणसी।** वाराणसी में चाइनीज मांझा के खिलाफ गुरुवार को पुलिस ने अभियान चलाया। चौक पुलिस ने शहर के एक बड़े पतंग कारोबारी को 5.45 कुंतल चाइनीज मांझा के साथ गिरफ्तार कर लिया। चाइनीज मांझा की खेप बुधवार रात ही उतरी थी, जिसे रविवार तक बाजार में खपाने की तैयारी थी। उधर, सारनाथ पुलिस ने सरायमोहना के सलारपुर बाजार से चाइनीज मांझा बेचते हुए पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से लगभग तीस किलो चाइनीज मांझा बरामद कर लिया। मांझा की सप्लाई करने वाला बीजेपी का निवर्तमान बूथ प्रभारी भी है, जो साथियों के साथ कारोबार करता है। पंचकोशी चौराहे के पास एक दुकान में तीन किलो चाइनीज मांझा पकड़ लिया। हालांकि, दुकानदार को पुलिस नहीं पकड़ सकी।

# कल अखिल भारतीय कवि सम्मेलन से सजेगी सांस्कृतिक शाम

लोकमित्र ब्यूरो




**गोण्डा।** गोंडा महोत्सव-2024 के समापन अवसर पर 4 जनवरी 2025 को एक भव्य अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। यह विशेष कवि सम्मेलन शाम 7 बजे से शहीद-ए-आजम भगत सिंह इंटर कॉलेज परिसर में आयोजित होगा, जहां देशभर के प्रतिष्ठित कवि अपनी कविताओं से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करेंगे। इस सम्मेलन में 18 प्रमुख कवि अपनी रचनाओं का प्रस्तुत करेंगे। इस बार के कवि सम्मेलन में हास्य, वीर, ओज, श्रृंगार, नारीवाद और प्रकृति जैसे विविध विषयों पर कविताएं सुनने को मिलेंगी। सम्मिलित कवियों में साहित्य भूषण कमलेश मौर्य श्मृदुश् (सीतापुर), शिवाकान्त मिश्र विद्रोही (गोंडा), मंजुल मयंक (फिरोजाबाद), भालचन्द्र त्रिपाठी (आजमगढ़), लटूरी लठ्ठ (टूंडला), मनोज चौहान (मैनपुरी), मीना बन्थन (रांची), राजेन्द्र मौर्य (बिलासपुर), अजय अंजाम (औरैया), नीरज पाण्डेय (रायबरेली), सोनी मिश्रा (लखनऊ), नरेन्द्र मिश्र धड़कन (छत्तीसगढ़), नीता सिंह (गोंडा), विवेक बादल श्बाजपुरीश् (उत्तराखंड), संदीप अनुरागी (बाराबंकी), दुर्गेश दुर्लभ (अयोध्या), विनय शुक्ल अक्षत (गोंडा), और प्रीतम नायक (हरियाणा) शामिल हैं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता साहित्य भूषण कमलेश मौर्य मृदु करेंगे, जबकि कार्यक्रम का संचालन रायबरेली के कवि नीरज पाण्डेय करेंगे और सूत्रधार के रूप में शिवाकान्त मिश्र श्विद्रोहीश् उपस्थित रहेंगे। यह आयोजन गोंडा महोत्सव की सांस्कृतिक धारा को और समृद्ध करेगा, और जिले के साहित्य प्रेमियों से अपील की गई है कि वे इस अद्भुत कवि सम्मेलन का हिस्सा बनें, ताकि यह रात और भी यादगार बने।

## कोहरे से दिन की शुरुआत, फिर निकली हल्की धूप

**आगरा।** आगरा में गुरुवार की सुबह पिछले 10 दिनों में सबसे ठंडी रही। 2 जनवरी को न्यूनतम तापमान 7.6 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। सुबह कोहरा छाया रहा। सुबह गलन भी अधिक रही। हालांकि 11 बजे के लगभग हल्की धूप निकल आई। न्यूनतम तापमान में लगातार गिरावट हो रही है। 31 दिसंबर को न्यूनतम पारा 10.8 डिग्री सेल्सियस था। वहीं, 1 जनवरी को 1.1 डिग्री सेल्सियस गिरकर ये 9.7 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। 2 जनवरी को 7.6 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। सुबह कोहरे होने की वजह विजिबिलटी कम रही। ताजमहल भी कोहरे में छुप गया। इसकी वजह से सुबह ताजमहल घूमने गए टूरिस्ट के फोटो भी अच्छे नहीं आ पाए। फोटो मे ताजमहल ठीक से नहीं दिखाई दिया। इससे टूरिस्ट मायूस हुए। हालांकि हल्की धूप निकलने के बाद टूरिस्ट ने ताजमहल के साये में खूब फोटो खिंचवाए। शहर की अपेक्षा बाहरी क्षेत्रों में कोहरे का असर ज्यादा रहा।

## संक्षिप्त खबरें

### डम्पर ने डीसीएम को मारी टक्कर, चालक की मौत

**बाराबंकी।** शहर कोतवाली क्षेत्र में बाराबंकी-बहराइच हाईवे पर स्थित पल्हरी तिराहे पर तेज रफ्तार डीसीएम व डम्पर की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। बुधवार की रात को हुए हादसे में डीसीएम चालक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं घटना में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। बुधवार की रात को करीब ग्यारह बजे बाराबंकी की ओर से एक डीसीएम जा रही थी। इसी दौरान बहराइच की ओर से आ रहे तेज रफ्तार अनियंत्रित डम्पर ने डीसीएम को सामने से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि डीसीएम के परखच्चे उड़ गए। घटना को लेकर काफी संख्या में राहगीर एकत्र हो गए। डीसीएम के अंदर चालक व परिचालक फंसे हुए थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल डीसीएम व डम्पर चालक समेत कुल तीन घायलों को जिला अस्पताल भेजा। जहां डीसीएम चालक कल्लू निवासी खुज्जी थाना घुंघटेर को डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। शेष दोनों घायलों का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है।

### मारुति वैन में अचानक लग आग

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** तहसील सिरौलीगौसपुर क्षेत्र ग्राम पंचायत खुर्दमऊ गांव के अंदर खड़ी मारुति वैन में अचानक से लगी आग , फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पाया काबू।बड़ा हादसा टला ,मारुति वैन जलकर पूरी तरह से खाक हो गई। घटना स्थल पर ग्रामीणों की भीड़ एकत्रित हो गई और अफरातफरी का मौहल बन गया। वैन में एलपीजी टैंक लगा था गनीमत रहा कि कोई बड़ा हादसा नही हुआ। गुरुवार की सुबह खुर्दमऊ निवासी नियाज पुत्र मेराज की मारुति वैन में कुछ खराबी आ गयी थी और स्टार्ट नही हो रही थी। बार बार स्टार्ट करने पर अचानक से वैन में शॉर्ट सर्किट हुई और आग लग गई और देखते ही देखते आग भयानक रूप रख लिया। सूचना पर बदोसराय पुलिस व फायर विग्रेड की टीम मौके पर पहुची और ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया तब ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। गनीमत रहा कि बड़ा हादसा होने से बच गया। इस सम्बंध में कोतवाली बदोसराय प्रभारी सन्तोष कुमार ने बताया कि खुर्दमऊ गांव में एक वैन में आग लगी थी आग को फायर टीम ने बुझा दिया गया है।

### टीबी मरीजों को वितरण हुई पोषण पोटली

**जैदपुर।** राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत हरख ब्लाक परिसर में बीडीओ प्रीती वर्मा ने पोषण पोटली वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें प्रधान, सचिव व अन्य लोगों द्वारा गोद लिए गए मरीजों को पहले दिन पोषण पोटली दी गई। इस अवसर बीडीओ प्रीती वर्मा ने बताया कि टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत खोजे गए टीबी के मरीजों को पोषण किट वितरित की गई हैं। इस मौके पर मीना श्रीवास्तव, केके सिंह, एडीओ समाज कल्याण सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

### स्काउट प्रथम सोपान शिविर का हुवा समापन



**सफीपुर, उन्नाव।** कस्बे के महात्मा गांधी इंटर कॉलेज में स्काउट प्रथम सोपान शिविर का आयोजन किया गया। जिसका सफल संचालन स्काउट प्रभारी सुरेन्द्र पाल के द्वारा किया गया।इस शिविर में सभी स्काउट/गाइड ने प्रथम सोपान के विषयो मे प्रार्थना, झंडा गीत, नियम, प्रतिज्ञा, राष्ट्र ध्वज/गीत, टोली विधि, प्राथमिक चिकित्सा, गांठ और बंधन,टेंट, आदि की जानकारी उत्साह पूर्वक ली। इस दो दूसरी कार्यक्रम में आज अंतिम दिवस टेंट लगाना एवं कई प्रकार की गांठ बांधना सिखाया गया। सभी स्काउट और अतिथियों ने मेसेंजर्स ऑफ़ पीस कार्यक्रम की भी जानकारी ली। अंत में समापन के अवसर पर प्रधानाचार्य मनीष कुमार एनसीसी सेकेण्ड ऑफिसर कुलदीप कुमार पटेल, तीर्थराज सरोज, जयपाल, राजू कश्यप, दिलीप सिंह सहित स्टॉफ मौजूद रहे, प्रधानाचार्य मनीष कुमार ने आशीर्वाद और दिशनिर्देश देते हुए सभी के समाज के लिए स्काउटिंग को बहुत लाभप्रद बताया। कॉलेज में 1 वर्ष बाद हुआ स्काउट कार्यक्रम बताते चने की पूर्व में महात्मा गांधी इंटर कॉलेज जहां स्काउट के लिए बेहद प्रसिद्ध रहा है यहां से कई स्काउट के छात्रों को राष्ट्रपति तथा राज्यपाल के पुरस्कार से प्राप्त हुए हैं वही बीते कुछ वर्षों से स्काउट को लेकर शिथिलता नजर आ रही है जहां अब की लगभग 1 वर्ष बाद स्काउट का कोई आयोजन हुआ

### जुआ खेलते चार गिरफ्तार

**सुबेहा, बाराबंकी।** पुलिस ने चार लोगों को जुआ खेलते रंगे हाथों पकड़ा है। नगर पंचायत सुबेहा के जवाहर नगर मोहल्ला में पुलिस को जुआ खेलने की सूचना मिली।छापा मारकर पुलिस ने कलीम राजू सोनेलाल व जुनैद को रंगे हाथों पकड़ लिया। इनके कब्जे से चार सौ साठ रुपए व ताश की गड्डी बरामद किया है। सभी आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### भैंस चोर चढ़े पुलिस के हत्थे

**बीघापुर,उन्नाव।** कोतवाली व बारा सगवर थाना क्षेत्र में भैंस चोरी के मामले में वांछित चल रहे तीन अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार कर कानूनी कार्यवाही की है। थाना अध्यक्ष राजपाल ने बताया कि कृपा शंकर पुत्र मोहब्बत, शमशेर उर्फ़ शेरा पुत्र हरिराम निवासी अकवाबाद सोनू पुत्र चतुरई निवासी घरौली थाना सरेनी जनपद रायबरेली द्वारा थाना क्षेत्र से भैंस चोरी को अंजाम दिया जा रहा था। मुखबिर की सूचना पर तीनों चोरों को ठग पुरवा मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया उनके पास से भैंस बेचने के बाद बचे हुए ₹10100 भी बरामद किए गए। भैंस चोरों को पकड़ने के लिए उपनिरीक्षक सूरज सिंह, सिपाही आदित्य कुमार, पंकज व रोहन की टीम गठित की गई थी। पकड़े गए अभियुक्त के विरुद्ध बीघापुर, बारा, कोतवाली उन्नाव, सोहरामऊ में भी मामले दर्ज है।

### युवक को दबंगों ने पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**शुक्लागंज, उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली अंतर्गत बालूघाट चौकी क्षेत्र के गंगा नगर निवासी एक युवक को कुछ दबंगों ने मार पीट कर घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। गंगा नगर निवासी फहीम ने पुलिस को तहरीर देते हुये कहा कि बुधवार रात करीब 8 बजे जब वह अपने घर के पास खड़ा होकर मोबाइल पर बात कर रहा था, तभी मोहित, मुन्ना, फुरकान और आकाश ने पुरानी खुन्नस के चलते उसे मारा पीटा। जिससे उसे चोटें आई। घायलावस्था में वह कोतवाली पहुंचा और आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### सीबीएसई के नाम से शोषण कर रहे हैं बच्चों का स्कूल

**अमेठी।** जिले में शीतलहर से सरकार द्वारा अवकाश घोषित होने के बाद भी कई ऐसे CBSE बोर्ड के स्कूल हैं जो अपना विद्यालय चला रहे हैं। जैसा कि गुरुवार को एक विद्यालय का विडियो वायरल भी हुआ। जिले के क्ष्र क्षेत्र भ्रमण के नाम पर केवल कागजी खानापूर्ति करते हैं और स्वतः से नियमों की अनदेखी करने वाले किसी विद्यालय पर कोई कार्रवाई नही करते हैं, उन्हें अपने नियम कायदे कानून से मतलब है जनता और जनहित से नहीं, न ही कायदे कानून से मतलब है , उनकी जेब कैसे भरें सिर्फ इसी से मतलब रहता है, जिससे कई विद्यालय मनमाने ढंग से अपना नियम खुद तंय करते हैं। नियमो को ना मानने वाले इन विद्यालय का कहना हैं कि हम CBSE के ह्वह्यद्गह्य से चलते हैं। जबकि सभी को पता है, कक्षा 8 तक मान्यता BSA प्रदान करते हैं। CBSE केवल 9 से 12 की ही मान्यता देता है। फिर भी साहब मेहरबान तो गधा पहलवान, मनमानी ढंग से चला रहे हैं लोग अपना स्कूल जानता है।

# पूर्व विधायक का कार्यकर्ताओं ने केक काट कर मनाया जन्म दिन



▶▶ लोधेश्वर महादेवा मंदिर में हुई पूजा अर्चना

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रामनगर, बाराबंकी।** पचपन बसंत पूर्ण होने के उपरांत 56 वें वर्ष में प्रवेश के अवसर पर निवर्तमान विधायक शरद कुमार अवस्थी ने प्रसिद्ध पौराणिक तीर्थ स्थल लोधेश्वर महादेवा धाम पहुंचकर बम बम भोले के जयकारों के बीच कार्यकर्ताओं के साथ लोधेश्वर महादेव का जलाभिषेक कर सर्व मंगल कल्याण की कामना की।

पुजारी अनिल तिवारी ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच लोधेश्वर महादेव की विधिवत पूजा अर्चना कराई। इस् अवसर पर उन्होंने कहा वे रामनगर विधान सभा में गरीब, निर्धनों किसानों के लिए सदैव कार्य किया है और हमेशा करते रहेंगे। पूजा संपन्न होने के पश्चात डाक बंगले पर उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ केक काटा ।सभी कार्यकर्ताओं ने उनके दीर्घायु होने की कामना की। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष कमलेश शुक्ला, प्रधान राजन तिवारी, जिला पंचायत सदस्य नानमून शुक्ला, प्रमुख प्रतिनिधि शेखर हयारण, अनिल अवस्थी, अमरीश मिश्रा, अजय पांडेय्, रिंकू शुक्ला, कल्लू सिंह, विनय मिश्रा, पुष्कर मिश्रा, गोविंदा दीपक सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। बधाई देने वालों में पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष बद्री बिशाल त्रिपाठी, शैलेन्द्र सिंह,आशीष कुमार, प्रफुल्ल तिवारी, इंद्र मणि श्याम,संतोष कुमार पांडेय, अभिषेक, नीरज पांडेय आदि शामिल रहे ।

## टीबी मरीजों को बाँटी गयी पोषण पोटली

**मसौली बाराबंकी।** राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मुलन कार्यक्रम के अवसर पर ग्राम पंचायत-कुरौली में टी0 बी0 (क्षय रोग) से ग्रसित मरीजों को निश्चय पोषण पोटली का वितरण खण्ड विकास अधिकारी संस्कृता मिश्रा की अध्यक्षता किया गया। जिसमें ग्राम पंचायत-कुरौली के कुल 04 टी0 बी0 (क्षय रोग) से ग्रसित मरीजों को निश्चय पोषण पोटली (एक कि0जी0 गुड़, एक कि0जी0 सत्तू, एक कि0ग्रा0 चना, एक कि0ग्रा0 मुगफली, एक गजक बच्चों के लिए एक कि0ग्रा0 हार्लेक्त / बानबीटा) का वितरण कर क्षय रोग से मुक्त किये जाने एंव उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढाने के लिए मुख्य रूप में खण्ड विकास अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी पंचायत अभय शुक्ला, प्रभारी चिक्तिसा अधिक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जाटा-बरौली कुलदीप मौर्या ने बचाव एवं जागरूक के लिए प्रेरित किया। उक्त कार्यक्रम में सचिव ग्राम पंचायत कुरौली दिनेश कुमार कुशवाहा, विकास खण्ड-बंकी के अजीत प्रताप सिंह, हिमांशु वर्मा, सुधीर मिश्रा, सर्वेश सिंह, अरूण द्विवेदी, सचिव ग्राम पंचायत एंव स्वास्थ्य विभाग से दीवान चन्द्र वर्मा, विमलेश यादव, नीलम वर्मा, एवं क्षेत्र की सभी आशा एंव ऑगनवाड़ी उपस्थित मौजूद थी।

# विज्ञान प्रदर्शनी के साथ बाल मेले का हुआ आयोजन



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कोठी, बाराबंकी।** सिद्धौर क्षेत्र के जरगावां गांव में लिटिल नेस्ट पब्लिक स्कूल परिसर में मंगलवार वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बच्चों ने विज्ञान प्रदर्शनी में स्वयं के हाथों से बनाएं प्रोजेक्ट प्रदर्शन के साथ बाल मेला का भी आयोजन किया। यहां पहुंचे अभिभावक व लोगों उन्हें खूब सराहा है। इसका शुभारंभ विद्यालय प्रबंधक एजाज हैदर व प्रधानाचार्य असद अब्बास ने किया। इसका संचालन अली जाफर जैदी द्वारा किया गया। बाल मेला का उद्घाटन प्रधान जरगांवा श्रीमती रजनी जायसवाल व उनके पति व प्रतिनिधि अनिल जायसवाल ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस मौके पर कार्यक्रम एडवांस ग्लोबल शिक्षण व प्रशिक्षण संस्था के प्रबंधक मो. अब्बास, रामाभिलाष स्मारक इंटर कॉलेज नसीपुर के प्रवक्ता मो. आबिस रिजवी समेत शिक्षक रामनारायण यादव, सिद्धार्थ प्रकाश शर्मा, रामजी द्विवेदी, अयाज हुसैन, हसन रजा, शबीब हैदर, शुजा अब्बास, अजीजुल हसन, मो. सामिन, शिवहर्ष वर्मा, प्रवेश यादव, अखिलेश यादव, मो. तालिब आदि थे।

## झील में रील बना रहे सात किशोर नाव पलटने से एक की मौत

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली अंतर्गत जाजमऊ चौकी क्षेत्र के रतीरामपुरवा स्थित झील में सात किशोर नाव पर बैठकर सेल्फी और रील बना रहे थे, तभी अचानक नाव पलट गई और हादसा हो गया। घटना के बाद आस-पास के लोग दौड़े और छह किशोरों को सकुशल बाहर निकाल लिया, लेकिन एक किशोर डूब गया। घंटों बाद गोताखोरों ने उसे बाहर निकाला और परिजन उसे इलाज के लिए कानपुर अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जाजमऊ झील में नाव पलटने से किशोर की मौत रतिराम पुरवा निवासी उमल 14 वर्ष अपने दोस्तों के साथ नाव में घूमने गए थे दोस्त अमन राजा दीपू अंशु मनीष व किसान के साथ रतिराम पूर्व बंदे के पास गंगा नदी किनारे झील में नाव से घूम रहे थे अचानक संतुलन बिगड़ने से नाव पलट गई जिससे सभी डूबने लगे शोर सुनकर गोताखोरों ने पहुंच कर छह किशोरों को बचा लिया जबकि एक गहरे पानी में जाकर डूब गया।

# स्टार परफॉर्मर ऑफ द मंथ, चिन्हित किए गए 10 स्टार परफॉर्मर

▶▶ इसका उद्देश्य जनपद के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपने-अपने कार्यों एवं दायित्वों के प्रति प्रोत्साहित करना एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित करना है

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अमेठी।** जिले में कार्यरत कर्मचारियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी के निर्देशन में एवं मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल के मार्गदर्शन में नवम्बर माह से स्टार परफॉर्मर ऑफ द मंथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया है।

इस कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को चिन्हित कर उनकी फोटो नाम सहित कलेक्ट्रेट में लगाई गई है। इसका उद्देश्य जनपद के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपने-अपने कार्यों एवं दायित्वों के प्रति प्रोत्साहित करना एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित करना है।

इसके तहत माह दिसंबर 2024 में जनपद के अलग-अलग विभागों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 10 स्टार परफॉर्मर को चिन्हित किया गया है जिनमें अमित विश्वकर्मा ई0डी0एम0 अमेठी, संतोष कुमारी आशा ब्लॉक मुसाफिरखाना, अमित यादव लाइनमैन विद्युत विभाग तिलोई, अनिल कुमार सिंह ग्राम पंचायत अधिकारी ब्लॉक बहादुरपुर, शिवकुमार यादव खंड शिक्षा अधिकारी भादर, सर्वेश कुमार श्रीवास्तव आर0ए0 कलेक्ट्रेट अमेठी, ममता रानी आंगनबाड़ी कार्यकत्री ब्लाक मुसाफिरखाना, मोहम्मद अनीस सफाई कर्मचारी ब्लॉक तिलोई, रणवीर सिंह ग्राम विकास अधिकारी विकास विभाग, चंदन कुमार सफाई कर्मचारी नगर पालिका परिषद जायस के नाम शामिल हैं। यह कार्यक्रम प्रत्येक माह चलाया जाएगा।

# मियांगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बन रहा 20 बेड का कोविड वार्ड

**लोकमित्र संवाद**



**सफीपुर,उन्नाव।** मुख्य विकास अधिकारी ने मियाँगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया इस दौरान उन्होंने निर्माणधीन कोविड वार्ड में पाई गई खामियों को जल्द सुधारने का निर्देश दिए है। साथ ही अस्पताल में खड़ी कंडम एंबुलेंस की नीलामी और क्षतिग्रस्त भवन को प्राथमिकता से हटाने के निर्देश भी दिए है। मियाँगंज में सिएचसी में 32 लाख रुपए की लागत से 20 बेड का कोविड वार्ड बनाया जा रहा है।

निरीक्षण के दौरान प्रभारी डॉक्टर नितिन श्रीवास्तव ने बताया कि भवन की छत पर पानी भरने से नमी की समस्या हो रही है।खिड़कियों की लोहे से जालियां जंग खा रही है।सीवर टैंक धस चुका है। मरीजों के लिए अलग अलग कक्ष बनाने के लिए पार्टीशन की कमी है।

लाइट की व्यवस्था केवल वैकल्पिक रूप से उपलब्ध है।इन समस्याओं पर सीडीओ ने सहायक अभियंता अभिषेक त्रिपाठी को निर्देश दिया कि निर्माण में पाई गई सभी कर्मियों को शीघ्र दूर किया जाए।

अस्पताल में परिसर में लंबे समय से खड़ी कंडम एंबुलेंस और क्षतिग्रस्त भवनों पर सीडीओ ने नाराजगी जताई संबंधित बी डियो को निर्देश दिए गया कि एंबुलेंस की नीलामी शीघ्र कराया जाए क्षतिग्रस्त भवन को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने के आदेश दिए सीडीओ ने कहा यह संरचनाए दुर्घटनाओं का कारण बन सकती है।इसलिए हटाना जरूरी है।सीडीओ प्रेमप्रकाश मीणा कहा कि कोविड जैसी महामारी से निपटने के लिए उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सुविधाएं जरूरी है।

कोविड वार्ड का निर्माण तय समय सीमा में उच्च मानकों के अनुरूप होना चाहिए।उन्होंने अधिकारियों को कार्य गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया।

# एसपी द्वारा की गयी जनसुनवाई महिला सशक्तिकरण पर ध्यान

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अमेठी** गुरुवार को पुलिस कार्यालय गौरीगंज में पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक द्वारा जनसुनवाई की गयी। इस दौरान पुलिस कार्यालय में आने वाले फरियादियों की शिकायतों को सुना गया तथा उनके समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबन्धित को आवश्यक आदेश-निर्देश दिए गए। साथ ही पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण में मिशन शक्ति अभियान के पंचम चरण के तहत नारी सुरक्षा/नारी सम्मान/नारी स्वावलंबन हेतु महिलाओं एवं बालिकाओं में सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से जनपद के थानों द्वारा अपने-अपने थानाक्षेत्र के गांवों/कस्बों में चौपाल लगाकर महिलाओं/बालिकाओं को 1090-वीमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइन, 102-स्वास्थ्य सेवा, थानों पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के विषय में तथा साइबर अपराध एवं उससे बचाव के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गयी तथा महिला सशक्तिकरण से संबंधित शासन की विभिन्न योजनाओं के विषय में विस्तार से जानकारी देकर जागरूक किया गया एवं जागरूकता संबंधी पंपलेट वितरित किये गये। एक गैंगस्टर अभियुक्त गिरफ्तार अमेठी धीरेन्द्र कुमार यादव प्रभारी निरीक्षक थाना जगदीशपुर मय हमराही, द्वारा देखभाल क्षेत्र के दौरान मु0अ0सं0 04/25 धारा 2/3(1) यू0पी0 गिरोह बन्द एवं समाज विरोधी क्रिया कलाप निवारण अधि0 थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी से संबंधित अभियुक्त देवराज सिंह पुत्र समर बहादुर सिंह निवासी पूरे दूंदा सिंह था

# विद्यालय संस्थापक रंजीत सिंह 101वीं जयंती मनाई गई

**लोक मित्र संवाद**



**पाटन उन्नाव।** इस संसार मे हम सब नाटक करने के निमित्त जन्म लिया है, वह चाहे जिस क्षेत्र मे हो। व्यक्ति की पहचान उसके अभिनय के अभिव्यक्ति से होती है।

उक्त उदगार मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित स्वामी ब्रम्हात्मा नंद सरस्वती महाराज ने भगवन्तनगर स्थित श्यामराज कुंवरि जगन्नाथ सिह सनातनधर्म कन्या इण्टर कालेज के संस्थापक आदर्श शिक्षक रंजीत सिंह की 101 वीं जयन्ती के अवसर पर व्यक्त किया।

उन्होंने ने कहा कि व्यक्ति की पहचान उसके कर्मों से होती है। मनुष्य इस संसार मे अभिनय करने के लिए पैदा होता है। संसार मे जो व्यक्ति लोगों की सेवा कर लेता है वही व्यक्ति सफल माना जाता है। रंजीत सिंह ने अपने जीवन काल मे समाज सेवा का आर्दश प्रस्तुत किया है। हम सबको उनके कार्यों से प्रेरणा लेनी चाहिए। समारोह के मुख्य वक्ता के रुप उपस्थित पूर्व शिक्षक रमेश सिंह ने कहा कि रंजीत सिंह आदर्श शिक्षक होने के साथ साथ एक परोपकारी व्यक्ति थे। जिन्होंने ने अपने मित्र शिक्षक साथी राम संघार को वेतन न मिलने पर उनकी आर्थिक मदत अपनी पूरे सेवाकाल मे किया । किन्तु आज स्थित यह है कि लोग हाथ नही नस पकड़ते है। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथियों द्वारा मां सरस्वती व रंजीत सिंह के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। विद्यालय परिवार द्वारा मेधावी छात्र छात्राओं को प्रतीक चिन्ह व माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। वही संस्था द्वारा गरीब निराश्रितों को कम्बल वितरित किए गए।

कार्यक्रम को राम सिंह सेवा निवृत्त जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, नरेन्द्र सिंह आनन्द, कमलेश वर्मा आदि ने सम्बोधित किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता वी डी सिंह पूर्व प्रधानाचार्य एवं संचालन प्रधानाचार्य योगेन्द्र कुमार ने किया । आये हुए लोगो के प्रति आभार विद्यालय के प्रबंधक समरेन्द्र बहादुर सिंह ने किया।

कार्यक्रम मे अमरेश वर्मा। शिक्षक गौरी शंकर सिंह, नागेन्द्र सिंह, सतेन्द्र सिंह बब्लू, मन्टू सिंह, शिवेन्द्र सिंह, गोवर्धन सिंह, रवि शंकर शुक्ला, आशू पाण्डेय, सुनील सिंह, अभय साहू, अवधेश सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# नहीं सही हुई छह दिन पहले टेस्टिंग के दौरान फटी अमृत योजना की वॉटर लाइन

▶▶ लाखों लीटर जल बर्बाद, साँसत में रहवासी

**लोक मित्र संवाद**



**शुक्लागंज, उन्नाव।** नगर में अमृत योजना के अंतर्गत डाली गई वॉटर लाइन की गुणवत्ता पर सवाल उड़ गए हैं। छह दिन पूर्व ऋषि नगर में टेस्टिंग के दौरान ही वॉटर लाइन फट गई थी, जिससे हजारों लीटर पानी बर्बाद हो गया। यह घटना सोमवार सुबह ऋषि नगर की मुख्य गली में हुई, जहाँ डाली गई नई वॉटर लाइन टेस्टिंग के दौरान अचानक फट गई।

वॉटर लाइन फटने से कई फीट ऊँचे फव्वारे निकलने लगे, जिसे देखकर आस-पास के लोगों का जमावड़ा लग गया। फटी लाइन से कई घंटों तक पानी बहता रहा, जिससे हजारों लीटर पानी बर्बाद हो गया। स्थानीय निवासियों ने तत्काल इसकी सूचना संबंधित विभाग को दी। सूचना मिलने पर विभाग द्वारा लाइन की मरम्मत का कार्य शुरू किया गया। जिसके बाद पाइप लाइन फटने का सिलसिला बदस्तूर जारी है। ऋषि नगर के गाजी खेड़ा इलाके में फटी पाइप लाइन से रोजाना हजारों लीटर अमृत बह रहा है,जिससे गलियों में लगातार जल भराव से नालियां उफना कर रोड सड़क पर बह रही है,जिससे लोगों को अपने घरों से आवागमन करने में खासी दुश्वारियों का सामना करना पड़ रहा है। लेकिन लगता है कि जिम्मेदार इस बात से पूरी तरह अंजान है यह पहली बार नहीं है जब इस क्षेत्र में इस तरह की घटना हुई है। स्थानीय लोगों के अनुसार, इसी गली में पहले भी टेस्टिंग के दौरान कई बार वॉटर लाइन फट चुकी है। बार-बार हो रही इन घटनाओं से लोगों में अमृत योजना के तहत किए जा रहे कार्यों की गुणवत्ता को लेकर चिंता बढ़ गई है। क्षेत्र के निवासियों का कहना है कि अभी तो घरों में जलापूर्ति शुरू भी नहीं हुई है, केवल टेस्टिंग के दौरान ही लाइनें फट रही हैं। ऐसे में जब घरों में जलापूर्ति शुरू होगी तो क्या होगा, यह एक बड़ा सवाल है। अमृत योजना के ठेकेदार से बात तो उसने मरमत का कार्य उसका नहीं होने की बात कह कर अपना पल्ला झाड़ लिया।

# सिग्नल फेल होने से गंगाघाट स्टेशन पर रुकी ट्रेनें



**लोक मित्र संवाद**

**शुक्लागंज, उन्नाव।** सिग्नल में खराबी आने से गंगाघाट स्टेशन पर ट्रेनों का संचालन बाधित रहा। दोपहर करीब 2:20 बजे सिग्नल एंड टेलीकॉम विभाग के डिस्कनेक्शन ब्लॉक 2:10 पर सिग्नल पैनल की मेंटेनेंस का कार्य चल रहा था। इस दौरान तकनीकी खराबी के चलते दोनों पैनल बंद हो गए, जिससे स्टेशन कार्यालय में लगे पैनल सिस्टम की वीडियो भी बंद हो गई। कंट्रोल रूम से स्टेशन अधीक्षक मो. शकील को इसकी सूचना दी गई। सिग्नल एंड टेलीकॉम विभाग के कर्मचारियों ने तत्परता दिखाते हुए लगभग 2:50 बजे सिग्नल को ठीक कर दिया।

जिसके चलते डाउन लाइन की एक मालगाड़ी पुल पर लगभग आधे घंटे तक खड़ी रही, जबकि गोरखपुर-मुंबई बेज एक्सप्रेस कानपुर की ओर और अप लाइन की गोरखपुर-पनवेल एक्सप्रेस मगरवारा में खड़ी रहीं। सिग्नल फेल होने के कारण कानपुर और लखनऊ की ओर से आने वाली अन्य ट्रेनें भी आउटर पर खड़ी हो गईं।

जिससे यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ा। सिग्नल में खराबी की सूचना तुरंत लखनऊ के अधिकारियों को दी गई, जिसके बाद एसएनटी (सिग्नल एंड टेलीकॉम) के इंजीनियर मरम्मत कार्य में जुट गए। लगभग आधे घंटे की मशक्कत के बाद सिग्नल को ठीक किया जा सका और ट्रेनों का संचालन फिर से सामान्य हो पाया।

संक्षिप्त खबरें

### रास्ते में दिखा अजगर वन विभाग ने रेस्क्यू कर बीट जंगल में छोड़ा



**निघासन-खीरी।** तहसील क्षेत्र के अन्तर्गत लुधौरी गांव के निकट बनी क्रेशर के पास रास्ते में अजगर निकालने से हड़कंप मच गया किसान नरेंद्र यादव ने अजगर दिखने की सूचना वन रेंजर गजेंद्र बहादुर सिंह को दी सूचना पर वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर अजगर को पकड़ा जिसे जंगल में छोड़ दिया गया। रास्ते से निकल रहे राहगीर व किसानों ने बताया कि कुछ राहगीरों को अचानक लगभग आठ से नौ फीट लंबा अजगर दिखाई दिया राहगीरों द्वारा अजगर देखते ही पसीने छूट गए जिसके बाद बड़ी संख्या में आस पास के किसान विनीत कुमार जितेन्द्र यादव अमित यादव सहित तमाम किसान मौके पर पहुंच गए जहा किसान नरेंद्र यादव ने रेंजर गजेंद्र बहादुर सिंह को सूचना दी। सूचना मिलते ही रेंजर गजेंद्र बहादुर सिंह तत्काल टीम सहित घटना स्थल पर जा पहुंचे जहां वन विभाग की टीम ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर अजगर को अपने कब्जे में लिया जिसके बाद किसान व राहगीरो ने राहत की सांस ली। रेंजर गजेंद्र बहादुर सिंह बताया कि अजगर का रेस्क्यू ऑपरेशन करने के बाद उसे बीट के जंगलों में सुरक्षित छोड़ दिया गया इस दौरान वन दरोगा राजेंद्र वर्मा बीट वाचर अक्षय कुमार व मंजीत मौजूद रहे।

### विवादों से गिरी संग्रामपुर पुलिस, पुलिस गस्त की खुली पोल

**अमेठी।** जनपद का संग्रामपुर थाना हमेशा सुर्खियों में बना हुआ है,थाना प्रभारी की मुस्तैदी आम जनता को नजर आ रही हैं,उनके पुलिस की रात्रि गस्त की पोल, चोरों ने आभूषण व्यापारी की दुकान में चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम,देकर खोल दी है, परन्तु चोरी की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद, हुईं है,देर रात चोरों ने लाखों के आभूषण सहित नगदी पर हाथ साफ, कर दिया, जब सुबह दुकानदार को चोरी की सूचना, हुईं तो व्यापारी ने पुलिस को सूचना दी तब सूचना पर पहुँची थाने की पुलिस, ने तहरीर लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी, पूरा मामला संग्रामपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत पुन्नपुर, नहर के पास का हैं, जहां चोरों ने घटना को अंजाम दिया।

### ठंड में मानवता की मिसाल बने कुर्सी थानाध्यक्ष, महिला सफाईकर्मी की मदद की

**बाराबंकी।** जिले के कुर्सी थाने के प्रभारी गजेंद्र प्रताप सिंह ने अपने काम से लोगों का दिल जीत लिया है। पुलिस का एक वीडियो चर्चा में है। इसमें पुलिसकर्मी कड़कड़ाती ठंड में एक बुजुर्ग महिला सफाईकर्मी की मदद करते नजर आ रहे हैं। यह घटना रात के समय की है, जब थानाध्यक्ष गजेंद्र प्रताप सिंह थाने के पास गश्त पर थे। उन्होंने देखा कि एक बुजुर्ग महिला झाड़ू लगाते हुए ठंड से कांप रही है।
यह देख उन्होंने तुरंत गर्म रजाई और गद्दा मंगवाया और अपने हाथों से महिला को ओढ़ाया। उनकी इस दरियादिली ने हर किसी का दिल छू लिया। गजेंद्र प्रताप सिंह की मानवता यहीं नहीं रुकी। जैसे ही उन्हें पता चला कि पास के गांव में एक अन्य बुजुर्ग के पास भी ठंड से बचने के लिए पर्याप्त सामान नहीं है, उन्होंने तुरंत रजाई और गद्दे भिजवाए। यह पहल उनकी संवेदनशीलता और समाज के प्रति उनकी जिम्मेदारी को दर्शाती है। यह पहली बार नहीं है जब गजेंद्र प्रताप सिंह की ऐसी पहल चर्चा में आई हो। त्योहारों पर गरीब बच्चों को मिठाई और कपड़े देना, भूखों को भोजन कराना और बीमारों की मदद करना उनकी दिनचर्या का हिस्सा है। उनकी इस दरियादिली के चलते कुर्सी क्षेत्र में लोग उन्हें एक सच्चे नायक के रूप में देखते हैं।

# बीता साल योगी सरकार की मंशा पर खरी कानपुर के सीपी अखिल के जुझारु कार्यकाल की वर्षगांठ, दर्जनों गिरफ्तार

▸▸ घटनाओं के सटीक खुलासे और अपराधियों की गिरफ्तारी के साथ देश में पहली बार पत्रकार रुपी अपराधी अवनीश गिरोह का भंडाफोड़ को लेकर चर्चा में रहा पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार का कार्यकाल



सुनील बाजपेई

**कानपुर।** यहां पुलिस कमिश्नरी का गठन अपराधियों के खिलाफ अपने इरादे के पूर्ण करने में सफल साबित हुआ है। इस बीच देश में पहली बार पत्रकार रूपी शातिर अपराधी गैंगस्टर अवनीश दीक्षित गिरोह के भंडाफोड़ समेत बड़ी संख्या में सटोरियों, जुआंड़ियों , बलात्कारियों, अपहरण कर्ताओं ,चोरों, लुटेरों ,राहजनों और वांक्षित इनामियों की गिरफ्तारी के साथ ही चोरी लूट का माल- नकदी ,तमंचे और कारतूस आदि की भी बरामदी की गई। बीते साल में अखिल कुमार की नेतृत्व कुशलता ने जान जोखिम में डालकर की गई मुठभेड़ में भी अनेक शातिरों को घायल कर जेल की हवा खिलाने में भी उल्लेखनीय और सराहनीय सफलता प्राप्त की। जिसने अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई में कानपुर को अव्वल भी साबित किया। अपराधियों के खिलाफ संतोषजनक प्रभावी कार्रवाही और पीड़ितों की हर सम्भव सहायता के मामले में इस पूर्णता का पूर्ण श्रेय भी यहां पुलिस कमिश्नर के रूप में नियुक्त चल रहे देश प्रदेश के कर्तव्यनिष्ठ और ईमानदार आईपीएस अधिकारियों में से एक निष्पक्ष और पारदर्शी कार्य शैली के वरिष्ठ आईपीएस अखिल कुमार की दूरदर्शिता पूर्ण व्यवहार कुशलता और कठोर परिश्रम वाले कुशल नेतृत्व को ही जाता है।
खास बात यह भी कि कानपुर को जुझारू पुलिस कमिश्नर के रूप में हर दृष्टिकोण से सफलतम आई पीएस एडीजी अखिल कुमार की पहली वर्षगांठ मनाने का भी सौभाग्य मिला है। बीते साल की 3 जनवरी को कानपुर के पुलिस कमिश्नर बनाए जाने के बाद योगी सरकार की मंशा पर खरे उतारते हुए कानून और शांति व्यवस्था के पक्ष में अपराधियों के खिलाफ जनहित में सराहनीय सफलता का उनका क्रम लगातार जारी है।
इसी के साथ कानपुर के संदर्भ में बीता साल 2024 पत्रकारिता से अपराधियों के सफाए के लिए भी सदैव याद रखा जाएगा। जिसका पूर्ण श्रेय त्वरित निर्णय में अग्रणी पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार की निडरता यानी अदम्य साहस, उनकी निष्पक्षता, उनकी पारदर्शिता और उनके जुझारू स्वभाव को जाता है। वह देश के पहले आईपीएस हैं, जिन्होंने पत्रकार रूपी अपराधी माफिया गिरोह अवनीश दीक्षित को बेनकाब करने जैसा पत्रकारिता की हित में सराहना की सीमा तोड़ने वाला कार्य किया है। याद रहे कि भारत ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में पत्रकारिता की आड़ में हर तरह अपराध करने वाले इस तरह के शातिर माफिया गिरोह का भंडाफोड़ इसके पहले कभी नहीं किया गया।
विभागीय सूत्रों के मुताबिक यही नहीं निर्दोष फंसे नहीं और अपराधी बचे नहीं जैसी लोक हित की प्रबल विचारधारा के अनुरूप अपने कर्तव्य का पालन पूरी निष्ठा और ईमानदारी से करने वाले वरिष्ठ आई पी एस अखिल कुमार ने अपराधियों के खिलाफ अबतक जिस तरह की सफल रणनीति अपनाई, उसके फलस्वरूप हर तरह के अपराधी, माफिया, चोर लुटेरे, राहजन और बलात्कारी आदि भी कानून के शिकंजे में फंसने से नहीं बच सके।
पुलिस सूत्रों की नजर में इस उपलब्धि के उल्लेखनीय और प्रशंसनीय श्रेय धारक भगवान और भाग्य यानी कर्म भरोसे रहने वाले यहां के जुझारू पुलिस कमिश्नर वरिष्ठ आई पी एस अखिल कुमार की अगुवाई वाली पुलिस की इस प्रभावी कार्रवाई से अपराध और अपराधियों पर अंकुश पाने की दिशा में जिस तरह की महत्वपूर्ण सफलता मिली है। उससे आम जनता भारी राहत भी महसूस कर रही है। इस बीच वर्षों पुरानी ट्रैफिक समस्याओं का भी पूर्ण समापन करते हुए सुगम यातायात भी उपलब्ध कराने के प्रयास में पूर्ण रूप से सफल सरल और शालीन स्वभाव के पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने अपराधियों के खिलाफ कार्रवाही में जन सहयोग के प्रति आभार व्यक्त व्यक्त करते हुए लोगों को नये वर्ष की हार्दिक शुभकामनायें भी दीं।
याद रहे कि अपने कर्तव्य का पालन पूरी निष्ठा और ईमानदारी से करने के लिए भी चर्चित व्यवहार कुशल कठोर परिश्रमी यहां के पुलिस कमिश्नर वरिष्ठ आई पी एस अखिल कुमार इसके पहले भी जहां भी पोस्ट रहे हैं, वहां पर भी अपनी सफेदपोश माफिया अपराधियों दलालों और भ्रष्ट पुलिस कर्मियों को भी भरपूर सबक सिखाने में सफल रहे हैं। फिलहाल कानून और शांति व्यवस्था के पक्ष में सफलतम पुलिस कमिश्नर के रूप में कानपुर में 1 वर्ष पूरा कर चुके कठोर परिश्रमी जुझारू तेवरों वाले वरिष्ठ आईपीएस अखिल कुमार की नेतृत्व कुशलता से आम जनता भी भारी राहत से लवरेज भी चल रही है।

## बीजेपी विधायक पर फायरिंग बाल-बाल बचे, जांच में जुटी पुलिस

लोकमित्र ब्यूरो



**लखीमपुर-खीरी।** उत्तर-प्रदेश में बीजेपी विधायक के पर फायरिंग हुई है और इस हादसे में बीजेपी विधायक बाल-बाल बच गए हैं। बीजेपी के कस्ता विधानसभा क्षेत्र के विधायक सौरभ सिंह सोनू नए साल के पहले दिन की रात पत्नी के साथ खाना खा कर घर के पास टहल रहे थे। इसी दौरान दो लोगों ने उन पर फायरिंग की है। बता दें कि बीजेपी विधायक जब घर के पास टहल रहे थे तो वहीं किनारे पर दो लोग शराब पी रहे थे। बीजेपी विधायक के टोकने पर गाली गलौज करते हुए उन्होंने दो फायर कर दिया। यह पूरा मामला सदर कोतवाली इलाके के शिव कालोनी मोहल्ले का है।गोली की आवाज सुनकर जब तक गनर आता तब तक दोनों युवक फरार हो गए। वहीं जानकारी पर मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू की वहीं बीजेपी विधायक के ऊपर हमले के मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार करके पूछताछ की जा रही है।एडिशनल एसपी मौके पर मौजूद हैं।

### हरिश्चन्द्र डिग्री कॉलेज में छात्रों का प्रदर्शन, नए एडमिशन में आरक्षण के लाभ से वंचित हो रहे ओबीसी छात्र

**वाराणसी।** हरिश्चन्द्र पीजी कॉलेज के मेन गेट पर गुरुवार को छात्रों ने धरना प्रदर्शन किया। छात्रों ने इस दौरान प्रवेश प्रक्रिया में ओबीसी एडमिशन में की गई धांधली को लेकर आवाज उठाई। छात्रों का आरोप है कि प्राचार्य ने परीक्षा समिति से मिलीभगत कर ओबीसी वर्ग की सीटों पर जनरल का एडमिशन ले लिया है। एडमिशन में ओबीसी के कोटे में जनरल का हुआ एडमिशनएमकॉम तृतीय सेमेस्टर के छात्र शिवम पटेल ने कहा- हरिश्चन्द्र महाविद्यालय में इस वर्ष को नवप्रवेश लिया गया है । उसमें भारी अनियमितता और धांधली की गई है। शिवम ने आरोप लगाया कि प्राचार्य और परीक्षा समिति के लोगों की मिलीभगत से ओबीसी की रिक्त सीटें जनरल कैटेगरी से भरी जा रही थी। इसकी मुझे जानकारी हुई तो मैने आपत्ति दर्ज कराई।सहायता प्राप्त, प्रथम वर्ष प्रवेश प्रक्रिया में भाग लेने वाले सभी वर्ग के छात्रध्छात्राओं को आरक्षण दिये जाने की नियमावली हेतु निर्देशित किया गया है।

## गायत्री परिवार जगा रहा संगीत से संस्कार



▸▸ पहला शिविर भगवान दीन आर्य कन्या इंटर कॉलेज में कहरवा ताल से शुरू हुआ अभ्यास

लोकमित्र ब्यूरो

लखीमपुर-खीरी। गायत्री परिवार युवा प्रकोष्ठ लखीमपुर खीरी वर्ष 2025 को नारी उत्कर्ष के लिए समर्पित करेगा। इसके लिए कन्याओं और नारियों को प्रतिभा संपन्न बनाने और सृजन की दिशा धारा से जुड़ने के लिए विभिन्न कार्यक्रम किए जाएंगे। इस क्रम में पहला कार्यक्रम कन्याओं में संगीत से संस्कार जागने के उद्देश्य से निः शुल्क ढपली वादन प्रशिक्षण शिविर के नगर के भगवानदीन आर्य कन्या इंटर कॉलेज में शुरू किया गया। प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ विद्यालय प्रधानाचार्या ज्योति तिवारी ने गायत्री महामंत्र का सामूहिक उच्चारण करके किया। ढपली वादन प्रशिक्षण युवा प्रकोष्ठ के अनुराग मौर्य द्वारा दिया जा रहा है। अनुराग मौर्य ने बताया प्रशिक्षण के लिए विद्यालय से 40 छात्राओं का चयन किया गया है जिन्हें सबसे पहले कहरवा ताल का अभ्यास शुरू करवाया गया है। ढपली वादन प्रशिक्षण शिविर के शुभारंभ अवसर युवा प्रकोष्ठ लखीमपुर की निधि वर्मा, विद्यालय शिक्षिका वंदना गुप्ता, मंचल गुप्ता आदि मौजूद रहीं।

## मानक विहीन अस्पतालों पर कार्रवाई करने से कतरा रहे जिम्मेदार

▸▸ क्षेत्र में संचालित रजिस्ट्रेशन युक्त अस्पतालों की सूची नहीं दे रहे विभागीय अधिकारी

लोकमित्र ब्यूरो




लखीमपुर-खीरी। पसगवां क्षेत्र के बरवर में जगह जगह मौत के सौदागर बैठे हुए हैं और जिम्मेदार अधिकारी ऐसे लोगों पर कठोर कार्रवाई नहीं कर पा रहे हैं किसी प्रकार की कार्रवाई न होने से इनके हौंसले बढ़ रहे हैं और फर्जी तरीके से संचालित हो रहे मानक विहीन अस्पताल अब देखना होगा की जिम्मेदार अधिकारी के द्वारा क्या कोई भी कठोर कार्रवाई की जाती है या तो फिर खाना पूर्ति कर रफा-दफा कर दिया जाता है।
सीएससी पसगवां क्षेत्र के अंतर्गत बड़े पैमाने पर मानक विहीन अस्पताल संचालित हो रहे हैं जिनमें ना तो प्रशिक्षित डॉक्टर है और ना ही कोई प्रशिक्षित स्टाफ है केवल बड़े-बड़े बोर्ड पर डिग्री धारक डॉक्टर के नाम लिखे हुए हैं और उन डॉक्टरों का कहीं भी पता नहीं है अस्पतालों में डॉक्टरों की डिग्री केवल लगी हुई है और इलाज कोई और कर रहा है।
मानक विहीन अस्पताल के संचालक पर रोक लगाने के लिए डिप्टी सीएम बृजेश पाठक के द्वारा लगातार कार्रवाई किए जाने की बात कही जा रही है और आदेश निर्देश जारी किए जा रहे हैं किंतु जिले के जिम्मेदार स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कोई कार्रवाई नहीं कर पा रहे हैं इसी क्रम में पसगवां क्षेत्र के अंतर्गत संचालित रजिस्ट्रेशन युक्त अस्पतालों की जानकारी सूचना अधिकार अधिनियम के अंतर्गत मांगी गई थी किंतु मुख्य चिकित्सा अधिकारी के द्वारा भ्रष्टाचार में संलिप्तता के कारण सूचना अधिकार अधिनियम के अंतर्गत मांगी गई सूचनाओं को नहीं दिया जा रहा है।
इससे ऐसा प्रतीत होता है कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी के संरक्षण में और सीएचसी अधीक्षक के संरक्षण में अवैध मानक विहीन अस्पताल चलाये जा रहे हैं जिन पर कार्रवाई करना तो दूर की बात है उनकी तरफ सीएससी अधीक्षक देखना तक पसंद नहीं करते हैं इससे ऐसा प्रतीत होता है कि इन अधिकारियों के संरक्षण में ही अवैध अस्पताल संचालित हो रहे हैं और कार्रवाई के नाम पर केवल कर दिया जाता है।फर्जी और मानक विहीन अस्पतालों में जब किसी की मृत्यु हो जाती है तब स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी जांच के नाम पर मोटी रकम लेते हैं और अस्पताल सीज कर देते हैं उसके बाद फिर अस्पताल खोल दिए जाते हैं आखिर कैसे मानक विहीन अस्पताल खोले जाते हैं यह कोई बताने को तैयार नहीं है।
अगर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर संतोष गुप्ता से बात की जाती है तो वह यह पूछने लगते हैं कि अस्पताल का नाम बताओ जांच करके कार्रवाई की जाएगी इससे केवल कार्यालय में बैठकर ही उनके द्वारा जांच का खेल खेला जाता है।

## किसानों ने चीनी मिल अधिकारियों से मांगा, पिछले सत्र और इस सत्र का बकाया गन्ना भुगतान

### चीनी मिल अधिकारियों ने बुलाई पुलिस

▸▸ भुगतान मांगने वाले किसानों को पहुंचाया कोतवाली

▸▸ किसानों में व्याप्त हुआ आक्रोश

▸▸ चीनी मिल के पक्ष में उतरे चीनी मिल को किराये से लाने वाले गन्ना किरायेदार

लोकमित्र ब्यूरो

**लखीमपुर-खीरी।** बजाज चीनी मिल गोला गोकर्णनाथ के किसान संतोष सिंह भदौरिया व अन्य किसानों के चीनी मिल को गन्ना सप्लाई करने आये चीनी मिल अधिकारियों से पिछले सत्र के बकाया लगभग 50 करोड़ रूपये जो दिसंबर 2024 तक दिये जाने का बादा किया था और इस सत्र के बकाया लगभग ढाई करोड़ रूपये का गन्ना पेराई कर लिए जाने का बकाया गन्ना भुगतान मांगा तो चीनी मिल अधिकारियों ने पुलिस बुला लिया जिससे नाराज किसानों ने गन्ना तौल कांटे पर गन्ना भरी ट्राली खड़ी कर दी। चीनी मिल को किराये से गन्ना लाने वाले कुछ किसानों ने चीनी मिल अधिकारियों के इशारे पर गन्ना भुगतान मांगने वाले अगुवाकार किसान संतोष सिंह भदौरिया का जमकर विरोध किया तो संतोष सिंह किसानों के बकाया गन्ना भुगतान के दर्द में अपना विरोध प्रदर्शन करते हुए चीनी मिल के डोंगें में बैठ गये हुआ यह कि चीनी मिल अधिकारियों ने किसानों के कमजोर प्रदर्शन को भांपते हुए चीनी मिल को किराये से लाने वाले किसानों को अपने पक्ष में लेकर ÷ तत्काल प्रभाव में गोला कोतवाली पुलिस ÷ बुलाकर संतोष सिंह , शशांक वर्मा आदि को डराने-धमकाने के लिए पकड़वाकर कोतवाली में बिठा दिया ।किसानों को चीनी मिल अधिकारियों द्वारा पुलिस बुलाकर कोतवाली बिठाये जाने की खबर पर राष्ट्रीय किसान शक्ति संगठन के प्रदेश अध्यक्ष पटेल श्रीकृष्ण वर्मा चीनी मिल पहुंचकर यूनिट हेड जितेन्द्र सिंह जादौन को आड़े हाथों लेते हुए कोतवाली ले जाये गये किसानों को सम्मान के साथ 15 मिनट में चीनी मिल लाये जाने की चेतावनी दी जिस पर कोतवाली ले जाये गये किसान संतोष सिंह भदौरिया, शशांक वर्मा सहित तीनों किसानों को चीनी मिल लाने पर मामला शांत हुआ। साथ ही चीनी मिल के यूनिट हेड जादौन ने 15 जनवरी तक पिछला भुगतान पूरा कर नये भुगतान की शुरुआत करने को कहा है।

### नगर कीर्तन में लड़कियां भी करेंगी गतका रंजीत अखाड़ा सिखा रहा शस्त्र विद्या

**आगरा।** आगरा में 5 जनवरी को निकलने वाले नगर कीर्तन में हर साल की तरह इस साल भी गुरुद्वारा गुरु का ताल का रंजीत अखाड़ा हिस्सा लेगा। अखाड़ा के सदस्य नगर कीर्तन में गतका प्रदर्शन करेंगे। नगर कीर्तन में लड़कों के साथ लड़कियां भी गतका प्रदर्शन करेंगी। गुरुवार को गुरुद्वारा में अखाड़े की सदस्यों ने गतका की प्रैक्टिस की। संत बाबा प्रीतम सिंह ने बताया कि शस्त्र विद्या सिखों के छठवें गुरु हरगोविन्द साहिब ने शुरुआत की थी। उस समय गुरु जी ने साध संगत को हुक्म दिया कि जब आप गुरु घर आए तो अच्छा शस्त्र और घोड़े भेंट करें। उनके पश्चात पीढ़ी दर पीढ़ी शस्त्र विद्या सिक्ख पंथ में चल रही है। गुरु जी ने शक्ति और भक्ति के मिलाप और संत सिपाही का रूप दिया। गुरुद्वारा गुरु का ताल पर संत बाबा साधू सिंह जी मोनी ने 1971 से गुरुद्वारा गुरु का ताल पर शस्त्र विद्या की शुरुआत की थी। वर्तमान में 25 से ज्यादा बच्चे इस विद्या को प्राप्त कर रहे हैं।

### स्टेट फुटबॉल में पूर्वांचल की चार टीमें क्वार्टर फाइनल में,

**वाराणसी।** वाराणसी के लालपुर स्टेडियम में चल रही मेंस फुटबॉल प्रतियोगिता के लीग मैच के अंतिम दिन प्रयागराज ने आगरा मंडल को 4-0 से रौंद दिया। इस दौरान प्रतियोगिता के सबसे होनहार खिलाड़ी बनकर उभरे फ्रेंक जे ने इस मैच में हैट्रिक लगाकर खुद को एक बार फिर प्रतियोगिता का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी साबित किया। वहीं आज लीग मैच के खत्म होने के बाद क्वार्टर फाइनल की टीमें तय हो गयीं। जो कल क्वार्टर फाइनल मुकाबले में खेलेंगी। क्वार्टर फाइनल में वाराणसी सहित पूर्वांचल की चार टीमें क्वालीफाई की हैं। जिसमें वाराणसी, आजमगढ़, गोरखपुर और प्रयागराज की टीमें हैं। इसके अलावा लखनऊ, बरेली, कानपुर, और मुरादाबाद भी शामिल हैं। लालपुर स्टेडियम चल रही स्टेट मेंस फुटबॉल प्रतियोगिता के लीग मैच के अंतिम दिन 6 मैच खेले गए। इसमें पहला मैच मुरादाबाद और अलीगढ के बीच हुआ। जिसे मुरादाबाद ने 1-0 से। दिन का सबसे रोमांचक मैच प्रयागराज और आगरा के बीच हुआ।

## बिना स्टीमेट के ही कर दिया 11 हज़ार लाइन व पोल शिफ्टिंग का काम, खुल गया खेल

लोकमित्र,श्रीकान्त सिंह शाक्य



**फूलबेहड़-खीरी।** शारदानगर के विद्युत उपकेंद्र श्रीनगर में बिना स्टीमेट के ही 11हजार लाइन व पोल शिफ्टिंग का खेल सामने आया है। पोल शिफ्टिंग के नाम पर प्लाट वालों से बड़े पैमाने पर धनउगाही किए जाने का आरोप है। सरवा तेंदुआ के बीच में यह खेल चल रहा है।
खीरी जिले के विद्युत उपकेंद्र शारदानगर में बिना स्टीमेट के ही 11हजार लाइन व पोल शिफ्टिंग का खेल सामने आया है।इस बीच सूत्रों के हवाले से खबर मिली की विभागीय अधिकारियों व कंपनी तथा ठेकेदारों की मिली भगत से यह कार्य हुआ है। जबकि नियमों को ताक पर रखकर हटाया जा रहा पोलों को जो सरा सर गलत है। शारदा नगर पावर हाउस में श्रीनगर फीडर के सरवा तेंदुआ के बीच गन्ना क्रेसर के पास लोकल फाल्ट की आड़ में 11 हज़ार लाइन और पोल नियमों को ताक पर रखकर हटाया जा रहा है। वहां पर एक बड़े प्लाट से 11 हजार के लगभग तीन से चार पोल हटाकर।
रोड के किनारे शिफ्ट कर दी गई है। जो की आए दिन हादसे होंगे ज़िम्मेदार कौन। क्योंकि वहां पर लगी गन्ना क्रेशर में आए दिन ट्रैक्टर ट्राली का आगमन चलता रहता है। अब रोड के किनारे नई लाइन चालू कर दी गई। इतना ही नहीं आगे भी ग्रामीण तथा खेत वालों में भी 11 हजार लाइन बिना विभाग की अनुमति के शिफ्ट करने की कोशिश हो रही है। सूत्रों ने बताया है की आगे भी नए पोल लगाये जा चुके हैं और प्लाट वालों से मोटी रकम की बात चल रही है।
जल्द ही मोटी रकम मिलते ही आगे की भी लाइन दूसरी जगह शिफ्ट की जाएगी ग्रामीणों की माने तो इस खेल में लाइनमैन सुनील से लेकर एसडीओ तथा कम्पनी NCC ठेकेदार बराबर के जिम्मेदार हैं।

**क्या कहते हैं जिम्मेदार**

बिजली विभागीय एसडीओ अभिषेक गुप्ता से जब इस बारे में वार्ता करने का प्रयास कई बार किया गया। लेकिन अभिषेक गुप्ता का मोबाइल नहीं रिसीव हुआ। अब देखना यह है कि इस प्रकार मनवाने तरीके से मोटी रकम लेकर गलत करने वाले विभागीय अधिकारीयों पर उच्च अधिकारी क्या एक्शन लेते हैं।

## डीएम ने ग्राम पंचायत का किया निरीक्षण, दिये निर्देश

लोकमित्र ब्यूरो



**मसौली बाराबंकी।** जिला अधिकारी सत्येन्द्र कुमार ने गुरुवार को ग्राम पंचायत मुबारक पुर पहुंचकर पंचायत भवन, पानी की टंकी, आजीविका मिशन की बिल्डिंग का औचक निरीक्षण करते हुए ग्रामीणों से सवाद किया व दिशा निर्देश भी दिए।
विकास खण्ड मसौली की ग्राम पंचायत मुबारक पुर में गुरुवार को जिला अधिकारी सत्येन्द्र कुमार ने पहुंचकर पंचायत भवन का निरीक्षण किया।
इसके बाद आजिविका मिशन की बिल्डिंग पहुंचकर होने वाले कार्यक्रम के बारे में जानकारी ली। महिलाओं ने बताया कि समूह की बैठक, सिलाई कढ़ाई और अचार बनाने का कार्य होता है। इसके बाद गांव में बनी पानी की टंकी स्थान का निरीक्षण करते हुए आपरेटर सुकेश से उपभोक्ताओं का रजिस्टर और कितनी समय पानी की सप्लाई की विधवात जानकारी ली।
इसके बाद पानी कनेक्शन के उपभोक्ता सुशील के घर में लगी पानी की टोटी खोलकर पानी की शुद्धता एवं रफ्तार को भी परखा। इसके अलावा अमृत सरोवर को देखकर दिशा निर्देश भी दिए।
इस दौरान ग्राम प्रधान कान्ति देवी ने श्मशान घाट की मांग भी किया।
इस मौके पर ग्राम प्रधान कान्ति देवी, प्रधान प्रतिनिधि विनोद कुमार, पंचायत सचिव प्रियंका सिंह, हेमंत वर्मा एवं विभाग से जुड़े अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

संक्षिप्त खबरें

## विद्युत उपखंड कार्यालय विद्युत कैंप में लगी लोगों की भीड़

**बीकापुर - अयोध्या।** विद्युत उपभोक्ताओं को सरचार्ज में राहत प्रदान करने के लिए शासन द्वारा चलाई जा रही ओटीएस योजना के तहत 31 दिसंबर तक चले पहले चरण में मंगलवार को विद्युत उपखंड कार्यालय परिसर और ओटीएस विद्युत कैंपों में बकाया बिल जमा करने के लिए लोगों की भारी भीड़ और लंबी लाइनें देखी गईं।एक मुश्त समाधान योजना के तहत मंगलवार को उपखंड क्षेत्र के सभी 6 विद्युत उपकेंद्रों के अलावा हरीपुर, सहावा, रौहारी, गुंधौर, भरहू खाता सहित अन्य स्थानों पर ओटीएस विद्युत कैंप लगाए गए। उपखंड कार्यालय परिसर में आयोजित विद्युत मेगा कैंप में कुल 741 उपभोक्ताओं का रजिस्ट्रेशन किया गया और 66.21 लाख रुपए की बकाया विद्युत बिल वसूली की गई।विद्युत उपखंड अधिकारी संदीप यादव ने बताया कि बकाया बिल न जमा करने पर 292 उपभोक्ताओं की विद्युत लाइन काटी गई है। इसके अलावा, 107 उपभोक्ताओं ने बिल संशोधन के लिए आवेदन पत्र प्रस्तुत किए हैं।1 जनवरी से 15 जनवरी तक ओटीएस अभियान के दूसरे चरण की शुरुआत हो चुकी है। विद्युत कैंप में अवर अभियंता शैलेश यादव, सुनील जायसवाल, विद्युत कर्मी घनश्याम यादव, पवन मौर्य, सियाराम और अन्य विद्युत कर्मियों की टीम उपस्थित रही।

## विशाल शोभायात्रा ने अयोध्या में एक भव्य और आध्यात्मिक वातावरण



**अयोध्या।** श्री रामजन्मभूमि मंदिर में प्राकट्य महोत्सव के अवसर पर आयोजित विशाल शोभायात्रा ने अयोध्या में एक भव्य और आध्यात्मिक वातावरण का निर्माण किया। श्री राम जन्मभूमि सेवा समिति द्वारा आयोजित इस शोभायात्रा में विभिन्न धर्मगुरुओं, गणमान्य व्यक्तियों और सैकड़ों साधु-संतों ने भाग लिया। शोभायात्रा में विशेष रूप से कैसरगंज के पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि आलोक सिंह रोहित, वेदान्ती जी महाराज, बावन जी महाराज और बलराम दास जी महाराज शामिल हुए। इस मौके पर श्रद्धालुओं ने प्रभु श्रीरामलला के प्रति अपनी गहरी श्रद्धा और आस्था व्यक्त की, जिससे यह महोत्सव धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से अद्वितीय बन गया।

## मिल्कीपुर बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों को दिलाई गई शपथ

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** तहसील परिसर में गुरुवार को अधिवक्ता भवन में बार एसोसिएशन मिल्कीपुर के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया।

समारोह में उत्तर प्रदेश सरकार में कृषि मंत्री व जिले के प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने नवनिर्वाचित पदाधिकारी अध्यक्ष रमेश पांडेय,उपाध्यक्ष विश्वनाथ मिश्र,महा मंत्री सूर्य नारायण द्विवेदी सहित श्रीप्रकाश पांडेय,रामसवारे,जितेंद्र कुमार सिंह, शशिभूषण मिश्र,संदीप शुक्ल को शपथ दिलाई।

उन्होंने कहा कि अधिवक्ता देश की रीढ़ है स्वतंत्रता संग्राम में अधिवक्ताओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जेल भी गए।चौरी चौरा कांड में सजा भी हुई। डाक्टर राजेन्द्र ने स्वतंत्रता संग्राम में अग्रणी भूमिका निभाई। अधिवक्ता का दायित्व है की निष्पक्ष रूप से अपने मुअक्किल को न्याय दिलाये।न्यायाधीश दोनों पक्षों को सुनकर आदेश करता है उसका सम्मान करना चाहिए।

समारोह में खाद एवं रसद मंत्री सतीश शर्मा ने कहा कि अधिवक्ता देश की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है देश को आजाद कराने में महात्मा गांधी, डॉ राजेंद्र प्रसाद, सरदार वल्लभभाई पटेल आदि महापुरुषों द्वारा महत्वपूर्ण भूमिका निभाई गई यह लोग भी अधिवक्ता थे अधिवक्ता ही समाज के कमजोर व मजबूर लोगों को कानूनी सहायता प्रदान कर उन्हें न्याय दिलाने का कार्य करते हैं।

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि भारत 21वीं सदी में दुनिया का सिरमौर बनेगा वह सपना आज पूरी तरह सरकार होता दिख रहा है, विकसित भारत की कल्पना साकार हो रही है हमारी पीढ़ियों ने 500 वर्षों तक जिस सम्मान के लिए संघर्ष किया था वह आज पूरा हुआ है, अयोध्या में भगवान श्री राम के भव्य मंदिर का सपना साकार हुआ है, आपको तय करना है कि आने वाली पीढियां को कैसा भारत देना है। उन्होंने कहां की जो गलती अयोध्या के संसदीय चुनाव में जो गलती हुई है उसकी भरपाई मिल्कीपुर के उपचुनाव में करने की आवश्यकता है । अयोध्या महापौर गिरीशपति त्रिपाठी ने कहा कि अधिवक्ता नीति निर्धारक होता है समाज व देश कैसे आगे बढ़े इसके लिए अधिवक्ता है, नीतियां बनाते हैं जिस पर लोग चलते हैं, गरीबों मजलूमों को न्याय कैसे मिले इसकी रूपरेखा भी अधिवक्ता ही तैयार करता है, अयोध्या में एक राजनीतिक दुर्घटना संसदीय चुनाव में हुई थी, अयोध्या हमारी संस्कृति का केंद्र बिंदु है इस पर कुठाराघात हुआ अयोध्या के लोगों को सोचना होगा कि भविष्य में इसकी पुनरावृत्ति न हो।

इस मौके पर ग्राम न्यायालय के न्यायाधीश अनुज सिन्हा, पूर्व विधायक गोरखनाथ बाबा, अमित मिश्रा, सतीश तिवारी कालिका तिवारी, विनोद तिवारी, अमरजीत सिंह, महेंद्र प्रताप सिंह, शंभू नाथ तिवारी, शीतल वाजपेई, विजय कुमार उपाध्याय , भगवती सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## 5 दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का सभासद श्रीमती आरती जायसवाल ने फीता काट कर किया उद्घाटन

**गोसाईगंज-अयोध्या।** हार और जीत एक ही सिक्के के दो पहलू है।हारे हुए खिलाड़ियों को निराश होने के बजाय और मेहनत करनी चाहिए जिससे कि आने वाले समय में वो भी सफलता पा सके। जो भी खिलाड़ी दिनचर्या बनाकर खेलो में निरन्तर प्रयास करेगा,वह एक न एक दिन अवश्य ही अपनी पहचान बनाने में सफल होगा।इस क्रिकेट मैच का आयोजन जिस तरह छोटे-छोटे बच्चों ने किया है वह वास्तव मे काबिले तारीफ है।मैं इन बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करती हूं।उक्त बातें गोसाईगंज नगर पंचायत की सभासद एवं श्री सीता राम जी विराजमान मंदिर सेवा ट्रस्ट कस्बा दिलासीगंज की सदस्य श्री मती आरती जयसवाल ने गोसाईगंज कस्बे में बलदेव इंटर कालेज के पीछे मैदान में टी सी सी (स्थ्रस्ल्ह -2)तेलियागढ़ क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का मुख्य अतिथि के रूप में फीता काट कर उद्घाटन करने के बाद मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कही।सभासद श्रीमती जायसवाल ने टीम शहीद वारी तथा आर सी बी हंटर के बीच होने वाले मैच में शामिल खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ कराया! मैच में अंपायर की भूमिका मो0 दानिस अंसारी तथा फरहान अंसारी एवं कॉमेंट्रेटर की भूमिका रेयान आबदी व कैफ नजफ़ी निभा रहे थे।प्रतियोगिता के आयोजक नगर पंचायत के पूर्व सभासद अमीरउल्लाह राईन के पुत्र मो0 सलमान राईन ने बताया कि दोपहर 2 बजे से चलने वाले प्रतियोगिता का समापन 7 जनवरी को होगा।प्रतियोगिता में तेलियागढ़ मस्जिद,शहीदवारी,आर सी बी, अंसार नगर,तेलियागढ़ नाला,टी सी सी की टीमें भाग ले रही हैं। मैच जीतने वाली टीम को 851 रुपए तथा उप विजेता टीम को 451 रुपए नगद दिया जाएगा। इस दौरान सभासद प्रतिनिधि दिनेश कुमार जायसवाल ÷पत्रकार÷, मुजफ्फर आफाक,विनोद जायसवाल,नवी हसन अंसारी, लारेब अंसारी,हमजा अंसारी,मो0 सैफ अंसारी सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे।

# नए वर्ष पर बड़ी संख्या में अयोध्या पहुंच रहे श्रद्धालु, गुप्त हरि गार्डन में लगा पर्यटकों का जमावड़ा



**अयोध्या।** नववर्ष पर पहली बार अयोध्या में ऐतिहासिक भीड़ उमड़ी। 8 से 10 लाख के बीच लोगों के पहुंचने का अनुमान लगाया जा रहा है। भारी संख्या में अयोध्या पहुंचे श्रद्धालुओं ने रामलला और हनुमान गढ़ी के दर्शन के साथ-साथ अन्य स्थलों का भी जमकर लुत्फ उठाया। इन सब में अयोध्या का गुप्त हरि गार्डन लोगों की पहली पसंद बनी रही।अयोध्या में भव्य मंदिर में रामलला के विराजमान होने के बाद पर्यटन की दिशा में तेजी से विस्तार हो रहा है। योगी सरकार ने पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए करोड़ों रुपये के प्रोजेक्ट पर काम कर रही है। इसके साथ ही कई स्थलों का जीर्णोद्धार भी कराया है। इसमें 2017 से पहले बदहाल रहा अयोध्या के कैंट स्थित गुप्त हरि गॉर्डन और दर्शन नगर का सूर्यकुंड भी शामिल है। जहां पर आज बड़ी संख्या सैलानी पहुंच रहे हैं। नए वर्ष पर रामलला के दो लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किये हैं। इतने ही श्रद्धालु हनुमानगढ़ी पर भी पहुंचे।

### गुप्त हरि गार्डन में पहुंचे 10 हजार से अधिक लोग

योगी सरकार की ओर से गुप्तारघाट का जीर्णोद्धार कराने के बाद इसका स्वरूप ही बदल गया है। नव वर्ष के पहले दिन यहां मेले जैसा माहौल रहा। 10 हजार से भी अधिक लोगों ने गुप्त हरि गार्डेन में लुत्फ उठाया। देर शाम तक यहां भीड़ बनी रही।

### सूर्यकुंड के फाउंटेन शो देखने पहुंचे सात हजार से अधिक लोग

दर्शननगर स्थित सूर्यकुंड पर सात हजार से भी अधिक लोग पहुंचे। शाम के समय चलने वाले फाउंटेन शो का लोगों ने लुत्फ उठाया। अयोध्या विकास प्राधिकरण के सचिव सत्येंद्र सिंह ने बताया कि गुप्त हरि गार्डन व सूर्यकुंड जैसे धार्मिक स्थलों का पर्यटन की दृष्टि से विस्तार किया गया है, ताकि राम मंदिर में दर्शन को पहुंचने वाले श्रद्धालु यहां आकर इन स्थलों की आभा भी निहार सकें।

### लोगों ने भूल-भुलैया का भी उठाया लुत्फ

हाल ही में राज्य स्मार्ट सिटी मिशन के अंतर्गत तैयार हुए मिरर इमेज भूल भुलैया का लोगों ने जमकर लुत्फ उठाया। अमानीगंज स्थित जलकल कार्यालय में बनी इस भूल भुलैया में शाम तक दो हजार से भी अधिक लोग पहुंचे। नगर आयुक्त संतोष शर्मा ने बताया कि भूल-भुलैया जैसे अन्य पर्यटन स्थलों को तैयार कराया जा रहा है।

## अग्नि सुरक्षा को लेकर महफूज नहीं अयोध्या महोत्सव

**अयोध्या।** नगर के राष्ट्रीय राजमार्ग अयोध्या- लखनऊ के किनारे अयोध्या नगर के कैंट थानाक्षेत्र में आयोजित अयोध्या महोत्सव आग के ढ़ेर पर बैठा है। अयोध्या महोत्सव अग्नि सुरक्षा मानकों के हिसाब पर खरा नहीं उतर रहा है। मेला किसी भी समय किसी बड़े अग्नि काण्ड का सबब बन सकता है। मेले के संचालक आंख बंद कर लोगों के जीवन से खिलवाड़ कर रहे हैं।

राजकीय पालीटेक्निक के सामनें संचालित अयोध्या महोत्सव अग्नि सुरक्षा मानकों के लिहाज से खरा नहीं है। मिली जानकारी के अनुसार मेला एक लान में आयोजित किया जा रहा है। जिसमें प्रवेश व निकास के लिए वैसे तो दो प्रवेश द्वार है, किन्तु एक द्वार हर समय बन्द रहता है। ऐसे में यदि आग लग जाय तो काफी जन हानि हो सकती है। इस प्रकार के बडे मेले में हर दुकान पर अग्नि शमन की सुरक्षा होनी चाहिए। एफएसओ कहते हैं कि मेले में फायर इन्स्टीग्यूसर होना चाहिए। उसे भी कोई पूछने वाला नहीं है। मेले में लगी लाइटों के नंगे तार किसी भी समय किसी बड़ी अनहोनी का सबक बन सकते हैं।

### बुधवार को फायर ब्रिगेड की सूझबूझ से टला बड़ा हादसा

बुधवार को मेला क्षेत्र में एक मोटर साइकिल में आग लग गई। देखते देखते अन्य मोटर साइकिलों की ओर भी आग बढ़ने लगी । फायर ब्रिगेड की गाडी ने तत्काल आग को काबू किया।

### क्या कहते हैं एफएसओ

एफएसओ प्रदीप कुमार पाण्डेय ने बताया कि अयोध्या महोत्सव को फायर से किसी प्रकार की एनओसी नहीं मिली है। अग्नि सुरक्षा मानकों को पूरा करने के लिए हिदायत दी गई थी। किन्तु उन्हें भी पूरा नहीं किया गया है। अग्नि शमन की ओर से एक फायर टेंडर मौके पर भेज दिया जाता है। जिससे किसी प्रकार अग्नि काण्ड के समय हादसे से बचा जा सके। उन्होंने बताया कि इतने बड़े मेले मे जहां अग्नि शमन को लेकर कोई सुविधा नहीं है वहां बच्चों व महिलाओं को भी ले जाना खतरे से खाली नहीं है।

### क्या कहतें हैं मेला प्रबंधन समिति के सदस्य

मेला प्रबंधन समिति के सदस्य जनार्दन पाण्डेय ने बताया कि फायर ब्रिगेड से एनओसी मिली है या नहीं मेरी जानकारी में नहीं है। बुधवार को ब्लड बैंक का वाहन अन्दर लाने के लिए दूसरा गेट खोला गया था। अब खुला है या बन्द है यह भी देखना पड़ेगा।

## महदी अली पुन-हिंदू सनातन धर्म में करेंगी वापसी

लोकमित्र ब्यूरो

**अयोध्या ।** कौशांबी के रहने वाले अनुज प्रताप सिंह जो कि धर्म परिवर्तन करके महदी अली बनकर जीवन यापन कर रहे थे ने अपनी पुरानी जडों में वापस लौटने का निर्णय किया है हा प्रभु श्री राम की नगरी अयोध्या में एक प्रेस वार्ताओं को संबोधित करते हुए महदी अली उर्फ अनुज प्रताप सिंह ने यह बताया कि कुछ कट्टरपंथी मुसलमानों के जाल में फंस कर हिंदू सनातन धर्म से विमुख हो गए थे और उन्होंने मुस्लिम पंथ अपना लिया था, किंतु मुस्लिम पंथ अपनाने के बाद जो उसमें व्याप्त गंदगी और राष्ट्र के प्रति, हिंदू सनातन धर्म के प्रति, उनकी कृत्सित भावनाओं से आहत होकर उन्होंने इस्लाम को छोड़ने का निर्णय किया है महदी अली ने अभी बताया कि कट्टरपंथी इस्लामिक जिहादियों से उन्हें अपनी जान को खतरा है और इसके लिए उन्होंने उत्तर प्रदेश की यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र प्रेषित कर अपनी जान और माल की सुरक्षा की गुहार की है या नही मौके पर मौजूद हिंदूवादी नेता मनीष पांडेय जो कि हिंदू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता भी हैं ने महदी अली की घर वापसी, एवं उनकी सुरक्षा के लिए तैयारी प्रारंभ कर दी है सुरक्षा हेतु उन्होंने योगी आदित्यनाथ को पत्र भेजा है, तथा धार्मिक एवं कानूनी दोनों तरीके से मेहंदी हसन अली के घर वापसी अर्थात पुनः सनातन हिंदू धर्म में वापसी के लिए तैयारी प्रारंभ कर दी है। श्री पांडेय कहते हैं कि वह न सिर्फ मेहंदी अली की बल्कि अनेक हिंदू जिन्होंने इस्लाम पंथ ग्रहण कर लिया है उनकी वापसी के लिए कटिबद्ध है और उन सभी की वापसी वे करवा कर ही दम लेंगे ।

## मंत्री ने कार्यकर्ताओं से 2027 विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटने का किया आह्वान

लोकमित्र ब्यूरो

**अयोध्या।** नए साल के मौके पर समाजवादी पार्टी (स्क्) की महानगर कमेटी अयोध्या ने पार्टी कार्यालय गुलाबबाड़ी में कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव ने की, जबकि संचालन महानगर महासचिव हामिद जाफर मीसम ने किया।मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन ने अपने संबोधन में सभी को नए साल की बधाई दी और कहा कि पार्टी और संगठन को नई ऊर्जा के साथ मजबूत करना होगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से 2027 विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटने का आह्वान किया, साथ ही यह भी कहा कि जनता अब अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने के लिए तैयार है।महानगर अध्यक्ष



श्याम कृष्ण श्रीवास्तव ने भी संकल्प लिया कि 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बने, इसके लिए बूथ स्तर पर काम करना होगा। ज़िला अध्यक्ष पारसनाथ यादव ने मिल्कीपुर चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी (ब्धुक्) पर हमला करते हुए कहा कि बीजेपी चुनाव नहीं करवा रही है, क्योंकि उन्हें हार का डर है।

प्रदेश महासचिव जय शंकर पांडे ने भी बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा कि जनता अब भारतीय जनता पार्टी से त्रस्त हो चुकी है और अखिलेश यादव के कार्यकाल की योजनाओं को याद कर रही है।

इस मौके पर पार्टी के तमाम वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# आततायियों ने हमारी संस्कृति पर बहुत किया आक्रमण चंपत राय

### 25 करोड़ की लागत से बन रहे प्रज्ञा भवन के प्रथम तल का हुआ उद्घाटन

नीलम मिश्रा

**अयोध्या।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के निर्देशन में गायत्री शक्तिपीठ रामकोट अयोध्या में 25 करोड़ की लागत से बन रहे मिनी शांतिकुंज के प्रज्ञा भवन के बेसमेंट एवं ग्राउंड फ्लोर का समारोह पूर्वक उद्घाटन विश्व हिंदू परिषद के उपाध्यक्ष एवं श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपत राय ने मुख्य अतिथि के रूप में दीप प्रज्वलित एवं नारियल फोड़कर किया। मुख्य अतिथि ने कई जिलों से आए गायत्री परिजनों को संबोधित करते हुए कहा कि गायत्री परिवार पूरे देश में सनातन धर्म की अलख जगा रहा है सनातन धर्म संस्कार सिखाता है गायत्री परिवार एवं सनातन धर्म से जुड़ी माताएं बहनें बच्चों को बचपन से ही संस्कार सिखाती हैं। परिवार एवं देश को आगे बढ़ाने के लिए संस्कार




आवश्यक है।उन्होंने कहा कि आतताइयों ने हमारी संस्कृति का बहुत दमन किया परंतु वह उसे शून्य नहीं कर पाए। कार्यक्रम को विशिष्ट अतिथि एडीएम सलिल पटेल एसडीएम राजकुमार पांडेय एसपी सिटी मधुबन सिंह संजय चतुर्वेदी रहे डॉ एस बी सिंह जोन समन्वयक देशबंधु तिवारी इंजीनियर राम अवतार गर्ग शक्तिपीठ के व्यवस्थापक राम केवल यादव ने संबोधित किया।समारोह का शुभारंभ नीलम मिश्रा माधुरी तिवारी एवं अनीता तिवारी ने मां गायत्री के चित्र पर माल्यार्पण एवं गायत्री मंत्र पढ़कर किया।इस दौरान लखनऊ से पधारे संजय चतुर्वेदी ने पांच लाख रुपये का आर्थिक सहयोग की घोषणा करते हुए तत्काल सवा लाख रुपए का चेक शक्तिपीठ के व्यवस्थापक को सौंपा इस अवसर पर महेंद्र सिंह डॉ अनुराग तिवारी डॉक्टर आलोक तिवारी अमरनाथ पांडे श्याम रति यादव निशा जायसवाल पुष्पा मौर्या कृष्ण कुमार गुप्ता रणविजय सिंह डॉ डी एन वर्मा मनीराम वर्मा रमाकांत पांडेय आदि सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों एवं परिजनों का स्वागत एवं आभार सत्कार डॉ एस बी सिंह एवं मीडिया प्रभारी नीलम मिश्रा ने पुष्प वर्षा करते हुए किया। कार्यक्रम का संचालन महेंद्र सिंह ने किया

## एसएसपी अयोध्या को स्टार और कॉलर बैंड लगाकर बधाई दी



**अयोध्या।** पुलिस महानिरीक्षक आईजी अयोध्या परिक्षेत्र अयोध्या, प्रवीण कुमार द्वारा अयोध्या के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, एसएसपी अयोध्या राजकरन नय्यर के भारतीय पुलिस सेवा सेलेक्शन ग्रेड पर प्रोन्नति होने पर बधाई दी। उन्हें स्टार व कॉलर बैण्ड लगाकर बधाई दी। और उज्जवल भविष्य की शुभकामना भी दी गई। बताते चले कि एसएसपी अयोध्या राजकरण नय्यर ने अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा और दीपोत्सव सहित कई प्रमुख मेलों को सफलता पूर्वक सम्पन्न कराने में प्रमुख भूमिकाएं निभाई। जिसके चलते अयोध्या जिला के जनतंत्र टीवी चैनल के चीफ ब्यूरो वासुदेव यादव ने एसएसपी राज करन नय्यर को प्रमोशन पर बधाई दिया है।

## अयोध्या महोत्सव में बने 33 रक्तदानी

**अयोध्या।** फायवर लॉन चल रहे अयोध्या महोत्सव में अयोध्या महोत्सव न्यास व राम कृष्ण सेवा फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 33 युवाओं ने रक्तदान कर महादानी बनें। रक्तदान करने में अधिवक्ता, पत्रकार, पुलिस, शिक्षक व महिलाये भी शामिल रही। शिविर में अयोध्या जिले के अलावा गाजीपुर, बस्ती, बलिया व अम्बेडकर नगर के लोग भी शामिल रहे । यह शिविर जिलाचिकित्सालय के सहयोग से लगाया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित भाजपा के जिलाध्यक्ष संजीव कुमार सिंह ने रक्तदानियों को प्रमाणपत्र व मेमोंटो प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया और कहा कि रक्तदाता धरा के देवदूत हैं और रक्तदान सबसे पुनीत कार्य हैं। अयोध्या जिले के मरीजों के लिए राम कृष्ण सेवा फाउंडेशन किसी वरदान से कम नहीं हैं जो लगातार मरीजों को ब्लड मुहैया करा रही हैं।अयोध्या महोत्सव के आयोजक हरीश कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि रक्तदान शिविर भी अब अयोध्या महोत्सव का एक अंग बन चुका हैं। महोत्सव का उदेश्य अयोध्या की सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने के साथ साथ अब मरीजों को खून उपलब्ध कराने के लिए भी संकल्पित हैं। इसे अगले महोत्सव में और व्यापक स्तर से रक्तदान शिविर लगाया जायेगा।संस्था अध्यक्ष व ब्लड मैन के नाम से चर्चित आकाश गुप्त ने कहा कि एक बार रक्तदान करने से कम से कम तीन मरीजों की जान बचाया जा सकता हैं और नियमित रक्तदान करने से रक्तदाता हार्ट, बीपी, कैसर जैसे गंभीर बीमारियों सुरक्षित रहते हैं। अयोध्या महोत्सव समिति द्वारा रक्तदान के क्षेत्र में उत्कृट योगदान के लिए राम कृष्ण सेवा फाउंडेशन से जुड़े डॉ मनीष राय,विजय वर्मा, आरक्षी मो अहद, राम कुमार मौर्य,खुशबू शाही व माला रावत को प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। रक्तदान करने वालों में महोत्सव के संयोजक जनार्दन पाण्डेय, महासचिव आकाश अग्रवाल,अधिवक्ता श्वेता राज सिंह, ज्योत्सना श्रीवास्तव, पत्रकार अरविन्द गुप्ता,डॉ सुनील कुमार गुप्ता,अजीत सिंह यादव, राधेश्याम यादव, राजेश कुमार, शिव पूजन वर्मा, आश्चर्य दीपक गुप्त, अरुणेश वर्मा, वृजेश ओझा, राज कुमार वर्मा, धर्मवीर वर्मा, जलज वर्मा, लालता प्रसाद, प्रवेश कुमार, उमेश चंद शुक्ला, विनय सिंह कुशवाहा, प्रमोद कुमार राजन यादव, जुनैद अहमद, अभय वर्मा, आदर्श शुक्ला, कुशल दूबे, शशांक वर्मा, घनश्याम वर्मा,पुरेंद्र सिंह, रोहित पाल,सुधांशु उपाध्यय, श्रवण जायसवाल व अशोक मिश्र शामिल रहें। रक्तदान शिविर के समापन पर महोत्सव के महासचिव आकाश अग्रवाल व संचालक अरुण द्विवेदी रक्तदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

## भीषण ठंड से बचाव के लिए जरूरतमंदों के बीच वितरित किए कंबल

लोकमित्र ब्यूरो

**अयोध्या।** अयोध्या धाम चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष संजय महिंद्रा ने बताया कि ठंड से बचाव के लिए कंबल वितरण कार्यक्रम 20 दिसंबर से लगातार चल रहा है। ट्रस्ट की टीम प्रतिदिन रात्रि में ट्रस्ट के महामंत्री प्रतीक वैश्य भज्जा के नेतृत्व में जरूरतमंदों तक कंबल पहुंचा रही है। अब तक अयोध्या और फैजाबाद शहर के 29 स्थानों पर कंबल वितरण किया जा चुका है, जिनमें राम की पैड़ी, राजघाट, नया घाट, अयोध्या बाईपास, अयोध्या बस स्टैंड, अयोध्या रेलवे स्टेशन, मोनी बाबा, चूड़ामणि चौराहा, रामपुर, रामपथके, खवासपुरा, देवकाली बाईपास, कचहरी, तहसील, अयोध्या कैंट रेलवे नाका, बाईपास, नवीन मंडी, आपका अस्पताल, फतेहगंज चौराहा प्रमुख रूप से शामिल हैं।नए वर्ष के अवसर पर, ट्रस्ट के संरक्षक अनूप तोलानी जी के जन्मदिवस के मौके पर अयोध्या के कानीगंज मोहल्ले स्थित अंध विद्यालय में ट्रस्ट की टीम पहुंची और बच्चों को मिठाई, नमकीन, बिस्कुट, कंबल आदि वितरित किए, जिससे कार्यक्रम का धूमधाम से आयोजन किया गया।

## रामनगरी के सुरसर मंदिर मामले में फिर आया नया मोड़

लोकमित्र ब्यूरो

**अयोध्या।** रामनगरी के अति प्राचीन सुरसर मंदिर विवाद मामले में फिर एक नया मोड़ आ गया है।मंदिर मामलों की देखरेख के लिए अखिल भारत जय गुरु संप्रदाय की ओर से पूर्व में नियुक्त किए संत विरागानंद द्वारा अब उन्हीं लोगों के पर गंभीर आरोप लगाते हुए अपनी जान को खतरा बताया गया है जिन्हें वे अपने साथ रखते थे।उनके द्वारा प्रभारी निरीक्षक कोतवाली अयोध्या से लेकर प्रधानमंत्री तक को शिकायती पत्र भेज कर मुकदमा दर्ज करने और अपनी जान माल सुरक्षा किए जाने की गुहार लगाई गई है।शिकायती पत्र मे बताया गया है कि वे डॉ निर्मल पाणिग्रही के उत्तराधिकारी हैं और उनके पक्ष में जिला एवं सत्र न्यायालय द्वारा उत्तराधिकार प्रमाण पत्र भी निर्गत किया गया है।कुछ वर्षों पूर्व अखिल भारत जय गुरु संप्रदाय की ओर से मंदिर तथा उसकी संपत्ति विवाद की देखरेख के लिए उन्हें पॉवर ऑफ़ अटॉर्नी दी गई थी,अत्यंत वृद्ध,अस्वस्थ और स्मरण शक्ति अल्प हो जाने के कारण जिसका समर्पण कर दिया गया है।शिकायती पत्र में बताया गया है कि बीती 28 जून को मंदिर में आये दो व्यक्तियों ने अपना नाम प्रकाश जायसवाल और प्रिंस सिंह बताते हुए स्वयं को साकेतवासी डॉ निर्मल पाणिग्रही का शिष्य बताया और किराये पर कमरा लेकर कुछ दिनों तक रुकने की अनुमति मांगने लगे।मंदिर में कुछ कमरे खाली रहते हैं,इस वजह से उन्हें रुकने की अनुमति दे दी गई।बताया गया कि बीती पांच जुलाई को उन दोनों लोगों द्वारा उन्हें मंदिर की समस्याओं का निराकरण कराने का आश्वासन दिया गया और प्रार्थना पत्र देने की बात बताते हुए सादे पन्नों पर हस्ताक्षर करा लिए गए।इन दोनों लोगों द्वारा आकाश जायसवाल व देवदत्त माझी नामक व्यक्तियों के साथ षड्यंत्र करके अखिल भारत जय गुरु संप्रदाय से निकाले गए महारघो मुखर्जी को मिलाकर कूटरचित तरीके से मंदिर मैनेजर पद का नियुक्ति पत्र तैयार किया गया है और इसी के जरिए सुनियोजित षड्यंत्र के तहत धोखाधड़ी व कूटरचना करके उन्ही सादे पन्नों पर अपने पक्ष में अधिकार पत्र/सर्वराकारी/पावर ऑफ अटॉर्नी भी तैयार कर ली गई है तथा अब मंदिर की बेशकीमती संपत्ति को एग्रीमेंट/बिक्री करने की योजना बनाई जा रही है।शिकायती पत्र में यह भी बताया गया है कि कुछ दिनों पूर्व उन्हें एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा मंदिर छोड़कर न जाने पर जान से मारने की धमकी भी दी गई है।उन्होंने आशंका ही नहीं,पूर्ण विश्वास जताया है कि उपरोक्त लोगों द्वारा ही अपनी सुनियोजित योजना को साकार करने के लिए धमकी दिलवाई गई थी और अब इन्हीं लोगों द्वारा मंदिर की बेशकीमती संपत्ति को उपरोक्त उद्देश्यों से क्षति पहुंचाने का कुकृत्य किया जा सकता है तथा विरोध करने पर कोई भी अनहोनी घटित की या कारित कराई जा सकती है। शिकायती पत्र मे सुनियोजित षड्यंत्र के तहत धोखाधड़ी व कूटरचना करने वाले उपरोक्त लोगों के विरुद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर आवश्यक विधिक कार्रवाई किए जाने की मांग की गई है।इस पूरे मामले में सबसे दिलचस्प और हास्यास्पद बात यह है कि करीब छह महीने से अधिक समय से चल रहे मंदिर विवाद मामले में मंदिर की कथित मैनेजर व एक श्रद्धालु द्वारा गंभीर आरोप लगाने और इसकी शिकायत महिला आयोग सदस्य और मुख्यमंत्री तक से किए जाने के बाद भी स्थानीय पुलिस की ओर से अभी तक किसी तरह की कोई कार्रवाई नहीं की गई है जो महिला सुरक्षा को लेकर प्रदेश सरकार की ओर से दिए गए निर्देशों को लेकर बड़ा सवाल खड़ा करता है।अब देखना यह है कि मंदिर के वयोवृद्ध संत की ओर से दिए गए शिकायती पत्र पर पुलिस क्या कार्रवाई करती है?

# तंबाकू का सेवन कैंसर को दावत- कर्नल अरविंद प्रताप

## एमएलकेपीजी कॉलेज में स्वास्थ्य विभाग से तंबाकू नियंत्रण पर आयोजित हुआ जागरूकता कार्यक्रम

**बलरामपुर।** गुरुवार को एम एल के पी जी कॉलेज सभागार में 51वीं यू पी बटालियन एन सी सी व स्वास्थ्य विभाग सहित महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में तम्बाकू नियंत्रण पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजित किया गया। कार्यक्रम में एनसीसी कैडेटों को तम्बाकू नियंत्रण के लिए संकल्प दिलाया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल अरविन्द प्रताप सिंह पटवाल, महाविद्यालय प्राचार्य प्रो0 जे पी पाण्डेय , सीएमओ डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित कैडेटों को संबोधित करते हुए बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल पटवाल ने कहा कि तम्बाकू सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए सबसे बड़े खतरों में से एक है, जो दुनिया भर में सालाना 1 मिलियन से अधिक लोगों की जान लेता है, और दस लाख से अधिक लोग प्रत्यक्ष धूम्रपान से मारे जाते हैं। दुनिया भर में 1.1 बिलियन धूम्रपान करने वालों में से






लगभग 80त्न निम्न और मध्यम आय वाले देशों में रहते हैं। तम्बाकू से संबंधित बीमारी व मृत्यु की घटनाओं में वृद्धि हुई है। भारत सरकार ने 2007-08 में 11वीं पंचवर्षीय योजना के दौरान राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम (हृञ्जष्टक्क) शुरू किया। प्राचार्य प्रो0 पाण्डेय ने ऐसे जागरूकता कार्यक्रम के लिए स्वास्थ्य विभाग की सराहना करते हुए कैडेटों को संबोधित करते हुए कहा कि तम्बाकू में मौजूद निकोटीन अत्यधिक नशे की लत है तम्बाकू का उपयोग हृदय और श्वसन संबंधी बीमारियों, 20 से अधिक विभिन्न प्रकार के कैंसर या सहित कई अन्य दुर्बल करने वाली स्वास्थ्य स्थितियों के लिए एक प्रमुख जोखिम कारक है। मुख्यचिकित्साधिकारी डॉ रस्तोगी ने कैडेटों को तम्बाकू से होने वाले नुकसान के बारे में विधिवत जानकारी दी। उन्होंने कैडेटों को तम्बाकू नियंत्रण करने के लिए संकल्प दिलाया। एसीएमओ डॉ संतोष श्रीवास्तव ने सघन टी बी अभियान के बारे में भी जानकारी देते हुए उन्होंने तम्बाकू नियंत्रण के बचाव के बारे में बताया। कैप्टन आर पी सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस दौरान एम एल के महाविद्यालय के सार्जेंट दुर्गेश कुमार व सी एम एस की सना को पुरस्कृत भी किया गया।इस अवसर पर लेफ्टिनेंट डॉ देवेन्द्र कुमार चौहान, लेफ्टिनेंट मदन लाल, ऑफिसर रत्नेश सिंह, ऑफिसर आनंद चौधरी, सीटीओ वंदना पाण्डेय सहित स्वास्थ्य विभाग के डॉ अजय कुमार शुक्ला जिला क्षय रोग अधिकारी, शिवेंद्र मणि त्रिपाठी जिला कार्यक्रम प्रबंधक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन जनपद बलरामपुर सहित बटालियन के सूबेदार मेजर, सूबेदार नंद सिंह आदि का सराहनीय योगदान रहा।

# किसी भी गरीब की ठंड से ना हो मौत

## शियाने हैदर ए कर्रार वेलफेयर एसोसिएशन का लक्ष्य

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सुलतानपुर।** शीतलहरी व सर्द हवाओ कड़कती ठंड को देखते हुए अमहट चौराहा अस्पताल रोड गोलाघाट दीवानी चौराहा पंत स्टेडियम पयागीपुर जिला अस्पताल बस स्टॉप आदि जगहों पर बुधवार देर रात ठंड से परेशान गरीब असहाय निर्धन लोगों को शियाने हैदरए कर्रार वेलफेयर एसोसिएशन नें देर रात इन जगहों पर सोए हुए लोगों के बीच पहुंचकर कंबल खाना पानी गर्म कपड़े वितरण किया।

शियाने हैदर ए कर्रार वेलफेयर एसोसिएशन' के नौजावानो का मिशन ठंड को देखते हुवे 1 जनवरी 2025 से 30 जानवरी 2025 तक एक महीने का मिशन जरुरत मंद को कंबल गर्म कपड़े और खाने की व्यवस्था कराई जाएगी रात को 9 बजे से लेकर 11 बजे रात तक संस्था के नौजवान टहलकर जरूरतमंदों की जरूरत को पूरा करते रहेगे ताकि ठंड की वजह से किसी की मृत्यु ना हो इस मौके पर डॉ मोहतशम रज़ा हैदर



नकवी अली जाफ़री दिलशाद हुसैन फ़ज़ल रिज़वी नुरुल हसन इमरान हुसैन नायब हैदर सफ़्दर.हसनैन गोलू अफ़्रोज़ हैदर रमीज़ अब्बास अकबर रज़ा आदि लोग मौजूद रहे। यह जानकारी शियाने हैदर ए कर्रार वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष अलमदार हुसैन ने दी

# कृषि विशेषज्ञ ने किया अपना 14वां स्वैच्छिक रक्तदान



**सुल्तानपुर।** कादीपुर के अखण्ड नगर विकास खण्ड के जय ज्ञान नगर उनुरखा निवासी कृषि विशेषज्ञ ज्ञानचन्द्र तिवारी ने नव वर्ष 2025 के आगमन पर बुधवार को जिला अस्पताल सुलतानपुर में अपने जीवन का 14 वां स्वैच्छिक रक्तदान करते हुए समाज को रक्तदान के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान से बढ़कर कोई दान नहीं है, रक्तदान करने से भावनात्मक और शारीरिक दोनों स्वास्थ्य को लाभ होता है। नियमित रक्तदान से नकारात्मक भावनाओं से भी छुटकारा मिलती है। कृषि विशेषज्ञ ने कहा कि अगर आप स्वस्थ हैं तो आपको भी रक्तदान करना चाहिए क्योंकि आपके द्वारा किए गए रक्तदान से किसी भी जरूरतमंद की मदद हो सकती है। उन्होंने कहा कि यह हमारा 14 वां रक्तदान है और आगे भी हम समय समय पर जरूरत मंद की मदद के लिए यह पुण्य कार्य करते रहेगें। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया है कि वे इस पुण्य कार्य में आगे आएं और बिना सोचे जरूरत मंद के लिए अपना स्वैच्छिक रक्तदान जरूर करें रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं।

# कटसारी की टीम ने प्रयागराज को हराया



**सुल्तानपुर।** तहसील कादीपुर के प्रांगण जूनियर हाई स्कूल में आज राज्य स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट खेल का तीसरा दिन रहा। जिसमें दूसरा मैच बहुत ही रोमांचक रहा दूसरे मैच में प्रयागराज और स्थानीय कटसारी की टीम का आमना-सामना हुआ जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए प्रयागराज की टीम ने 100 रन बनाए 12 ओवर में जिसमें कटसारी की टीम से बोलिंग करते हुए सबसे ज्यादा विकेट संपूर्णानंद मिश्र ने लिया और दूसरी पारी में बैटिंग करते हुए संपूर्णानंद मिश्रा ने अपनी टीम के लिए 55 नाबाद रन जोड़े जिससे टीम विजई हो गई और संपूर्णानंद मिश्र मैन ऑफ द मैच रहे। इस तरह आज क्रिकेट खेल का तीसरा दिन था। तीसरे दिन के खेल के दूसरे मैच में आज कटसारी टीम के खिलाड़ी संपूर्णानंद मिश्र को इनाम के तौर पर हजारों रुपए मिले इस तरह आज के मैच को हजारों लोगों ने देखा और क्रिकेट खेल का आनंद उठाया। सम्पूर्णानंद मिश्रा को मैंन आफद मैच का इनाम चल रहे क्रिकेट मैच के संरक्षक पूर्व चेयरमैन कादीपुर भाई प्रभुराज सिंह ने अपने हाथों से दिया।

# नव वर्ष पर श्रमिकों को किया गया सम्मानित

**शमशेरगंज।** लक्ष्मणपुर ब्लॉक के सिंधौर ग्रामसभा में नये वर्ष के आगमन पर मनरेगा श्रमिकों का सम्मान समारोह अनूठा एवं अद्वितीय रहा। ÷उपहार नहीं अधिकार चाहिए। दान नहीं सम्मान चाहिए।। ÷ की संकल्पना के साथ धरातल पर गाँव की सुंदरता बढ़ाने में सदैव तत्पर मनरेगा श्रमिकगण का सम्मान करते हुए कवि एवं शिक्षक आशुतोष गिरि दीपक ने कहा कि बड़ी बड़ी योजनाओं से धरातल पर गाँव को सजाने और सँवारने में सबसे बड़ा योगदान श्रमिकगण का है।यह विकास के स्तम्भ हैं। यह श्रम देवता हैं। इन्हें सहयोग नहीं सम्मान चाहिए। उपहार नहीं अधिकार चाहिए। इनकी चेष्टा है कि गाँव सुंदर बने, विकसित बने और सभी खुश हों, गाँव खुशहाल हो। श्रमिकगण का सपना होता है कि गाँव में हमेशा कुछ न कुछ विकास कार्य होते रहें, जिसमें उनका निरंतर योगदान होता रहे। व्यक्ति की पहचान और संतुष्टि कार्यों से होती है। खड़ंजा, नाली, हर पुरवे में स्ट्रीट लाइट, खेल मैदान, अमृत सरोवर व अमृत सरोवर के चारों तरफ सुबह शाम ग्रामवासियों के टहलने घूमने के लिए के इंटरलॉकिंग ब्रिक्स व बीच बीच में स्थापित स्थायी सीमेंटेड कुर्सियां व विद्यालय निर्माण ,चकरोड निर्माण आदि को सजाने सँवारने के साथ खेत समतलीकरण एवं वृक्षारोपण के साथ स्वच्छ एवं सुंदर गाँव बनाने में इनका महत्वपूर्ण योगदान होता है। गाँव के विकास के वास्तविक स्तम्भ के रुप में यही श्रमिकगण हैं।

# अयोध्या महोत्सव में कुसुम, पदमा व उमा रानी को मिला सम्मान

## उत्कृष्ट शिक्षण कार्य एवं मातृशक्ति के रूप में तीन अध्यापिकाओं का हुआ सम्मान

**बलरामपुर।** जिले के तुलसीपुर विकासखंड की कन्या कंपोजिट स्कूल देवीपाटन की प्रधानाध्यापिका एवं दो सहायक अध्यापिका को अयोध्या महोत्सव में स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है। इन अध्यापिकाओं को महिला एवं बालिका शिक्षा सहित सशक्तिकरण पर विशेष कार्य करने पर सम्मानित किया गया है। कन्या कंपोजिट स्कूल देवीपाटन में तैनात प्रधानाध्यापिका पदमा वर्मा एवं सहायक अध्यापिका कुसुम कुमारी, उमारानी को अयोध्या महोत्सव में उत्कृष्ट शिक्षक कार्य को लेकर सम्मानित किया गया है। यह सम्मान अयोध्या महोत्सव के अध्यक्ष हरीश श्रीवास्तव एवं जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह के हाथों सम्मानित किया





गया है। कार्यक्रम में मिशन शक्ति में संबंधित अपने क्षेत्र में प्रतिष्ठित एवं समाज को नवीन अध्याय देने वाले सभी मातृ शक्तियों की प्रमुख भूमिका पर आधारित एड्स्टप मिशन शक्ति संवाद एवं मिशन शक्ति स्वास्थ्य संवाद से जुड़ी मात्र शक्तियों को सम्मानित किया गया है। इस अवसर पर एमिटी यूनिवर्सिटी लखनऊ प्रोफेसर डॉक्टर जयंती श्रीवास्तव दुर्गा वाहिनी की प्रांतीय संयोजक डॉक्टर मुद्रा सिंह डॉ मृदुला शर्मा डॉक्टर सुमन श्रीवास्तव डॉक्टर अल्पिका श्रीवास्तव जैसी शिक्षा से जुड़ी हस्तियां शामिल रही हैं। कार्यक्रम संयोजिका प्रीति श्रीवास्तव ने सभी सम्मानित मातृ शक्तियों को बधाई देते हुए ऐसे ही उत्कृष्ट शिक्षक कार्य करते रहने के लिए प्रेरित किया है।

## पास-फेल की बजाय जीवन कौशल की नीतियां बनाएं

नो डिटेंशन पॉलिसी के तहत कक्षा 1 से 8 तक के किसी भी छात्र को फेल नहीं किया जा सकता था। हालांकि अब इन छात्रों को फेल किया जा सकेगा। साथ ही फेल छात्रों को 2 महीने के भीतर फिर से परीक्षा का अवसर मिलेगा। अगर इसमें भी फेल होते हैं तो उन्हें अगली कक्षा में प्रोन्नत नहीं किया जाएगा। शिक्षा के अधिकार अधिनियम की नो-डिटेंशन पॉलिसी के अनुसार, किसी भी छात्र को तब तक फेल या स्कूल से निकाला नहीं जा सकता, जब तक वह कक्षा 1 से 8 तक की प्राथमिक शिक्षा पूरी नहीं कर लेता। लेवल 8 तक के सभी विद्यार्थियों को स्वचालित रूप से अगली कक्षा में पदोन्नत कर दिया जाएगा। नीति का मुख्य बिंदु यह है कि कक्षा 8 तक, पारंपरिक अर्थों में कोई ÷परीक्षा÷ नहीं होती है।

# पुलिस के नाक के नीचे नशे का कारोबार फल फूल रहा

**सुल्तानपुर।** दिनों दिन बढ़ते नशे की लत से सुल्तानपुर भी अछूता नही रहा। इसकी बानगी अभी सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में देखी जा रही है। जो एक दशक से धूम मचा रही है।वहीं इस नशे के कारोबार को पुलिस भी बंद नही करवा पा रही है। क्योंकि वायरल वीडियो में एक व्यक्ति द्वारा गांजे को 100 रुपए पुड़िया बेचा जा रहा है। वहीं वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने मामले को संज्ञान लेकर कार्यवाही में जुट गई है। दरअसल ये पूरा मामला सुल्तानपुर नगर कोतवाली अंतर्गत क्षेत्र का है। जहां नशे का कारोबार एक बार फिर से अपने पैर पसार रहा है। सुल्तानपुर शहर में अवैध गांजे का कारोबार चल रहा है। बीते मंगलवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें एक व्यक्ति द्वारा गांजे का मोल भाव किया जा रहा है। वीडियो में गांजे का मोल



भाव कर रहा व्यक्ति 100 रुपये में एक पुड़िया गांजा देने की बात कर रहा है.वीडियो बनाने वाला व्यक्ति गांजा बेचने वाले व्यक्ति के पास जाता है तो उसे 3 इंच के एक होल से गांजा बेचने वाला व्यक्ति गांजा बेचता हुआ दिखाई देता है। वीडियो वायरल होने के बाद कोतवाली पुलिस की जमकर किरकिरी हो रही है। एक तरफ जहां यूपी पुलिस नशा मुक्ति का अभियान चला रही है तो वहीं दूसरी ओर सुल्तानपुर पुलिस के नाक के नीचे ही नशे का अवैध कारोबार फल-फूल रहा है। वहीं पूरे मामले में पुलिस का कहना है कि मामला संज्ञान में आया है। आरोपियों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# महाकुम्भ 2025 के लिए रेलवे स्टेशनों पर विशेष चिकित्सा व्यवस्था

## स्टेशनों पर बनाए जा रहे ऑब्जरवेशन रूम




**प्रयागराज।** महाकुम्भ 2025 के दौरान भारतीय रेलवे ने प्रयागराज के रेलवे स्टेशनों पर तीर्थयात्रियों की स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विशेष चिकित्सा सुविधाएं प्रदान की हैं। इन सुविधाओं में 24×7 ऑब्जर्वेशन रूमों की व्यवस्था की गई है, ताकि किसी भी आपातकालीन स्थिति में त्वरित और प्रभावी चिकित्सा सेवा प्रदान की जा सके। पिछले महाकुम्भ के दौरान 1 लाख श्रद्धालुओं को प्राथमिक चिकित्सा सहायता दी गई थी, और इस बार रेलवे एक बड़ी संख्या में यात्रियों को उच्च गुणवत्ता की चिकित्सा सेवा देने के लिए पूरी तरह से तैयार है।

**विशेष चिकित्सा सेवाएं**

महाकुम्भ के दौरान यात्रियों की स्वास्थ्य सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए भारतीय रेलवे ने प्रयागराज जंक्शन, सुबेदारगंज, नैनी जंक्शन एवं प्रयागराज छिवकी स्टेशन पर ऑब्जर्वेशन रूम स्थापित किए हैं। इन रूम्स में हमेशा डॉक्टर और अन्य मेडिकल स्टाफ मौजूद रहेंगे। यहां सभी आवश्यक चिकित्सा उपकरण मौजूद होंगे, जिससे यात्रियों को त्वरित उपचार प्रदान किया जा सके।

**आधुनिक चिकित्सा उपकरण**

ऑब्जर्वेशन रूम और अन्य चिकित्सा केंद्रों में निम्नलिखित चिकित्सा उपकरण उपलब्ध होंगे:

- श्वष्टत्र मशीन: हृदय संबंधित समस्याओं की त्वरित पहचान के लिए।
- डिफ़िब्रिलेटर: दिल के रुकने पर उसे सामान्य करने के लिए।
- ऑक्सीजन कन्सेन्ट्रेटर: ऑक्सीजन की कमी से निपटने के लिए।
- ग्लूकोमीटर: रक्त शर्करा की माप करने के लिए, जो मधुमेह से प्रभावित लोगों के लिए जरूरी है।

**स्टेशन पर चिकित्सा स्टाफ की तैनाती**

प्रयागराज जंक्शन, सुबेदारगंज, नैनी सहित प्रमुख स्टेशनों पर ऑब्जर्वेशन रूम्स स्थापित किए गए हैं, जहां निम्नलिखित स्टाफ तैनात रहेगा:

- स्टाफ नर्स:15
- फार्मासिस्ट: 12
- हॉस्पिटल अटेंडेंट (एचए): 12
- हाउस कीपिंग असिस्टेंट (एचकेए): 15

इन कर्मचारियों की तैनाती सुनिश्चित करने के लिए की गई है कि सभी शिफ्ट्स में चिकित्सा सेवाएं सुचारु रूप से चलती रहें। प्रत्येक शिफ्ट का समय 8 घंटे होगा।

महाकुम्भ के दौरान रेलवे स्टेशनों पर 24×7 चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। जब भी किसी यात्री को चिकित्सा सहायता की आवश्यकता होगी, तुरंत उन्हें प्राथमिक उपचार प्रदान किया जाएगा। इसके साथ ही, रेलवे अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों से समन्वय बनाए रखेगा ताकि जरूरत पड़ने पर किसी भी मरीज को तुरंत रेफर किया जा सके।

भारतीय रेलवे का उद्देश्य महाकुम्भ 2025 के आयोजन को सुरक्षित, स्वस्थ और यादगार बनाना है। रेलवे द्वारा की गई स्वास्थ्य सुविधाओं और व्यवस्थाओं से श्रद्धालुओं को उच्चतम स्तर की चिकित्सा सेवाएं मिलेंगी, जिससे उनकी यात्रा सुरक्षित और आरामदायक रहेगी। रेलवे प्रशासन ने सभी पहलुओं पर ध्यान दिया है और यात्रियों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए आवश्यक व्यवस्था की है।

# अब कक्षा आठ पास युवा भी कर सकते है अपना बड़ा कारोबार- नेहा सिंह

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सुल्तानपुर।** प्रदेश की लगभग 25 करोड़ जनसंख्या में 56 प्रतिशत युवा है, जो प्रदेश के कार्य बल का निर्माण करते है।इस युवा प्रदेश के युवाओं की असीमित क्षमता को गति देने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन को साकार करने हेतु प्रदेश सरकार द्वारा अत्यन्त महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (सीएम-युवा) लागू किया गया है। अब जनपद के युवा उत्तर प्रदेश की मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना से लाभ उठा सकते हैं इस बात की जानकारी देती हुई जनपद की उपायुक्त उद्योग नेहा सिंह ने विस्तृत चर्चा करते हुए उन्होंने योजना के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस योजना की जो मुख्य बाते हैं उनमें कौशल प्रशिक्षण प्राप्त 21-40 वर्ष के युवाओं को उत्पाद/सेवा सम्बन्धी उद्यम स्थापित कराकर स्वरोजगार से जोड़ा जाएगा । प्रतिवर्ष युवाओं को




स्वरोजगार के अवसर सृजित करना इस योजना का लक्ष्य है। प्रथम चरण में रू0 5.00 लाख तक की परियोजनाओं हेतु चार वर्षो तक 100 प्रतिशत ब्याज मुक्त कोलेटरल गांरटी मुक्त ऋष्ण दिया जाएगा। सामान्य वर्ग के लाभार्थी को परियोजना लागत का 15 प्रतिशत, ओ0बी0सी0 को 12.5 प्रतिशत, एस0सी0/ एस0टी0/दिव्यांग को 10 प्रतिशत स्वयं का अंशदान जमा करना आवश्यक होगा। नेहा सिंह ने आगे बताया कि इस योजना के तहत पात्रता की जो शर्ते हैं उनमें लाभार्थी की आयु सीमा-21 से 40 वर्ष।हो और शैक्षणिक योग्यता-न्यूनतम कक्षा-8 उत्तीर्ण, हण्टरमीडिएट अथवा समकक्ष को वरीयता दी जाएगी। उपायुक्त उद्योग ने अहम जानकारी देते हुए बताया कि पात्रता की शर्तो में विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, ओ0डी0ओ0पी0 प्रशिक्षण योजना, एस0सी0/एस0टी0/ओ0बी0सी0 प्रशिक्षण योजना, यूपी कौशल विकास मिशन के अन्तर्गत प्रशिक्षित अथवा किसी मान्यता प्राप्त शैक्षाणिक संस्थान से स्किल सम्बन्धी सीफिकेट/डिग्री/डिप्लोमा आदि प्राप्त हो। इसकी आवेदन की प्रक्रिया में एम0एस0एम0ई0 पोर्टल द्धह्लह्लश्चह्य//द्वह्यद्वद्ग.ह्वश्च.द्दश1.द्बठ्ठ पर ऑन-लाइन आवदेन किया जा सकता है।बातचीत के अंत मे उपायुक्त उद्योग नेहा सिंह ने बताया कि जिला उद्योग विकास एवं उद्यमिता प्रोत्साहन केन्द्र में ऑनलाइन प्राप्त आवेदनों का परीक्षणोपरान्त ऑनलाइन रूप से बैंको को प्रेषण किया जाएगा।इस योजना की अधिक जानकारी के लिए युवा लाभार्थी कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस के दौरान संपर्क कर अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते है।

# जिले के सीएचसी पर जागरूकता अभियान चलाया गया

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सुल्तानपुर।** प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत सीएचसी मोतिगरपुर पर जागरूक अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख मोतिगरपुर और नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्ष द्वारा लोगों से टीबी मरीजों को गोंद लेने की अपील भी की गई। टीबी हारेगा, देश जीतेगा की थीम पर आधारित राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत सीएचसी अधीक्षक डॉ. अवनीश मिश्र ने लोगों को बताया कि टीवी की आधुनिक जांच और उपचार योग्य चिकित्सकों की देखरेख में सरकारी स्वास्थ्य केंद्र पर निःशुल्क उपलब्ध है। दो सप्ताह से लगातार खांसी आना, बुखार होना, रात में मरीज को पसीना आना, भूख न लगना, बलगम के साथ खून आना और वजन में लगातार गिरावट टीबी के लक्षण हो सकते है। ऐसे लक्षण वाले व्यक्ति कभी भी स्वास्थ्य केंद्रों और हेल्थ बेलनेस सेंटर पर जांच अवश्य कराएं। चिन्हित मरीज किसी भी हालत में डॉट्स का कोर्स न छोड़ें। खांसी आने पर हमेशा मुंह को रुमाल से ढके रखें। क्योंकि टीबी के जीवाणु खांसने और छींकने से ही फैलते हैं।

ब्लॉक प्रमुख मोतिगरपुर चंद्र प्रताप सिंह ने सीएचसी पर आने वाले मरीजों और तीमारदारों को टीबी के प्रति जागरुक करते हुए सभी से अपने गांव के 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों की निःशुल्क जांच करने की सलाह दी। उन्होंने टीबी मुक्त अभियान के तहत सभी ग्राम प्रधान, बीडीसी सदस्य और अन्य सम्मानित लोगों से टीबी मरीजों को गोद लेने की अपील की। लोगों को जागरूकता कार्यक्रम से जुड़े पर्चे भी बांटे गए।इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष विनय कुमार प्रजापति, डॉ. सैयद अकील, एचईओ सत्यदेव सिंह, उदय सिंह, जेपी सिंह, राजकुमार यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# बाल श्रमिक विद्या योजना से बाल श्रम पर लगेगी रोक

**बलरामपुर।** राज्य सरकार की बाल श्रमिक विद्या योजना जहां बाल श्रम पर रोक लगाएगी वही बाल श्रम से जुड़े बच्चों को मासिक आर्थिक सहायता देने के साथ-साथ उन्हें शिक्षा के मुख्य धारा से जोड़ने का कार्य कर रही है। योजना के लिए जिले में श्रम विभाग में 100 सीट निर्धारित है ।जिसका लाभ बाल श्रम कर रहे चिन्हित बच्चों के मुखिया को दिया जा रहा है।

बाल श्रमिक विद्या योजना का मुख्य उद्देश्य 8 से 18 साल के ऐसे कामकाजी किशोर किशोरी के लिए है। जो घर की आय बढ़ाने में अल्प आयु में ही संगठित अथवा असंगठित क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं ।इन कार्यो में कृषि ,गैर कृषि , रोजगार ,गृह आधारित प्रतिष्ठान, घरेलू कार्य सहित किसी प्रकार का अन्य श्रम कार्य शामिल है। ऐसे किशोर किशोरियों को राज्य सरकार ने बाल श्रमिक विद्या योजना लागू करके उन्हें न केवल बाल श्रम से रोकने का पहल किया है, बल्कि उन्हें नियमित रूप से स्कूल भेज कर शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ते हुए प्रतिमाह आर्थिक सहायता के रूप में किशोर को 1000 एवं किशोरी को 1200 देकर उनकी मदद कर रहा है।जिले में इस योजना के तहत बाल श्रम विभाग ने 100 किशोर किशोरियों को चिन्हित कर रखा है।

इनमें 70 के परिवार खाते में लगभग 6 लाख रुपए मार्च 24 से नवंबर 2024 महीने का निर्गत किया है।

संक्षिप्त खबरें

## खेलकूद प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों ने दिखाया दमखम



**जसपुरा।** युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग ने गुरुवार को विकास खण्ड जसपुरा में उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग के तहत मिनी स्टेडियम जसपुरा में खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया । प्रधानाचार्य मधुसूदनदास इंटर कॉलेज जसपुरा द्वारा मां सरस्वती की फोटो में माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारभ किया गया। प्रतियोगिताएं सब जूनियर, जूनियर, सीनियर वर्ग में बालक एवं बालिकाओं की आयोजित की गई जिनमें बॉलीबॉल, कबड्डी, एथलेटिक्स, बैडमिंटन आदि की प्रतियोगिताएं हुईं।
कबड्डी, बॉलीबॉल बालक वर्ग में जसपुरा, बालिका वर्ग में कस्तूरबा विद्यालय की टीम प्रथम स्थान पर रही, बैडमिंटन में श्रष्टि, अर्श प्रथम, गोलाफेंक में आरती,लक्ष्मी, प्रदीप सिंह, डिस्कस में अंशिका, लक्ष्मी, दीपक प्रथम, 100 मीटर दौड़ में आशिकी शाहिल प्रथम, 200 मीटर दौड़ में रीतू, रिंकी, साहिल ,800 मीटर दौड़ में जननायक प्रथम, 400 मीटर दौड़ में राजकुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में जसपुरा ब्लॉक क्षेत्र के बच्चों ने अपना दमखम दिखाया । कार्यक्रम के समापन पर क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी आदित्य पटेल द्वारा विजेता खिलाड़ियों को सर्टिफिकेट, शील्ड एवं मेडल देकर पुरस्कृत एवं उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में समाजसेवी तोपसिंह,सुरेंद्र चौरसिया ,प्रमोद चौरसिया, बच्चूलाल चौरसिया, जगदेव सिंह, प्रदीप सिंह, दीपक सिंह, कुलदीप, खेल प्रशिक्षक गीता द्वारा योगदान दिया।

## आधी रात को धू-धूकर जल उठा मकान, लाखों का नुकसान



**बांदा।** बुधवार की रात को अचानक आग लग जाने से आशियाना जल गया। उसके अंदर रखी गृहस्थी भी राख के ढेर में बदल गई। ग्रामीणों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन वह असफल रहे। अतर्रा क्षेत्र के ग्राम पंचायत बंडे में बीती रात मजदूर सूरजदीन के मकान में अज्ञात कारणों से आग लग गई। सोते समय आग लगने के बाद परिजनों को जानकारी तब हो सकी, जब आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। धुआं लगने की वजह से नींद खुली। शोर मचाया तो आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। और आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन असफलल् रहे। इस आग में घर का सारा सामान, कपड़े, राशन, अनाज और बर्तन जलकर राख हो गए। अगल-बगल के रहने वाले ग्रामीण रामखेलावन, अवध बिहारी, देवीदीन, बाबू श्रीवास सहित आदि लोगों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। गुरुवार सुबह घटना की सूचना मिलने पर समाजसेवी राजीव रतन चतुर्वेदी ने पीड़ित परिवार के घर जाकर ढांढस बंधाया। उन्होंने एसडीएम से फोन पर संपर्क कर पीड़ित को मदद दिलाने की मांग की। आशंका जताई जा रही है कि अलाव की चिंगारी से आग लगी होगी, क्योंकि परिवार रात को अलाव तापकर सो गया था। पीड़ित मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। पीड़ितों ने जिला प्रशासन से आर्थिक मदद दिलाए जाने की मांग की है।

## समारोह आयोजित कर सेवानिवृत्त कर्मी को दी गई विदाई



**नरैनी।** चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह के दौरान शाल एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। राजकीय पशु चिकित्सालय करतल में पदस्थ चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी बेटालाल यादव के सेवानिवृत्त हो जाने पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में पूर्व निर्देशक पशुपालन उत्तर प्रदेश सरकार डॉ सी एस यादव मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। उपनिदेशक डॉ गोविंद यादव ने उनके अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा, मेहनत व लग्न की प्रशंसा की । पशु चित्साधिकारी करतल डॉ अभिषेक द्वारा शाल एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। विदाई समारोह के दौरान ग्राम प्रधान तलहटी कालिंजर दयाराम सोनकर, प्रधान परसहर चंद्रभान यादव, प्रधान मसौनी भारतपुर ब्रजकिशोर यादव, प्रधान करतल कामता प्रसाद सहित पशुपालन विभाग व ग्रामवासी मौजूद रहे।

## परीक्षा से गैरहाजिर रहे 18 परीक्षार्थी



**नरैनी।** सीताराम समर्पण महाविद्यालय में गुरुवार को प्रथम पाली के 8 कमरों में 265 पंजीकृत छात्रों में से 7 छात्र अनुपस्थित रहे जिसमें बीए ,बीएससी और एमए के विद्यार्थी सम्मलित रहे। द्वितीय पाली 6 कमरों में कुल 234 छात्र पंजीकृत रहे। तृतीय पाली में 16 कमरों में कुल पंजीकृत 756 छात्रों में 11 छात्र अनुपस्थित रहे । जिसमें एमएससी एमकाम एमए बीएससी बीए बीकाम के परिक्षार्थी शामिल रहे। प्राचार्य डा. डीसी गुप्ता ने बताया की महाविद्यालय द्वारा गठित आंतरिक उड़ाका दल सदस्य लक्ष्मी कान्त मिश्रा, परीक्षा सहायक डा. रमाकान्त द्विवेदी ,नोड़ल प्रभारी डा. सुशील तिवारी, डा. शिवगोपाल तिवारी, कार्यालय प्रभारी राजकरण त्रिपाठी द्वारा परीक्षा कक्षों में सघन तालीशी ली गई डा. गुप्ता ने कहा कि किसी भी छात्र-छात्राओं के पास किसी भी तरह की नकल समग्री मिलने पर सीधे रिस्टीकेट कर दिया जायेगा परीक्षा पूर्णतः साफ स्वच्छ और सुचितापूर्ण सम्पन्न कराई जायेगी।

# कुंभ यात्रा का भव्य स्वागत, धर्म और संस्कृति का उत्सव दिखा

## जेडीयू नेत्री शालिनी सिंह पटेल व समस्त पदाधिकारियों ने किया स्वागत



**लोकमित्र ब्यूरो**

**बांदा।** धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से आयोजित कुंभ यात्रा के ऐतिहासिक अशोक लाट पर भव्य स्वागत किया गया। इस यात्रा ने क्षेत्र के नागरिकों और विभिन्न समुदायों को एकजुटता और सांस्कृतिक गौरव का संदेश दिया। इस आयोजन में जेडीयू की प्रमुख नेत्री शालिनी सिंह पटेल ने अपनी सक्रिय भागीदारी से माहौल को और भी उत्साहपूर्ण बना दिया। उनके साथ पार्टी के अन्य पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने यात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। स्थानीय निवासियों ने भी इस आयोजन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और यात्रा के महत्व को समझा।
कुंभ यात्रा में भाग लेने वाले श्रद्धालुओं ने धार्मिक मंत्रोच्चार और भजनों के माध्यम से आयोजन को दिव्यता प्रदान की। यात्रा का उद्देश्य न केवल धार्मिक आस्था को बढ़ावा देना था, बल्कि भारतीय संस्कृति और परंपराओं को पुनर्जीवित करना भी था। आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार की यात्राएं समाज में एकजुटता और समर्पण का भाव उत्पन्न करती हैं।
कार्यक्रम के दौरान जेडीयू नेत्री शालिनी सिंह पटेल ने कहा कि यह कुंभ यात्रा हमारी सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हमें अपनी परंपराओं को जीवित रखना चाहिए और नई पीढ़ी को उनके महत्व से अवगत कराना चाहिए। इस आयोजन के प्रति स्थानीय नागरिकों ने भी सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। अशोक लाट जैसे ऐतिहासिक स्थान पर इस यात्रा का स्वागत करना शहरवासियों के लिए गर्व का विषय रहा। यह यात्रा धार्मिक आस्था का प्रतीक होने के साथ-साथ सांस्कृतिक पुनरुत्थान का भी संदेश देती है। आयोजकों ने भविष्य में ऐसे और भी कार्यक्रमों का आयोजन करने की योजना जाहिर की, ताकि समाज में एकता, प्रेम और समर्पण का माहौल बना रहे। कुंभ यात्रा न केवल एक धार्मिक आयोजन थी, बल्कि यह समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की पहल थी। अशोक लाट पर इस यात्रा का भव्य स्वागत बांदा की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्व को रेखांकित करता है। इस दौरान जिला मीडिया प्रभारी जेडीयू रजनी द्विवेदी जदयू, जिला अध्यक्ष दिव्यांग प्रकोष्ठ श्रीराम प्रजापति शमीम खान, नगर सचिव जेडीयू फिरोज खान, जदयू युवा प्रकोष्ठ जिला उपाध्यक्ष नीरज सिंह नगर अध्यक्ष जदयू देवेश कुमार कुमार महिला नगर अध्यक्ष अतर्रा ज्योति मौर्य अर्जुन सिंह ब्रजेश सिंह, दिलीप द्विवेदी आदि दो दर्जन जदयू पदाधिकारी उपस्थित थे।

# नरैनी टीम ने मौकछ को किया पराजित, जीता पुरस्कार



**लोकमित्र ब्यूरो**

**नरैनी।** जनवरी माह में नव वर्ष के मौके पर टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। गुरुवार को क्रिकेट टूर्नामेंट में नरैनी टीम ने सीमावर्ती मौकछ गांव की टीम को पूरे 10विकेट से पराजित कर दिया।मौकछ टीम ने 57 रनों का लक्ष्य दिया था। सर्वाधिक विकेट लेने वाले गोलू सोनी मैन ऑफ द मैच घोषित किए गए हैं। क्षेत्र के परसहर गांव में प्रधान संघ अध्यक्ष चंद्रभान यादव नए साल में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन करा रहे है।वृहस्पतिवार को नरैनी और पन्ना जिला के मौकछ गांव की टीमो के बीच मैच खेला गया। मौकछ टीम ने निर्धारित 12 ओवर में 57 रन बनाए थे जिसके जवाब में नरैनी की टीम ने महज 6 ओवर में बिना विकेट खोए लक्ष्य हासिल कर लिया । ओपनर बैट्समैन कैप्टन सोनू ठाकुर व अमिल रजा की धुंआधार बैटिंग के सामने विपक्षी टीम का कोई बालर पिच पर ठहर नहीं पाया । अमिल ने 29 एवं सोनू ठाकुर 28 रन बनाकर दोनों ओपनर नाबाद रहे । नरैनी टीम की ओर से 5 विकेट लेने वाले गेंदबाज गोलू सोनी ने मैन ऑफ द मैच पुरस्कार दिया गया।

## घर के हाते में खेती कर रहा युवक गिरफ्तार, 20 किलो गांजा बरामद




**लोकमित्र ब्यूरो**

**बांदा।** घर के अंदर हाते में गांजा की खेती कर रहे युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आपरेशन ईगल के तहत कार्रवाई करते हुए अतर्रा थाना पुलिस ने 20.7 किलोग्राम हरा गांजा बरामद किया है। युवक के खिलाफ कार्रवाई की गई है।
अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने व जनपद को नशा मुक्त बनाने के उद्देश्य से अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान ऑपरेशन ईगल के तहत बुधवार देर रात अतर्रा थाना पुलिस ने अवैध गांजे की खेती करने वाले अभियुक्त को ग्राम आऊ से उसके घर से गिरफ्तार कर लिया । गौरतलब हो कि थाना अतर्रा पुलिस को रात्रि गश्त और चेकिंग के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम आऊ में एक व्यक्ति अपने घर के हाते में अवैध गांजे की खेती की जा रही है। सूचना पर तत्काल पुलिस द्वारा ग्राम आऊ में मौके पर छापेमारी कर एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। मौके से 20 किलो 700 ग्राम अवैध हरा गांजा बरामद किया गया है। इस संबंध में थाना अतर्रा में अभियोग पंजीकृत किया गया है।
गिरफ्तार अभियुक्त ने अपना नाम रवि मिश्रा पुत्र राजाराम मिश्र निवासी ग्राम आऊ बताया है। पुलिस टीम में थाना प्रभारी अतर्रा कुलदीप तिवारी, उप निरीक्षक प्रेमपाल सिंह, दीपक कुमार सैनी, प्रदीप कुमार सोनी, सोनू त्यागी, पंकज आर्या, शुभम सिंह, महिला कांस्टेबल पूजा रावत शामिल रहीं।

## अतर्रा में फैला मकड़जाल,नए-नए युवा बन रहे किन्नरों के शिकार




**लोकमित्र ब्यूरो**

**बांदा।** गुरुवार को जनता दल यूनाइटेड महिला विंग की अतर्रा नगर अध्यक्ष ज्योति मौर्य ने पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल को दिए ज्ञापन में गंभीर मुद्दे से अवगत कराया है। उन्होंने एक स्वर आरोप लगाया की अतर्रा में नए-नए युवकों को बहला फुसलाकर अपने जाल में फंसाकर किन्नर लोग युवकों की जिंदगी बर्बाद कर रहे हैं। उन्होंने इस गंभीर प्रकरण से पुलिस अधीक्षक को अवगत कराया है और कार्यवाही की मांग भी की है। उन्होंने यह भी कहा की किन्नर युवकों का ऑपरेशन कराकर उनके नाजुक अंगों से छेड़छाड़ कर रहे हैं। ऐसे में युवकों की जिंदगी बर्बाद हो रही है। इस गंभीर प्रकरण पर जांच उपरांत उचित वैधानिक कार्यवाही की आवश्यकता है।किन्नर अतर्रा में आए दिन व्यापारियों दुकानदारों से अवैध वसूली की मांग भी करते हैं, वहीं जिस घर में बच्चों का जन्म होता है, उनके घर भी जाकर मनमाना रुपयों की मांग की जाती है। मना करने पर उपद्रव करने से बाज नहीं आते हैं। इनकी अवैध वसूली पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है। इसके साथ ही व्यापारी और दुकानदार इनकी अवैध वसूली का शिकार न हो पावें और युवाओं की जिन्दगी बर्बाद होने से बचाई जा सके।

## मां ने डांटा तो बालक ने फंदा लगाकर जान दी

**बांदा।** बदौसा थाना क्षेत्र के तुर्रा गांव में स्कूल से घर लौटे छात्र को मां ने किसी बात को लेकर डांट दिया। इसी से नाराज होकर बालक ने फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। परिवारीजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। नगर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत तुर्रा गांव में दोपहर को विजय सिंह का 11 वर्षीय पुत्र निखिल सिंह कस्बे के लखन कॉलोनी स्कूल में पढ़ता था। गुरुवार को वह स्कूल से वापस घर पहुंचा। इसी दौरान बड़े भाई से किसी बात को लेकर लड़ाई होने लगी। इस पर मां ने डांट दिया। इसी से नाराज होकर निखिल ने पंखे में रस्सी का फंदा बनाकर खुदकुशी कर ली। काफी देर तक जब दरवाजा नहीं खुला, तो मां ने खिड़की से देखा और दरवाजा तोड़कर उसे अचेत अवस्था में सीएचसी ले जाया गया, वहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक निखिल विजय सिंह का छोटा बेटा था। पिता विजय सिंह टेंपो चलाकर परिवार का भरण-पोषण करते हैं और घटना के समय घर पर मौजूद नहीं थे। परिजन सीएचसी से किशोर के शव को पुलिस को सूचना दिए बिना घर ले गए है। अचानक हुई इस घटना से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# कुहासे भरी ठंड से लुढ़क रहा पारा, न्यूनतम आठ डिग्री पहुंचा तापमान

## शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में आग जलाकर बदन सेंक ठंड से कर रहे बचाव

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बांदा।** जनवरी माह के दिन जैस-जैसे गुजर रहे हैं, वैसे-वैसे ठंड भी बढ़ती जा रही है। पिछले दो दिनों से सुबह और शाम घने कोहरे की वजह से मौसम का मिजाज पूरी तरह से ठंडा रहा। बर्फीली हवाओं के चलते तापमापी पारे की अधिकतम सुई 20 और 21 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गई है जबकि न्यूनतम तापमान घटकर आठ डिग्री तक पहुंच गया है। लगातार घटता हुआ तापमान लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। ठंड की वजह से लोगों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कोहरे की धुंध बढ़ने की वजह से वाहन रेंगते हुए नजर आ रहे हैं। लोग अपने वाहनों की लाइट जलाकर आवागमन कर रहे हैं, ताकि हादसों से बचा जा सके। इधर, शहर के विभिन्न स्थानों में नगर पालिका की ओर से अलाव जलवाए जा रहे हैं, लेकिन अलाव की लकड़ी कम मिलने की वजह से राहगीर ठंड से परेशान हैं।
हालांकि 25 दिसंबर से ही मौसम का मिजाज बदल गया था। लेकिन अगले ही दिन तेज धूप निकलने की वजह से मौसम की स्थिति सामान्य रही।



नव वर्ष की पहली सुबह पर आसमान पूरी तरह से कोहरे से ढका नजर आया। गुरुवार की भोर जब लोगों की नींद खुली तो आसमान पूरी तरह से कोहरे से ढका हुआ था। खुद को गर्म कपड़ों में जकड़कर लोग अपने घरों से बाहर निकले। वाहनों की लाइट जलाकर लोग चलते हुए नजर आए। जबरदस्त कोहरा होने की वजह से दृश्यता 50 मीटर तक ही रह गई थी। चंद कदम की दूरी पर रखी चीज भी लोगों को कोहरे की धुंध की वजह से स्पष्ट नजर नहीं आ रही थी। जैसे-जैसे दिन चढ़ा कोहरे की चादर और गहरी होती गई। सुबह नौ बजे के बाद कोहरे की धुंध छंटी। तब कहीं जाकर यातायात सामान्य हो सका। कोहरे की धुंध की वजह से रेल यातायात और रोडेवज बसों का यातायात भी बाधित हो रहा है। कोहरे के चलते जहां ट्रेनें विलंब से चल रही हैं वहीं रोडवेज बसें भी अपने निर्धारित समय से दो घंटे की देरी से चल रही हैं। स्टेशन प्रबंधक मनोज शिवहरे ने बताया कि कोहरे के कारण ट्रेनें विलंब से चल रही हैं। कोहरा खत्म होने के साथ ही रेल यातायात पटरी पर आ जाएगा। रोडवेज के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक मुकेश बाबू का कहना है कि उनके द्वारा चालकों को स्पष्ट हिदायत दी गई है कि कोहरे की वजह से अपने विवेकानुसार बस को रूट पर दौड़ाएं। सफर के दौरान अगर अधिक कोहरा हो तो सड़क से हटकर यात्रियों से भरी बस को खड़ा किया जाए। इसके साथ ही विशेष सावधानी बरती जाए। एआरएम ने बताया कि रोडवेज बसों में फॉग लाइटें लगाई गई हैं, इससे कोहरे के दौरान रूट पर बस दौड़ाने में चालकों को काफी आसानी होती है, लेकिन घना कोहरा होने की वजह से अक्सर चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हैं। एआरएम ने कहा कि हादसों से बचने के लिए सावधानी बरतना बहुत आवश्यक है। इधर, ठंड से बचने के लिए लोग अलाव जलाकर अपना बदन सेंक रहे हैं। लोगों का मानना है कि जनवरी माह में अभी ठंड और बढ़ेगी। केंद्रीय जल आयोग के मुताबिक बुधवार की रात को न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सेल्सियस रेकार्ड किया गया। इसके साथ ही गुरुवार को अधिकतम तापमान 20 डिग्री से अधिक रेकार्ड किया गया। अभी कोहरे की धुंध और बर्फीली हवाओं के चलते ठंड में और इजाफा हो सकता है।

## सेंवर्स ऑफ लाइफ ने जरूरतमंदों को वितरित किए कंबल



**बांदा।** जनवरी माह में पड़ रही कड़ाके की ठंड से गरीब और बेसहारा लोगों को बचाने के समाजसेवियों की ओर से गर्म कंबलों और कपड़ों का वितरण किया जा रहा है। सेवर्स आफ लाइव संस्था की ओर से गुरुवार को शहर के मर्दननाका मोहल्ले में कैंप लगाकर गर्म कंबलों का वितरण किया गया। डॉ. मोहम्मद रफीक, डॉ. शबाना रफीक, डॉ. हर्ष भार्गव, डॉ. शेख सऊद उज् जमा के संरक्षक में संचालित सेंवर्स ऑफ लाइफ ब्लड डोनर नेटवर्क के तत्वाधान कैंप का आयोजन किया गया था।इस दौरान मुख्य अतिथि इरफान उल्ला खां उप जिलाधिकारी, विशिष्ट अतिथि डॉक्टर शेफाली आनंद एमडी (पीडियाट्रिक) नवजात शिशु और बाल रोग विशेषज्ञ के द्वारा नगर के जरूरतमंदों को कंबल देकर नए साल की बधाई दी। कार्यक्रम में सेबर्स ऑफ लाइफ के अध्यक्ष सलमान खान, सलाहकार मीडिया प्रभारी सुनील सक्सेना, डॉ. मेहनाज नासिर, डॉ. बरखा श्रीवास मुबीन खान, कार्यक्रम में डॉ. अरशद, आसिम अल्वी, अंसार अहमद, मिथुन पुरुस्वानी, शादाब, शुभम पुरुषवानी, शान अली, जुगनू आदि लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन आंसर अहमद के द्वारा किया गया। सभी आए हुए अतिथियों का बैच लगाकर माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। शाम को गरीबों को काली देवी मंदिर वैष्णो देवी मंदिर जमा मस्जिद, गोल कोठी, रेलवे स्टेशन, रोडवेज बस स्टैंड आदि में ढूंढ कर कंबलों का वितरण भी किया गया।

## जुआ हारने से परेशान युवक ने फंदा लगाकर जान दी

### देहात कोतवाली के पचनेही गांव में हुई घटना



**लोकमित्र ब्यूरो**

**बांदा।** जुआ हारने से परेशान युवक ने शराब के नशे में अटारी के ऊपर छप्पर की पंखे के हुक में साड़ी से फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। मौत की खबर मिलते ही घर वालों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।
देहात कोतवाली क्षेत्र के पचनेही गांव निवासी शिव बालक 40 पुत्र हीरालाल प्रजापति बुधवार की रात नशे की हालत में घर आया अटारी के ऊपर पंखें के हुक में साड़ी से फांसी लगा लिया। काफी देर बाद मौके पर पहुंची पत्नी शिव प्यारी ने शव देखा तो शोर मचाया। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे परिजनों ने फंदा काटकर उसे नीचे उतार लिया। जीवित होने की आशंका पर उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने देखने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के छोटे भाई बछराज ने बताया कि शिव बालक मजदूरी करता था वह शराब पीने का आदि था बुधवार को जुआ में ₹5000 हार गया नशे की हालत में घर आया उसने फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया मृतक अपने पीछे पत्नी के अलावा एक बेटी दो बेटा छोड़ गया है।